दैनिक सच्चाई की जंग
लोकमित्र
वर्ष : 31 | अंक :80
प्रतापगढ़ | मंगलवार , 21 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये
प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94
संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

कोलकाता की लेडी डॉक्टर को मिला इंसाफ
संजय रॉय को हुई उम्रकैद की सजा

● अदालत ने कहा, अंतिम सांस तक जेल में रहेगा मुजरिम

कोलकाता,(हि.स.) । पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डाक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में सियालदह कोर्ट ने सोमवार को अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने आरोपित सिविक वॉलंटियर संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

जज अनिर्बाण दास ने आदेश दिया कि संजय को अपनी बाकी की जिंदगी जेल में ही बितानी होगी।सीबीआई के वकील ने इस मामले को %रेयर ऑफ द रेयरेस्ट% करार देते हुए फांसी की सजा की मांग की थी। उन्होंने तर्क दिया कि पीड़ित एक डॉक्टर थीं, जो ड्यूटी पर थीं। यह न केवल परिवार की, बल्कि पूरे समाज की क्षति है। वहीं, संजय के वकीलों ने फांसी विरोध करते हुए दलील दी कि कानून के तहत दोषी को सुधारने का मौका दिया जाना चाहिए। जज ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि दोषी को उम्रकैद की सजा दी है। इसके तहत दोषी को आपको अपनी आखिरी सांस तक जेल में रहना होगा।आज सियालदह कोर्ट के 210 नंबर कोर्टरूम में सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच सुनवाई हुई। जज अनिर्बाण दास ने दोपहर 2¬45 बजे अपना अंतिम फैसला सुनाया। इससे पहले संजय ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि उसे फंसाया जा रहा है।सजा के ऐलान से पहले पीड़ित के माता-पिता कोर्ट पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह उनकी कानूनी लड़ाई का पहला कदम है। उनका मानना है कि संजय अकेला दोषी नहीं है। इस मामले में किसी प्रभावशाली व्यक्ति को बचाने की कोशिश की जा रही है।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया दी है। ममता ने कहा कि उन्होंने भी इस जघन्य अपराध के खिलाफ प्रदर्शन में भाग लिया था और दोषी को सख्त सजा मिलने की मांग की थी।उल्लेखनीय है कि गत नौ अगस्त 2024 को आरजी कर मेडिकल कालेज और अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की गई थी। इस घटना के विरोध में राज्य और देश भर व्यापक आंदोलन हुए थे। मामले में दोषी संजय रॉय, जो अस्पताल में सिविक वॉलंटियर के तौर पर कार्यरत था। उसे गिरफ्तार किया गया था। पहले इस मामले की छानबीन राज्य पुलिस कर रही थी। बाद में उसे सीबीआई के हवाले कर दिया गया था।

मानहानि मामले में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत, ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर अगले आदेश तक लगी अंतरिम रोक

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। मानहानि मामले में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। शीर्ष अदालत ने ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर अगले आदेश तक अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने मामले को रद्द करने की मांग वाली गांधी की याचिका पर झारखंड सरकार और शिकायतकर्ता से भी जवाब मांगा है।वहीं, मानहानि मामले में राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार और शिकायतकर्ता बीजेपी कार्यकर्ता नवीन झा को नोटिस भेजा है। याचिका में झारखंड हाई कोर्ट के 22 फरवरी 2024 फैसले को चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट ने मानहानि मामले को रद्द करने से इनकार किया था। दरअसल, बीजेपी कार्यकर्ता नवीन झा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था।

▶▶ बदलापुर दुष्कर्म मामला
बॉम्बे हाई कोर्ट ने आरोपित के एनकाउंटर मामले में पांच पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज करने का दिया आदेश

मुंबई, (हि.स.)। बाम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को बदलापुर दुष्कर्म मामले में आरोपित अक्षय शिंदे के एनकाउंटर मामले में मजिस्ट्रेटजांच रिपोर्ट पेश होने के बाद संबंधित पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

बदलापुर दुष्कर्म मामले में आरोपित के एनकाउंटर मामले की ठाणे मजिस्ट्रेट की सीलबंद जांच रिपोर्ट सोमवार को बॉम्बे हाई कोर्ट में न्यायाधीश न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और नीला गोखले की खंडपीठ के समक्ष पेश की गई। इस रिपोर्ट को देखने के बाद खंडपीठ ने कहा रिपोर्ट में मजिस्ट्रेट ने निष्कर्ष निकाला है कि आरोपित अक्षय शिंदे की मौत के लिए पांच पुलिसकर्मी जिम्मेदार हैं। इस मामले में कानून के अनुसार पांचों पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जानी चाहिए। खंडपीठ ने जांच रिपोर्ट की एक प्रति अभियोजन पक्ष और अन्ना शिंदे को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। खंडपीठ ने सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर से कहा कि वे दो सप्ताह में पीठ को बताएं कि बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले की जांच कौन सी जांच एजेंसी करेगी।

कोर्ट में पेश ठाणे मजिस्ट्रेट की जांच रिपोर्ट में ठाणे अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय शिंदे, सहायक पुलिस निरीक्षक नीलेश मोरे, हेड कांस्टेबल अभिजीत मोरे और हरीश तावड़े तथा एक पुलिस चालक को दोषी बताया है।उल्लेखनीय है कि अक्षय शिंदे (24) को अगस्त 2024 में बदलापुर के एक स्कूल के शौचालय में दो नाबालिग लड़कियों का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अक्षय स्कूल में अटेंडेंट था। 23 सितंबर को तलोजा जेल से पूछताछ के लिए ले जाते समय शिंदे की कथित पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गई थी। पुलिस ने दावा किया कि उसने पुलिस वैन में मौजूद एक पुलिसकर्मी से बंदूक छीनकर गोली चलाई थी। इसके बाद जवाबी फायरिंग में अक्षय मारा गया। मजिस्ट्रेट की जांच में बंदूक पर आरोपित की उंगलियों के निशान नहीं मिले हैं।इस मामले में मृतक अक्षय शिंदे के पिता अन्ना शिंदे ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में अन्ना ने दावा किया कि पुलिस ने उनके बेटे को फर्जी मुठभेड़ में मार दिया।

उत्तराखंड कैबिनेट ने समान नागरिक संहिता नियमावली को मंजूरी दी

▶▶ सीएम धामी बोले- वादा पूरा किया

देहरादून , (आरएनएस)। उत्तराखंड कैबिनेट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक में राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के लिए नियमावली को मंजूरी दे दी।सीएम धामी ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि हमने जो वादा किया था उसे पूरा किया है। सीएम ने कहा कि जब हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2022 के विधानसभा चुनाव में जनता के बीच गए थे, तब हमने उनसे वादा किया था कि राज्य में सरकार बनने के बाद हमारा पहला कदम उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने का होगा।उन्होंने आगे कहा कि सरकार बनने के बाद हम यूसीसी विधेयक लाए। ड्राफ्ट कमेटी ने इसका प्रारूप तैयार किया। इसे विधानसभा में पास किया गया, फिर राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून (एक्ट) बना। अब प्रशिक्षण की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। आज कैबिनेट की बैठक में यूसीसी के नियमावली को मंजूरी दी गई है। हम प्रदेश में सभी जीचों की समीक्षा करने के बाद यूसीसी लागू करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा।बता दें कि यूसीसी के लागू होने से उत्तराखंड में नागरिकों के लिए समान कानून लागू होगा। यूसीसी कानून में सभी धर्म, जाति और वर्ग के लोगों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित किया गया है। सीएम धामी ने इस नियमावली को राज्य के विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।गौरतलब है कि पिछले साल 6 फरवरी को उत्तराखंड में यूसीसी बिल (विधेयक) पहली बार विशेष विधानसभा सत्र में पेश किया गया था। वहीं, 7 फरवरी को इसे विधानसभा में भारी बहुमत से पास कर दिया गया था। इसके बाद 13 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस बिल पर हस्ताक्षर कर इसे कानून का दर्जा दिया था।

रुबिया सईद अपहरण मामले की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से करने को करें पर्याप्त इंतजामः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली,(हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार को निर्देश दिया है कि वो 1989 के रुबिया सईद अपहरण और एक अन्य मामले की सुनवाई वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये करने के लिए पर्याप्त इंतजाम करें। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिल्ली हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार को भी निर्देश दिया कि वो तिहाड़ जेल में बंद यासिन मलिक की सुनवाई वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए करने की उचित व्यवस्था करें। कोर्ट ने दोनों हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 21 फरवरी को होगी।28 नवंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने यासिन मलिक के खिलाफ ट्रायल को जम्मू की बजाय तिहाड़ जेल में मौजूद कोर्ट में ट्रांसफर करने की सीबीआई की मांग पर यासिन मलिक समेत इस मामले के छह आरोपियों को नोटिस जारी किया था।

सैफ अली खान पर हमला करने वाले शहजाद को लेकर हुआ बड़ा खुलासा, लोग हैरान

● हमला करने वाला बांग्लादेश का राष्ट्रीय स्तर का कुश्ती चैंपियन

▶▶ आरोपी रिक्शा चालक से हस्तियों के घरों के बारे में जानकारी लेता था

▶▶ आरोपी ने शाहरुख खान-सैफ अली के अलावा अन्य कई हस्तियों के घर की रेकी की थी

मुंबई (आरएनएस)। अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के आरोपी शहजाद को लेकर नए-नए खुलासे हो रहे हैं। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बांग्लादेश में कुश्ती का खिलाड़ी था। आरोपी के अनुसार वह जिला के साथ ही नेशनल स्तर पर भी कुश्ती लड़ चुका है।आरोपी शहजाद ने पुलिस को बताया की वो बांग्लादेश में कुश्ती का खिलाड़ी था और कम भार वर्ग में कुश्ती खेलता था।

आरोपी जिला स्तर और नेशनल चैंपियनशिप में अपना दम खम दिखाता था। कुश्ती का खिलाड़ी होने की वजह से वह सैफ अली खान पर हमला करने में कामयाब रहा। आरोपी शहजाद को लेकर मुंबई क्राइम ब्रांच ने यह भी बताया कि सैफ पर हमले के बाद उसने 3 से 4 बार अपने कपड़े बदले थे। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी लगातार घूम रहा था। वह बांद्रा स्टेशन गया। वहां से दादर,वर्ली, अंधेरी और फिर ठाणे चला गया।क्राइम ब्रांच के अनुसार आरोपी शहजाद पिछले साल सितंबर महीने में मुंबई आया था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी मोहम्मद शहजाद ने सैफ अली खान के घर में घुसने से पहले कई मशहूर हस्तियों के घरों की रेकी की थी। आरोपी रिक्शा चालक से हस्तियों के घरों के बारे में जानकारी लेता था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ने रिक्शा चालक से बांद्रा इलाके में रहने वाली हस्तियों के घर के बारे में जानकारी हासिल की थी।आरोपी ने शाहरुख खान-सैफ अली के अलावा अन्य कई हस्तियों के घर की रेकी की थी। 30 वर्षीय आरोपी शहजाद को पुलिस ने रविवार सुबह ठाणे शहर से पकड़ा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शहजाद को रविवार को मुंबई के बांद्रा इलाके में खान के घर से करीब 35 किलोमीटर दूर ठाणे के कासरवदावली में हीरानंदानी एस्टेट के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने ठाणे के एक जंगली इलाके में एक श्रमिक शिविर में शहजाद का पता लगाया। सूत्रों के अनुसार, शहर में सात घंटे तक चले तलाशी अभियान के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। अदालत ने आरोपी को पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा है।

उप्र में हलाल सर्टिफिकेशन पर बैन के खिलाफ याचिकाओं पर जवाब के लिए जमीयत उलेमा ए हिंद को 4 हफ्ते का वक्त

नई दिल्ली,(हि.स.)। उत्तर प्रदेश में हलाल सर्टिफिकेट वाले उत्पादों पर बैन के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मैं तो यह जानकार हैरान हो गया था और आप भी हैरान हो जाएंगे कि सीमेंट के लिए हलाल सर्टिफिकेट होता है। आटा, बेसन और यहां तक कि पानी की बोतल सब हलाल सर्टिफाइड किया जाता है। इस सर्टिफिकेशन से लाखों करोड़ रुपये की इनकम होती है। इसके लिए कोर्ट ने याचिकाकर्ता जमीयत उलेमा ए हिंद को जवाब दाखिल करने का चार सप्ताह का समय दिया।चेन्नई के हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और महाराष्ट्र जमीयत उलेमा की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर उत्तर प्रदेश में हलाल सर्टिफिकेट वाले उत्पादों की बिक्री पर रोक और हलाल सर्टिफिकेट जारी करने वाली संस्थाओं पर दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग की गई है। याचिका में याचिकाकर्ताओं ने अपने खिलाफ यूपी में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग की है।इस मामले मे उत्तर प्रदेश पुलिस ने नवंबर 2023 में हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी समेत कई संस्थाओं के खिलाफ फर्जी हलाल सर्टिफिकेट बांटने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है।

शंभू बॉर्डर से दिल्ली कूच नहीं करेंगे किसान

▶▶ केंद्र से चंडीगढ़ के बजाए दिल्ली में जल्द बैठक की मांग

चंडीगढ़, (हि.स.)। पंजाब के शंभू बॉर्डर से किसान अब मंगलवार को दिल्ली में कूच नहीं करेंगे। किसानों ने केंद्र सरकार से बैठक के लिए मिले न्यौते के बाद अपने कूच का फैसला टाल दिया है। उनके इस फैसले से यह साफ हो गया है कि अब किसान केंद्र सरकार के साथ बातचीत करने के लिए एक मंच पर आ सकते हैं।किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण सिंह पंधेर ने सोमवार को शंभू बॉर्डर पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि फिलहाल दिल्ली कूच का फैसला टाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 14 फरवरी से पहले बैठक करे। ये बैठक चंडीगढ़ की बजाए दिल्ली में होनी चाहिए।फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी कानून समेत अन्य मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने आज पंजाब-हरियाणा समेत देशभर में लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के आवास का घेराव करने का ऐलान किया था। केंद्र से बातचीत का न्यौता मिलने के बाद एसकेएम ने कहा कि सभी किसान घेराव करने की बजाय ई-मेल के जरिए सांसदों को मांगों का ज्ञापन भेजें। 26 जनवरी को देशभर में ट्रैक्टर मार्च निकाले जाएंगे।एसकेएम नेता दर्शनपाल सिंह ने कहा था कि सांसदों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक संदेश भेजने का प्रयास किया जाएगा, ताकि किसानों से जल्द बातचीत शुरू हो सके। केंद्र सरकार की और से 14 फरवरी को बातचीत का प्रस्ताव आने के बाद भी डल्लेवाल ने साफ कर दिया है कि वे एमएसपी पर गारंटी कानून लागू न होने तक कुछ नहीं खाएंगेऔर उनका अनशन जारी रहेगा। इस बीच किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन सोमवार को 56वें दिन भी जारी रहा।

कांग्रेस पार्टी दिल्ली की जनता के लिए बेहतर विकल्प : सचिन पायलट

उदयपुर (आरएनएस)। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत का दावा किया है। राजस्थान के उदयपुर में मीडिया से बातचीत में पायलट ने इसकी वजह भी बताई। बोले, ऐसा इसलिए क्योंकि विकास के नाम पर 'आप' ने कुछ नहीं किया।टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा, दिल्ली में विधानसभा चुनाव चल रहा है। दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को कई बार मौका दिया लेकिन विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ। पिछले 12 साल में दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच जो वर्चस्व की जो लड़ाई है, उसमें दिल्ली की जनता पिस रही है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी दिल्ली की जनता के लिए बेहतर विकल्प हो सकती है।पायलट ने दावा किया कि उनकी पार्टी अपने वादे को पूरा करेगी। बोले, शीला दीक्षित के कार्यकाल को जनता याद कर रही है। हम लोगों ने जनता को कुछ गारंटी दी है, जिसे हम पूरा करेंगे। हम जनता और मुद्दों की बात कर रहे है। हम मजबूती से लड़ेंगे और कांग्रेस पार्टी का दिल्ली के अंदर अच्छा परफॉर्मेंस रहेगा।

स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोपी बिभव कुमार को पंजाब सरकार ने दे दी जेड+ सुरक्षा

नई दिल्ली, एजेंसियां।आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का मुख्य सलाहकार बनाए जाने की खबर के बाद बड़ा राजनीतिक हंगामा खड़ा हुआ। अब एक बार फिर उन्हें जेड+ सुरक्षा दिए जाने की अफवाह है। यह दावा शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने किया है। मजीठिया ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं पंजाब सरकार द्वारा अरविंद केजरीवाल के खास और ओएसडी विभव कुमार को जेड+ सुरक्षा देने की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। मजीठिया ने कहा कि वीआईपी कल्चर खत्म करने के नाम पर मशहूर गायक सिद्धू मूसेवाला की सुरक्षा वापस ले ली गई, जिसके बाद यही उनकी हत्या का कारण बना।

मजीठिया ने भगवंत मान से पूछा कि ऐसी क्या मजबूरी है कि दिल्ली निवासी विभव कुमार, जो उनकी बेटियों और बहनों के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में जेल भी जा चुका है, को जेड+ सुरक्षा दी गई। मजीठिया ने बताया कि जेड+ सुरक्षा का मतलब है कि 60 से 70 पुलिसकर्मी 24 घंटे उनके साथ रहेंगे और इस पर लाखों रुपये खर्च होंगे। कर्ज में डूबा पंजाब किसी गैर-पंजाबी की सुरक्षा पर पैसा क्यों खर्च करे? मजीठिया ने सवाल पूछा कि अगर बिभव कुमार को सुरक्षा चाहिए तो दिल्ली पुलिस को उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी पंजाब पुलिस को क्यों दी गई?

मजीठिया ने कहा कि भगवंत मान जी, पंजाब में कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हो गई है, पुलिस स्टेशनों पर हमले हो रहे हैं, लोगों के घरों पर ग्रेनेड हमले हो रहे हैं, लेकिन पुलिस दिल्लीवासियों की सुरक्षा पर काम कर रही है। भगवंत मान जी, पंजाबियों ने आपको मुख्यमंत्री चुना है, कृपया पंजाब और पंजाबियों की भलाई के लिए काम करें, दिल्ली की नौकरी छोड़ें!

लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में एसपी को चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश

नई दिल्ली, (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने लखीमपुर खीरी के एसपी से पूछा है कि वो ये बताएं कि क्या लखीमपुर-खीरी हिंसा मामले के आरोपित आशीष मिश्रा ने गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने लखीमपुर खीरी के एसपी को चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।सुनवाई के दौरान आशीष मिश्रा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे ने पीड़ित पक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि याचिका केवल पब्लिसिटी के लिए दायर की गई है। उन्होंने कहा कि जिस दिन के आरोप लगाए गए हैं उस दिन आशीष मिश्रा लोकसभा सचिवालय में थे।

संविधान बचाने की बात करने वालों ने ही इसकी मूल भावना बदल दी - योगी आदित्यनाथ

लखनऊ,एजेंसियां। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग आज संविधान बचाने की बात कर रहे हैं, उन्होंने ही संविधान की मूल भावना को बदल दिया था और उन्हें यहां महाकुंभ में आकर देखना चाहिए कि संविधान का वास्तविक सम्मान क्या होता है और कैसे होता है।महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान की तैयारियों की समीक्षा करने आये मुख्यमंत्री ने पुलिस गैलरी का अवलोकन करने के बाद सेक्टर-चार में त्रिवेणी मार्ग पर स्थित संविधान गैलरी का रुख किया जहां उन्होंने भारतीय संविधान पर आधारित पुस्तकों, ग्रंथों के पुस्तकालय समेत अन्य प्रमुख प्रदर्शनी को देखा।मुख्यमंत्री ने कहा, ÷संविधान हमारे लिए आदर्श है। पूरे देश का संचालन इसी से होता है। कोई भी समाज संविधान और इसकी विधियों के बिना नहीं चलता है। संविधान गैलरी जैसे प्रयासों से नयी पीढ़ी को इसके बारे में अवगत कराने में मदद मिलेगी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ में इस गैलरी के जरिए यह प्रयास किया गया है कि मेले में आने वाले लोगों को संविधान के निर्माण, लागू होने और इसके अनुच्छेद के बारे में जानकारी हो।उन्होंने कांग्रेस पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा, ÷एक पार्टी ने लगातार 55 वर्षों तक निजी हितों के लिए संविधान में संशोधन किए। इन लोगों ने संविधान की मूल भावना को बदल दिया। जो लोग संविधान हाथ में लेकर शपथ लेने का नाटक करते हैं, उनके घर में ना तो संविधान की मूल प्रति होगी और ना ही उन्होंने कभी संविधान पढ़ा होगा।संविधान गैलरी में लगी प्रदर्शनी में चित्रों और प्रतिकृतियों के माध्यम से भारतीय संविधान के निर्माण से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं, दस्तावेजों और व्यक्तित्वों के योगदान के बारे में जानकारी प्रदर्शित की गई है। यहां ऑडियो के माध्यम से संविधान सभा की परिचर्चा को भी प्रस्तुत किया जा रहा है।

राम की बात मानने में झिझक क्यों- राम नाथ कोविंद

पूर्व राष्ट्रपति ने सुनी मोरारी बापू की कथा, चिदानंद सरस्वती बोले- हम न बंटेंगे, न डरेंगे, न लड़ाएंगे

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहा है कि हम श्रीराम को मानते हैं तो उनकी बातों को मानने में झिझक क्यों होती है। महाकुंभ में मोरारी बापू की कथा में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पत्नी और बेटी के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर स्वामी चिदानंद ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम न बंटेंगे, न बाटेंगे, न डरेंगे, न डराएंगे, न कटेंगे, न लड़ेंगे, न लड़ाएंगे।

रामनाथ कोविंद ने संतों और श्रद्धालुओं से कहा कि मैंने देखा है कि हम श्रीराम को मानते हैं। उनके चरित्र को मानते हैं। उनके चरित्र को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करते हैं। लेकिन राम की नहीं मानते हैं। जहां राम की बात मानने की आती है, वहां हम थोड़े से झिझकने क्यों लगते हैं। यह एक चुनौती है। राम की बातों को मानने और उनके बताए रास्तों पर कैसे चलें, इसके लिए हमें धीरे-धीरे प्रयास करना होगा। ताकि प्रभु श्रीराम का चरित्र हम सब के जीवन में आए।

श्रद्धालुओं और संतों से कोविंद ने कहा कि आप सब मेरा परिवार हैं। मेरे मन में एक ही बात है कि बापू की श्रीराम कथा श्रृंखला की 950वीं कथा है। यह एक सुखद संयोग है और हम एक हजार श्रीराम कथाओं तक पहुंचने की ओर बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर मोरारी बापू ने रामनाथ कोविंद के साथ अपनी पुरानी स्मृतियों का स्मरण करते हुए कहा कि आज भी मुझे याद है, जब आप गुरुकुल आए थे। सभी व्यवस्थाएं एक ओर थीं, पर आपकी आस्था एक ओर थी। आपने हमारे पूरे गांव को कहा था कि यदि कभी दिल्ली आओ तो कहीं और मत रुकना, राष्ट्रपति भवन में रुकना। इस प्रकार आपने राष्ट्रपति भवन को राष्ट्र भवन के रूप में सभी को दर्शन कराए।

चिदानंद सरस्वती ने कहा कि हम न बंटेंगे, न डरेंगे, न लड़ाएंगे स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा- अब समय आ गया है कि हमारे दिल और हमारे घर के आगे मोहब्बत लिखा हो। अब समय आ गया है कि हम न बंटेंगे, न बाटेंगे, न डरेंगे, न डराएंगे, न कटेंगे, न लड़ेंगे, न लड़ाएंगे। यही संगम के तट से संगम का संदेश है, जो हमारे देश के संगम को बचा के रखेगा।

सफाई व्यवस्था बदहाल, नालियां बजबजा रहीं ग्रामीणों में आक्रोश

लोकमित्र ब्यूरो

थरवंई । विकास खंड सोरांव के ग्राम पंचायत जगदीशपुर चंदा में सफाई कर्मियों की लापरवाही के कारण गांव के नालियों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। जगह-जगह गंदगी के अंबार लगे हुए हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नालियों की सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, जिससे दुर्गंध और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। गांव के लोगो का कहना है कि सफाई कर्मी कभी-कभार ही आते हैं और सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति करके चले जाते हैं। इससे गांव में मच्छर और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन और सफाई विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है ।

कुंभ मेला के अग्निकांड पीड़ितों से मिले सांसद संग कांग्रेसी

प्रयागराज। महाकुंभ में कल 19 जनवरी को सेक्टर नंबर 19 में सायं भीषण आग लग गई जिसकी चपेट मे गीता प्रेस सहित कई कल्पवासियों के टेंट आग की भेंट चढ़ गए लेकिन ईश्वर की अनुकंपा से जनहानि नहीं हुई। इस महाकुंभ की प्रकृति को बदलकर डिजिटल कुंभ बना दिया गया है। मेले में इलाहाबाद के सांसद उज्जवल रमण सिंह, तथा महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन अपने साथियों के साथ घटना स्थल पर जाकर पीड़ित कल्पवासियों, एवं आग से प्रभावित गीताप्रेस तथा अन्य लोगों से मिलकर जानकारी प्राप्त किया।

इलाहाबाद के सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि सबसे पहले उन पीड़ित कल्पवासियों को जल्द से जल्द पुनर्वासित किया जाए जो आग के कारण अपनी जिंदगी इस ठंड में खुले में बिताने को मजबूर हैं। उन्होंने आगे कहा कि मेले में वीवीआईपी व्यवस्था समाप्त कर सभी के साथ आम श्रद्धालु जैसा व्यवहार किया जाना चाहिए। क्योंकि जब कोई वीवीआईपी आता है तो सारा पुलिस प्रशासन उनकी सुरक्षा में लग जाता है और मेले के चारों तरफ बहुत भीषण ट्रैफिक जाम हो जाता है। जिससे आम जनमानस को बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है। बीमार लोगों को ले जाने वाली एम्बुलेंस भी उसी जाम में फंसी रह जाती है। स्कूल से छूटने पर बच्चे फंसे रहते हैं इसलिए रोज रोज आने वाले वीवीआईपी को स्वयं या सरकार अंकुश लगाएं। क्योंकि महाकुंभ में लोग भारी संख्या में पुण्य लाभ प्राप्त करने आए हैं, ऐसे में अव्यवस्था न उत्पन्न हो ये सरकार की महती जिम्मेदारी है द्य महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि वीवीआईपी के आने जाने से पूरा प्रशासन लग जाता है और अव्यवस्था फैल जाती है जिससे आम श्रद्धालु को परेशानी होती है वीवीआईपी आम श्रद्धालु बनकर आए उनका हृदय से स्वागत है।

इसमे प्रमुख रूप से प्रदीप मिश्र अंशुमन, विनय कुशवाहा, अनुपम श्रीवास्तव, दिवाकर भारतीय, अभिनीत कुशवाहा, विनय पांडेय, राजेश राकेश, दिनेश सोनी, विष्णु कांत पांडेय, रजत तिवारी रहे।

भारतीय कला और सांस्कृतिक विरासत का इटैक कर रहा संरक्षण- न्यायमूर्ति नीरज तिवारी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। जनपद प्रयागराज में भव्य कार्यक्रम इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटैक) प्रयागराज चेप्टर ने आज अपने प्रोजेक्ट ÷द रिलीजियस एंड स्पिरिचुअल हेरिटेज ऑफ प्रयागराज÷ के अंग्रेजी संस्करण के विमोचन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की। कार्यक्रम में गणमान्य अतिथि, विद्वान, धरोहर प्रेमी और इंटैक के सदस्य उपस्थित रहे। इंटेक के इस प्रयास का उद्देश्य प्रयागराज की व्यापक धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत का दस्तावेज़ीकरण और प्रचार-प्रसार करना है।पुस्तक का अंग्रेजी संस्करण, जिसे कनाडा में वर्तमान में निवास कर रही इंटैक की सदस्य सुश्री उर्वशी भार्गव ने अनुवाद किया है, प्रयागराज की विरासत को अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का प्रयास है। इस आयोजन में उर्वशी की ओर से उनकी मां नंदिता भार्गव ने भाग लिया। इसका मूल हिंदी संस्करण, ÷प्रयागराज की धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत%,अनुपम परिहार, इंटेक प्रयागराज चैप्टर के सह-संयोजक द्वारा लिखा गया था और इसका विमोचन 6 मई 2023 को किया गया था। इसे व्यापक सराहना मिली थी।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यायमूर्ति नीरज तिवारी, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने की और उन्होंने अंग्रेजी संस्करण का औपचारिक विमोचन किया। अपने संबोधन में न्यायाधीश तिवारी ने भारतीय कला और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और प्रचार के लिए इंटैक के समर्पित प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से महाकुंभ 2025 के संदर्भ में प्रयागराज को एक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में उजागर करने के महत्व पर जोर दिया, जो शहर की समृद्ध परंपराओं और ऐतिहासिक स्थलों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम में नरेश रॉय और प्रोफेसर संजय सक्सेना तथा इंटैक प्रयागराज चैप्टर के अन्य सदस्यों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

राज्यपाल ने मुविवि के कुम्भ अध्ययन कोर्स की सराहना की

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने महाकुंभ के महत्व और भव्यता से जनमानस को जागरूक करने के लिए कुम्भ अध्ययन पर 6 माह का प्रमाण पत्र कार्यक्रम तैयार किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने आज महाकुंभ नगर में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल को कुम्भ अध्ययन से संबंधित नए प्रमाण पत्र में प्रवेश प्रारंभ करने के बारे में बताया और इससे सम्बन्धित पाठ्य सामग्री भेंट की।राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया। ज्ञातव्य हो कि राज्यपाल श्रीमती पटेल ने मुक्त विश्वविद्यालय को निर्देशित किया था कि महाकुम्भ जैसे पुनीत अवसर पर वह अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए अधिक से अधिक लोगों को महाकुंभ के बारे में जानकारी प्रदान करे।कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि राज्यपाल श्रीमती पटेल के मार्गदर्शन में इस कोर्स का निर्माण विद्वान लेखक मंडल द्वारा मात्र डेढ़ महीने में किया गया और पाठ्य सामग्री तैयार होते ही जनवरी 2025 में यह कार्यक्रम लॉन्च कर दिया गया। जिसका लाभ महाकुंभ क्षेत्र में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को मिलेगा। विश्वविद्यालय ने इससे संबंधित पाठ्य सामग्री ऑनलाइन कर दी है। इस छह महीने के सर्टिफिकेट कोर्स का लाभ देश भर में लोग उठा सकते हैं।

विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि इससे पहले उत्तर प्रदेश के इस एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय ने 2019 में कुंभ पर जागरूकता पाठ्यक्रम शुरू किया था। इसमें कुम्भ की विशेषताओं के साथ-साथ योग के विषय को भी शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि इस कोर्स की लांचिंग के बाद विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विजिट करने वालों की संख्या हजारों में पहुंच गई है। कुम्भ अध्ययन प्रमाण पत्र में प्रवेश लेने वालों की रुचि को देखते हुए कुलपति ने आईसीटी सेल को वेबसाइट की क्षमता बढ़ाने का निर्देश दिया है।

महापौर ने किया विद्युत शवदाह गृह के निर्माण कार्य का लोकार्पण

फाफामऊ। महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने सोमवार को फाफामऊ में नगर निगम द्वारा विद्युत शवदाह गृह के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस शवदाह गृह का निर्माण 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत कराया गया ।महापौर ने कहा कोरोना काल के समय व्यक्ति शव को गंगा जी में ही छोड़ देता था, जिसको संज्ञान लेते हुए आज इस शवदाह गृह का लोकार्पण हुआ, माश्र प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की संकल्पना है स्वच्छ भारत स्वच्छ प्रयाग अभियान के तहत आज इस 3 करोड रुपए की लागत से शवदाह गृह का लोकार्पण हुआ।यह भी कहा फाफामऊ घाट पर फाफामऊ के तरफ से आने वाले लोगों को बहुत ही असुविधा का सामना करना पड़ता था शवदाह गृह होने से लोगों की असुविधा कम होगी, जिससे लोगों को अधिक समय का लाभ मिलेगा ।शवदाह गृह निर्माण कार्य के लोकार्पण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद निशा गुप्ता,भोला सिंह ,बबलू रघुवंशी, मुख्य अभियंता विद्युत संजय कटियार , अवर अभियंता अजीत, अभियंता विद्युत आर के लाल, जेई आरके मिश्रा , सुरेंद्र यादव , सूबेदार भारतीय,प्रमोद आरती मौर्य, धीरेंद्र केसरवानी , मंशु केसरवानी, गिरीजेश मिश्रा, राजू पाठक मंशू केसरवानी मौजूद थे।

विद्यालय पहुंचने पर सम्मानित शिक्षिका का लोगों ने किया स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

होलागढ़ (प्रयागराज)। कम्पोजिट विद्यालय हंसराज पुर की वरिष्ठ शिक्षिका एवं राष्ट्रीय कवयित्री डा. वंदना शुक्ला को लखनऊ मे मिले साहित्य गौरव सम्मान की खुशी मे साथी शिक्षको ने सोमवार को विद्यालय पहुंचने पर फूल माला से भव्य स्वागत किया। बता दें कि रविवार को लखनऊ विश्व विद्यालय में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश के रजत जयंती पुरस्कार समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने साहित्य गौरव सम्मान से नवाजा। सम्मान मिलने की खुशी मे विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक संघ होलागढ़ के अध्यक्ष राकेश मिश्र नगरहा, सुनील शुक्ला, अंजू रेणू,हरीलाल धनंजय तिवारी, शालिनी, प्रतिभा,छाया मिश्रा, नम्रता पांडेय,बिम्बेश त्रिपाठी, प्रदीप कुमार, संजय शर्मा, राकेश तिवारी,अशोक शुक्ला, जितेन्द्र पांडेय, रंजीत पटेल एवं दर्जनों अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने वंदना को बधाई दी।

नोबेल लॉरियेट अर्थशास्त्रियों पर छात्राओं द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन

प्रयागराज। जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार विजेता पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभाग की कुल 17 छात्राओं ने भाग लिया।

छात्राओं ने ऑथर लुइस, अमर्त्य सेन, सोलो, रेगुनर फ्रिश, रॉबर्ट मुंडेल ,फ्रेडरिक हेयक, जेम्स ए रॉबिंसन, मिल्टन फ्रीडमैन, सर रिचर्ड स्टोंस, अभिजीत बैनर्जी , रॉबर्ट लुकास, साइमन कुज़नेट्स, विलियम नॉर्डहॉस, डूफ्लो, साइमन जॉनसन, जॉन हिक्स, जॉन रिचर्ड निकोलस आदि पर अपने पीटी प्रदर्शित किये। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आकांक्षा यादव, द्वितीय स्थान शिवांकी पटेल और तृतीय स्थान सान्या सिंह को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर आशिमा घोष ने की। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने उनके व्यक्तित्व के निर्माण में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के महत्व का उल्लेख किया। इस प्रकार के कार्यक्रम ज्ञानवर्धन के साथ-साथ पाठ्यक्रम को रुचिकर बनाते हैं। कार्यक्रम का संचालन अरशद विभाग के समन्वय का प्रोफेसर शिखा दीक्षित ने किया। निर्णायक की भूमिका प्रोफेसर मेजर अर्चना पॉल और डॉक्टर रीना यादव ने अदा की। कार्यक्रम में विभाग की अतिथि प्रवक्ता प्रीति राय, शोध छात्र-छात्राएं आशीष सिंह, राहुल विश्वकर्मा, अंजलि मिश्रा और अनामिका सिंह के साथ-साथ छात्राएं उपस्थित थी। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर शिखा दीक्षित द्वारा दिया गया।

अपनों को परिजनों से मिल रहा खोया-पाया केंद्र

योगी सरकार का सराहनीय कदम, सेक्टर 4 में 2 बच्चों को परिजनों से मिलाया

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज महाकुम्भ में योगी सरकार द्वारा स्थापित डिजिटल महाकुम्भ खोया-पाया केंद्र ने एक बार फिर अपनी दक्षता और मानवता के प्रति समर्पण को साबित किया है। आधुनिक तकनीक और समर्पित प्रशासनिक प्रयासों के माध्यम से खोए हुए बच्चों और उनके परिवारों का पुनर्मिलन तेजी और सटीकता के साथ किया जा रहा है। हाल ही में सेक्टर 4 के खोया-पाया केंद्र में दो बच्चों का उनके परिजनों के साथ सफलतापूर्वक पुनर्मिलन हुआ।7 वर्षीय धरमजीत और 6 वर्षीय विकास कुमार, दोनों को पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से पाया और खोया-पाया केंद्र पहुंचाया। बच्चों की तस्वीरें डिजिटल प्लेटफॉर्म और टीवी स्क्रीन पर प्रदर्शित की गई, जिससे उनके परिवारों तक जानकारी तेजी से पहुंच सकी।परिवारजन सूचना मिलने पर केंद्र पहुंचे और पहचान की प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्चों को पुलिस की मौजूदगी में सुरक्षित सुपुर्द कर दिया गया। ये दोनों ही घटनाएं 15 जनवरी की हैं। दोनों को ही पुलिस द्वारा झूंसी एरिया से लॉस्ट एंड फाउंड सेंटर लाया गया। दोनों ने खुद को चैनपुर निवासी बताया।

बालू मजदूरों ने कौशांबी सांसद को सौंपा ज्ञापन

माफिया द्वारा रेत खनन मशीनों के अवैध संचालन की समस्या उठाई

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। रेत खदान श्रमिकों ने आज कौशांबी के सांसद पुष्पेंद्र को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि कैसे यूपी सरकार ने खुले स्थानों से खनन के लिए एक अवैध आदेश पारित किया है, जो कि इनस्ट्रीम खनन के लिए एनजीटी के दिशानिर्देशों के खिलाफ है। उन्होंने आग्रह किया कि बढ़ती बेरोजगारी की समस्या को हल करने के लिए नावों द्वारा मैन्युअल खनन शुरू किया जाए और सभी ग्राम मंडियों को बहाल किया जाए।कार्यकर्ताओं ने निर्णय लिया है कि अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ और योगी- संजय निषाद सरकार रेत माफियाओं का समर्थन जारी रखती है तो वे एक बड़ी जनआंदोलन शुरू करेंगे।एआईकेएमएस ने एसकेएम का एक ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें सांसद से केंद्र सरकार की नई कृषि विपणन नीति का विरोध करने को कहा गया है। इस नीति ने उन 3 काले कृषि कानूनों को नया स्वरूप दिया है जिन्हें वापस ले लिया गया था और सभी फसलों के लिए एमएसपी पर रोके लगा दी गयी है। सरकारी खरीद बंद कर दी गई है और पीडीएस खाद्य वितरण को बंद कर दिया जाएगा। उपस्थित लोगों में एआईकेएमएस महासचिव डा आशीष मितल, रामलाल भारतीय, रमेश निषाद, फूलचंद निषाद, कल्लू, छोटकू, सरदार, विजय, पंचम व अन्य शामिल थे।

इविवि के छात्रों को मिला छः लाख का वार्षिक पैकेज

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सेन्टर ऑफ फूड टेक्नोलॉजी में एमएससी, फूड टेक्नोलॉजी के छात्रों के लिए ऑन कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमे सेन्टर ऑफ फूड टेक्नोलॉजी के इतिहास में सबसे अधिक पैकेज ईकैवो एग्रो डेली प्राइवेट लिमिटेड (नन्दी ग्रुप) द्वारा दिया गया। जिसमे अविनाश कुमार एवं अंकिता रानी को आर एन्ड डी एक्जीक्यूटिव के पद पर 6 लाख प्रतिवर्ष के बार्षिक पैकेज पर चयनित किया गया। साथ में हरिओम तिवारी, धुत्ति तिवारी और तनुश्री मिश्रा को विभिन्न विभागों में क्रमशः 3.5, 3.25 एवं 2.40 लाख वार्षिक पैकेज दिया गया।

फूड टेक्नोलॉजी के प्लेसमेंट इकाई के प्रभारी ई. सलमान हाशमी ने बताया कि दिसंबर माह में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में पांच कंपनियों ने भाग लिया जिसमें सबसे अधिक पैकेज ईकैवो एग्रो डेली प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दिया गया। इसी क्रम में बीएमएस ऑर्गेनिक ने 8 छात्रों का चयन 3.5 लाख के वार्षिक पैकेज पर किया तथा राजेश मसाले ने दो छात्रों का चयन 3 लाख के वार्षिक पैकेज पर किया। प्राइम फूड्स ने वो छात्रों को 2.4 लाख के वार्षिक पैकेज पर तथा फेयरलैब्स ने 30 छात्रों का ऑन द जॉब ट्रेनिंग प्रोग्राम में चयन किया। सेंटर ऑफ फूड टेक्नोलॉजी की कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर नीलम यादव ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

सीढ़ी और बोर्ड लगाकर तालाबों को बना दिया अमृत सरोवर

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज) । क्षेत्र में अमृत सरोवर के नाम पर तालाबों में सीधी और विवरण बोर्ड लगाकर जिम्मेदारियों से इतिश्री कर ली । कई गांव के तालाब कचरे से भरे पड़े हैं । स्थानीय लोग लगातार शिकायत कर रहे हैं । लेकिन अफसर ध्यान नहीं दे रहे हैं ।

ग्रामीणों का आरोप है कि तालाबों में खराब गुणवत्ता की ईंटों और रेत के मिश्रण से सीधी बना दी गई थी । लेकिन अधिकांश बने सीढ़ी पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। साथ ही विवरण वाले बोर्ड के साथ कुछ पौधे रोपे गए थे । हालांकि अब तालाबों के किनारे पौधे भी नहीं बचे हैं और नहीं बोर्ड बच्चे हैं लेकिन अधिकांश गांव के लंबित पैसे का भुगतान कर दिया गया है । नीबी गांव में 16 बीघे का तालाब के किनारे से निकलने वाली मिट्टी मिश्रित रेत की जुड़ाई से सीढ़ी बनाया गया था । जबकि पैसा निकालने के बाद आज तक गेट नहीं लगवाया गया। लगे बोर्ड और मिट्टी से ढक दिया गया है । पथरपुर , देईबांध , नीबी, किहुंनी खुर्द , किहुंनी कला , डीही खुर्द , लेड़ियारी गांव के तालाब की सफाई तक नहीं कराई गई है । लेड़ियारी में तालाब के किनारे लगे बोर्ड की हटा दिया गया है । वहीं नीबी के तालाब तक रास्ता नहीं होने से तालाब तक पहुंचना भी मुश्किल है ।

छात्रों के ड्रेस का पैसा न मिलने से अभिभावकों में आक्रोश

लेड़ियारी (प्रयागराज)। प्रदेश सरकार ने पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालयों में सभी छात्रों को खाते में ड्रेस, जूता, मोजा के लिए 1200 सौ रुपए देने का प्रावधान किया है। लेकिन शस्त्र खत्म होने के बावजूद आज तक नहीं मिलने से अभिभावकों में आक्रोश व्याप्त है। संविलयन विद्यालय कोलसरा में शिक्षा ग्रहण कर रहे नौनिहाल के अभिभावक शिवसूरति सिंह ने बताया कि दस माह बीत गए लेकिन आज तक बच्चों का ड्रेस का आज तक बारह सौ रुपए नहीं मिल सका।

जबकि इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी व खंड शिक्षा अधिकारी कोरांव में लिखित प्रार्थना पत्र दिया है। शिकायत दर्ज कराने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार गौतम ने बताया कि हमारे यहां 312 छात्र पंजीकरण कराया गया है। जबकि इस वर्ष 16 बच्चों का नया एडमिशन लिया गया है। जो कि पुराने छात्रों का 296 छात्र - छात्राओं का आया हुआ है। अभी 16 नौनिहालों का शेष है। जबकि इस संबंध में विभाग को लिखित सूची भेजा गया है।

रोटरी मिडटाउन और रोटरी रॉयल्स ने किया काइट फ्लाइंग इवेंट का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन और रोटरी रॉयल्स ने रोटेरियन अनिता गोयल के आवास पर एक शानदार काइट फ्लाइंग इवेंट का आयोजन किया। इस अवसर पर काइट्स का प्रायोजन रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन पारितोष बजाज द्वारा किया गया था।कार्यक्रम में रोटरी के सदस्य और उनके परिवारजनों ने पतंग उड़ाने का आनंद लिया। सभी ने मिलकर इस पारंपरिक खेल का आनंद लिया और यह इवेंट रोटरी परिवार के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन अवसर बना। क्लब अध्यक्षा राधा सक्सेना एवं रॉयल्स की अध्यक्षा शर्मीली जैन ने ने इस इवेंट को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में इस प्रकार के और कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई।इस अवसर पर सतपाल गुलाटी, नीरज चुग, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, अमृता अग्रवाल, विनय गोयल, सौरभ अग्रवाल, हरप्रीत सिंह भाटिया, सौरभ पुरी, राजीव चड्ढा आदि उपस्थित रहे।

महाकुंभ मेले में लगी आग के मामले में मजिस्ट्रेट जांच का आदेश, टीम गठित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। महाकुंभ मेले में रविवार शाम लगी आग के कारणों का पता लगाने के लिए मजिस्ट्रेटी जांच होगी। मेला अधिकारी विजय किरन आनंद की ओर से एडीएम प्रशासन और सेक्टर मजिस्ट्रेट शिवेंद्र वर्मा की टीम गठित की गई है।

मजिस्ट्रेटी टीम आग लगने के असल कारणों की जांच करेंगे और आग से हुए नुकसान का भी आंकलन करेंगे।बताया गया है कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गैस सिलेंडर में रिसाव होने पर आग लगी और फिर धमाका हुआ था। इसके बाद आग बढ़ती गई और कई टेंट व कुटिया को चपेट में ले लिया था। मेलाधिकारी का कहना है कि टीम की रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

महाकुंभ मेले के सेक्टर 19 में रविवार को एक शिविर में पुआल में लगी आग तेजी से फैल गई और आग की चपेट में आने से करीब 18 शिविर जल गए। हालांकि अग्मिशमन कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि शाम करीब साढ़े चार बजे सेक्टर 19 में आग लगने की सूचना मिली और तुरंत दमकल की गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना की गईं।

सामान्य मीटर को स्मार्ट मीटर से बदलने का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाय- सांसद

▶▶पुराने मीटरों के ओवर बिलिंग को संशोधित करते हुए उपभोक्ताओं को करें संतुष्ट

▶▶सांसद की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय विद्युत समिति की बैठक सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। सांसद पुष्पेन्द्र सरोज की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जनपद स्तरीय विद्युत समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संयोजक एवं अधीक्षण अभियंता द्वारा जनपद में विद्युत विभाग द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं रिवैम्प्ड, स्मार्ट मीटरिंग एवं बिजनेस प्लान के अन्तर्गत कराए जा रहें कार्यों की प्रगति से अवगत कराया गया।

बैठक में सांसद ने कहा कि भविष्य में विद्युत आपूर्ति तथा विद्युत तंत्र से सम्बन्धित कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों को भी संज्ञानित कराते हुए उनके द्वारा प्रेषित प्रस्तावों को योजना में सम्मिलित किया जाय। उन्होंने जनपद में स्मार्ट मीटर स्थापित करने वाली कार्यदायी संस्था मेसर्स जी0एम0आर0 को निर्देशित किया कि जनपद में सामान्य मीटर को स्मार्ट मीटर से बदलने का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाय, इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को सही विद्युत बीजक ही उपलब्ध करायें एवं त्रुटिपूर्ण बीजकों को ससमय संशोधित करते हुए उपभोक्ताओं को उपलब्ध करायें। उन्हांने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत सम्बन्धी समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में जनता एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा किये जाने वाले फोन कॉल को रिसीव करें एवं उनकी समस्याओं का निस्तारण अवश्य करायें। उन्होंने कहा कि पुराने मीटरों के ओवर बिलिंग को संशोधित करते हुए उपभोक्ताओं को संतुष्ट करें। मा0 सांसद जी ने कहा जिन स्थानों पर बांस-बल्ली के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की जा रहीं है, उन्हें चिन्हित करते हुए ए0डी0बी0 द्वारा रिकण्डक्टरिंग योजना के अन्तर्गत कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करायें।

बैठक में अधिशासी अभियंता, विद्युत द्वारा बताया गया कि वर्तमान में जनपद स्तर पर समस्त मीटरों के स्थान पर स्मार्ट मीटर प्रतिस्थापित किये जाने का कार्य कराया जा रहा है। दिसम्बर 2024 के कुल उपभोक्ताओं 253730 के सापेक्ष 18610 उपभोक्ताओं का मीटर बलकर स्मार्ट मीटरों को प्रतिस्थापित किया जा चुका है। जिसके पूर्ण होने पर शत-प्रतिशत त्रृटिविहीन विद्युत बिल समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को उनके मोबाइलध्ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेंगा। उन्होंने बताया कि आम-जनमानस को निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति की जा रहीं है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार, विद्युत विभाग के समस्त अधिशासी अभियन्ता, उपखण्ड अधिकारी तथा अवर अभियन्ता उपस्थित रहें।

अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने समस्याओं का ज्ञापन सांसद को सौंपा

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, (कौशाम्बी)। अकिल भारतीय मजदूर किसानों सभा ने सोमवार को नई कृषि विपणन नीति के खिलाफ सांसद को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि कैसे यूपी सरकार ने खुले स्थानों से खनन के लिए एक अवैध आदेश पारित किया है, जो कि इनस्ट्रीम खनन के लिए एनजीटी के दिशानिर्देशों के खिलाफ है।

उन्होंने आग्रह किया कि बढ़ती बेरोजगारी की समस्या को हल करने के लिए नावों द्वारा मैन्युअल खनन शुरू किया जाए और सभी ग्राम मंडियों को बहाल किया जाए।कार्यकर्ताओं ने निर्णय लिया है कि अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ और योगी-संजय निषाद सरकार रेत माफ़ियाओं का समर्थन जारी रखती है तो वे एक बड़ी जनआंदोलन शुरू करेंगेद्यएआईकेएमएस ने एसकेएम का एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें सांसद से केंद्र सरकार की नई कृषि विपणन नीति का विरोध करने को कहा गया है। इस नीति ने उन 3 काले कृषि कानूनों को नया स्वरूप दिया है जिन्हें वापस ले लिया गया था और सभी फ़सलों के लिए एमएसपी पर रोक लगा दी गयी है, सरकारी खरीद बंद कर दी गई है और पीडीएस खाद्य वितरण को बंद कर दिया जाएगा। उपस्थित लोगों में एआईकेएमएस महासचिव डा. आशीष मितल, रामलाल भारतीय, रमेश निषाद, फूलचंद निषाद, कल्लू, छोटकू, सरदार, विजय, पंचम व अन्य शामिल थे।

सभासद ने जरूरतमंदों को बांटा कम्बल

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद मंझनपुर सभासद निरंजन चौधरी की अगुवाई में कड़कडाती ठंड से बचाव के लिए कम्बल वितरण किया। सभासद के हाथों ठंड से बचाव के गर्म कम्बल मिलने पर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे।

नगर पालिका परिषद मंझनपुर सभासद निरंजन चौधरी द्वारा कड़ाके की ठंड के दौरान प्रति वर्ष गरीबों को कम्बल वितरण करते चले आ रहे हैं। पूर्व की भांति इस वर्ष भी अपने वार्ड में हाड़ कंपा देने वाली ठंड से थिठुर रहे लोगों को निशुल्क कंबल का वितरण किया। कड़ाके की ठंड में कांप रहे लोग सभासद के हाथों कंबल पाया तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के धनवान लोगों से गरीबों की मदद करने के लिए आगे आने की अपील किया। इस दौरान उनके साथ उनके सहयोगी सहित कई लोग मौजूद रहे।

नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष ने शिविर लगाकर जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मुख्यमंत्री व नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ व जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में तथा नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार (फौजी) के अथक प्रयास से निकाय के 25 वार्डों में शीत लहर एवं ठंड से बचाव हेतु निराश्रित एवं असहाय, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग महिला, पुरूष नागरिकों को ऊनी कम्बल वितरण करने हेतु वार्डवार, मोहल्लो में कैम्प, चौपाल लगाकर पात्र लाभार्थियों को चयनित कराते हुए अध्यक्ष की अध्यक्षता में तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य मुख्य अतिथि की उपस्थिति में वार्ड नम्बर-19, रत्नावली पुरम (बंधवा रजबर, बभनपुरा, इटैला) व वार्ड नम्बर-03, चौधरी बैजनाथ नगर (नेता नगर, नेहरू नगर) व वार्ड नम्बर-05, सरदार पटेल नगर (चक नगर प्रथम, बरईन का पुरा) व वार्ड नम्बर-06, डा0 हेडगेवार नगर (नया नगर प्रथम, तन्ना पर) व वार्ड नम्बर-16, चन्द्र गुप्त मौर्य नगर (भेलखा) व वार्ड नम्बर-17, गौतम बुद्ध नगर (महुवा खाड़ा, खोरा, नन्हुवा का पुरवा, भेलखा पश्चिम) नागरिकगणों को धर्मराज मौर्य जिला अध्यक्ष, अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार फौजी, महेश लोधी मण्डल अध्यक्ष, ओमकार पटेल अवर अभियन्ता, संजय कुमार गुप्ता लिपिक, अंशुल केसरवानी, रामयश लोधी, हरिशचन्द्र पाल, राजू सिंह, निरंजन चौधरी, अजय कुमार, नत्थू लाल, सभासदगण तथा भारत गौतम, मान सिंह, आर्यवीर, दुर्गा प्रसाद सभासद प्रतिनिधि, तथा निकाय के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस शीत लहर में निराश्रित एवं असहाय नागरिकगणों को आज कुल 1365 ऊनी कम्बल जैसे ही प्राप्त हुआ उनके चेहरे पर मुस्कान/खुशी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा एवं नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार फौजी जय जय कार का गुणगान सभी लाभान्वित नागरिकगणों के द्वारा किया गया है।

महाकुंभ के मद्देनजर कौशाम्बी थाना पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

बारा, (कौशाम्बी)। कौशाम्बी थाना प्रभारी उर्मिला सिंह ने उच्च अधिकारियों के निर्देशन से महाकुंभ के मौके पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कौशाम्बी थाना पुलिस विजिया चौराहा में सघन चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया गया। चौराहा से गुजरने वाले में संदिग्ध वाहनों की गहनता से जांच किया गया। बिना वैध दस्तावेजों वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई और कई वाहनों का ई चालान भी किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक, उपनिरीक्षक, हेड कास्टेबल, कास्टेबल महिला कास्टेबल सहित समस्त स्टॉप मौजूद रहें।

मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस क्रम में थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा ग्राम काजू व समसपुर में मे भ्रमणकर, थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा कस्बा पश्चिम शरीरा मे भ्रमणशील रहकर, थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा शीतला माता मंदिर,कड़ाधाम में जाकर तथा थाना महेवाघाट, थाना कौशाम्बी व महिला थाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया।

महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए इजराइल, जापान व जर्मनी में नर्सिंग एवं केयर गिवर के पद पर जॉब का सुनहरा अवसर

कौशाम्बी। जिला सेवायोजन अधिकारी गौतम घोष द्वारा अवगत कराया गया कि नर्सिंग के क्षेत्र में शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवाओं के लिए इजराइलध्जापान व जर्मनी में नर्सिंग एवं केयर गिवर आदि के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने की प्रक्रिया में भारत सरकार इजराइल, जापान एवं जर्मनी सरकार के मध्य हुए अनुबंध के अन्तर्गत एन0एस0डी0सी0 क्रियान्वयन संस्था नामित है। एन0एस0डी0सी0 इंटरनेशनल लि0 द्वारा इस क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को इजराइल, जापान एवं जर्मनी भेजे जाने की कार्यवाही की जानी है। इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर विस्तृत विवरण देखेते हुए अपना पंजीयन करके आवेदन कर सकते हैं।

स्किल टॉपर कोचिंग में एलईडी के माध्यम से ऑनलाइन क्लास का शुभारंभ

शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी नवाचार

लोकमित्र ब्यूरो

विजिया चौराहा, (कौशाम्बी)। स्किल टॉपर कोचिंग संस्थान ने शिक्षा में तकनीकी नवाचार करते हुए अपने छात्रों के लिए ऑनलाइन एलईडी क्लास का शुभारंभ किया। इस नई पहल के तहत, छात्रों को अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करके गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक शिव दयाल प्रजापति और मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि राजू केशरवानी ने किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सुविधा आधुनिक शिक्षा प्रणाली के साथ छात्रों को जोड़ने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस ऑनलाइन एलईडी क्लास में छात्रों को लाइव लेक्चर, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, और इंटरैक्टिव सेशन के माध्यम से पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। इस पहल का उद्देश्य छात्रों की पढ़ाई को आसान और अधिक प्रभावी बनाना है। छात्रों और अभिभावकों का उत्साह कार्यक्रम के दौरान छात्रों और उनके अभिभावकों ने इस नई प्रणाली की सराहना की। उन्होंने इसे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा को सुलभ बनाने का एक प्रभावी माध्यम बताया। संस्थान ने इस मौके पर ,अजय कुमार,मनीष कुमार ,हरि लाल,सहित सभी शिक्षकों यह भी घोषणा की कि भविष्य में और भी नए तकनीकी साधनों का उपयोग करके शिक्षा को और प्रभावी बनाया जाएगा। संस्थान के डायरेक्टर शिवदयाल ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म में जाकर छात्र पढ़ाई सकते है।

वारण्टी आरोपियों को किया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। थाना कौशाम्बी पुलिस उपनिरीक्षक चन्द्रमौल शर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी पुटूरी निवासी ग्राम सिंघवल थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 170 वाहनों का ई-चालान किया गया।

निरोधात्मक कार्यवाही में दो गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना कड़ाधाम से 01, थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 01) कुल 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

मुंशी ने साथियों संग चालक का दो महीने का वेतन हड़पा, शिकायत

चायल, (कौशाम्बी)। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के रसूलाबाद कोल्हा गांव स्थित वेयर हाउस के चालक का दो महीने का वेतन मुंशी से साथियों संग हड़प लिया। मांगने पर वह गाली गलौच कर मारने की धमकी दे रहे हैं। सोमवार को पीड़ित चालक ने थाने जाकर आरोपी मुंशी समेत चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।उन्नाव जनपद के बीघापुर थाना अंतर्गत कजिहई गांव निवासी अनुराग कुमार पुत्र अनिल कुमार संदीपन घाट थाने के रसूलाबाद कोइलहा स्थित वेयर हाउस में ट्रक चालक है। उसको पंद्रह हजार रुपया महीना वेतन मिलता है। अनुराग के अनुसार उसके दो महीने के वेतन को वेयर हाउस के मुंशी ने हड़प लिया। विरोध करने पर उसने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर गाली गलौच कर मारपीट करने की धमकी दी। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित चालक ने थाने जाकर आरोपी मुंशी समेत चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी।

प्यार हो तो ऐसा, जिएंगे तो साथ मरेंगे भी साथ, पति पत्नी दोनों की मौत

▶▶पत्नी ने लगाई फांसी उसके 8 घंटे बाद पति ने ट्रेन से कटकर दी जान

▶▶दोनों का आज होगा अंतिम संस्कार

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट- 'हम जिए मरेंगे साथ कि दुनिया याद करेगी.' यह गाना तो आप सभी ने सुना ही होगा, लेकिन जिले में यह गाना हकीकत में सच भी हुआ है। जहां एक पति-पत्नी एक ही दिन प्राण त्याग दिए और फिर एक साथ दोनों की अर्थी उठी। जिले के भरतकूप थाना क्षेत्र के रहुनीपुर पतौड़ा गांव में रहने वाले यादव परिवार में एक ही दिन दोनों पति-पत्नी की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों के बीच गहरा प्यार था। ऐसे में जब पत्नी की मौत हुई तो पति यह सदमा सहन नहीं कर सका और 8 घंटे के अंदर ही उसकी भी मौत हो गई। जिसके बाद दोनों की अर्थी एक साथ उठी।भरतकूप थाना क्षेत्र के रहुनीपुर पतौड़ा निवासी शिवकुमार के 22 वर्षीय बेटे शिवलाल की शादी पिछले वर्ष 25 अप्रैल को शहर कोतवाली क्षेत्र के लौड़िहाखुर्द निवासी राजेश कुमार की 20 वर्षीय इकलौती पुत्री जानकी के साथ हुई थी। रवन का संयोग न बनने की वजह से जानकी लगभग 2 महीने से अपने मायके में ही रह रही थी। जानकी के भाई शारदा ने बताया की रविवार की शाम दीदी हम लोगों के साथ खाना खा कर सो गई थी। रात में मै पेशाब करने के लिए उठा तब भी सोई हुई थी, लेकिन जब सुबह उठा तब दीदी अपने बिस्तर में नहीं थी। तभी देखा गया की दीदी ने सोमवार की भोर में ही लकड़ी की बल्ली में फंदा लगाकर जान दे दी थी। इस बात की सूचना दीदी के ससुराल वालों को दी गई। जिसमें लगभग 8 घंटे के बाद सोमवार दोपहर एक बजे जीजा शिवलाल ने भी सुदिनपुर गाँव के पास ट्रेन से कटकर जान दे दी। शिवलाल पाँच भाईयों और दो बहनों में तीसरे नंबर का था।

▶▶हंगामे की स्थिती बनी रही

पोस्टमार्टम हाउस में दोनों पक्षों के बीच कुछ देर तनाव की स्तिथि दिखी।

भाई जीवन लाल कहता दिखा की मेरे भाई को किसी ने फोन करके धमकाया हैं तभी मेरे भाई ने कदम उठाया। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों को शांत करवाया।

परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति पत्नी के आपसी का कराया गया समझौता

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र में प्रभारी श्यामा नारायण यादव , हेड कांस्टेबल राम बहादुर पाल, महिला हेड कांस्टेबल पूनम, महिला कांस्टेबल नीतू यादव व महिला कांस्टेबल कमला यादव के माध्यम से काउंसलिंग की गयी। काउंसलिंग के दौरान 01 फाइल में पति-पत्नी व उनके परिजनों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी को उनके जीवन की पारिवारिक कर्तव्य को बताते हुए समझाया गया। पति-पत्नी द्वारा बताया गया कि अब हम दोनों के बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। हम दोनों अपनी खुद की सहमति से सुलह समझौता करना चाहते हैं। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी को सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा व्यक्त किया गया कि अब हम दोनो एक दूसरे के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करेंगे ।परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों को सलाह दिया गया, अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपने जीवन की नई शुरुआत करें।

संक्षिप्त खबरें

क्रिकेट फाउंडेशन जौनपुर ने जीता उद्घाटन मैच सद्भावना कप 2025 अंडर 14 टूर्नामेंट का पहला मैच

प्रतापगढ़। स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे सद्भावना कप 2025 अंडर 14 टूर्नामेंट का आज पहला मैच तुलसी क्रिकेट अकादमी कुंडा एवं जौनपुर क्रिकेट फाउंडेशन जौनपुर के बीच हुआ। इसमें जौनपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए तुलसी क्रिकेट अकादमी कुंडा ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 176 रन बनाए। जिसमें प्रियांशु ने 73 और अभी ने 60 रन बनाए। जौनपुर क्रिकेट फाउंडेशन की तरफ से सूर्यांश यादव ने दो विकेट और अभिमान ने दो विकेट लिया। जवाब देने उतनी जौनपुर क्रिकेट फाउंडेशन की टीम ने 20 ओवर में 139 रन ही बना सकी और पूरी टीम ऑल आउट हो गई। जौनपुर क्रिकेट फाउंडेशन की तरफ से युवराज ने 32 रन और शौर्य साहू ने 31 रन बनाए। तुलसी क्रिकेट अकादमी की तरफ से प्रशांत पांडे ने एक विकेट लिया और प्रियांशु ने एक विकेट लिया, अन्य खिलाड़ी सभी रन आउट हुए हैं।

पूर्व शिक्षक के निधन पर शोक-संवेदना

लालगंज, प्रतापगढ़ । गहिरी निवासी 80 वर्षीय पूर्व शिक्षक उमेश मिश्र का रविवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह सुखपति राम इंटर कॉलेज लीलापुर साहबगंज में शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त थे एंव अष्टभुजा इंटर कॉलेज जेठवारा में अध्यक्ष के पद पर थे । स्थानीय लोगों के अनुसार वह बहुत ही सरल व मृदुभाषी थे। वह मान्यता प्राप्त पत्रकार संतोष पांडेय के रिश्तेदार भी है। इनके निधन से संदीप मिश्र, परमेश्वर मिश्र, विष्णु मिश्र, सुरेश मिश्र, भाई राधेश मिश्र, डॉ. शम्भू मिश्र, हरिश्चन्द्र मिश्र, केएन मिश्र एडवोकेट, मणिनाथ मिश्र व क्षेत्र के धीरेन्द्र पांडेय, संतोष पांडेय, संदीप मिश्र आदि क्षेत्र के बहुत से संभ्रांत लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

डेरवा टीम को मिला विजेता कप

लालगंज, प्रतापगढ़। लक्ष्मणपुर ब्लाक के हरिहरपुर कैलहा में क्रिकेट टूर्नामेण्ट के फाइनल में आरके स्पोर्टिंग क्लब डेरवा की टीम को विजेता कप हासिल हुआ। वहीं उप विजेता फूलपुर टीम रही। क्षेत्र पंचायत सदस्य रहीश ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। इस मौके पर खालिद, राधेश्याम वर्मा, प्रदीप वर्मा, अखिलेश, महेन्द्र वर्मा आदि रहे।

अधेड़ ने फोड़ा अपना सिर

कुंडा प्रतापगढ़। हथिगवां थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव निवासी प्रभुज दयाल का 50 वर्षीय बेटा नेतराम सिंह किसी बात से नाराज हो गया। गुस्से में उसने ईंट से अपने ही सिर पर वार करके घायल कर लिया। परिजनों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया

अंडरपास से टकराया ट्रक, चालक की मौत

कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़। कोतवाली देहात अंतर्गत प्रयागराज अयोध्या हाईवे पर धारूपुर गांव में प्रतापगढ़ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार आयशर ट्रक के बगल से गुजर रही कार को बचाने के चक्कर में ट्रक अंडरपास से भिड़ गया। जानकारी के अनुसार चंद्रमणि पांडे उम्र 44 वर्ष पुत्र दुर्गा प्रसाद पांडे निवासी आसलपुर थाना कंधई ट्रक लेकर प्रयागराज की ओर जा रहा था। रास्ते में रफ्तार तेज होने के कारण धारूपुर अंडरपास पर पहुंचते ही बगल से गुजर रही कार को बचाने के चक्कर में अंडरपास से जा टकराया । सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज वरुण प्रताप सिंह एवं डायल 112 के सिपाहियों ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक में फंसे ड्राइवर को वाहर निकाल कर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने ट्रक चालक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा घटना की बाबत ट्रक चालक के घर पर सूचना भेजी गई है ।

मोहन भागवत के बयान से क्षुब्ध एन एस यू आई के कार्यकर्ताओ ने की नारेबाजी

प्रतापगढ़। एन.एस.यू.आई के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय के निर्देश पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान से नाराज एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष शुभम मिश्रा के नेतृत्व में जिला अधिकारी कार्यालय के समक्ष पहुंचकर नारेबाजी करते हुए महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से सौंपा।इस दौरान एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष शुभम मिश्रा ने कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने अपने टिप्पणी में कहा कि देश को आजादी राम मंदिर बनने के बाद मिली है। आरएसएस द्वारा हमेशा से शहादत का अपमान किया जाता रहा है। जिस प्रकार से प्रमुख मोहन भागवत ने टिप्पणी देश के शहीदों के ऊपर की है, वह बेहद दुखद है। मोहन भागवत देश से माफी मागे एवं उनके ऊपर देश के विरुद्ध बयान देने पर देशद्रोही का मुकदमा चलाया जाए यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नफीस खान ने कहा कि देश को आजादी मंदिर -मस्जिद, जाति और धर्म के नाम पर नहीं मिली है। इसके लिए कई लालों ने अपने प्राणों की आहूति दी है द्य मोहन भागवत को सार्वजनिक तौर पर देश से माफी मांगना चाहिए।इस दौरान कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, सुरेश कुमार सरोज, आशीष शुक्ला, दिव्यांशु दुबे, सुशील, त्रिपुरारी, सतीश सरोज,अमित दुबे,सलमान खान, आदि उपस्थित रहे।

फरियादियों की संतुष्टि ही समस्या का समाधान- डीएम

▶▶समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी शिकायतें, तीन सौ तिहत्तर में दस का हुआ निस्तारण

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। तहसील सभागार में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में सोमवार को डीएम शिवसहाय अवस्थी व एसपी डॉ. अनिल कुमार ने शिकायतों की सुनवाई की। समाधान दिवस में नवागांतुक डीएम का सख्त तेवर देख मातहतों के चेहरे पर हवाईयां उड़ती दिखीं। वहीं नये डीएम के लालगंज में पहले समाधान दिवस में फरियादियों की लम्बी कतार लगी दिखी। फरियादियों को डीएम व एसपी एक एक कर सुन रहे थे। नतीजन समाधान दिवस में फरियादियों की लाइन सभागार से लेकर बाहर बरामदे तक लगी नजर आयी। कुल तीन सौ तिहत्तर शिकायतों में अफसरो ने दस का निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायत राजस्व विभाग की एक सौ सतहत्तर, पुलिस विभाग चालीस, विकास बाइस, समाज कल्याण तीन, बेसिक शिक्षा एक, विद्युत विभाग इक्तीस, आपूर्ति विभाग छः व अन्य विभागों की तिरान्नवे शिकायतें रहीं। नगर में मच्छरों से निजात दिलाने के लिए फागिंग न कराए जाने पर डीएम शिवसहाय अवस्थी ने ईओ अभय रंजन को कड़ी फटकार लगायी। शिकायती पत्र पर एक लेखपाल द्वारा दो आख्या देख भी डीएम भड़क उठे। उन्होनें एसडीएम को लेखपालों की आख्या की समीक्षा के कड़े निर्देश दिये। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने विभागीय शिकायतों की सुनवाई की। कई प्रार्थना पत्रों पर मौके की जांच न करने की शिकायत मिलने पर एसपी का भी पारा चढ़ गया। एसपी ने एक एक थानाध्यक्षों को तलब कर लापरवाही पर जमकर डांट फटकार लगायी। डीएम शिवसहाय अवस्थी ने समाधान के बाद शिकायतों की समीक्षा करते हुए मातहतों की हिदायत दी कि शिकायत का समाधान फरियादियों की संतुष्टि होनी चाहिए।

उन्होनें कहा कि वह समाधान की समीक्षा के समय लापरवाही पाये जाने पर जिम्मेदार अफसर के खिलाफ बेहिचक कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करायेंगे।

समस्याओं को लेकर वकीलों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

लालगंज, प्रतापगढ़। साथियों की समस्याओं के समाधान न होने तथा पूर्ति निरीक्षक कार्यालय में अनियमितताओं समेत विभिन्न मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने सोमवार को डीएम को ज्ञापन सौंपा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा महामंत्री सूर्यकांत निराला की अगुवाई में वकीलों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर उदयपुर थाना क्षेत्र के अधिवक्ता रामछबीले यादव तथा अंकुर त्रिपाठी पर प्राणघातक हमले में आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग उठाई।

पूर्ति निरीक्षक कार्यालय के तहसील परिसर में आवंटित कक्ष में संचालन न होने पर वकीलों ने नाराजगी जतायी। रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सभागार के बगल जन शौचालय में गंदगी को लेकर डीएम से प्रशासनिक लापरवाही पर कार्रवाई की मांग की। डीएम शिवसहाय अवस्थी ने अधिवक्ताओं को बिंदुवार समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। वहीं रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की अगुवाई में वकीलों ने नये डीएम शिवसहाय अवस्थी व एसपी डॉ. अनिल कुमार को बुकें भेंटकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल, उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, देवी प्रसाद मिश्र, मनोज शुक्ला, लाल अंकित सिंह, रामकुमार पाण्डेय, प्रमोद सिंह, अनिल शर्मा आदि अधिवक्ता रहे।

महाकुम्भ में आगजनी की घटना चिन्ताजनक- प्रमोद तिवारी

▶▶राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने सीमा सुरक्षा के क्षेत्र में केन्द्र की भाजपा सरकार को बताया असफल

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने महाकुंभ में हुई भीषण आगजनी में ढ़ाई सौ से अधिक कॉटेज के राख होने को गंभीर चिन्ता व परेशानी का विषय करार दिया है। उन्होने सेक्टर उन्नीस में गीता प्रेस के शिविर समेत विभिन्न कॉटेज में आगजनी की इस घटना को सरकार के महाकुंभ में हर दृष्टिकोण से अभेदय सुरक्षा के दावे की कमजोरी कहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सरकार से कहा है कि वह आगजनी से प्रभावित शिविरों का तत्काल पुर्नवास कराए। वहीं उन्होने प्रतापगढ़ समेत पांच

श्रद्धालुओं के जख्मी होने पर इन सभी की बेहतर सरकारी चिकित्सा सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया है। उन्होनें कहा कि यह घटना देश विदेश से महाकुंभ में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की आस्था तथा विश्वास और सनातन संस्कृति की सुरक्षा के लिए भी सरकारी प्रबन्धों की समीक्षा का एक बड़ा मुददा उजागर कर गया है।

वहीं कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने असम में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर भी भाजपा पर तगड़ा हमला बोला है। उन्होनें कहा कि राहुल गांधी ने विपक्ष के धर्म का पालन करते हुए केन्द्र सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का सवाल उठाया है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी संविधान और संवैधानिक संस्थाओं की स्वायतता की रक्षा की आवाज उठा रहे हैं। उन्होने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज हो रही एफआईआर से बेपरवाह कांग्रेस देश में संविधान और संवैधानिक संस्थाओं के मोदी सरकार के दुरूपयोग के विरूद्ध संघर्ष को मजबूती के साथ जारी रखेगी। बांग्लादेश के एक घुसपैठिये के सीमा में प्रवेश तथा एक निजी कारोबारी क्षेत्र में नौकरी को लेकर भी राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी को दोषी करार दिया। उन्होनें कहा कि अर्न्तराष्ट्रीय सीमा की रखवाली की पूरी जिम्मेदारी भाजपा की केन्द्र सरकार की है। उन्होने सवाल उठाया कि सीमा से बांग्लादेशी आखिर देश के अंदर कैसे दाखिल हुआ और कैसे वह व्यापारिक प्रतिष्ठान पर लम्बे समय तक नौकरी करता रहा? राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि इसका जबाब सीधे तौर पर मोदी सरकार को देना चाहिए। उन्होने कहा कि बांग्लादेशी का देश के अंदर रहना और फर्जी अभिलेखों के सहारे नकली नागरिकता के साथ महाराष्ट्र के नामी शहर पुणे में कपड़े की दुकान पर बेरोकटोंक नौकरी करना सीमा सुरक्षा के लिए चिंताजनक है। वहीं उन्होनें कहा कि केन्द्र की मौजूदा भाजपा सरकार और महाराष्ट्र की भाजपा सरकार को भी इसके लिए दोषी करार देते हुए इन्हें भी राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में लापरवाही के लिए सह अभियुक्त बनाया जाना चाहिए। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का बयान यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सोमवार को यहां निर्गत किया है।

सड़क दुर्घटना में मृत युवकों के घर पहुच जनसत्ता दल जिलाध्यक्ष ने जताई शोक संवेदना

लोकमित्र ब्यूरो

पट्टी प्रतापगढ़। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक (युवक प्रकोष्ठ) के जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने पट्टी क्षेत्र के ग्राम करौदहा में तीन युवकों की जौनपुर जनपद में सड़क दुर्घटना में हुई दर्दनाक मृत्यु की सूचना पर उनके घर पहुंच कर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया। साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिया। बता दें कि विगत तीन दिन पूर्व घर से जौनपुर जनपद जा रहे तीन युवकों अनुराग उपाध्याय, ऋषभ उपाध्याय एवं नन्हें सरोज की रोडवेज बस की टक्कर से दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। जिससे पूरा गांव और क्षेत्र सहम गया था। ऐसी दर्दनाक घटना को सुनकर जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने उन पीड़ित परिवारों के घर पहुंचकर तथा उनसे मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया और कहा कि हर संभव मदद करेंगे।

मंहगाई तथा आम आदमी की सुरक्षा में भाजपा सरकार है विफल-सपा सांसद

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल ने सोमवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर जनसमस्याओं की सुनवाई की। उन्होनें लालगंज तथा रानीगंज कैथौला में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी किया। जिले के सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल ने स्थानीय लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह में जनसमस्याओं की सुनवाई की। उन्होनें यहां शिकायतकर्ताओं की समस्या की सुनवाई करते हुए इनके शीघ्र निस्तारण कराए जाने की बात कही। निरीक्षण गृह में उन्होने पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से भी मुलाकात की। सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मुखर अभियान में तेजी लायें। उन्होनें कहा कि केंद्र व

राज्य की भाजपा सरकार मंहगाई तथा आम आदमी की सुरक्षा के क्षेत्र में पूरी तरह विफल है। इसके बाद सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल ने रानीगंज कैथौला बाजार में भी व्यापारियों तथा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस मौके पर जिपंस राम सुंदर पटेल, प्रतिनिधि बीएल वर्मा, टीपी यादव, रामधन यादव, वीरू सरोज, भइयाराम पटेल, जितेन्द्र पटेल, जितेन्द्र सिंह, प्रकाशचंद्र उपाध्याय, रोशन लाल सरोज, सोनू पासी, राजू यादव, राजेश यादव, अभिषेक यादव आदि मौजूद रहे।

श्रीरामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ की मांग को लेकर जागरूकता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। श्रीरामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित कराए जाने की मुहिम को लेकर महाकुम्भ क्षेत्र में जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। समिति के राष्ट्रीय संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं को धार्मिक ग्रन्थ प्रदान कर नियमित पूजन अर्चन पर जोर दिया। वहीं कुम्भ क्षेत्र में शिविरों में धर्माचार्यों से भी समिति के पदाधिकारियों ने पत्रक सौंपकर अभियान को मंगलाशीष देने की प्रार्थना की। समिति के राष्ट्रीय संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सेक्टर बीस के वेदान्त सत्संग आश्रम शिविर में महामण्डलेश्वर स्वामी अभयानन्द सरस्वती जी महराज व सेक्टर सात में भागवताचार्य पं. देवव्रतजी महराज तथा सेक्टर बारह में स्वामी जितेन्द्र तिवारी जी महराज से मिलकर समिति के अभियान की रूपरेखा से अवगत

कराया। उन्होने कहा कि श्रीरामचरितमानस एवं श्रीमदभागवतगीता तथा श्री बाल्मीकि रामायण के सनातन ग्रन्थों के अपमान पर नई भारतीय दण्ड संहिता में इसे राजद्रोह का अपराध घोषित किया जाय।

वही केन्द्र सरकार श्रीरामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित करने के लिए संसद में विधेयक के जरिए कानून पारित कराये। वहीं श्रीरामचरितमानस राष्ट्रीय ग्रन्थ संरक्षा अभियान समिति की सोमवार को हुई बैठक में महाकुंभ में आकस्मिक आगजनी के तहत जनहानि न होने पर मां गंगा मईया की अनुकम्पा को नमन किया गया। अभियान में समिति के महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश, प्रवक्ता विकास मिश्र, पीठाधीश्वर विपिन शुक्ल, दिनेश सिंह, पं. शिव नारायण शुक्ल आदि रहे।

मवेशी के हमले में वृद्ध घायल, रेफर

लालगंज, प्रतापगढ़। मवेशी के हमले में वृद्ध गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। सांगीपुर थाना के रीठी कोठा नेवढ़िया निवासी तुलसीराम वर्मा 65 पुत्र रामधनी सोमवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे घर से गेहूं के खेत से नीलगाय भगाने गये थे। इसी बीच नीलगाय के झुण्ड ने वृद्ध पर हमला बोल दिया। हमले मे तुलसीराम गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजन इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी ले गये। प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर दशा में उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

भगवान का जन्म धर्म के शंखनाद का उत्सव- पं. जगदीप तिवारी

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़।नगर के संगम चौराहे के समीप हो रही श्रीमदभागवत कथा में सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। वृंदावन धाम से पधारे कथाव्यास पं. जगदीप तिवारी जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म धर्म के शंखनाद का उत्सव है। उन्होने कहा कि भगवान ने जन्म के समय ही ऐसी लीला किया कि जगत में नीति और नैतिकता का प्रकाश फैल उठा।

कथाव्यास पं. जगदीप तिवारी जी ने श्रद्धालुओं से कहा कि भगवान ज्ञान तथा वैराग्य और मोक्ष के साक्षात पथ प्रदर्शक हैं। ज्ञान और वैराग्य तथा जीवन की सम्पूर्णता का एक मात्र साधन सच्चे मन से हरे कृष्ण हरे राधे का निर्मल जाप है। उन्होनें कहा कि जीव को लोक सुधारने के लिए तो चिन्तित रहना ही चाहिए उसे अपने आचरण से परलोक में भी सदगति की प्राप्ति की कामना करनी चाहिए। कथा के दौरान भगवान के स्तुति भजनों को सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथा के संयोजक समाजसेवी जगदीश द्विवेदी व विमला देवी तथा देवीदयाल द्विवेदी ने व्यासपीठ का वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजन अर्चन किया। सह संयोजक अधिवक्ता मुकेश द्विवेदी ने कथाव्यास का सारस्वत सम्मान किया। इस मौके पर रामलोचन त्रिपाठी, डॉ. रामसमुझ मिश्र अकेला, सुमित त्रिपाठी वत्सल, संतोष मिश्र, राजकुमार बरनवाल, नितेश द्विवेदी, हरिओम मिश्र, अर्चना त्रिपाठी, मीना, अभिषेक द्विवेदी, दिनेश सिंह, अनिल त्रिपाठी महेश आदि रहे।

सतचण्डी महायज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। लक्ष्मणपुर क्षेत्र के सिंघौर गांव के डण्डीपुरम मे सात दिवसीय सतचण्डी महायज्ञ में सोमवार को श्रद्धालुओं को भावविभोर देखा गया। देवी मां की आराधना के साथ हुई आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। आचार्य पवन मिश्र ने श्रद्धालुओं को बताया कि जहां पर यज्ञ हुआ करता है वहां की वायु शुद्ध हो जाया करती है। उन्होनें कहा कि यज्ञ के अनुष्ठान में बुद्धि और बल का पराक्रम बढ़ता है। संयोजक उदयराज वर्मा व छेदीलाल वर्मा ने वेदीपूजन किया। इस मौके पर कल्लू वर्मा, राजेश वर्मा, सुभाष वर्मा, कौशलेश विश्वकर्मा, महीप सिंह, शिवशंकर तिवारी, धर्मेन्द्र गिरि आदि रहे।

संक्षिप्त खबरें

दिव्यांग पीड़िता ने जेठ व देवर पर लगाया कब्जा करने की नियत से घर से निकालने का आरोप

सिराथू, (कौशाम्बी)। सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दिव्यांग महिला ने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर जेठ व देवर पर घर में कब्जा करने की नियत से निकालने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है।सिराथू तहसील क्षेत्र के नारा का मजरा महंदापुर गांव की रहने वाली संगीता देवी पत्नी राजकुमार ने सोमवार को एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह दिव्यांग है और उसके पति तीन भाई है , लगभग डेढ़ वर्ष पहले ससुर ने तीनों भाइयों का बंटवारा कर दो भाइयों को बलीपुर गांव में और पैतृक मकान में उसके पति को दिया गया था । पीड़िता का आरोप है कि उसके पति 16 जनवरी को काम पर गए थे इस दौरान वह घर में अकेली थी तभी उसके जेठ अपने पुत्र वह दो दर्जन के करीब अन्य लोगों के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकालने लगे। पीड़िता ने मामले में कार्यवाही की मांग की है। एसडीएम ने मंझनपुर पुलिस को जांचकर कार्यवाही के निर्देश दिए है।

आठ माह बाद बुलेट चोरी का मुकदमा दर्ज

सैनी, (कौशाम्बी)। कोखराज थाना क्षेत्र के रामपुर सुहेला गांव में घर से लगभग आठ माह पूर्व बुलेट बाइक चोरी हो गई , वाहन स्वामी के चक्कर लगाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई थी , वाहन स्वामी की सूचना पर कोखराज पुलिस ने आठ माह बाद बुलेट चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।कोखराज थाना क्षेत्र के रामपुर सुहेला निवासी दिनेश कुमार यादव पुत्र बांकेलाल ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी काली रंग की बुलेट बाइक 16 मई 2024 की रात घर से चोरी हो गई थी , बुलेट की काफी खोजबीन के बाद पुलिस को सूचना दी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई , पुलिस ने आठ माह बाद बुलेट चोरी का केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।

कड़ा में मेला आयोजन की भूमि पर अवैध कब्जा कर धनादोहन का आरोप

सैनी, (कौशाम्बी)। शक्ति पीठ कड़ा धाम में मेला आयोजन के लिए सुरक्षित भूमि व धर्मशाला में मोहल्ले के कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर धनादोहन किया जा रहा है जिसकी शिकायत पीड़ित ने जिलाधिकारी कौशांबी से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

कड़ा के शीतलाधाम फाहिमपुर कलेश्वरमऊ निवासी भुवनेश्वर प्रसाद पुत्र स्व गुलाब चंद्र ने जिलाधिकारी कौशांबी को शिकायती पत्र देकर मोहल्ले के एक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए बताया कि कड़ा धाम में मेला आयोजन हेतु आरक्षित भूमि पर अवैध कब्जा विद्यालय का निर्माण करा लिया है। साथ ही उक्त भूमि में मोबाइल टावर लगवाकर अवैध धन की वसूली की जा रही है। भुवनेश्वर का यह भी आरोप है कि विद्यालय की भूमि पर मेला के समय वाहन स्टैंड बनाकर एवं चौरसिया धर्मशाला में अवैध कब्जा कर दुकान वगैरह बनाकर धनादोहन किया जा रहा है। मामले में डीएम ने एसडीएम सिराथू को जांचकर कार्यवाही के निर्देश दिए है।

दबंग ने जमीन पर कब्जे का विरोध करने पर महिलाओं को पीटा

चायल, (कौशाम्बी)। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के हथिया भीट गांव की विमला देवी ने बताया कि कई वर्षों पहले उसके पति की मौत हो चुकी है। उसके पति को एक आवासीय पट्टा मिला थाने जिसपर वह काबिज थी। रविवार को उसी जमीन पर गांव के ही तीन दबंग जबरन खूंटा गाड़कर कब्जा कर रहे हैं। महिला के विरोध करने पर दबंगों ने गाली गालौच कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। शोर सुनकर बीच बचाव करने पहुंची देवरानी सुग्गी देवी को भी पीट दिया। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल महिलाओं ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफतहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

महाकुम्भ यात्रा की आज हुई शुरुआत कुम्भ तक चलेगी निः शुल्क यात्रा

कौशाम्बी। यूपी के कौशाम्बी जिले में एक अनोखी पहल देखने को मिली है। उस पहल का नाम कुम्भ यात्रा दिया गया कुम्भ यात्रा उन लोगो को करवाई जा रही है जो गरीब है जो कुम्भ अपने पैसा खर्च करके नही जा सकते उन लोगो के लिए मसीहा बन कर निकले है अमरेश मिश्रा ट्रस्ट के चेयरमैन शैलेश मिश्रा जिन्होंने मुफ्त यात्रा शुरू करवा दिया है। आज इसकी शुरुआत हुई है और आज 60 लोगो बस से कुम्भ स्नान करने के लिए भेजा गया है। सिराथू सहित जिले के अलग-अलग स्थानों से स्नान करने के लिए लोगो को संगम भेजा जाएगा,साथ ही सभी को खाना खाने भी व्यवस्था की गई। आने जाने वालों को उनके घर तक वापस छोड़ा जाएगा। इस यात्रा के शुरुआत के समय पूर्व मंत्री मतेश चंद्र सोनकर,जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर,रण विजय निषाद,गोलीदीन,अश्वनी सिंह,मो0 यासीन,नील कमल,सोनू,बबलू ,सौरभ मिश्रा,भुक्कड़ पण्डा,सहित तमाम लोग बस को हरी झंडी दिखाने के दौरान मौजूद रहे। हरी झंडी दिखा कर बस को रवाना किया गया।

अनुसूचितजाति के बस्तियों में जाकर जिलाध्यक्ष ने संविधान और बाबा साहब के बारे में दी जानकारी

कौशाम्बी। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के निमित्त जिलाध्यक्ष ने अनुसूचितजाति बस्तियों में कैम्प के माध्यम से संविधान के बारे में बताया। आज विधानसभा मंझनपुर के नगर पालिका परिषद मंझनपुर में संविधान गौरव अभियान के निमित्त दलित बस्तियों में जाकर जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य ने संबोधित करते हुए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बारे में बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही देश की एक ऐसी पार्टी है जिसने बाबा साहब का असली सम्मान किया है कांग्रेस पार्टी समय समय पर बाबा साहब का अपमान करती रही है। समाजवादी पार्टी व कांग्रेस हार की वजह से बरगला गई है जो अनर्गल बयानबाजी करती रहती है। देश की जनता जान चुकी है कि बाबा साहब का और संविधान का किसी ने सम्मान किया है तो वो है भारतीय जनता पार्टी बस और ऐसी तमाम बातों को विस्तार से बताया इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष सहित पार्टी के तमाम कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

महाकुंभ जा रही श्रद्धालुओं से भरी कार गोवंश को बचाने के चक्कर में पलटी, पांच जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। हिमाचल प्रदेश से प्रयागराज के महाकुंभ में संगम स्नान करने के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरी कार गोवंश को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार में बैठे पांच लोग जख्मी हो गए आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया।

बताया जाता है कि हिमाचल प्रदेश के शिमला जनपद के बालू गेट थाना क्षेत्र के मलोक गांव निवासी अर्जुन वर्मा पुत्र धर्मप्रकाश वर्मा 35 वर्ष अपनी मां ऊषा वर्मा पत्नी धर्मप्रकाश वर्मा 60 वर्ष, भाई बलवंत वर्मा पुत्र धर्म प्रकाश वर्मा 32 वर्ष , पड़ोसी एल डी वर्मा पुत्र लच्छी वर्मा 86 वर्ष व तारावती पत्नी सहज ठाकुर 65 वर्ष के साथ कार से प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में संगम स्नान के लिए जा रहे थे। सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे कार सवार जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के केसौवापुर गांव के पास पहुंचे तभी नेशनल हाईवे पर अचानक सामने से एक गोवंश आ गया जिसे बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई , इस दौरान कार में सवार पांच लोग जख्मी हो गए ।

सूचना पर पहुंचे शहजादपुर चौकी प्रभारी मनीष पाल ने सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर सभी श्रद्धालुओं का इलाज कराया गया सभी श्रद्धालुओं को मामूली रूप से चोट आई है।

युवक का पिस्टल से फायर करते वीडियो वायरल

लोकमित्र ब्यूरो

तिल्हापुर मोड़, (कौशाम्बी)। सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र कर एक युवक का पिस्टल से फायरिंग करते हुये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

कस्बा रायअकिल के एक युवक का फक्कीराबाद स्थित निर्माणाधीन प्रयागराज कौशाम्बी फेरलैन किनारे पिस्टल से फायर करते हुए किसी ने मोबाइल से वीडियो बना लिया। इसके बाद इस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। युवक का फायरिंग करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी के साथ वायरल हो रहा है। वीडियो में निर्माधीन फेरलैन के चौड़ीकरण टूटे हुए लाइन से मकान भी दिखाई पड़ रहा है। पीले लोअर में सफेद रंग पट्टी बनी लोअर और नीले रंग की हाफ शर्ट पहन कर कार की हेड लाइट की रोशनी में दो फायर करता है। वहीं, फायरिंग करते हुए वायरल वीडियों को कुछ लोगों ने वाट्सएप ग्रुप पर भी शेयर किया है।इस संबंध में सरायअकिल इंस्पेक्टर का कहना है कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर छानबीन के दौरान पता चला है कि वीडियो चार साल पुराना है। युवक एयरगन से फायर कर रहा है। युवक के घर में एक लाइसेंसी बंदूक है। जिसे कई माह पहले ही थाने में जमा करवा लिया गया है।

संदिग्ध दशा में अधेड़ महिला की मौत, ठंड की आशंका

चायल, (कौशाम्बी)। चरवा थानाक्षेत्र के चौराडीह गांव में रविवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों मे एक अधेड़ महिला की मौत हो गई।महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गयाद्य परिजन ठंड लगने की आशंका बता रहे हैं। चौराडीह गांव निवासी कमलेश तिवारी किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता है। उसके अनुसार रविवार की शाम उसकी पत्नी ऊषा देवी (50) घरेलू काम कर रही थी। इसी दौरान अचानक वह ठंड से कांपने लगी। कुछ ही देर बाद उसके सीने व पेट में तेज दर्द के साथ ही तबियत तेजी से बिगड़ने लगी। अचानक तबियत बिगड़ती देख परिजन इलाज के लिए उसे झलवा स्थित एक निजी अस्पताल लेकर जा रहे थे लेकिन रास्ते मे ही महिला ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने पुलिस को सूचना लिए बगैर सोमवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

जिलाधिकारी ने समाधान दिवस मंझनपुर में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद कौशाम्बी के सभी तहसीलों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील मंझनपुर में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण, समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

समाधान दिवस में शिकायतकर्ता लल्लू जायसवाल निवासी ग्राम-अमरूपुर जाफरपुर महावा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि सन-1976 में पट्टा आवंटित हुआ था, जिसके कागजात अभी तक नहीं प्राप्त हुए है, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार मंझनपुर को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। तहसील सिराथू में कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 01 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 01 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 हिन्द प्रकाशमणि एवं उप जिलाधिकारी आकाश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

महंत ने दबंग पर लगाया भूमि कब्जा करने का आरोप

सिराथू, (कौशाम्बी)। सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव में रह रहे महंत ने गांव के एक व्यक्ति पर भूमि कब्जा करने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत अपर जिलाधिकारी से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

वाराणसी के शिवपुर के कबीर जागू निवासी महतं प्रेमदास ने सोमवार को अपर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि सिराथू तहसील क्षेत्र के कैनी में गुरु परमेश्वर दत्त की संपत्ति थी। महंत प्रेमदास का आरोप है कि गुरु परमेश्वर दत्त के निधन के बाद वसीयत के रूप में सम्पत्ति मिली है जिसमें गांव के एक दबंग ने जबरन कब्जा कर लिया है जिसका विरोध करने पर दबंग गाली गलौच व धमकी देता है। पीड़ित महतं ने अधिकारियों से उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है।

सिराथू समाधान दिवस में पहुंचे एडीएम व एएसपी, 16 में एक शिकायत का निस्तारण

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। सिराथू तहसील सभागार में सोमवार को तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार गोंड व एडिशनल एसपी राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह व क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने तहसील आए फरियादियों की समस्याओं को सुना

एवं पुलिस व राजस्व की सयुक्त टीम बनाकर शिकायतों को गुणवत्ता पूर्ण त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान फरियादियों ने राजस्व , पुलिस सहित अन्य विभागों से कुल 16 शिकायतें दर्ज कराई जिसमें अधिकारियों ने एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया।

इस अवसर पर एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह , क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा , नायब तहसीलदार अतुल कुमार , अंकिता पाठक , बीडीओ कड़ा संजय गुप्ता , क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार मिश्रा , पूर्ति निरीक्षक हरिश्चंद्र दूबे , एबीएसए कड़ा नीरज उमराव ,

एडीओ समाज कल्याण उमेश प्रताप सिंह, एडीओ पंचायत विश्व बंधु , अधिशासी अधिकारी संजय तिवारी सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहें।

तिपहिया वाहन चालकों की मनमानी से एक दिन लगता है जाम

बेनीराम कटरा, (कौशाम्बी)। बेनी राम कटरा पुलिस चौकी के समीप अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है। गौरतलब हो कि बेनीराम कटरा पुलिस चौकी के समीप जहाँ एक ओर तिपहिया वाहन चालकों की मनमानी हर समय देखने को मिलती है, तो दूसरी ओर इसी पुलिस चौकी के समीप सड़क की पटारियो पर रजाई गद्दा से संबंधित दूकानदार भी अतिक्रमण करने से बाज नही आ रहें है। जिससे तिपहिया वाहनों आडा तिरछा बेतरतीब ढंग से खड़ा करना परंपरा सी साबित जान पड़ती है। जिससे राहगीरों को जाम की समस्या से रूबरू होना पड़ता है और तो और इसी जाम के कारण कभी एम्बुलेंस एवं वीआईपी वाहनों को भी शिकार हो जाना पड़ता है। यदि इस संबंध में संबंधित विभाग समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है तो किसी न किसी दिन दुखद घटना को नहीं कहा जा सकता है।

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पढाई के लिए साबित हो रहा है मददगार

लोकमित्र ब्यूरो

मूरतगंज, (कौशाम्बी)। एआई आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की भूमिका का सार्वभौमिकरण हो रहा है और यह पढ़ाई में काफी हद तक मददगार साबित हो रहा है।

ऐसे में भविष्य को देखते हुए प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से पढ़ाई ए.आई. मोबाइल अप्लिकेशन लॉन्च किया गया है। यह ऐप बच्चों की पढ़ने की क्षमता को जांचने के लिए तैयार किया गया है पूर्णतया एआई बेस्ड है। यानि जब कोई बच्चा अपनी पढ़ने की जांच करना चाहे तो ऐप पर जाए तो उसे एक अनुच्छेद दिखाई देगा और जब बच्चा इसे लाउड पढ़ेगा तो। एआई बच्चे की आवाज को रिकॉर्ड करेगा। मानक के अनुसार यदि गलतियाँ कम हुई तो एक नई कहानी आएगी अन्यथा इसके निचले स्तर यानि कि शब्द दिखाई देंगे। प्रथम स्किलिंग प्रोग्राम प्रयागराज क्लस्टर के अंतर्गत कौशाम्बी के ब्लॉक मूरतगंज के समुदाय एवं स्कूल में स्वयंसेवी, युवा सदस्य व शिक्षक अपने स्मार्टफोन में ऐप इंस्टॉल करके बच्चों का मूल्यांकन कर रहे हैं। इस ऐप की मदद से अभिभावक भी अपने बच्चों की दक्षता को जाँच सकते हैं और उनकी पढ़ाई में आवश्यकतानुसार मदद भी कर सकते हैं. अभिभावक एवं बच्चों ने बताया कि इस ऐप की मदद से अब रोजाना कहानी पढ़ेंगे जिससे पठन-पाठन में सहयोग मिलेगा और पढ़ने के दौरान जो भी गलतियां होंगी उसे आसानी से सुधारा जा सकता है। यह आसान ऐप कैसे उपयोग में लाया जाए इस संबंध में प्रथम टीम के संदीप केशरवानी, विमलेश त्रिपाठी, आलोक यादव एवं राज विश्वकर्मा ने अपने समुदाय में लोगो को जागरूक किया।

समाधान दिवस में एक फरियादी को ही मिल सका मौके पर इंसाफ

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, (कौशाम्बी) तहसील चायल में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सीओ-तहसीलदार ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं और उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 16 शिकायती पत्र आए। सीओ सत्येंद्र प्रसाद तिवारी और तहसीलदार पुष्पेंद्र गौतम ने समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की एक-एक कर शिकायतों को सुना। जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों को निष्पक्षता से शीघ्र निपटाने के लिए तहसीलदार ने अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सबसे ज्यादा शिकायत राजस्व विभाग की रही।

चायल तहसील में सोमवार को तहसीलदार पुष्पेंद्र गौतम और सीओ सत्येंद्र प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। आलमपुर गांव निवासी संजीव कुमार ने तहसीलदार को बताया कि वह अपने पिता से अलग मकान बनाकर परिवार के साथ रहता है। उसने पेरवा विद्युत उपकेंद्र में कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। पर, पिता के नाम बिजली का बकाया होने पर अवर अभियंता उसको कनेक्शन नहीं दे रहे हैं। आरोप है कि जेई कनेक्शन के नाम पर बीस हजार रुपये की मांग करते हैं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सबसे ज्यादा शिकायत रास्व विभाग से सम्बंधित रही। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 16 शिकायती पत्र आए। जिनमें से एक का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार कपिल मिश्र और सौरभ सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

सम्पादकीय

एचएमपीवी वायरस की दहशत

कर्नाटक में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस यानी एचएमपीवी के दो मामलों की पुष्टि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार तीन महीने की बच्ची को ब्रोंकोन्यूमोनिया की शिकायत थी, जांच में एचएमपीवी संक्रमित होने का पता चला।दूसरा आठ महीने का शिशु इससे संक्रमित पाया गया। हालांकि दोनों मरीजों की अंतरराष्ट्रीय यात्रा का कोई इतिहास नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान आंकड़ों से पता चला गंभीर तीव्र सन बीमारी के मामले में कोई असामान्य वृद्धि नहीं पाई गई।सरकार की संक्रमण के मामलों पर गंभीर नजर बताई जा रही है। कोविड-19 महामारी के विश्व को चपेट में लेने के पांच सालों बाद एचएमपीवी वायरस के चीन में तेजी से फैलने की खबरों की दहशत के असर का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट आ गई।एचएमपीवी संक्रमित मरीजों के संपर्क में आने से यह वायरस फैल रहा है। संक्रमित के खांसने-छींकने, छूने और हाथ मिलाने से यह बढ़ रहा है। इस संक्रमण की खोज 2001 में की जा चुकी है। यह रेस्पेरेटरी संकाइटियल वायरस के साथ न्यूमोविरिडे का भी हिस्सा बताई जा रही है। चीन समेत नीदरलैंड, फिनलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में 2023 में इसके संक्रमित मिल चुके हैं।भारत सरकार का कहना है कि मौसम को देखते हुए यह स्थिति असामान्य नहीं है। सरकार ने वायरस की गंभीरता को भांपते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन से चीन की स्थिति के विषय में अपडेट देने को भी कहा है। विशेषज्ञ इसे अभी जानलेवा वायरस नहीं बता रहे हैं जो छोटे बच्चों में आम है। जिन्हें अस्थमा है या फेफड़ों से संबंधी कोई गंभीर बीमारी है, उन्हें चेतावनी दी गई है। इससे बचाव के लिए लगातार हाथ धोने, मास्क पहनने तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों के सेवन की सलाह दी जा रही है।एंटी वायरल दवाएं बगैर चिकित्सकीय सलाह के लेने के प्रति चेतावनी भी दी गई है। कोविड संक्रमण से खौफजदा लोगों में आकस्मिक भय व्याप्त है, जिसे दूर करने की जिम्मेदारी मीडिया और चिकित्सकों को गंभीरता से निभानी चाहिए।शेयर बाजार का गिरना और कोविड की पुरानी तस्वीरों/वीडियो को वायरल कर दहशत फैलाने वालों को भी चेतावनी दी जानी चाहिए। जब तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती, बेवजह लॉकडाउन लगाने या रोजमर्रा की जरूरी चीजों को जमा करने की सलाह जैसी दहशत फैलाना कतई अनुचित है।



क्या आप भी जाएंगे कुंभ में स्नान के लिए

क्यों करोड़ों श्रद्धालु जुड़ते हैं कुंभ से

आर.के. सिन्हा

महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर पहला स्नान विगत 13 जनवरी को हुआ। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आ रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंच रहे हैं। क्या आप भी महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे? अगर आप जा रहे हैं, तो आप अपने को भाग्यशाली मान सकते हैं। आपको यहां कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होते हुए दिखाई देंगे। जैसे कि यज्ञ, हवन, और कीर्तन। ये अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है जो लोगों को भगवान के करीब लाता है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने पापों से मुक्ति पा सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह आत्म-अनुशासन और त्याग के महत्व को दर्शाता है। यह एक ऐसा उत्सव है जो लाखों लोगों को एक साथ आने और अपनी आस्था को मजबूत करने का अवसर देता है। कुंभ मेले की शुरुआत समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी है। इस कथा के अनुसार, देवताओं और असुरों ने मिलकर अमृत (अमरता का दिव्य पेय) पाने के लिए समुद्र मंथन किया था। जब अमृत का कुंभ निकला, तो देवताओं और असुरों के बीच इसे पाने के लिए युद्ध हुआ। इस दौरान, अमृत की कुछ बूंदें इन चार स्थानों पर गिरीं, जिन्हें पवित्र माना जाता है। इसलिए, इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है।कुंभ मेले का आयोजन उन स्थानों पर होता है जहां पवित्र नदियों का संगम होता है, जैसे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में। इन नदियों में स्नान करना हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दौरान नदियों में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। अब बात प्रयागराज और कुंभ के संबंधों की भी। प्रयाग (बहु-यज्ञ स्थल) को कहा जाता है। प्राचीन काल से ही 'तीर्थराज' के रूप में प्रसिद्ध हुआ यह संगम स्थल पर हुए अनेक यज्ञों की वजह से, जिनमें पहला यज्ञ किया सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के तत्काल बाद। यज्ञवेदी है गंगा, यमुना और गुप्त रूप से बहने वाली सरस्वती की धारा, जो इस क्षेत्र को तीन भागों में विभाजित करती है। 'पद्म पुराण' में इसकी तुलना साक्षात सूर्य से करते हुए कहा गया है कि जहां सरस्वती, यमुना और गंगा का संगम होता है, वहां स्नान करने वाले ब्रह्मपद को प्राप्त करते हैं। यह यज्ञ की महिमा ही है, जिसके कारण मान लिया गया है, कि जो प्रयाग की धरती पर पैर भी धर लेता है, उसे हर कदम पर अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। प्रयाग में लगभग 70 हजार तीर्थ उपस्थित हैं। पद्म पुराण के अनुसार अपने घर में मृत्युशय्या पर पड़ा व्यक्ति भी, यदि दूर भी रहते प्रयाग का नाम स्मरण कर ले तो ब्रह्मलोक का भागी होता है। 'मत्स्य पुराण' में कहा गया है कि युग चक्र पूर्ण होने पर जब रुद्र (शिव) पृथ्वी का विनाश करते हैं, प्रयाग तब भी नष्ट नहीं होता है, क्योंकि विष्णु वेणीमाधव, शिव अक्षय वटवृक्ष के रूप में और स्वयं ब्रह्मा छत्र में उपस्थित रहते हैं। शूलपाणि स्वयं वट की रक्षा करते हैं और यहां मृत्यु प्राप्त करने वाले को सीधे शिवलोक की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति संगम की मिट्टी का भी अपने शरीर पर स्पर्श करा लेता है, तो समस्त पापों से मुक्त हो जाता है और गंगा स्नान के बाद स्वर्ग के पुण्य का भागीदार बन जाता है। यहां यदि किसी को मृत्यु प्राप्त होती है, तो वह जन्म और मृत्यु के सांसारिक चक्र के बंधनों से मुक्त हो जाता है। कुंभ मेला लाखों- करोड़ों लोगों को एक साथ आने का अवसर देता है। यहाँ विभिन्न साधु-संत, नागा साधु और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा मिलती है।

यह एक ऐसा समय है जब लोग सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर भगवान की भक्ति में लीन होते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का एक अद्भुत उदाहरण है। यहां विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से लोग आते हैं, जिससे विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का संगम होता है। मेले में लोक नृत्य, संगीत, कला और शिल्प का प्रदर्शन किया जाता है, जो इसे एक रंगीन उत्सव बनाता है।अगर धर्म-कर्म स हटकर बात करें तो कुंभ मेला सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यहाँ सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग एक साथ आते हैं और मिलकर प्रार्थना करते हैं। यह एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। कुंभ मेले के पहले दिन बड़ी संख्या में सिखों ने भी स्नान किया। इसमें आने वाले लोग कई तरह के त्याग और अनुशासन का पालन करते हैं। वे साधारण जीवन जीते हैं, जमीन पर सोते हैं और सात्विक भोजन करते हैं।

यह उन्हें अपने अंदर की शांति और संयम को बढ़ाने में मदद करता है। अगर आप आएंगे तोकुंभ मेला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो लाखों लोगों को आध्यात्मिक शांति और आनंद प्रदान करता है। यह एक ऐसा पर्व है जो हिन्दू संस्कृति की विविधता और गहराई को दर्शाता है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, जब बृहस्पति कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं और सूर्य मेष राशि में होते हैं, तब पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। यह खगोलीय संयोग इस मेले को और भी खास बना देता है। यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक और शांतिपूर्ण जमावड़ा होगा, जिसमें विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमि के लोग एक साथ आते हैं।कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन भी नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक अनुभव भी है। यहाँ साधु, संत, नागा बाबा और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जो अपने ज्ञान और अनुभवों से लोगों को प्रेरित करते हैं। यह मेला आत्म-खोज और आध्यात्मिक विकास का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। देश के विभिन्न हिस्सों से लोग आते हैं और अपनी पारंपरिक कला, संगीत, नृत्य और वेशभूषा का प्रदर्शन करते हैं। कुंभ मेले का वैश्विक पर्यटन से संबंध है। दुनिया भर से पर्यटक इस मेले की भव्यता और आध्यात्मिकता को देखने के लिए आते हैं। यह भारत की संस्कृति और विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। आपको इतने विशेष मेले का हिस्सा तो बनना ही चाहिए।**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

सरोकार

क्या इरडा बीमा कंपनियों की नकेल कस सकेगा?

अशोक मधुप

बीमा कंपनियों के बारे में हाल ही में इरडा (भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण) ने एक रिपोर्ट जारी की है कि बीमा कंपनियां बीमा खरीदार द्वारा किए 100 रूपये के भुगतान पर 86 रूपये ही क्लेम देती हैं।इस रिपोर्ट में और भी बहुत कुछ है किंतु इरडा ने यह नही बताया कि कम भुगतान करने वाली कंपनियों पर इरडा क्या कार्रवाई कर रही है?कितने मामलों में उसने पूरा भुगतान कराया?इस व्यवस्था में सुधार के लिए उसके द्वारा किए गए निर्णय क्या हैं?बिल प्राप्त हो जाने के बाद बिलों भुगतान क्यों नही हो रहा?भुगतान में विलंब की अवधि का उपभोक्ता को सूद क्यों नही दिलाया जा रहा?भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) की हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि सामान्य, स्वास्थ्य और सरकारी बीमा कंपनियां 100 रुपये का प्रीमियम लेकर सिर्फ 86 रुपये ही क्लेम देती हैं। कुछ बीमा कंपनियां तो 100 रुपये के एवज में 56 रुपये ही क्लेम दे रही हैं।रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 में सामान्य बीमा कंपनियों ने पॉलिसीधारकों को दावे के एवज में 76,160 करोड़ रुपये का भुगतान किया। यह 2022-23 की तुलना में 18 फीसदी अधिक है। 2023-24 में बीमा कंपनियों ने कुल 83 फीसदी दावों का निपटान किया और 11 फीसदी खारिज कर दिया। छह फीसदी दावे 31 मार्च, 2024 तक लंबित रहे। इस अवधि में सामान्य और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने कुल 2.69 करोड़ स्वास्थ्य दावों का निपटान कर 83,493 करोड़ रुपये का भुगतान किया। प्रति क्लेम औसत रकम 31,086 रुपये रही। विश्लेषकों का कहना है कि प्रीमियम लेने और दावों के निपटान में क्रमशः 100 फीसदी और 80 फीसदी का औसत ठीक-ठाक है।कुल दावों में से 72 फीसदी थर्ड पार्टी (टीपीए) ने निपटाए। बाकी 28 फीसदी दावों का निपटान कंपनियों ने अपने तरीके से किया। 66.16 फीसदी दावे कैशलेस तरीके से निपटाए गए, जबकि 39 फीसदी में रिइंबर्समेंट मिला।सरकारी कंपनियों का क्लेम 100 रुपये के प्रीमियम के एवज में 90 रुपये से अधिक रहा है। नेशनल इंश्योरेंस ने 100 रुपये प्रीमियम लेकर 90.83 रुपये क्लेम दिया है। न्यू इंडिया ने 105.87 रुपये, ओरिएंटल ने 101.96 रुपये और यूनाइटेड इंडिया ने 109 रुपये क्लेम दिया है। सभी सरकारी बीमा कंपनियों का क्लेम औसत 103 रुपये रहा है।भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) की हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि सामान्य, स्वास्थ्य और सरकारी बीमा कंपनियां 100 रुपये का प्रीमियम लेकर सिर्फ 86 रुपये ही क्लेम देती हैं। ये इरडा की रिपोर्ट है, जबकि सच्चाई कुछ और है। आप क्लेम मांग कर देखिए ,ये कंपनियां कितना परेशान करती हैं। उपभोक्ता के बिल में मनमर्जी की कटौती तो आम बात है। इरडा जो बीमा कंपनियों पर नियंत्रण करती है।उनकी गतिविधियों पर रोक लगाती है।उसका कार्य है कि बीमा कंपनियों द्वारा अवैध रूप से रोके गए भुगतान दिलाए। उसके नियंत्रण के बावजूद क्यों नही बीमा कंपनियों पर सही से नियत्रंण नही हो रहा। इरडा ने कहा कि बीमा कंपनियां 100 रूपये के प्रीमियम पर 86 रूपया ही क्लेम दे रही है । रिपोर्ट में यह भी कहा गयाहै कि है। कुछ बीमा कंपनियां तो 100 रुपये के एवज में 56 रुपये ही क्लेम दे रही हैं।इरडा ने ये रिपोर्ट तो जारी कर दी किंतु यह नही बताया कि प्रीमियम की एवज में कम भुगतान करने वाली बीमा कंपनियों के विरूद्ध वह क्या कार्रवाई कर रहा है?वह ऐसा कर कर रहा है कि बीमा कंपनियां पूरा भुगतान दें। उसे इस रिपोर्ट पर उठाए गए कदम और आदेश भी बताने चाहिए थें।

दरअस्ल बीमा कंपनियों की भुगतन में मनमर्जी चलती है।बीमा कराने वाले की कोई नही सुनता। मेरा ओरियंटल इंशोरेंस कंपनी का दस लाख का मैडिक्लेम है।दस साल से पुरानी पोलिसी है। पहले यह बीमा पांच लाख रूपये का था। लगभग छह साल पहले मैंने इसे बढ़ाकर दस लाख का करा लिया।दस लाख में मैं और मेरी पत्नी दोनों कवर है।मैंने लगभग चार साल पहले अपनी पत्नी की आंख का मोतियाबिंद का आपरेशन देहरादून के अमृतसर आई क्लीनिक में कराया। कंपनी का कहना है कि मोतियाबिंद के आपरेशन में हम चालिस हजार रूपये का भुगतान करेंगे। आपने खर्च कितना ही किया हो, हमें इससे कुछ नही लेना।मैंने दोनों आखों के आपरेशन का 40ल् 40 हजार रूपये का बिल कंपनी को भेजा । पहले आपरेशन का इन्होंने अपनी मनमर्जी से 22 हजार का भुगतान किया। दूसरी आंख का चालिस हजार रूपये का भुगतान दिया। मैंने लिखा पढ़ी की तो उत्तर आया कि हम कर सकते हैं। हमने कर दिया।काफी लिखा पढ़ी करने और धमकाने पर काफी समय बाद बचे 18 हजार रूपये भुगतान किया।इसके बाद मैंने घुटनों का ट्रांसप्लांट कराया।पहले घुटने का बिल भेजा। दो लाख 38 हजार का। इन्होंने भुगतान किया दो लाख 36 हजार का।

दूसरे घुटने के आपरेशन का बिल बना दो लाख 42 हजार । इन्होंने इस भुगतान किया दो लाख 38 हजार । यह ठीक था । इतनी कटौती हो सकती है।इस पर किसी भी उपभोक्ता को आपत्ति नही होगी। पिछले साल मैं छोटे बेटे के पास राजकोट में था।वहां मुझे बाईपास सर्जरी करानी पड़ी।इस सर्जरी का खर्च में इन्होंने करीब 70 हजार की कटौती की।इसमें 55 हजार के आसपास आपरेशन के दौरान अस्पताल द्वारा मुझे खिलाए भोजन के साथ ही आपरेशन में प्रयुक्त हुए सामान निडिल, ग्लोबज और सिरेंज आदि के व्यय की की गई। अब को इनसे पूछने वाला नही कि आपरेशन के दौरान अस्पताल में रहने के दौरान क्या मरीज भोजन नही करेगा? क्या बिना भोजन किए आठ दिन रहा जा सकता है? इंजेक्शन सिरेंज , निडील ,ग्लोबस आदि के बिना आपरेशन हो सकता है, ? किंतु कोई सुनने वाला नही।ये मेरा ही नही औरों का भी ये ही किस्सा है। उन्होने भी कहा कि उनके भी आपरेशन में प्रयोग हुई निडिल सिरेंज गलोब्स के भुगतान में मनमर्जी है। किसी केस में भुगतान कर देते हैं किसी में नहीं। ये समझ नही आता कि भुगतान में बीमा कंपनियों मनमर्जी क्यों करती हैं? इरडा को स्पष्ट आदेश करना चाहिए कि वे क्या भुगतान करेंगी क्या नही।ये ही आदेश वाहनों के बारे में होना चाहिए। इरडा ने पीछे आदेश किया कि अप्रेल 2024 से सभी अस्पताल में कैशलेश की सुविधा मिलेगी, किंतु सभी कंपनी ऐसा नही कर रही। एक बात और अप्रेल 2024 से पहले अस्पताल को कैशलैश के पैनल में शामिल करने में भी बड़ा खेला है।प्राइवेट कंपनियां तो केशलैश के पैनल में अस्पताल को शामिल करने में बहुत उदार हैं, किंतु सरकारी कंपनी नहीं ।

राशिफल

मेष	आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। भावनाओं में बहकर बिना सोचे-समझे किसी के साथ प्रॉमिस न करें। किसी रिश्तेदार की व्यक्तिगत समस्याओं को सुलझाने में आपका योगदान रहेगा। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता भी मिलेगी।
वृष	आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। यह समय प्रेम भाव से अपना काम बनाने का है ऐसे में किसी से भी वाद-विवाद करने से बचे। आज किसी भी यात्रा का प्रोग्राम न बनाएं, क्योंकि समय व्यर्थ होने के अलावा और कुछ हासिल नहीं होगा। दूसरों के मामले में हस्तक्षेप ना करके अपनी गतिविधियों पर ही ध्यान दें।
मिथुन	आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। दूसरे का विश्वास न तोड़ें। हर काम ईमानदारी से करते रहें। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए।
कर्क	आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज जीवन में एक नया दृष्टिकोण लेकर आएंगे, जिससे आपमें सकारात्मक बदलाव आएगा। आर्थिक स्थिति में अच्छे बदलाव रहेंगे। ऑफिस में कुछ सहकर्मी आपका विरोश कर सकते हैं, सबके साथ ताल-मेल बनाकर रखें। आज पैसों के लेन-देन में किसी पर ज्यादा भरोसा करने से आपको बचना चाहिए।
सिंह	आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। दूसरों की बातों में आने की बजाय खुद के विवेक से कम लेना होगा, इससे आप बेहतर निर्णय ले पाएंगे। घर में उचित व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कामयाब होगी। विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन का उचित परिणाम हासिल होगा। दांपत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी।
कन्या	आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज व्यवसाय में बहुत अधिक व्यस्तता बनी रहेगी। विभिन्न स्रोतों से आर्थिक लाभ होगा। परंतु किसी भी प्रकार का डिसीजन लेने से पहले उस पर अच्छी तरह सोच-विचार अवश्य करें। सरकारी नौकरी में किसी दूसरे डिपार्टमेंट में जाना पड़ सकता है। किसी कारण आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है।
तुला	आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका ध्यान केवल और केवल अपने काम के प्रति रहेगा, इसके लिए आप कठोर परिश्रम भी करने के लिए तैयार रहेंगे। आप ज्यादा लोगों से जुड़े रहेंगे, लोग आपसे से प्रभावित होंगे। सरकार अथवा उच्च अधिकारियों से आपको लाभ प्राप्त होगा। सकारात्मक सोच ज़िंदगी में ग़ज़ब का जादू कर सकती है।
वश्चिक	आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी कम्यूनिकेशन की क्षमता से दूसरो को प्रभावित करेंगे। आज दोस्तों के साथ शॉपिंग पर जा सकते हैं। बस अपने खर्चों पर थोड़ी नज़र रखें। अगर किसी प्रकार की उलझन मन में चल रही है तो आज अपने दोस्त से शेयर करेंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है।
धनु	आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपकी मेहनत और व्यवस्थित रहने से व्यवसायिक समस्याएं काफी हद तक दूर होंगी। अगर सरकारी काम रुका हुआ है, तो किसी अधिकारी की मदद से पूरा हो जाएगा। प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्दी ही सफलता मिलने वाली है। नौकरी में स्थिति यथावत ही रहेगी।
मकर	आज आपका दिन बेहतरीन है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। पिछले कुछ समय से जिन लोगों के साथ आपकी अनबन चल रही है, तो आज दूर हो जाएगी । आपको अपने गुण और अपने काम के कारण तारीफ मिलेगी। दिनभर आप में कॉन्फिडेंस ज्यादा रहेगा।
कुम्भ	आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके सामने जो भी कठिन मामले हैं, उन पर बातचीत कर सकते हैं, इससे समाधान मिलेगा। आज आप जितनी मेहनत करेंगे, आने वाले दिनों में आपको उतना ही फायदा होगा आज आप अपने दोस्तों के साथ शाम को डिनर पर जा सकते है। आज स्टूडेंट्स किसी विषय में अपने भाई की मदद ले सकते है।
मीन	आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी धार्मिक यात्रा पर जाने का योग बन रहा है। जो लोग नया व्यापार शुरू किये है या नौकरी जॉइन किये हैं उनके लिए अनुकूल समय है। जमीन-जायदाद सम्बन्धी मामलों में फैसला आपके पक्ष में आएगा। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा जिससे हाल के कार्य आसानी से पूरे करके आप दूसरों को प्रभावित कर सकेंगे।

लोकमित्र का रंग कवियों के संग

धूप

धूप से टूटा रिश्ता मेरा,
दो टुकड़ों में बँटा है हिस्सा मेरा,
किस-किस को मैं बाँट दिखाऊँ,
किसने मुझको कितना तोला,
सबने मेरी कीमत खूब लगाई,
हीरे मोती भी अब मिट्टी जैसे,
माँ के पाती आई चार दिवारी,
कुछ कहने का अधिकार नहीं अब,
ममता ठहरी दो कौड़ी की,
सबने महफ़िल खूब सजाई,
बाबूजी जी ने भी गुहार लगाई,
अब तो दे दो मुक्ति हे रघुराई,
किश्ते भर भर कर आँगन बनाया,
सेकूँगा मैं धूप सुहानी,
बच्चों ने आँगन को बाँट,
धूप से टूटा रिश्ता मेरा,
साँसों की खातिर भटक रहा हूँ,
उम्मीदों का आँचल ओढ़ रहा हूँ,
बच्चों की माँ समझ चुकी है,
मैं अब तक खड़ा हुआ हूँ,
सूखा वृक्ष कब गिरेगा,
सब यही सोच रहे हैं अब,
धूप से टूटा रिश्ता मेरा,
हे! रघुराई न्याय करो।।

रंजीता जोशी तुलसी
जयपुर

माघ मेला

माघ नहाने की खातिर
दद्दा, दादी को लाते हैं।
गठरी - पुटकी सर पर लादे
सब इधरइ को आते हैं।
दद्दा, दादी कै हांथ पकड़ि
हौले-हौले चलत अहैं।
कुछ देखि के मुस्कात हैं
और कनवै मा कुछ कहत अहैं।
अखिंयन का नीचे कई
दादिऊ कुछ सरमाई दिहिन।
अइसन कइ धीरे से
उनका कुछ बतियाई दिहिन।
फिर बड़ी देर तक दुइनऊ जन
मंद-मंद मुस्काते हैं।
गठरी-पुटकी सर पर लादे
सब इधरइ को आते हैं।
का हो तू तौ कहत रहा
कि साधन-सवारी ना होई।
सबहीं जन पैदल चलिहीं
टम्पू-रिक्शा ना कोई।
इहां त देखिथा कि
सब रपटि-डपटि के चलत अहें।
होऊ रिक्शा वाला त
घाटे तक चलत अहे।
फिर बड़े प्रेम से दद्दा जी
उनका कुछ समझाते हैं।
गठरी-पुटकी सर पर लादे
सब इधरइ को आते हैं।
धीरे-धीरे चलत-चलत
ऊ पहुंचे घाट किनारे।
घाट नदी का देखि के
फिर राम नाम पुकारे।
दादी कहईं दद्दा से
जा पहिले तू नहाई ला।
हम झोला- झंडी ताकिथा
जा पहिले तू उतराई ला।
बारी-बारी से कूदि- कूदि
फिर दुइनऊ जन नहाते हैं।
गठरी-पुटकी सर पर लादे
सब इधरइ को आते हैं।
संगम की रेती पर बइठे
दद्दा खूब मगन अहैं।
दादिऊ उनसे कम नाहीं
राम-राम जपत अहैं।
झोला खोलि के लेडुआ-ढूंढी
दुइनऊ जन खात अहैं।
छोटकी पतोहिया के बात सुनि
दद्दा खूब मुस्कात अहैं।
प्रयागराज की महिमा
दद्दा, दादी को बतियाते हैं
गठरी-पुटकी सर पर लादे
सब इधरइ को आते हैं।
अब मेला घूमन की बारी
दुइनऊ जन साथ चलत अहैं।
हर दुकानिन का देखाई-देखाई
दद्दा उनसे कुछ कहत अहैं।
एक दुकानी पर से दादी
पितरी का झुमका बेराई लिहिन।
पहिली बार अइसन भा कि बिना
लड़े
दद्दा उनका देवाई दिहिन।
तनी सकुचाई के ऊ झुमका
दद्दा, दादी का पहिराते हैं।
गठरी-पुटकी सर पर लादे
सब इधरइ को आते हैं।
लाई-चना लिहे दना दन
दुइनऊ जन फाकत हैं।
सबहीं कुछ अचरज लागे
औ हर अचरज का ताकत हैं।
अइसे भोर से सांझ भई
औ अब चलन की बारी।
हंसि के दद्दा बोले ÷चलबू÷
चलत हैं सब नर-नारी।
दादी पीछे दद्दा आगे
लम्बा कदम बढ़ाते हैं।
गठरी- पुटकी सर पर लादे
सब इधरई से जाते हैं।
माघ नहाने की खातिर
दद्दा, दादी को लाते हैं।

प्रभंजन त्रिपाठी
सिकंदरा, प्रयागराज

जर्जर सड़क से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, बनवाने की मांग

लोकमित्र ब्यूरो

दुर्गागंज प्रतापगढ़। देल्हूपुर रानीगंज मार्ग के नरसिंहगढ़ दसियाभानपुर से कसेरुआ पृथ्वीगंज तक जाने वाले मार्ग के जर्जर होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इमरान खाँन के अगुवाई में सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आरोप लगाया कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। समय से मार्ग की मरम्मत नहीं कराई गई तो बारिश के मौसम में आवागमन में काफी परेशानी होगी। वही बताया कि अगर जल्द समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो तहसील मुख्यालय पर आंदोलन किया जाएगा।नरसिंहगढ़ दसियाभानपुर से नरहरपुर,पवारपुर, कशेरुआ,पृथ्वीगंज जाने वाला लगभग दो किमी मार्ग जर्जर होने के कारण आवागमन योग्य नहीं रह गया है। ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए आठ वर्ष पूर्व पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क का निर्माण कराया गया था। इससे लोगों को लम्बा रास्ता तय करने से निजात मिल गई थी। वहीं सड़क की मौजूदा हालत बेहद खराब हो गई है।

रास्ते में हुए गड्ढे आए दिन दुर्घटना का सबब बन गए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण के बाद आज तक सड़क की कभी मरम्मत नहीं की गई। इससे सड़क आवागमन लायक नहीं रह गया है। इससे आए दिन बाइक सवार गिरकर घायल हो जाते हैं। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इमरान खाँन, संदीप कुमार सरोज, स्वामी नाथ यादव,आसिफ खाँन, मो शहजाद,जिशान, गयासुद्दीन, मुख्तार खाँन, इम्तियाज अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

ई- रिक्शा से टकराकर बाइक सवार जख्मी, हालत गंभीर

कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़। नगर कोतवाली क्षेत्र के सगरा विकास भवन के पास ई-रिक्शा और बाइक में भिड़न्त हो गई। इससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शिवा सिंह उम्र 24 वर्ष पुत्र सुरेश सिंह निवासी फुलवारी शहर से घर आ रहा था। रास्ते में विकास भवन के सामने आगे चल रहे ई- रिक्शा चालक ने एकाएक सगरा की तरफ रिक्शे को घुमा दिया। जिससे पीछे से आ रहे बाइक सवार से जोरदार भिड़ंत हो गई ।मौके पर मौजूद लोगों ने प्राइवेट वाहन से घायल युवक को इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेजा और परिजनों को सूचना दी।

धूमधाम के साथ निकली श्री राम जानकी धाम की शोभा यात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। श्री राम जानकी धाम खुशखुशवापुर बलीपुर से शोभा यात्रा,गाजे-बाजे के साथ निकली। इस दौरान राम लक्ष्मण सीता को नगर भ्रमण पर निकाला गया। शोभा यात्रा नगर के ट्रेजरी चौराहा,चौक,चुंगी,बलीपुर में समाप्त हुआ। इस दौरान महिलाओं और बच्चों ने जमकर फूल बरसाए और जय श्रीराम का उदघोष भी हुआ।शोभायात्रा के दौरान बच्चे भगवान राम और लक्ष्मण के स्वरूप में नजर आए, जिसमें काफी संख्या में महिलाएं, बच्चे शामिल हुए। शोभायात्रा के आयोजक लवकुश पटेल ने पूजा सहित अन्य अनुष्ठान किए। दिनभर मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ जुटी रही। प्रभु के जयकारे से वातावरण भक्तिमय बना रहा।शोभायात्रा जिन जिन मार्गों से गुजरी, वहां का वातावरण श्री राम के नारों से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर रामअजन पटेल,विनय तिवारी,अनुराग ,राजा, उद्देश, सचिन,सोनू,श्री भगवान ,रामबहादुर,अनुज आदि मौजूद रहे।

सांसद ने लोगों की सुनी समस्याएं

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जनपद की विधानसभा रामपुर क्षेत्र के सांसद डॉ शिवपाल सिंह पटेल ने डाक बंगले में लोगों से मुलाकात करके उनकी समस्यायें सुनी।

इस अवसर पर रामपुर ब्लॉक अध्यक्ष और प्रधानों की समस्या सुनी। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कार्यों के क्रियान्वयन हेतु स्थानों को चिंहित किया। वह ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं से भी रूबरू हुए। इस दौरान रामपुर क्षेत्र के कई जगह का भ्रमण किया और संगम चौराहा पीलिया से चहकारी, सगीपुर वार्ड नंबर 10, मोहनगंज आदि जगहों पर लोगों से मुलाकात की।

इस मौके पर सांसद पी आर ओ जितेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष भैया राम पटेल, अहमद अली डॉक्टर एम से शिव पूजन वर्मा रामसेवक श्री राम यादव राम केवल जैसवाल बीएल वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

राजा भइया की प्रेरणा से पूर्व ब्लाक प्रमुख कुंडा का सराहनीय कार्य

▶▶ महाकुंभ में पर्यावरण संरक्षण के लिए वितरण किया 2100 स्टील थालियाँ

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के प्रेरणा से पूर्व ब्लॉक प्रमुख कुंडा वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली लगातार जरूरतमंदों की मदद व सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहते हैं। महाकुंभ में एक तरफ जहां धर्म और आध्यात्म की गंगा बह रही है एवं सनातन धर्म का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ यहां सामाजिक सरोकारों से जुड़े हुए कई संदेश भी दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पूर्व प्रमुख कुंडा वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली की तरफ से आस्था के इस महाकुंभ मेले के दौरान स्टील की थाली वितरण करने का अभियान चलाया जा रहा है।रविवार और सोमवार को प्लास्टिक मुक्त महा कुंभ 2025 में श्रद्धालुओं के बीच पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2100 स्टील की थालियाँ और कपड़े के थैले वितरित किया हैं। इस पहल का उद्देश्य महाकुंभ में श्रद्धालुओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। ताकि वे महाप्रसाद और अल्पाहार में स्टील की थाली का उपयोग करें और जूठन को धोकर कपड़े के थैले में रखें।

इस तरह से महाकुंभ में हरित कुम्भ की स्थापना की जा सकेगी। महाकुंभ में भारत के साथ-साथ विदेशों से श्रद्धालु पहुँच चुके हैं। उन्होंने अपील की है कि श्रद्धालु महाप्रसाद और अल्पाहार में स्टील की थाली का उपयोग करें और गंगा की स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए कचरा न फेंके। बबलू सिंह के इस सराहनीय कार्य की क्षेत्र में खूब चर्चा एवं प्रशंसा हो रही है।

मां शीतला देवी धाम पचैंया में भव्य भंडारा आयोजित

बाघराय प्रतापगढ़। बिहार विकासखंड के रोर ग्राम सभा के शुकुलपुर पचैंया में मां शीतला देवी धाम में अखंड सीताराम कीर्तन 24 घंटे के उपरांत हुआ। साथ ही भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। बताते चलें कि माघ महीने में चल रहे कुंभ के शुभ अवसर पर पूरे ग्राम वासियों के सहयोग से ग्राम रोर शुकुलपुर पचैंया में शीतला धाम पर श्री सीताराम संकीर्तन जाप कराया गया और उसके उपरांत भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में लोग उपस्थिति रहे और माताजी की पूजा, अर्चना , हवन की और प्रसाद को प्राप्त किया। इस दौरान हरिकेश नारायण शुक्ल, राधेश्याम पांडेय, बडेलाल शुक्ल, अवधेश नारायण शुक्ल, शिवकुमार शुक्ल, रामगोपाल शुक्ल, समाजसेवी विपिन शुक्ल, विनय शुक्ल, वीरेंद्र शुक्ल, आशीष पांडेय , राम शुक्ल, सूर्यमणि शुक्ल, संदीप शुक्ल मास्टर साहब, बच्चा शुक्ल, पवन शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।

अभियुक्त चोरी की साइकिल के साथ गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

रानीगंज , प्रतापगढ़ । थाना रानीगंज पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के पचरास सरकारी खाद समिति दुकान के पास से चोरी की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त को चोरी की साइकिल के साथ किया गया

गिरफ्तारअभियुक्त के पास से चोरी के 01 साइकिल व निशानदेही पर चोरी की और 05 साइकिल बरामद।आरोपी द्वारा थाना रानीगंज के कस्बा रानीगंज में किराना की दुकान से 01 साइकिल चोरी किया था। जिसके सम्बन्ध में वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना रानीगंज पर मु0अ0सं0 21ध्25 धारा 303;2द्ध बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रियाकलाप में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ;पूर्वीद्ध श्री दुर्गेश कुमार सिंह के मार्ग दर्शन व क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम पर अंकुश लगाने हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक रानीगंज श्री आदित्य सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक फिरोज खां मय हमराह उपनिरीक्षक श्रीराज नाथ यादवए कां0 राजू गौड द्वारा दौरान चेकिंगए वांछित वारंटी गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत 01 अभियुक्त मनीष सरोज पुत्र स्व0 अरविन्द कुमार निवासी ग्राम सण्डीला थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 21 वर्ष को मय चोरी के साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

अपहरण दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

दिलीपपुर , प्रतापगढ़ । पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी दिलीपपुर श्री शत्रुघ्न वर्मा के नेतृत्व में उ0नि0 दुर्गेश कुमार मय हमराह हे0का0 सुभाष विश्वकर्मा द्वारा देखभाल क्षेत्रए तलाश वाँछित वारण्टीए विवेचना के दौरानए मुखबिर की सूचना पर थाना दिलीपपुर में पंजीकृत अभियोग अन्तर्गत धारा . 137;2द्धए 87ए 64ए 127;2द्धए 115;2द्धए 352ए 351;2द्धए 61;2द्ध बी0एन0एस0 व 3ध्4 पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त शिवम पटेल पुत्र धर्मेन्द्र पटेल निवासी ग्राम कर्माजीतपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ को दिनांक 20ण्01ण्2025 को थानाक्षेत्र दिलीपपुर के बशीरपुर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

हत्या का प्रयास गाली.गलौज मारपीट करने का अभियुक्त गिरफ्तार

आसपुर देवसरा,प्रतापगढ़ । पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह सुर्यवंशी के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 अजय कुमार अंचल मय हमराह म0उ0नि0 दिव्या सिंहए हे0का0 पवन नायकए हे0का0 विवेक भारती द्वारा देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित वारण्टी के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 09ध्25 धारा 115 ;2द्ध ध्351;3द्धध्352ध्333ध्117;2द्धध्109ध्61;2द्ध बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त ओम प्रकाश यादव पुत्र मुंशी लाल नि0 धरौली थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र आसपुर देवसरा के धरौली नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया ।

तथा अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की 05 साइकिल और बरामद की गई। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में अभियोग उपरोक्त में धारा 317;2द्ध बीएनएस की बढोत्तरी की गई।

पूछताछ का विवरण:. अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि मैनें और भी साइकिलें चुरायीं हैं। जिसे मैनें सरकारी खाद की दुकान के पास स्थित खण्डर में छुपाकर रखा है। अभियुक्त को साथ लेकर बताये गये स्थान से घास फूस से छिपायीं हुयी 05 साइकिलें बरामद की गईं।

गंगा के किनारे स्थित गांवों में चलाया जा रहा विशेष स्वच्छता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। महाकुंभ 2025 के अवसर पर विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विकासखंड कुंडा के ग्राम पंचायत शाह पुर के अंतर्गत हौदेस्वर नाथ धाम घाट पर और दूसरे दिन स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत स्वच्छता ग्राही विकासखंड बिहार कुंडा एवं कालाकांकर के लोगों ने विकास खण्ड कुंडा के करेंटी घाट पर विशेष सफाई करके लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। विशेष स्वच्छता कार्यक्रम की शुरुआत अखिल भारतीय स्वच्छता ग्राही संघ के जिला अध्यक्ष प्रशांत त्रिपाठी नेतृत्व में शुरू हुआ। इसमें गंगा के किनारे के ग्राम पंचायत को विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत लिया गया है। इस मौके पर सोमवार को जिलाध्यक्ष प्रशांत त्रिपाठी ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर में तैनात गंगा के घाट को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए विशेष सफाई अभियान संचालित किया। इस दौरान स्वच्छता ग्राही विमल कुमार राजीव कुमार स्वच्छता ग्राही सुशील कुमार मिश्रा ,माया मिश्रा ,नम्रता अजय कुमार मौर्य

फंदे से लटकता मिला मजदूर का शव

कुंडा प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के ताजपुर में बन रही पानी की टंकी में बिहार बांका गगटा निवासी 25 वर्षीय सियाराम काम करने आया था। उसके साथ तीन अन्य मजदूर भी आए थे। शनिवार को रात सभी सो रहे थे, सुबह सियाराम गायब था। साथी मजदूर उसकी तलाश कर रहे थे। टंकी के पास पहुंचे तो देखा कि उसका शव फंदे से लटक रहा था। मजदूरों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने शव को उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

युवक पर जानलेवा हमला, केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के बाबूगंज बाजार निवासी संगमलाल कौशल के 32 वर्षीय बेटे कुलदीप कौशल को रविवार को मोहल्ले के ही युवक ने मारपीट करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में उसका पैर टूट गया। पीड़ित कुलदीप कौशल की तहरीर पर पुलिस ने राजेश कुमार केसरवानी पप्पू के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की है।

शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, सामान जलकर खाक

लोकमित्र ब्यूरो

दिलीपपुर-प्रतापगढ़। स्थानीय बाजार में कपड़े की दुकान में बीती रात शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पाकर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।बताया गया कि स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम रतनमई निवासी अब्दुल रसीद ने दिलीपपुर बाजार में ही कपड़े व जूता-चप्पल की दुकान रूपम लिबास एण्ड फुट वियर के नाम से खोल रखा है। बीती रात शार्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई, जिससे दुकान में रखे सारे कपड़े, जूता-चप्पल, इनवर्टर, बैटरी ,पंखा आदि सारा सामान जलकर खाक हो गया। दुकान से धुआं निकलता देखा तो बाजार वासियों ने फोन से रसीद को जानकारी देने के साथ ही तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को भी दी गई। बाजार वासी आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। दमकल कर्मियों ने पहुंचकर आग बुझाई, लेकिन तब तक दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया था।

मारपीट में वृद्धा समेत तीन घायल

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के टिकरिया बुजुर्ग निवासी राधेश्याम की 63 वर्षीय पत्नी शांति देवी, राम नरेश के 32 वर्षीय बेटे सत्यम पटेल को गांव के ही कुछ लोगों ने पीटकर घायल कर दिया। रहू का पुरवा बरई निवासी 48 वर्षीय राजू पटेल को मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने पीट दिया। सभी को सीएचसी भेजा गया है।

घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। महेशगंज इलाके के एक गांव की किशोरी ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि सोमवार को सुबह करीब सात बजे वह घर में अकेली थी। आरोप है कि तभी पड़ोसी युवक उसके घर में घुस गया और छेड़खानी करने लगा। आरोपी ने दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर उसे मारा पीटा और भाग निकला। पीड़िता ने मामले में नामजद तहरीर पुलिस को दी है। एसओ मुकेश कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है, मामले की जांच करके विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये

▶▶ सभी अधिकारीगण समय से अपने कार्यालय में अवश्य पहुँचे-जिलाधिकारी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कैम्प कार्यालय के सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रशासनिक व्यवस्था कैसे सुचारू रूप से संचालित हो सके इसके लिये जनपद स्तरीय अधिकारियों को कार्यालय के कार्यो से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिये और कहा कि दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन स्वयं व कर्मचारियों से कराया जाये। सभी अधिकारी व उनके अधीनस्थ कर्मचारी अपने पास डायरी अवश्य रखें, महत्वपूर्ण कार्यो को उसमें अंकित करें जिससे महत्वपूर्ण कार्यो की जानकारी रहे। सभी अधिकारीगण समय से अपने कार्यालय में अवश्य पहुँचे, कार्यालयों को साफ-सुथरा रखें। अभिलेखों/पत्रावलियों का रख-रखाव सुव्यवस्थित व सुसज्जित ढंग से रखें। जनसुनवाई समय से करें और शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व ससमय कराना सुनिश्चित करें, यदि किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है तो अवगत करायें। कोई भी शिकायतकर्ता यदि अपनी शिकायत लेकर आता है तो उसकी शिकायत का निस्तारण अवश्य करें, जिले के सभी महत्वपूर्ण अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व सम्भ्रान्त नागरिकों के फोन नम्बर अपने मोबाईल में सेव करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यदि कोई अधिकारी अवकाश पर जाता है तो बगैर अनुमति के मुख्यालय न छोड़े और यदि किसी परिस्थिति में अवकाश पर जाना है तो फोन पर वार्ता कर ही मुख्यालय छोड़े। सभी अधिकारीगण माह में एक बार अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की समस्या के सम्बन्ध में बैठक अवश्य करें और उनकी समस्याओं का निराकरण करायें। शासन के विकास प्राथमिकता वाले कार्यो व अच्छे कार्यो की स्टोरी सम्बन्धित अधिकारीगण प्रकाशित/प्रचारित करायें। शासन स्तर से जो भी पत्र आये जिलाधिकारी के संज्ञान में अवश्य लाये। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने कार्यालय के कार्यो के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक अधिकारियों को जानकारी दी और कहा कि जो भी दिशा निर्देश दिये गये इसका समस्त अधिकारीगण शत् प्रतिशत अनुपालन करें, सभी अपने कार्यो एवं दायित्वों का भलि भांति निर्वहन करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी व जिला स्तरीय अधिकारी, उपजिलाधिकारीगण उपस्थित रहे।

अनाथ निराश्रित बच्चों की मदद करना पुण्य कार्य- सुमित पवार

▶▶बालगृह शिशु में भेंट किया गया ठंड के वस्त्र तथा खेलकूद व पठन- पाठन की विविध सामग्री

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज सुमित पवार ने सोमवार को बाबा राम उदित सेवा संस्थान द्वारा शुकुलपुर में संचालित बाल गृह शिशु का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिशु गृह में रखें गये बच्चों को देखा और उनके स्वास्थ्य के विषय में जानकारी प्राप्त किया।इस मौके पर विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर जिला जज सुमित पवार ने अधीक्षक को निर्देशित किया कि बालगृह शिशु में रखें गये बच्चों की साफ सफाई एवं उनके खाने पीने तथा स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाय।इस दौरान मुमकिन है डेवलपमेंट फाउण्डेशन व सार्थक फाउण्डेशन भारत के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज सुमित पवार व शिक्षक हेमंत कुमार की मौजूदगी में सार्थक फाउण्डेशन के ट्रस्टी व भारतीय भाषा अभियान के जिला संयोजक महेश कुमार गुप्ता ने बालगृह शिशु आश्रम में रह रहें बच्चों को ठंड से बचाव हेतु कम्बल,पैंट-शर्ट,जूता-मोजा, टोपी, इनर, जैकेट व विभिन्न वस्त्रों के साथ पठन-पाठन एवं खेल के विविध समाग्री तथा आलमारी भेंट किया। वहां पर शिक्षक हेमंत कुमार द्वारा बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें खेल-खेल में पढाई के गुर सिखाया।इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज सुमित पवार ने कहा कि अनाथ व निराश्रित बच्चों के लिए हर तरह का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों मे संस्कार शुरुआत से सिखाएं जाय तो उनके जीवन पर सकारात्मक असर पड़ते है। इस दौरान अधिवक्ता परिषद के महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल ने कहा कि अनाथ बच्चों की सेवा बड़ा पुनीत कार्य है। इस मौके पर भारतीय भाषा अभियान के जिला संयोजक महेश कुमार गुप्ता ने कहा कि निराश्रित व असहाय बच्चों जिनका कोई पालन हार नही है मानवीय संवेदना व सेवा भाव व निस्वार्थ भाव से हर सम्भव मदद का प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर भारतीय भाषा अभियान के सहसंयोजक सतीश दूबे व परिषद के कोषाध्यक्ष भरत लाल,उपाध्यक्ष रवि सिंह, आश्रम के संचालक कमला कांत शुक्ल,रत्ना, स्मृति, केवला सहित आश्रम के अन्य लोग मौजूद रहे।

ट्रैक्टर से कुचलकर हुई मौत में अज्ञात पर केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। प्रयागराज के सोरांव थाना क्षेत्र के टिकरी हरीसेनगंज गांव निवासी शेर बहादुर उर्फ सुगल पटेल ने महेशगंज पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि उसका 20 वर्षीय बेटा विकास मजदूरी करता है। चार जनवरी को गांव के ही अपने 34 वर्षीय मित्र अनिल कुमार के साथ किसी काम से सरांय स्वामी हीरागंज महेशगंज आया था। करीब दो बजे वह सड़क किनारे खड़ा था। तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर दोनों को टक्कर मारते हुए पलट गया। हादसे में दोनों ट्रैक्टर के नीचे दब गए। आसपास के लोगों ने ट्रैक्टर के नीचे दबे विकास और अनिल को बाहर निकाला और इलाज को सीएचसी भेजा। विकास को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि अनिल का इलाज अभी चल रहा है। पीड़ित शेर बहादुर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मां गंगा जमुना सरस्वती की पावन रेती पर वीआईपी घाट क्यों?- धर्माचार्य ओमप्रकाश पांडे

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। रामानुज आश्रम माघ मास का पावन महीना चल रहा है। इस समय महाकुंभ में राम राज्य स्थापित है। रामराज्य कैसा होना चाहिए। उत्तम शासन के गुण क्या है? धर्म की जय हो ,अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो, भारत अखंड हो, गौ हत्या बंद हो का उद्घोष करने वाले अनन्त श्री विभूषित यतिचक्रचूड़ामणि स्वामी हरिहरानंद जिन्होंने प्रतापगढ़ की पावन धरती पर अवतार लिया था। धर्मसम्राट अभिनव शंकर श्री स्वामी करपात्री जी के श्री मुख से रामराज्य-धर्मराज्य कि व्याख्या बहुत ही उत्तम ढंग से की गई है।

÷नहीं दरिद्र कोऊ दुखी न दीना÷

जहां कोई दरिद्र नहीं होता, कोई दुखी नहीं होता, कोई दीन नहीं होता, कोई अबुध नहीं होता ,कोई लक्षणहीन नहीं होता।

सब नर करहिं परस्पर प्रीती
चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।

सब लोग परस्पर एक दूसरे के पोषक होते हैं, कोई किसी का शोषक नहीं होता,सब एक दूसरे के रक्षक होते हैं कोई किसी का भक्षक नहीं होता,सब एक दूसरे के शुभचिन्तक होते हैं, कोई किसी का अशुभचिन्तक नहीं होता, सब एक दूसरे के पूरक होते हैं। सामंजस्य, सौमनस्य और एकमत्य कि स्थापना ही मुख्य रुप से उत्तम शासन का लक्ष्य है।

बाघ-बकरा एक घाट पानी पियें,चूहा-बिल्ला का आपस में मेल जोल हो जाये और सांप और नेवले में भी बैर मिट जाये। यह उत्तम शासन का लक्षण है। यही रामराज्य है यही धर्मराज्य है यही ईश्वर राज्य है यही धर्मसापेक्ष पक्षपातविहीन राज्य है। इसी राज्य का वेदों में वर्णन है, रामायण में वर्णन है , महाभारत में वर्णन है। यही रामराज्य है यही धर्मराज्य है। इसी के द्वारा राजा, प्रजा, शासक, शासित सबका कल्याण होता है। सबका अभ्युदय होता है, तो मां गंगा जमुना सरस्वती की पावन रेती पर वीआईपी घाट क्यों?

बाजार में खड़ी व्यवसायी की कार चोरी

जेठवारा (नि.सं.)। नगर कोतवाली अंतर्गत करनपुर निवासी मोहनलाल केसरवानी विगत 19 जनवरी को अपनी ईको कार से दुकान का सामान लेने जेठवारा गया था। वह करीब लाख रूपए का सामान कार में लादने के बाद घर लौटने लगा। उसी समय जेठवारा बाजार में ही कार खड़ी करके चाय पीने लगा। वह चाय पीकर कार के पास पहुंचा तो उसे गायब देख सन्न रह गया। उसने अपनी कार को काफी खोजा मगर सुराग नहीं लगा। कार में गाड़ी का कागज भी मौजूद है।

जनहित में कार्य और जन समस्याओं का निस्तारण पहली प्राथमिकता-सांसद पुष्पेंद्र

▶▶कुंडा डाक बंगला में सांसद ने सुनी जन समस्याए

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा-प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी के कौशांबी लोकसभा सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने सोमवार को कुंडा क्षेत्र का भ्रमण करते हुए कुंडा डाक बंगला में जनसुनवाई की तथा निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आदेशित किया। मीडिया से मुखातिब होते हुए सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने कहा कि क्षेत्रवासियों को हर समय सुलभ रहने वाला देश का सबसे युवा सांसद मिला है। जो आप लोगों के बीच रहकर जन सामान्य के लिए कार्य कर रहा है। जनता के लिए हमारे दरवाजे 24 घंटे खुला है। केंद्र व प्रदेश में हमारी सरकार न होने के बावजूद भी जनहित के कार्यों के लिए सतत प्रयत्नशील एवं कटिबद्ध हूं। पूर्व में केंद्र सरकार के रेलवे विभाग द्वारा स्वीकृत किए गए कुंडा बाबूगंज व मवई रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज जो लोकसभा चुनाव बाद रोक दिया

गया था। उसे पुनः प्रारंभ करवा दिया गया है। कुंडा और बाबूगंज रेलवे फाटक के ओवर ब्रिज की नाप-जोख हो चुकी है। जल्द ही कार्य उस पर शुरू हो जाएगा। मवई रेलवे क्रॉसिंग ओवर ब्रिज का रुका हुआ अधूरा कार्य पुनः प्रारंभ हो गया है। जहां तेजी से कार्य चल रहा है। जनहित में कार्य और जन समस्याओं का निस्तारण हमारी पहली प्राथमिकता है। मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए पुष्पेंद्र सरोज ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार अखिलेश यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में बनने जा रही है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश यादव महासभा के संरक्षक राममूर्ति यादव, राम अवध यादव काका, रामखेलावन यादव, प्रदीप कुमार सरोज एडवोकेट, नोखे लाल यादव, राकेश कुमार सरोज, अखिलेश यादव एडवोकेट, तनवीर मिल्की, राम सजीवन सरोज, अभिषेक यादव, राम नरेश पालसमेत बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लोकगायक मंटू मिश्र बने सपा के राष्ट्रीय सचिव सांस्कृतिक प्रकोष्ठ

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर लोकगायक संतोष मिश्र उर्फ मंटू मिश्र हँसमुख को समाजवादी पार्टी का राष्ट्रीय सचिव सांस्कृतिक प्रकोष्ठ बनाए जाने पर सपा कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में सोमवार को लोकगायक मंटू मिश्र हँसमुख को सपा कार्यकर्ताओं नें माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया वहीं सपा कार्यकर्ताओ ने लोकगायक मंटू मिश्रा को सपा पार्टी की टोपी पहनाकर सम्मानित भी किया। उक्त अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में मंटू मिश्र ने कहा कि गायकी के माध्यम से समाजवादी पार्टी को ऊंचाइयों तक ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

एक्टिव हुई पुलिस, जुए की फड़ चलाने वालों में मची खलबली

प्रतापगढ़। बीते कई महीनों से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर महुली में लाखों का जुवां खेलाने वालों में खलबली मच गई है। शहर से आते थे जुआरी,अब तक कई बर्बाद हो चुके हैं। महुली का युवक व्याज पर लोगो को जुआ खेलने के लिए मोटी रकम व बैठने के लिए अड्डा देता था। वहीं बीते कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया में खबर वायरल हुई तो स्थानीय पुलिस सक्रिय हुई जुआ की फड व व्याज पर जुआ खेलने के लिए पैसा देने वाले महुली के युवक को कमाई का झटका लगा।अगर ऐसे ही पुलिस सक्रिय हो जाएगी तो जुआ का फड चलाने वाले सरगना का कारोबार बंद हो जाएगा।

पानी गरम करते समय महिला झुलसी

कुंडा प्रतापगढ़। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के रामआसरे का पुरवा धनगढ़ निवासी संजय कुमार की 52 वर्षीय पत्नी सीता देवी रविवार को घर में पानी गरम कर रही थी। खौलता पानी अचानक ऊपर गिरने से वह झुलस गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई।

कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिले के नेशनल मार्ग थाना कोखराज के सामने बाइक चालक भरवारी की तरफ से आ रहे। नेशनल हाईवे मार्ग को पार करते समय कानपुर की तरफ से तेज गति से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर लगते ही बाइक चालक फूल चन्द यादव पुत्र स्वर्गीय किशेर। ग्राम महमूद पुर गंभीर रूप से चोट हिल हो गया सूचना पर तत्काल थाना पुलिस मौके पर पहुच कर घायल को अपने कब्जे में लेकर 108 एंबुलेंस बुलाकर उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया हालत गंभीर होने से जिला अस्पताल से जिला प्रयाग राज रेफर कर दिया गया है वही कार चालक कार मौके से फरार हो गया थाना कोखराज पुलिस जांच में जुटी।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 681/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन धर्मेन्द्र नाथ वर्मा आदि
बनाम हरखास व आम आदि
बनाम
1. हरखास व आम ग्राम कोहड़ा पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ (उ0प्र0) 2. रवीन्द्र नाथ शर्मा आयु लगभग 63 वर्ष 3. इन्द्रनाथ शर्मा आयु लगभग 57 वर्ष सुतगण मृतक जगदम्बा प्रसाद शर्मा निवासीगण ग्राम कोहड़ा पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ उ0प्र0 4. श्रीमती सरोज देवी आयु लगभग 61 वर्ष पत्नी स्व0 अवनीशकान्त शर्मा पुत्री मृतक जगदम्बा प्रसाद शर्मा निवासिनी ग्राम सोधियावां, पो0 सोधियावां पर0 व तह0 मिल्कीपुर जिला अयोध्या उ0प्र0 5. श्रीमती निर्मला आयु लगभग 51 वर्ष पत्नी श्री हरिकरन शर्मा पुत्री मृतक जगदम्बा प्रसाद शर्मा निवासिनी ग्राम शिवराजपुर (पूरे ब्रम्हा) भट्टा पो0 डीह जिला अमेठी उ0प्र0 6. श्रीमान पोस्ट अधीक्षक हेड पोस्ट आफिस प्रतापगढ़ उ0प्र0 7. श्रीमान प्रबन्धक स्टेट बैंक ऑफइण्डिया मुख्य शाखा प्रतापगढ़ उ0प्र0 8. श्रीमान प्रबन्धक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया कृषि विकास शाखा प्रयागराज अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग भंगवा चुंगी प्रतापगढ़ उ0प्र0 9. श्रीमान प्रबन्धक बड़ौदा यू0पी0 बैंक शाखा भुपियामऊ प्रतापगढ़ उ0प्र0 10. श्रीमान पोस्ट अधीक्षक शाखा स्टेशन रोड़ प्रतापगढ़ उ0प्र0 11. श्रीमान प्रबन्धक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया मुख्य शाखा करनपुर प्रतापगढ़ उ0प्र0 12. श्रीमान प्रबन्धक पंजाब नेशनल बैंक मुख्य शाखा बाबागंज प्रतापगढ़ उ0प्र0 13. श्रीमान प्रबन्धक जिला सहकारी बैंक कचेहरी रोड प्रतापगढ़ उ0प्र0 14. श्रीमान प्रबन्धक एल0आई0सी0 मुख्य शाखा दहिलामऊ प्रतापगढ़ उ0प्र0 15. श्रीमान प्रबन्धक बैंक ऑफ इण्डिया मुख्य शाखा भगवा चुंगी प्रतापगढ़ उ0प्र0
तारीख पेशी 24.1.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 24.1.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

क्रिकेट टूर्नामेंट का ग्राम प्रधान ने किया शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

जेठवारा-प्रतापगढ़। जनपद के विकास खण्ड बिहार क्षेत्रांतर्गत जेठवारा ग्राम पंचायत उमरी बुजुर्ग में सोमवार को ग्राम प्रधान नीलमणि सिंह ने क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। बता दें कि क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रधान नीलमणि सिंह ने किया। ग्राम पंचायत उमरी बुजुर्ग में विगत कई वर्षों से क्रिकेट टूर्नामेंट होता चला रहा है। इस दौरान खिलाड़ियों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान नीलमणि सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है, खेल को खेल की भावना से ही खेलना चाहिए। खेल में द्वेष की

भावना नहीं होनी चाहिए। साथ ही ग्राम प्रधान नीलमणि सिंह ने दर्शकों एवं खिलाड़ियों से कहा कि टूर्नामेंट में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने पाएगी। आयोजक को हर संभव मदद हमारी तरफ से की जाएगी। इस दौरान अखिलेश शुक्ला, सोनू सिंह, राकेश सिंह, मंगलेश सिंह, कुलदीप सिंह, घनश्याम पाण्डेय, पीएम सिंह, राम सिंह, धीरेंद्र सिंह, आनंद सिंह एवं रामजी शुक्ल के साथ ग्रामीणों की भीड़ मौजूद रही।

मां-बेटे को पीटने में तीन पर केस

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के संसारीपुर गांव निवासी सोनू सरोज ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि नौ जनवरी को करीब 9 बजे पट्टीदार ने कंचन से लकड़ी हटाने को कहा तो वह गालियां देने लगी। विरोध करने पर परिजनों संग मिलकर उसे लाठी-डंडे से पीटने लगी। बचाने दौड़ी उसकी वृद्ध मां शिवरत्ना को भी घसीटते हुए पीटा। इससे मां-बेटे दोनों गंभीर घायल हो गए।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 31 महोदय प्रतापगढ़
प्रकीर्ण वाद सं0 515/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सुनीता देवी बनाम अनीता देवी आदि
बनाम
1. अनीता देवी आयु लगभग 40 वर्ष पुत्री जगत नारायण ओझा पत्नी हरिकेश तिवारी निवासिनी ग्राम रामगढ़ पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ 2. निर्मला देवी आयु लगभग 80 वर्ष पत्नी स्व0 जगत नारायण ओझा निवासिनी ग्राम रामगढ़ पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 14.2.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 14.2.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

न्यायालय श्रीमान अपर उप जिलाधिकारी महोदय द्वितीय जिला प्रतापगढ़
वाद संख्या 135 सन 2011
रबीसुल निशा .....प्रथम पक्ष
बनाम
रज्जब अली आदि.... द्वितीय पक्ष गण
बनाम - 1शराफत अली , 2 अहमद अली 3 अल्ताफ अली सुतगण रज्जब अली, 4 श्रीमती मेहरून निशा पत्नी मो0 जमील,5 मो0 फरीद, 6 शकील अहमद ,7 मो0 वसीम सुत गण मोहमद अली ,8 खालिद जमील 9 शाहिद जमील ,10 वाजिद जमील ,11 माजिद जमील पुत्रगण मोहम्मद जमील , 12 शबीना पत्नी मोहम्मद आरिफ ,13 आमिर अहमद पुत्र मोहम्मद आरिफ
समस्त निवासी गण ग्राम रंजीत पुर चिलबिला पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ । प्रतिवादीगण।
तारीख पेशी 27-01 - 2025
यह की वादी ने उपरोक्त वाद / प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है एतद द्वारा सम्मन नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 27- 01 - 2025को वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र टी आई व तनकीह समय प्रातः 10ः00 बजे स्वयं या अपने मार्फत वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब देही दावा करें , ऐसा करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और हस्ताक्षर किया जाएगा । मेरे हस्ताक्षरता न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक . को जारी किया गया
आज्ञा से

सूचना

मैं अभिषेक कुमार मिश्रा पिता राम प्रताप मिश्रा,पता - पुरानी बाजार पूरे मिश्रण,आमी शंकरपुर,सांगीपुर,प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश,23039 मैंने अपना नाम बदलकर अभिषेक मिश्रा रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी न्यायिक महोदय सदर जिला प्रतापगढ़
वाद संख्या 3403 सन 2023
चमेला देवी .....प्रथम पक्ष
बनाम
ऊदल आदि.... द्वितीय पक्ष
बनाम - 1 ऊदल , 2 राम बचन सुत गण राम अभिलाष, 3 बड़का पत्नी स्व0 राम अभिलाष , 4 मझिला पत्नी राम फेर ,5 धर्मेन्द्र पुत्र रामफेर ,निवासी गण ग्राम विसहुला परगना तहसील सदर जिला प्रतापगढ़।
6 - राज्य सरकार उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाधिकारी प्रतापगढ़ ।
मु0 धारा 32/38 उत्तर प्रदेश रा0 संहिता 2006 भूमि ग्राम विसहुला पर 0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़।
तारीख पेशी 24-01 - 2025
यह की वादी ने उपरोक्त वाद / प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है एतद द्वारा सम्मन नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 24- 01 - 2025 को वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र टी आई व तनकीह समय प्रातः 10ः00 बजे स्वयं या अपने मार्फत वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब देही दावा करें , ऐसा करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और हस्ताक्षर किया जाएगा । मेरे हस्ताक्षरता न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक . को जारी किया गया
आज्ञा से

सीता रसोईया के लिए संग्रहीत अन्न विहिप के शिविर पहुचा

सगरा सुंदरपुर प्रतापगढ़। विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता घर-घर जाकर सीता रसोईया के लिए अन्न संग्रह किए । जिसे आज विश्व हिन्दू परिषद शिविर महाकुंभ में जिला प्रचार प्रसार सहप्रमुख जीतेन्द्र के नेतृत्व में प्रयागराज पहुंचाया गया। साथ में रजनीश, सुरेन्द्र, उमेश, रोहित, संदीप, ध्रुव, आदि बजरंग दल के कार्यकर्ता भी साथ रहे।सीता रसोई में प्रति दिन लाखों की संख्या में देश विदेश से आ रहे हिन्दू भाई को भोजन प्रसाद ग्रहण कराया जा रहा है।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र योगेश कुमार विश्वकर्मा आवारा किस्म का है जो आए दिन लड़ाई झगड़ा करता है तथा मेरी सेवा सहायता नहीं करता है ,उसे मेरी चल अचल संपत्ति से कोई वास्ता सरोकार नहीं है । मेरे एक पुत्री विनीता विश्वकर्मा है जो मेरी सेवा सहायता देखभाल करती है । मैंने खूब सोच समझकर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति का वसीयतनामा अपनी पुत्री श्रीमती विनीता विश्वकर्मा निवासी ग्राम वीरगढ़ पोस्ट पूरे भगवत , पर0 अठेहा ,तहसील लालगंज जिला प्रतापगढ़ हाल मुकाम ग्राम धरौली ,पोस्ट किशुनगंज परगना तहसील सदर जिला प्रतापगढ़ के पक्ष में कर दिया है ।मुझे विश्वास है कि मेरी पुत्री विनीता विश्वकर्मा मेरे जीवन काल में साथ रहकर मेरी सेवा सहायता हमेशा करती रहेगी ,और भविष्य में भी वह मेरी मृत्यु के बाद मेरा क्रिया कर्म पिंडदान आदि धर्मानुसार करेगी । मैंने अपनी सम्पूर्ण संपत्ति का वसीयतनामा इच्छा पत्र लिख दिया है । मेरे मरने के बाद मेरी समस्त चल अचल सम्पत्ति पर मेरी पुत्री विनीता विश्वकर्मा विधिक अधिकार और कब्जा दखल होगा ।
राजेन्द्र कुमार विश्वकर्मा
सुत जयराम विश्वकर्मा
निवासी ग्राम वीरगढ़ ,पोस्ट पूरे भगवत अठेहा तह 0 लालगंज जिला प्रतापगढ़। हाल मुकाम ग्राम धरौली ,पो0 किशुनगंज तह सदर जिला प्रतापगढ़।

यात्रा लेकर धर्मनगरी पहुंची बुलेट रानी साधवी राजलक्ष्मी का हुआ स्वागत

चित्रकूट ब्यूरो- बुलेट रानी के नाम से विख्यात साध्वी मां राजलक्ष्मी मांडा सत्य सनातन धर्म को बढ़ावा देने एवं महाकुंभ के प्रचार प्रसार के लिए बुलेट से दो हजार कि.मी. की आओ कुंभ चलो सनातन धर्म जागरूकता यात्रा को लेकर सोमवार को धर्मनगरी चित्रकूट पहुंची। जहां उनके आगमन पर पेट्रोल पंप तिराहा पर भाजपा नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर, तिलक लगाकर कर एवं माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान बुलेट वाली साध्वी ने बताया कि चार राज्यों के 35 जिलों से होते हुए लगभग दो हजार कि.मी. की जागरूकता यात्रा लेकर चित्रकूट पहुंची। साध्वी मां राज्यलक्ष्मी मांडा बुलेट से यात्रा निकाल कर लोगो को सनातन धर्म के प्रति जागरूक कर कुम्भ स्नान के लिए लोगों से अपील की है। उन्होंने बताया कि यह बुलेट यात्रा नौ जनवरी को भदोही से निकली है और प्रयागराज में यात्रा का समापन कर कुंभ में स्नान करेंगी। बढ़-चढकर लोग जगह जगह बुलेट जागरूक यात्रा स्वागत किया गया। इस मौके पर मानिकपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद मिश्रा, समाजसेवी कैलाश मिश्रा, महेश जायसवाल, नितिन गुप्ता, रामबरन, अतुल गुप्ता, गोलू गर्ग, सोनू खंगार, अनिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

दुकान में नकब लगाकर हजारों की शराब चोरी

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के मंडलभासौं बाजार में अंग्रेजी शराब की सरकारी दुकान है। कसिहा डेरवा निवासी प्रभावती देवी शराब ठेके की अनुज्ञापी है। दुकान पर नन्हेंलाल सरोज निवासी सरांय इंद्रवात डेरवा महेशगंज सेल्समैन है। रविवार को वह दुकान बंदकर चला गया, रात में चोर नकब लगाकर भीतर घुसे। दुकान में रखी 30 बोतल शराब, 51 पाउच शराब समेत हजारों की शराब समेट ले गए। घटना की जानकारी सुबह होने पर सेल्समैन नन्हेंलाल सरोज ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की तथा रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की बात कही।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मड़िहान में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तहसील मड़िहान में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 72 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 06 का स्थल पर निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित किया गया कि प्रार्थना पत्रों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता व गुणवत्ता से किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में यदि गुणवत्ता खराब पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि आई.जी.आरएस. व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त हो रही शिकायतों का निस्तारण अधिकारी कार्यालय से ही न करके स्थलीय निरीक्षण करते हुए फोटोग्राफ के साथ आख्या पोर्टल पर अपलोड करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस की 4 संयुक्त टीम गठित कर प्रार्थना पत्रों का निस्तारण सायं तक करने का निर्देश दिया। तहसील चुनार में 52 प्रार्थना पत्रों में से 3 का निस्तारण हुआ, तहसील सदर में 112 प्रार्थना पत्रों में से 17 का निस्तारण एवं तहसील लालगंज में 81 प्रार्थना पत्र पत्रों में से 11 का निस्तारण किया गया। मड़िहान में उप जिलाधिकारी मड़िहान युगांतर त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सी.एल. वर्मा, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, तहसीलदार मड़िहान सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

छात्रा को भगा ले जाने वाले आरोपी को पांच साल की कैद

चित्रकूट ब्यूरो- छात्रा को बरगलाकर भगाकर ले जाने की मामले में दोष सिद्ध होने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने आरोपी को पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दंडित किया है।जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि बीती आठ नवंबर 2020 को मानिकपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतकर्ता ने कहा कि उसकी बेटी को केकरामार मजरा चुरेह केशरूवा निवासी अरविन्द पुत्र कामता कोल बहला फुसलाकर भगा ले गया है। लगातार तलाश के बावजूद बेटी के न मिलने पर उसने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने सोमवार को निर्णय सुनाया।

पुलिस अधीक्षक ने किया अर्दली रूम की समीक्षा

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा द्वारा थाना कोतवाली कटरा कटरा में नगर सर्किल के थाना कोतवाली शहर, कोतवाली कटरा, थाना विन्ध्याचल व सर्किल सदर के थाना कोतवाली देहात का अर्दली रूम कर अपराध एवं विवेचनाओं की समीक्षा की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधों की समीक्षा व विवेचनाओं के निस्तारण, संगीन अपराध, पॉक्सो एक्ट, महिला संबंधी अपराध, चोरी लूट आदि के अपराधों से संबंधित विवेचनाओं की प्रगति व उनके निस्तारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों तथा आई.जी.आर.एस. से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, लम्बित आरोप पत्रों/अन्तिम रिपोर्ट को न्यायालय में दाखिल करने, विभिन्न प्रकार के सूचीबद्ध माफियाओं के विरुद्ध कृत कार्यवाही एवं अभियोजन की स्थिति की समीक्षा, थाना स्तर पर चिह्नित टॉप-10 अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त लंबित चरित्र सत्यापन, सम्मन, वारंट, व एचएस पर कार्यवाही सहित अन्य दायित्वों की व्यापक समीक्षा, प्रचलित वर्ष में गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही एवं 14(1) की कार्यवाही की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत जारी अभियान 'शक्ति दीदी', ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन दृष्टि के तहत प्रभावी कार्यवाही एवं जन जागरूकता के सम्बन्ध में तथा थानों पर बनायें गये महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क एवं जन-सुनवायी डेस्क को और अधिक प्रभावी बनाने सहित थाना क्षेत्र में सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनायें रखने के प्रति आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

समीक्षा बैठक में क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली शहर, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कटरा, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात व थानाध्यक्ष थाना विन्ध्याचल सहित सम्बन्धित थानों के विवेचकगण एवं अन्य सम्बन्धित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

लोकगायक मंटू मिश्र बने सपा के राष्ट्रीय सचिव सांस्कृतिक प्रकोष्ठ

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर लोकगायक संतोष मिश्र उर्फ मंटू मिश्र हँसमुख को समाजवादी पार्टी का राष्ट्रीय सचिव सांस्कृतिक प्रकोष्ठ बनाए जाने पर सपा कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में सोमवार को लोकगायक मंटू मिश्र हँसमुख को सपा कार्यकर्ताओं नें माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया वहीं सपा कार्यकर्ताओ ने लोकगायक मंटू मिश्रा को सपा पार्टी की टोपी पहनाकर सम्मानित भी किया। उक्त अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में मंटू मिश्र ने कहा कि गायकी के माध्यम से समाजवादी पार्टी को ऊंचाइयों तक ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

आरएसएस ने चलाया महाकुंभ को प्रदूषण मुक्त रखने का अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। महाकुंभ को न करें मैला, घर से ले आयें थाली और थैला , उक्त नारे को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पूरे देश का आह्वान किया है कि जिस तरह से महाकुंभ ने पूरे विश्व का ध्यान अपनी विशिष्टता के लिए आकृष्ट किया है उसी प्रकार से हमारा दायित्व है कि हम अपना योगदान इस दिशा में करें कि ये पुनीत आयोजन पर्यावरण के लिए संकट न बनें।

इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत के प्रांत पर्यावरण प्रमुख कृष्ण मोहन ने पत्रकारों से कहा कि दिव्य-भव्य महाकुंभ-2025 को कचरा मुक्त और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के हो रहे तमाम प्रयासों के बीच संघ पूरे देश में एक थाली-एक थैला अभियान चला रहा है। इसका उद्देश्य महाकुंभ मेले में अधिक से अधिक थैला और थाली के प्रयोग पर बल दिया जाना और भारतीय

संस्कृति के अनुकुल वसुधैव कुटुम्बकम का भाव जागरण है। उन्होंने कहा कि इसकी आवश्यकता इसलिए पड़ी कि हर कुम्भ मेले में 40-50 हर टन कचरा होता था। कचरा मुक्त या न्यूनतम कचरा हो और महापुरुषों के स्वच्छ भारत का संकल्प भी साकार हो, इसके लिए कुम्भ मेले में देश के लाखों स्वयंसेवक देश भर से हरित थैला और स्टील थाली भेज रहे हैं। अब तक महाकुम्भ मेले में बड़ी संख्या में थाली और थैले पहुंच चुके हैं। संघ की दृष्टि से मिर्जापुर जिले से 3000 थाली और 5000 थैला महाकुंभ में भेजा जा रहा है जिसमें से यहां से 40 प्रांतशत थाली थैला जा भी चुका है। उन्होंने ये भी कहा कि महाकुंभ मेले में अनुमान के अनुसार 40 से 50 हजार टन प्लास्टिक और थर्मोकोल का कचरा उत्पन्न होने की संभावनाएं हैं।

कचरा मुक्ति और गंगा यमुना के स्वास्थ्य के दृष्टिगत यह अभियान चलाया गया है। आगे उन्होंने बताया कि मेले में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को प्रसाद भोजन आदि मठों एवं अखाड़ों द्वारा थर्मोकोल या प्लास्टिक में ना कराया जाए और लोग प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग ना करें इसके लिए सभी को थाली और थैला निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

पत्रकार वार्ता में सह जिला कार्यवाह नीरज द्विवेदी, जिला पर्यावरण प्रमुख संजय सेठ, सह नगर कार्यवाह रितेश उपस्थित रहे। पत्रकार वार्ता का संचालन नगर प्रचार प्रमुख विमलेश अग्रहरी ने किया।

यात्रा लेकर धर्मनगरी पहुंची बुलेट रानी साधवी राजलक्ष्मी का हुआ स्वागत

चित्रकूट ब्यूरो- बुलेट रानी के नाम से विख्यात साध्वी मां राजलक्ष्मी मांडा सत्य सनातन धर्म को बढ़ावा देने एवं महाकुंभ के प्रचार प्रसार के लिए बुलेट से दो हजार कि.मी. की आओ कुंभ चलो सनातन धर्म जागरूकता यात्रा को लेकर सोमवार को धर्मनगरी चित्रकूट पहुंची। जहां उनके आगमन पर पेट्रोल पंप तिराहा पर भाजपा नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर, तिलक लगाकर कर एवं माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान बुलेट वाली साध्वी ने बताया कि चार राज्यों के 35 जिलों से होते हुए लगभग दो हजार कि.मी. की जागरूकता यात्रा लेकर चित्रकूट पहुंची। साध्वी मां राज्यलक्ष्मी मांडा बुलेट से यात्रा निकाल कर लोगो को सनातन धर्म के प्रति जागरूक कर कुम्भ स्नान के लिए लोगों से अपील की है। उन्होंने बताया कि यह बुलेट यात्रा नौ जनवरी को भदोही से निकली है और प्रयागराज में यात्रा का समापन कर कुंभ में स्नान करेंगी। बढ़-चढकर लोग जगह जगह बुलेट जागरूक यात्रा स्वागत किया गया। इस मौके पर मानिकपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद मिश्रा, समाजसेवी कैलाश मिश्रा, महेश जायसवाल, नितिन गुप्ता, रामबरन, अतुल गुप्ता, गोलू गर्ग, सोनू खंगार, अनिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

सूचना

महिपाल पुत्र अगनू निवासी ग्राम सेहुँवाडीह थाना बहरिया फूलपुर प्रयागराज। जिसका आधार संख्या 229095983369 है । सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सगा बेटा सुनील कुमार जिसकी उम्र लगभग 25 वर्ष है जो असामाजिक गतिविधियो में लिप्त है । जिसको हमने समझाने वा सुधारने का बहुत प्रयास किया किन्तु उसमे कोई सुधार नहीं आया । ना ही आचरण में कोई परिवर्तन आया। इसलिए मैं अपने पुत्र सुनील कुमार को अपने चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हू।सुनील कुमार द्वारा किए गए कार्य की जिम्मेदारी सुनील कुमार स्वयं होगा। सुनील कुमार की मेरी संपत्ति वा मुझसे कोई वास्ता वा सरोकार नहीं रहेगा।

महिपाल
पुत्र अगनू
निवासी ग्राम सेहुँवाडीह थाना
बहरिया
फूलपुर प्रयागराज **Mob**
9793480309

सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट – सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सोमवार को तहसील सभागार मऊ में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें डीएम ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने वृद्धा पेंशन की प्रगति ठीक न पाए जाने पर एडीओ समाज कल्याण का वेतन रोकने के निर्देश दिए।समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों से प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रकरणों को सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए निस्तारण करवाएं। शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के प्रति संवेदनशीलता के साथ आवश्यकतानुसार मौके का स्थलीय निरीक्षण भी करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। भूमि विवाद व अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिसकर्मियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए सरकार की मंशानुसार व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं।

उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन शिकायतों का निष्पक्षता, समयबद्धता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करते समय शिकायतकर्ता का पक्ष अवश्य सुने तथा सभी तथ्यों की जांच करने के बाद ही प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार करें। इस दौरान डीएम ने वृद्धा पेंशन की प्रगति ठीक न पाए जाने पर एडीओ समाज कल्याण का वेतन रोकने के निर्देश दिए।इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी मऊ सौरभ यादव, पुलिस क्षेत्राधिकार मऊ यामीन अहमद, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्रनारायण सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल वर्धन, उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद सिंह, जिला विपणन अधिकारी अविनाश झा, अधिशासी अधिकारी मऊ बालकृष्ण गौतम, थाना प्रभारी मऊ विनोद कुमार राय सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

गोसेवा आयोग के अध्यक्ष ने निरीक्षण कर गोशालाओं में जाना गोवंशों का हाल

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट – उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्यामबिहारी गुप्ता ने सोमवार को नरैना खेरा, रैपुरा व बटखरा गांव की गोशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। कहा कि गोशाला में मवेशियों के चारा भूसा खिलाया जाए। बजट की कमी नहीं है। गोशालाओं से गोबर लेकर खेतों में जैविक खेती के रूप में प्रयोग करें। इससे प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा मिलेगा।

गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्यामबिहारी गुप्ता ने सोमवार को बटखरा स्थित श्री गऊ रक्षण संवर्धन संस्थान आराजी अभय गऊ वन विश्व हिंदू परिषद गौरक्षा क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोशाला में गाय को चारा खिलाया। कहा कि गोशालाओं से गोबर को लेकर प्राकृतिक खेती करने में इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने किसानों से मिलकर प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सचिव राज कुमार, मंत्री राकेश शुक्ला, विश्व हिंदू परिषद कानुपर प्रांत की उपाध्यक्ष मंजू गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद धर्मयात्रा प्रांत प्रमुख गौशाला ट्रस्टी छेदीलाल गौतम, समरसता विभाग प्रमुख रामशरण तिवारी, सिद्धार्थ पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय, अमित मिश्रा, बजरंग दल के विभाग संयोजक अजय यादव, गौरक्षा प्रमुख सोनू मोदी, अरुण शर्मा, राजकरण राजपूत, उदित

पटेल, प्रफुल्ल राजपूत आदि मौजूद रहे।

इसके बाद उन्होंने रैपुरा व नरैना खेरा गोशाला का भी निरीक्षण किया। जिसमें गोशाला में सफाई रखने व मवेशियों को ठंड से बचाने के लिए अलाव जलाने के लिए कहा। इस मौके पर नंदी गोशाला नरैना खेरा के व्यवस्थापक हरिशंकर सिंह मौजूद रहे।निरीक्षण के बाद जिला मुख्यालय के डाक बंगले में गोसेवा आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश में सबसे पहले बूचडखानों को बंद कराया गया है। गोमाता के संरक्षण सबसे पहले बूचडखानों का सफाया किया। मवेशियों के संरक्षण के लिए गांव-गांव में गोशाला बनाई जा रही है। प्रयास किया जा रहा है कि गोमूत्र व गोबर से जैविक खेती को बढ़ावा मिले। इसके लिए जैविक खाद बनाने के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान स्थानीय निवासी प्रद्येंद्र त्रिपाठी, महेश जायसवाल, जितेंद्र ने एसडीएम कालोनी में नाली व सडक बनवाने के लिए पत्र दिया।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0, प्रयागराज

ई–निविदा आमंत्रण सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

पत्रांक : /11काम बी–प्रया0वृ0/2025–26 दिनांक :

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0, प्रयागराज द्वारा द्वारा उ.प्र. लो.नि.वि. में **श्रेणी ए में मार्ग कार्य** के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से स्वीकृति की प्रत्याशा में निम्नलिखित कार्यो की मद के आधार पर ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि, निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज़ 3 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

2 आमंत्रित निविदा की सूचना

क्र.स.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी (मार्ग कार्य)	कार्यदायी अधिशासी अभियन्ता के खण्ड का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	कौशाम्बी	खनवारी आलापुर सिराथू धाता मार्ग (एस0एच0–174) सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	561.10	11.22	2000+ 300/- stationery charge+GST 2725.00	12 माह	A road Category	अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी	अधीक्षण अभियन्ता, प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0, प्रयागराज	मुख्य अभियन्ता, प्रयागराज क्षेत्र, लो0नि0वि0, प्रयागराज

3 प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) उपरोक्त तालिका के कॉलम–7 में दर्शायी गयी है।

4 वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आन लाइन देखे जा सकते है।

5 निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक **10.02.2025** से **28.02.2025** को **मध्यान्ह 12:00** बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगे। आन लाइन बिड दिनांक **28.02.2025** को अपरान्ह **12:00** बजे या इससे पूर्व ई–निविदा **http://etender.up.nic.in** पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं आन लाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक **28.02.2025** को अपराह्न **12:30** बजे खोली जायेगी।

6 इच्छुक निविदादाता जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) नहीं है, वह इसे निविदा जमा करने से पहले अप्रूव्ड एजेंसी से प्राप्त कर सकते है तथा चाणक्य साफ्टवेयर में लागिन कर **"प्रहरी"** का चयन कर निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख अपलोड किये जायेगे तथा तत्पश्चात् **"E-1"** शीट डाउनलोड कर **http://etender.up.nic.in** पर अपलोड की जायेगी।

7 इच्छुक निविदादाता शा0सं0 879(1)/23–7–2020 दिनांक 25.08.2020 के बिन्दु सं0 2(2) एवं 2(3) के अनुसार निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख प्रहरी पर अपलोड कर ई–1 डाउनलोड कर ई–टेन्डर वेबसाइट पर निविदा के समस्त अभिलेखो के साथ अपलोड कराना सुनिश्चित करेगे। अन्यथा की स्थिति मे ठेकेदार को नॉन–रिसपान्सिव समझा जायेगा।

(हरबंश सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
कौशाम्बी

अधीक्षण अभियन्ता
प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0
प्रयागराज

www.upgov.nic,in
R.O.No.-226744 Date-18/01/2025

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0, प्रयागराज

ई–निविदा आमंत्रण सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0, प्रयागराज द्वारा द्वारा उ.प्र. लो.नि.वि. में **श्रेणी ए, बी एवं सी में मार्ग कार्य** के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत के आधार पर ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि, निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज़ 3 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

2 आमंत्रित निविदा की सूचना

क्र.स.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी (मार्ग कार्य)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	कौशाम्बी	मूरतगंज राजापुर मार्ग (एस0एच0–94) सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	134.81	8.74	2000+ 300/-stationery charge+GST 2725.00	06 माह	A,B
2	कौशाम्बी	सिराथू सराय अकिल मार्ग से लछछीपुर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	63.69	5.18	2000+ 300/-stationery charge+GST 2725.00	04 माह	A,B,C
3	कौशाम्बी	जी0टी0 मार्ग से देवमीटा सम्पर्क मार्ग सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	40.53	4.03	2000+ 300/-stationery charge+GST 2725.00	04 माह	A,B,C
4	कौशाम्बी	जी0टी0 मार्ग से सयारा मीठेपुर होते हुए सौरई खुर्द मार्ग तक सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	163.05	10.15	2000+ 300/-stationery charge+GST 2725.00	06 माह	A,B
5	कौशाम्बी	समदा चौराहा से मंझनपुर चौराहा सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	182.18	11.11	2000+ 300/-stationery charge+GST 2725.00	06 माह	A,B
6	कौशाम्बी	राबिया बेगम उ0मा0 विद्यालय से मधवा मई से रानपुर धमावा सिराथू सराय अकिल रोड सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	41.29	4.06	2000+ 300/-stationery charge+GST 2725.00	04 माह	A,B,C

3 प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) उपरोक्त तालिका के कॉलम–7 में दर्शायी गयी है।

4 वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आन लाइन देखे जा सकते है।

5 निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक **10.02.2025** से **28.02.2025** को **मध्यान्ह 12:00** बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगे। आन लाइन बिड दिनांक **28.02.2025** को अपरान्ह **12:00** बजे या इससे पूर्व ई–निविदा **http://etender.up.nic.in** पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं आन लाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक **28.02.2025** को अपराह्न **12:30** बजे खोली जायेगी।

6 इच्छुक निविदादाता जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) नहीं है, वह इसे निविदा जमा करने से पहले अप्रूव्ड एजेंसी से प्राप्त कर सकते है तथा चाणक्य साफ्टवेयर में लागिन कर **"प्रहरी"** का चयन कर निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख अपलोड किये जायेगे तथा तत्पश्चात् **"E-1"** शीट डाउनलोड कर **http://etender.up.nic.in** पर अपलोड की जायेगी।

7 इच्छुक निविदादाता शा0सं0 879(1)/23–7–2020 दिनांक 25.08.2020 के बिन्दु सं0 2(2) एवं 2(3) के अनुसार निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख प्रहरी पर अपलोड कर ई–1 डाउनलोड कर ई–टेन्डर वेबसाइट पर निविदा के समस्त अभिलेखो के साथ अपलोड कराना सुनिश्चित करेगे। अन्यथा की स्थिति में ठेकेदार को नॉन–रिसपान्सिव समझा जायेगा।

(हरबंश सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
कौशाम्बी

अधीक्षण अभियन्ता
प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0
प्रयागराज

www.upgov.nic,in
R.O.No.-226748 Date-18/01/2025

कार्यालय ग्राम पंचायत खम्हरिया वि0ख0 चित्रकूट धाम कर्वी

पंत्रांक : मेमो/निविदा/2024–25 दिनांक 20.01.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्यवित्त/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यों पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से दिनांक 23.01.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 21.01.2025 से 23.01.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्रक्कलन की धनराशि (लाख में)	2% धरोहर धनराशि (रू0में)	निविदा मूल्य (रू0 में)
1	ग्राम पंचायत खम्हरिया में बारात घर के पास हैंडपंप रीबोर का कार्य।	112747	2255	500
2	ग्राम पंचायत खम्हरिया में आर आर सी सेंटर के पास हैंडपंप रीबोर का कार्य।	121724	2434	500

निविदा शर्तें:–
नोट : निविदा से सम्बन्धित शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

शारदा प्रसाद
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खम्हरिया
विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट

विकास कुमार
सचिव
ग्राम पंचायत खम्हरिया
विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

कांग्रेस कार्यालय में मनायी गई भारत रत्न अब्दुल गफ्फार खां की पुण्यतिथि

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, भारत रत्न खान अब्दुल गफ्फार खां जी की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस मौके पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि देश की आजादी के लिए अब्दुल गफ्फार खां साहब का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है, इन्हीं लोगों के संघर्ष और कुर्बानियों की बदौलत आज हमारा देश गुलामी की जंजीरों से आजाद है।जिला प्रवक्ता महताब आलम ने कहा कि यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि मौजूदा समय में आर.एस.एस. प्रमुख और भाजपा नेताओं द्वारा 15 अगस्त 1947 को मिली आजादी को नाकारा जाता है जो उन ज्ञात-अज्ञात हजारों स्वतंत्रता सेनानी और क्रान्तिकारियों का अपमान है, जिन्होंने देश को आजाद कराने के लिए अंग्रेजों की यातनाये सही और अपना सम्पूर्ण जीवन देश के नाम कुर्बान कर दिया, ''स्वतंत्रता दिवस'' पर प्रश्न उठाना उसे न मानना देश द्रोह है, कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सभी स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान करता है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है।श्रद्धांजलि देने वालों मुं मुख्यरुप से हाजी इलियास, विजयशंकर अग्निहोत्री, प्रवक्ता महताब आलम, आशीष द्विवेदी, अभय त्रिवेदी, सूर्यकुमार बाजपेई, मनोज मिश्रा, प्रमोद त्रिपाठी, शिवानंद मौर्या, संजीव शुक्ला, मो.सरताज, हाजी उस्मान, प्रमोद कुमार बाजपेई, कामता नाथ सिंह, मनोज त्रिवेदी, महेश्वर सिंह, पोलू, अंकुर सिंह चौधरी, अमित मिश्रा, प्रमोद कुमार अवस्थी, सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहें।

दामाद के साथ ससुरालीजनों ने की मारपीट व छिनैती, एसपी से शिकायत

रायबरेली। ससुराल पहुंचे एक दामाद को उसके ही ससुरारीजनों ने लाठी डंडों से मारा पीटा और गले में पड़ी चेन तथा अपाचे बाइक भी छीन लिया, जिसको लेकर पीड़ित ने थाना भदोखर में शिकायत की थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। डीह थाना क्षेत्र के रहने वाले पवन कुमार ने अपने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि भदोखर थाना क्षेत्र के हनुमानगंज गांव में उसकी ससुराल है। वहां अपनी पत्नी के बुलाने पर ससुराल पहुंचा तो उसके साले और ससुराल के अन्य लोगों द्वारा लाठी डंडों से व लात घुसो से मारपीट कर गले में पड़ी चौन व अपाचे बाइक को छीन लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत भदोखर थाने में की पर थाने की पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की है। पीड़ित ने एसपी ऑफिस पहुंचकर मामले का शिकायती पत्र दिया है और मारपीट करने वालों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

एसडीम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

लोकमित्र ब्यूरो

महराजगंज रायबरेली। महराजगंज तहसील का संपूर्ण समाधान दिवस एसडीम सचिन यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उप जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। आज के समाधान दिवस में कुल 32 शिकायते प्राप्त हुई, जिसमें चार प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। आपको बता दे कि, उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव ने प्राप्त शिकायतों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों, कर्मचारी को निर्देशित करते हुए कहा कि, संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रकरण शिकायतों को संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि, विवादों के मामले में शिकायत का निस्तारण होने की दशा में सहमति पत्र पर दोनों पक्षों का हस्ताक्षर होना आवश्यक है। फरियादियों की शिकायत का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के प्रति सरकार बेहद संवेदनशील है, इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही न किया जाए। सोमवार को आयोजित महराजगंज तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त हुए 32 शिकायती पत्रों में सर्वाधिक राजस्व विभाग की 15, पुलिस विभाग की 9, विकास विभाग से संबंधित तीन अन्य पांच शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें चार शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर एसडीएम सचिन यादव,तहसीलदार मंजुला मिश्रा, क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह समेत अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

एम्स रायबरेली में मानसिक मंदित एवं श्रवण बाधित (मूक बधिर) दिव्यांगों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु परीक्षण की सुविधा प्रारम्भ

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी माहेन त्रिपाठी ने बताया है कि जनपद रायबरेली में ऐसे दिव्यांग बच्चे जो मूक बधिर/मानसिक दिव्यांगता से ग्रस्ति है उनकी चिकित्सीय परीक्षण हेतु लखनऊ जाना पड़ता था उन्हे अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ता था मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की पहल से तथा मुख्य चिकित्साधिकारी रायबरेली एवं चिकित्सा अक्षीक्षक एम्स रायबरेली के सहयोग से जनपद स्थित एम्स में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के समन्वय से प्रत्येक सोमवार को ऐसे 536 दिव्यांग बच्चो का चिकित्सीय परीक्षण एम्स रायबरेली में प्रत्येक सोमवार को किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस हेतु प्रत्येक ब्लाक के खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं स्पेशल एजूकेटर को बच्चों को लाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों को परीक्षण उपरांत मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा। जिसके क्रम में 20 जनवरी 2025 से अभियान चला कर उक्त कार्य प्रारम्भ हो गया है। इस प्रकार मानसिक मंदित एवं श्रवण बाधित (मूक बधिर) दिव्यांगों के दिव्यांग प्रमाण पत्र एम्स रायबरेली में परीक्षण की सुविधा प्रारम्भ हो गयी है।

डीएम की अध्यक्षता में तहसील ऊंचाहार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील ऊंचाहार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में

कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील ऊंचाहार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 61 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 11 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा, एसडीएम ऊंचाहार सिद्धार्थ चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

नर्सिंग होम के मालिक को धमकाने के आरोप में आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। लालगंज कस्बे के साकेत नगर नाले पर स्थित एक नर्सिंग होम में सोमवार सुबह 9बजे के करीब उस समय हड़कंप मच गया जब एक व्यक्ति अपने को सीएमओ ऑफिस का अधिकारी बता कर वीडियो बनाने लगा और नर्सिंग होम मालिक को धमकाने लगा कि तुम्हारा कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है, तुम फर्जी रूप से नर्सिंग होम चला रहे हो। नर्सिंग होम के मालिक ने जब कहा कि तुम कहां तैनात हो तो वह एकदम से बदल गया और कहने लगा कि वह पत्रकार है। उसके बाद अपने को सरेनी सरकारी अस्पताल के अधीक्षक का प्रतिनिधि बताते हुए नर्सिंग होम मालिक को धमकाने लगा। वाद विवाद बढ़ने पर नर्सिंग होम संचालक ने पीआरवी पुलिस को बुलालिया। मौके पर पहुंची डायल 112 पीआरवी पुलिस ने मामले को समझ कर नर्सिंग होम संचालक को धमकाने वाले व्यक्ति को अपनी हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले जाकर पुलिस को सौंप दिया। नर्सिंग होम संचालक को धमकाने वाला व्यक्ति कोतवाली क्षेत्र के ही धन्नीपुर का निवासी है और बीएसएफ में नौकरी करता है। वही चौकी इंचार्ज ने बताया कि पीआरवी पुलिस पकड़ के लाई थी लेकिन अभी तक किसी भी पक्ष से कोई तहरीर नहीं आई है।मामले की जांच की जा रही है।

सीएमओ ने परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

रायबरेली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा ने बताया है कि मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जनपद रायबरेली में परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 18 से 31 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मिशन परिवार विकास अभियान के तहत नव विवाहित जोड़ों को शगुन किट भी बांटी जाएगी, इस दौरान सास बेटा बहू सम्मेलन भी आयोजित किए जाएगे जिनमें परिवार नियोजन के महत्व पर चर्चा होगी।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा ने बताया

कि सुदूर ग्रामीण के पिछड़े क्षेत्रों में इस पखवाड़े में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी देंगी। स्वास्थ्य कर्मी लोगों को परिवार नियोजन की जानकारी देने के साथ ही गर्भ निरोधक साधन भी उपलब्ध कराएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर प्रचार प्रसार हेतु रवाना किया गया। सारथी वाहन की मदद से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी दी जाएगी।इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण कुमार, डॉ अरविंद कुमार, डॉ राकेश कुमार, राकेश प्रताप, डी एस अस्थाना, अंजलि, रत्नाकर पांडे, हिमांशु श्रीवास्तव, सर्वेश कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

एडीएम की अध्यक्षता में उ0प्र0 दिवस 2025 के आयोजन को लेकर बैठक सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर उ0प्र0 दिवस-2025 को भव्य एवं गरिमामयी ढंग से मनाये जाने हेतु अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में एक बैठक सम्पन्न हुई।अपर जिलाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2018 से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस को भव्यपूर्ण ढंग से निरन्तर आयोजित किया जा रहा है। उक्त आयोजन त्रिदिवसीय (24-26 जनवरी 2025 के मध्य) आयोजन विभिन्न

विभागों द्वारा जनसहभागिता के सहयोग से मनाया जायेगा। उ0प्र0 दिवस-2025 के आयोजन की थीम ''विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश'' है। समस्त विभागों द्वारा इसी थीम पर प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों, सम्मेलनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं, रोड शो आदि का आयोजन सुनिश्चित कराया जाये।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, पीडी डीआरडीए सतीश चन्द्र मिश्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार उपस्थित रहे।

पांचवें दिन भी उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का सदस्यता अभियान रहा जारी

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहित सोनी की अगुवाई में पांचवें दिन भी व्यापार मंडल का सदस्यता अभियान जारीरहा। नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने तिकोना पार्क निवासी शिवम गुप्ता की दुकान पर पहुंचकर उन्हें भी सदस्यता ग्रहण करा कर प्रमाण पत्र सौपा और कहा कि उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ही लालगंज में व्यापारियों का प्रमुख संगठन है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ही व्यापारियों की समस्याओं को सुनता है और निराकरण कराने का हर संभव प्रयास करता है । जिला अध्यक्ष रोहित सोनी और जिला महामंत्री अप्पू शर्मा ने कहा कि उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल से जो भी व्यापारी जुड़ते हैं। उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी संगठन की होती है।

वही उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल सदस्यता के अपने लक्ष्य की ओर तेजी से पहुंच रहा है और प्रतिनिधि मंडल का उद्देश्य है कि सभी व्यापारियों का रजिस्ट्रेशन कर उन्हें प्रमाण पत्र सौपा जाए। इस मौके पर महेश सोनी, कौशलेंद्र कंचन ,अमित गुप्ता , मोहम्मद परवेज रामसेवक सोनी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

चार लाख रुपये के 20 मोबाइल फोन बरामद

मुस्कान अभियान के तहत हुई कार्रवाई, लोगों को बुलाकर सौंपे गए मोबाइल

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। विभिन्न स्थानों पर लोगों के मोबाइल खो जाने पर संबंधित थाना व चौकियों में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। साइबर पुलिस ने चार लाख रुपये कीमत के 20 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंप दिए। लोगों ने पुलिस कार्रवाई की सराहना की है।पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मुस्कान अभियान के तहत जनता के खोये हुए मोबाइल के संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय व साइबर क्राइम पुलिस थाना में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर थाना साइबर क्राइम पुलिस को खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए निर्देशित किया गया था, इसके तहत थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा त्वरित व कठिन परिश्रम करते हुए कुल 20 अदद विभिन्न कम्पनियों के एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद किए गए कुल मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग चार लाख रुपये है। बरामद मोबाइल फोन को उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। खोये हुए मोबाइल को वापस पाकर सभी ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया गया। पुलिस टीम में साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश यादव, सौरभ सिंह, सतेंद्र यादव, हिमांशु वर्मा, अंकित और महिला कांस्टेबल पूजा चौहान शामिल रहे।

मंडी समिति लालगंज में भाई लाल सोनकर के द्वारा आयोजित किया गया खाटू श्याम का विशाल भंडारा

लालगंज रायबरेली। श्री खाटू श्याम के परम भक्त भाई लाल सोनकर के द्वारा लालगंज मंडी समिति में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने छककर प्रसाद ग्रहणकिया। सोमवार को सुबह विधि विधान से भगवान खाटू श्याम का पूजन अर्चन किया गया ।पूजन अर्जन के पश्चात भंडारा प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर भाई लाल सोनकर ने बताया कि श्री खाटू श्याम की उन पर अपार कृपा है उनके आशीर्वाद से ही उनका व्यापार फल फूल रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता जेपी सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह,मंडल अध्यक्ष चंदन त्रिवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश पांडे, सोनूशुक्ला, अमित सोनकर, आशीष, रोहित ,शिवम, राहुल, गुड्डु साहू, सुरेश सोनकर, तेजा वर्मा ,कुलदीप ,आकाश ,सुजल, अंशू सोनकर मौजूद रहे।

घर के अंदर हो रही थी खेती, 15.5 किलोग्राम गांजा बरामद

बांदा। ऑपरेशन ईगल के तहत पुलिस ने अतर्रा पुलिस ने कुम्हारन पुरवा में घर के अंदर गांजा की खेती करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मौके से 15.5 किलोग्राम अवैध हरा गांजा बरामद किया। ऑपरेशन ईगल के तहत रविवार रात थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अवैध गांजे की खेती करने वाले अभियुक्त को थाना अतर्रा क्षेत्र के ग्राम कुम्हारन पुरवा अंश तेरा ब से उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब हो कि थाना अतर्रा पुलिस को रात्रि गश्त व चेकिंग के दौरान मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम कुम्हारन पुरवा में एक व्यक्ति द्वारा अपने घर के हाते में अवैध गांजे की खेती किया है, जिसे वह काटकर बेचने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा ग्राम कुम्हारन पुरवा में मौके पर छापेमारी कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मौके से 15 किलो 500 ग्राम अवैध हरा गांजा बरामद किया गया। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम भुरवा प्रजापति पुत्र हनीवा निवासी कुम्हारन पुरवा अंश तेरा-ब बताया है। पुलिस टीम में अतर्रा कोतवाली प्रभारी कुलदीप तिवारी, चौकी प्रभारी महुटा राजेश प्रसाद, उप निरीक्षक प्रेमपाल सिंह, उप निरीक्षक दीपक कुमार सैनी, कांस्टेबल विजय सिंह, शुभम सिंह, महिला कांस्टेबल दीप्ति सिंह, अनीता यादव शामिल रहे।

जब तक निर्माण शुरू नहीं होगा, तब तक जारी रहेगा आंदोलन

लोकमित्र ब्यूरो

बदौसा। बदौसा ब्लाक बनाओ संघर्ष समिति की बैठक भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष विजय यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नव सृजित विकास खण्ड बदौसा का भवन निर्माण बदौसा में प्रारंभ नहीं हो जाता, तब तक आंदोलन जारी रखने की रणनीति बनाई गई। जरूरत पड़ी तो धरना प्रदर्शन, बदौसा बंद भी किया जाएगा। रविवार की रात बदौसा ब्लॉक बनाओ संघर्ष समिति की बैठक में आंदोलन की रूपरेखा बनाई गई। प्रस्तावित बदौसा ब्लॉक के 42 गांवों से समर्थन के लिए यात्रा निकाल जनसमर्थन जुटाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाने, धरना प्रदर्शन करने, जरूरत पड़ी तो बदौसा बन्द करने का निर्णय लिया गया। बदौसा ब्लॉक बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक सन्तोष कुशवाहा ने बताया कि अनु सचिव उत्तर प्रदेश शासन अनुभाग 2 लखनऊ ने पत्र के द्वारा

नव सृजित विकास खण्ड बदौसा को उत्तर प्रदेश विधान मंडल की याचिका समिति के समक्ष विचाराधीन याचिका के निस्तारण के लिए ग्राम पंचायत बदौसा को ब्लॉक घोषित किया है। धर्मेंद्र सिंह खटीक महामंत्री भाजपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ ने कहा उपजिलाधिकारी अतर्रा कार्यालय में लंबित पत्रावली शासन को अभी तक न भेजा जाना कई सवालों को जन्म दे रहा है। जब तक बदौसा में ब्लॉक भवन का निर्माण प्रारंभ नहीं हो जाता तब तक हमें सक्रिय रूप से आंदोलन करना होगा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष शिव प्रसाद उर्फ शिवा, सुनील उपाध्याय हड़हामाफी, विनीत रावत भुसासी, इरफान अली, रामजस निषाद दुबरिया, विनोद गांधी प्रधान, दयानंद गुप्ता, जवाहरलाल गुप्ता, पारस गुप्ता, बरछा (ब), शिव प्रसाद, रोहित कुमार, शैलेन्द्र कुशवाहा, विक्की गुप्ता बदौसा, अवधेश शिवहरे महुटा, राजकुमार पौहार आदि ने बदौसा ब्लॉक बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले आंदोलन का समर्थन किया।

ग्राम प्रधान को गोली मारने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। तेंदुरा गांव के प्रधान रामलाल जयन को गोली माकर घायल करने वाले दो अभियुक्तों को बिसंडा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इधर, घायल प्रधान का उपचार लखनऊ के एक अस्पताल में किया जा रहा है। नरैनी विधायक और सपा के जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल पहुंचकर घायल का हाल जाना।

वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बिसण्डा पुलिस ने ग्राम प्रधान पर जान से मारने की नीयत से अवैध तमंचे से फायर कर घायल कर देने वाले दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि कल 18 जनवरी को बिसण्डा क्षेत्र के ग्राम प्रधान तेन्दुरा रामलाल जयन पर गांव के ही दो युवकों द्वारा जान से मारने की नियत से अवैध तमंचे से फायर कर घायल कर दिया। इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर

त्वरित रुप से कार्यवाही करते हुए घटना कारित करने वाले दोनों अभियुक्तों को ग्राम चौसड़ से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा, खोखा कारतूस व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है । पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना नाम राघव सिंह उर्फ आर्य गौतम पुत्र बलराम निवासी तेन्दुरा व कुलदीप द्विवेदी पुत्र राजेश द्विवेदी निवासी तेन्दुरा बताया है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

पुलिस टीम में चौकी प्रभारी ओरन हरिशरण सिंह, उप निरीक्षक रामाधार सिंह, कांस्टेबल आशीष कुमार, सोनपाल, मुकेश पाल शामिल रहे।

पहले से की गई तैयारी ने टाला बड़ा हादसा

अग्निशमन विभाग की त्वरित कार्रवाई से आग की घटना को किया गया नियंत्रित

लोकमित्र ब्यूरो

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ जैसे बड़े आयोजन को लेकर योगी सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर पहले से ही जो तैयारी की गई थी उसकी मदद से रविवार को बड़ा हादसा टालने में प्रशासन को बड़ी मदद मिली। खास तौर पर मेला क्षेत्र में अग्निशमन को लेकर जो तैयारियां की गई थीं उन्होंने अहम रोल निभाया।

अग्निशमन विभाग की 45 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब 1.5 घंटे के अथक प्रयास के बाद आग को पूरी तरह बुझा लिया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। सबसे खास बात ये रही कि सूचना मिलते ही फायर यूनिट्स मात्र 2 मिनट में घटनास्थल पर पहुंच गई और राहत कार्य शुरू कर दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

महाकुम्भ मेला के नोडल मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि खाना बनाते समय गैस सिलेंडर से लगी आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप ले लिया। आग ने तेजी से घास-फूस की बनी झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। मेला कंट्रोल रूम ने तुरंत आरटी सेट के माध्यम से फायर स्टेशन कोतवाली झूसी और अन्य फायर यूनिट्स को सतर्क किया। आग की भयावहता को देखकर पास के सभी फायर स्टेशनों से गाड़ियां मंगाई गईं। आग बुझाने के दौरान तीन सिलेंडर ब्लास्ट हुए। इसके बावजूद अग्निशमन विभाग के जांबाज कर्मियों ने जान की परवाह किए बिना करीब 25-30 लोगों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया।इसके साथ ही 200-300 अस्थायी पंडालों को पानी की बौछारें मारकर सुरक्षित रखा गया। उपनिदेशक अग्निशमन अमन शर्मा और स्वयं मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बचाव कार्य का नेतृत्व किया।

➪सूचना मिलते ही महज 2 मिनट के अंदर मौके पर पहुंचीं अग्निशमन की गाड़ियां

131.48 करोड़ के वाहन व उपकरणों को किया गया डिप्लॉय

प्रयागराज। महाकुम्भ में लाखों कल्पवासी और करोड़ों श्रद्धालु आते हैं। लाखों लोग अपने साथ खाना बनाने का सामान भी लाते हैं। ऐसे में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए इस बार योगी सरकार ने व्यापक इंतजाम किए हैं। पूरे मेला क्षेत्र में 50 फायर स्टेशन और 20 फायर पोस्ट बनाए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 4,300 फायर हाइड्रेंट तैनात किए गए हैं। महाकुम्भ को अग्नि दुर्घटना रहित क्षेत्र बनाने के लिए योगी सरकार ने विभाग को 66.75 करोड़ का बजट आवंटित किया है

जबकि विभागीय बजट 64.73 करोड़ है। इस प्रकार, कुल 131.48 करोड़ रुपए की लागत से वाहन व उपकरणों को महाकुम्भ मेला में अग्नि जनित दुर्घटनाओं से सुरक्षा के लिए डिप्लॉय किया गया है। इतना ही नहीं अलग-अलग प्रकार के 351 से अधिक अग्निशमन वाहन और 2000 से अधिक ट्रेन्ड मैनपावर को डिप्लॉय किया गया है। प्रत्येक अखाड़ों के टेंट्स को फायर फाइटिंग इक्विप्मेंट्स से भी लैस किया गया है। यहीं नहीं, मेले की शुरुआत से पूर्व एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ दर्जनों मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया गया, जिसका हादसे को रोकने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सीआरपीएफ हेड कांस्टेबल की मौत से परिजनो में मचा कोहराम

लोकमित्र ब्यूरो

थरवई । बिहार प्रांत के मुकामा में सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत और ग्रुप सेन्टर पण्डिला में रहकर इलाज करा रहे जवान की रविवार देर रात अचानक तवियत विगड़ी तो उसे संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया जहां डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया । घटना से परिजनो में कोहराम मच गया ।थरवई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एस आर एन भेज दिया ।बताया जाता है कि प्रयागराज जनपद के लालापुर थाना क्षेत्र के भटपुरा गांव निवासी श्रीनाथ यादव का पुत्र दूधनाथ यादव (49)वर्ष सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र मुकामा बिहार में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे । वह सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र पण्डिला स्थित क्वार्टर में पत्नी सीमा यादव और पुत्री शिवानी यादव 17 वर्ष स्वेच्छा 7 वर्ष के साथ रहती हैं । शुगर से पीड़ित दूधनाथ यादव डेढ़ माह पूर्व छुट्टी लेकर इलाज कराने के लिए ग्रुप केंद्र पण्डिला स्थित क्वार्टर पर आया था ।

आत्मरक्षा के लिए खुद को तैयार करें बच्चे-अंकिता खेड़ा

सेंट पीटर्स स्कूल बच्चों को सिखाएगा कराटे के पैंतरे

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। बच्चों को शिक्षा के साथ आत्मरक्षा के उपाय का भी बोध होना चाहिए। शिक्षा,खेल व बचाव के गुण से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।क्षेत्र के सेंट पीटर्स स्कूल में बच्चों को कराटे का प्रशिक्षण शुरू किया गया है।स्कूल की प्रिंसिपल अंकिता खेड़ा ने कहा यह बच्चों के लिए बड़ा तोहफा है।

मेजारोड के अनुशासित व लोकप्रिय सेंट पीटर्स को-एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल में विशेष कराटे क्लास शुरू की गई है। कराटे क्लास के उद्घाटन समारोह के दौरान प्रिंसिपल अंकिता खेड़ा ने कहा कि यह नए साल के अवसर पर छात्रों के लिए एक उपहार है। उन्होंने कहा कि नर्सरी से दसवीं तक के छात्रों के लिए कराटे की कक्षाएं शुरू की गई हैं। कराटे की कक्षाएं छात्रों को आत्मनिर्भर बनने और आत्मरक्षा के दांव पेंच सिखाने के लिए हैं। बदलते दौर मे आत्मरक्षा के लिए खुद को तैयार करना बेहद महत्वपूर्ण है। यह

छात्रों को आत्मविश्वास और जीवन की कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार करता है। कराटे कोच अव्यक्त खेड़ा ने कहा कि वह अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे और छात्रों को फिट बनाएंगे। कराटे कक्षाओं की शुरुआत से छात्र बहुत खुश थे।

शिक्षकों ने भी स्कूल के प्रयास की सराहना की और इसे सफलता की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का वादा किया। प्रिंसिपल अंकिता खेरा ने बताया कि ये कक्षाएं निशुल्क हैं, छात्रों से किसी भी प्रकार की फीस नहीं ली जाएगी। छात्रों के बेहतर और उज्ज्वल भविष्य के लिए यह एक नया कदम है।

चारा न पानी, गौशाला की यही कहानी

भटक रहे बेसहारा गौवंश तोड़ रहे दम जिम्मेदार बने लापरवाह

लेड़ियारी (प्रयागराज)। गौशाला यानि बेसहारा गौवंशों का सहारा सरकार ने यह गौशालाएं बनवाई है। ताकि बेसहारा गौवंशों को चारा व पानी मिल सके । वे सड़कों पर घूमते - घूमते असहाय हादसे का शिकार न बने । सरकार की यह कवायद जमीनी स्तर पर कितनी फलीभूत हो रही है । इसका उदाहरण खूंटा , सिलौधी, पवांरी , में बनी गौशालाओं में देखा जा सकता है । सरकारी उपेक्षा क्या होती हैं । इनको देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है । गौशालाओं में ना चारा है और ना पानी ऐसे में टैक लगे गौवंश खुले आम घूम रहे हैं । जिससे आए दिन वाहनों के टक्कर लगने से उनकी मौत हो रही है ।

कोरांव तहसील में बेसहारा गौवंशों के लिए गौशालाएं बनवाई गई है । आशय यही कि बेसहारा गौवंश यहां रहेंगे तो उनकों चारा पानी मिलता रहेगा । सड़कों पर इधर-उधर टहलते से हादसे की आशंका भी बनी रहेगी । उनकी जान जाने का खतरा भी रहता है

। सरकार ने तो अपना काम कर दिया

। लेकिन इसके जिम्मेदार लापरवाह हो गए हैं । हालत ऐसे हो गए हैं कि क्षेत्र में बनी गौशालाएं सिर्फ कागजों पर चल रही है । अव्यवस्था के शिकार गौशालाएं में भूले भटके गौवंश पहुंच भी जाएं तो वहां ना तो उनकों चारा मिलता है ना पानी ऐसे में उनकों फिर भी से सड़क की राह पकड़नी पड़ती है । उनका यह कदम ना सिर्फ उनके लिए परेशानी भरा होता है । बल्कि आमजन को भी इससे दिक्कत उठानी पड़ती है । लेड़ियारी, डीही खुर्द, कैथवल, नीबी, लालतारा, सिरहिर, पटेहरा, दसौती देईबांध, कटनहवा स्टेट राजमार्ग पर जाम लगता है । गोवंश के नाम पर कुछ लोग ने बोरिंग करा ली है । पर उस पानी से वह अपने खेतों की सिंचाई करते हैं । ग्राम प्रधान खूंटा प्रतिनिधि राजाराम ने बताया कि हमारे यहां गौ आश्रम में 161 रखने की छमता है। जबकि 181 कागज पर है । चराने भेजा गया है। लेकिन हकीकत जांच में एक भी गौवंश नहीं है।

यही हाल ग्राम पंचायत सिलौधी का है। इनमें भी गौ आश्रय में कोई मवेशी नहीं दिखाई दिया।

डामरीकरण का बाट जोह रहा है पथरपुर संपर्क मार्ग

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी(प्रयागराज)। कोलसरा से पथरपुर संपर्क मार्ग आज भी बदहाली का शिकार बना हुआ है । प्रदेश सरकार द्वारा भले ही गांव के विकास या सड़क, नाली हो लेकिन आज भी हकीकत कुछ और देखा जा सकता है । कोलसरा से पथरपुर संपर्क मार्ग पांच किलोमीटर दूर तक संपर्क मार्ग आज तक डामरीकरण का बाह जोह रहा है । जगह-जगह गड्ढे हो जाने से जलभराव हो जाने से बरसात होने पर पूरी तरह से आवागमन ठप हो जाता है । जिससे घरों की आवश्यकताएं कार्य बाधित हो जाता है ।

बताया जाता है कि पथरपुर ग्राम प्रधान नीरज कुमार भुर्तिया ने बताया कि यह मार्ग मध्यप्रदेश के दर्जनों गांवों तक लोगों का आवागमन होता है । पास एक नहर स्थित है । इस नहर से सैकड़ों बीघा किसानों का खेत की सिंचाई होती हैं । वहीं इस मार्ग से छात्र - छात्राओं का लेड़ियारी बाजार शिक्षा ग्रहण करने आते है । लेकिन बरसात के दिनों में जगह-जगह गड्ढे हो जाने से जलभराव हो जाता है । जिससे विद्यार्थियों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं ।ग्राम प्रधान ने

बताया कि वर्ष 2019 में मनरेगा के तहत चार किलोमीटर दूर तक मिट् टी, गिट् टी डाला था । इस मार्ग से किसानों का ट्रेक्टर चलने से दो साल में पूरी तरह से ध्वस्त हो जाने से संपर्क मार्ग पर पैदल चलना मुश्किल है । वहीं बारिश होने पर राजमार्ग पर पानी भर जाने से किचड़ हो जाता है । जिससे पैदल लेड़ियारी बाजार तक निकलना टेढ़ी खीर साबित हो रही है । संपर्क मार्ग पर बड़े - बड़े गड्ढ़े होने से साइकिल सवार भी पैदल जाने से लोग मजबूर है । लेड़ियारी स्टेट राजमार्ग से सात किलोमीटर दूर स्थित पथरपुर गांव सभा है । ग्राम प्रधान ने दो किमी मिट् टी और दो किमी गिट् टी डामरीकरण का वाह आज भी जोह रहा है ।विवेक कुमार भुर्तिया निवासी पथरपुर ने बताया कि आजादी के बाद आज तक इस सड़क की मरम्मतीयकरण नहीं किए जाने से लोगों को काफी मुसीबत उठानी पड़ रही है । पांच वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत मिट् टी डालकर छोड़ दिया गया । इसके बाद गिट् टी, मोरम तक नहीं डाले जाने से बरसात के समय घर से सड़क तक निकलना मुश्किल है । वही इस गांव में नाली का निर्माण तो हुआ है । कुछ गांव के अराजगकत्वतों ने कूड़ा करकट डालकर पाट दिए जाने से गांव सभा द्वारा बनाई गई नालियां चोक लेने से जगह-जगह घरों का गंदा पानी नहीं बहने से दिक्कत उठानी पड़ रही है । जबकि इस संबंध में तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों से कई बार प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक नहीं इस ओर किसी ने मुड़ कर देखा तक नहीं बनवाने की कोसो दुर है । संपर्क मार्ग निर्माण मे मरम्मतीयकरण कार्य नहीं कराया गया । जिससे पैदल चलना मुश्किल है । वहीं बारिश होने पर घर से बाहर निकलना टेढ़ी खीर साबित हो जाती है । अगर कोई व्यक्ति रात में इस दौरान बीमार होने पर गांव में ही दम तोड़ देती है । उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत से चार किलोमीटर गिट् टी डाली गई थी । संपर्क मार्ग पांच वर्ष पूर्व बनाई गई थी । लेकिन आज तक इस मार्ग की मरम्मतीयकरण नहीं किए जाने से पूरी तरह से खराब हो चली है । जबकि इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों को लिखित प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने से समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई ।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते पथरपुर ग्राम प्रधान नीरज कुमार भुर्तिया ने सड़क की मरम्मतीयकरण कराएं जाने की मांग की है । ताकि समस्या का निदान मिल सके ।

श्रीराम जन्म की कथा सुन श्रोता हुए भाव विभोर

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया। विकास खंड के रामपुर डांडी गांव में चल रही श्रीराम कथा में व्यास प्रभाकराचार्य महाराज ने नारद मोह और श्रीराम जन्म की कथा का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने उत्कृष्ट आचरण से अखिल विश्व को मानवता, प्रेम तथा पारिवारिक एवं सामाजिक मर्यादा का संदेश दिया। रामचरित मानस सत्य से विचलित मानवता को युग-युगांतर तक सही मार्ग दिखाता रहेगा। जहां राम जन्म की कथा जहां होती वहां सभी तीर्थ उपस्थित हो जाते हैं। देवता फूलों की वर्षा करते हैं। आज भी भगवान अवतार ले सकते हैं लेकिन दशरथ और कौशिल्या जैसे माता पिता चाहिए। इस मौके पर मौजूद श्रद्धालु भगवान श्रीराम सहित चारों भाईयों के जन्म कथा का श्रवण कर भाव विभोर हो गए। कथा श्रवण में मुख्य रूप से राजू पांडेय, राज कुमार पांडेय, शिव कुमार, नागेन्द्र कुमार, सोनू, संदीप, सुशील पांडेय, गुड्डू, सुनील, दिनेश, बब्लू, अखिलेश, प्रवीण पाण्डेय, विनोद, विजय आदि लोग रहे ।

प्रयाग विधि महाविद्यालय के छात्रों किया कानून संग्रहालय का भ्रमण

नैनी(प्रयागराज)। आज प्रयाग विधि महाविद्यालय के 100 विधि के छात्रों ने इलाहाबाद कानून संग्रहालय का दौरा किया। कार्यक्रम की शुरुवात रजिस्ट्रार अनुज शुक्ला ने हरि झंडी दिखा के की ।

संग्रहालय दौरे का उद्देश्य छात्रों को भारत में कानून और न्याय के विकास का अन्वेषण करने का एक अनोखा अवसर प्रदान करना था।

कानून संग्रहालय, जो कानूनी कलाकृतियों और दस्तावेजों का एक खजाना है, ने छात्रों को देश की न्यायिक विरासत की एक आकर्षक झलक दी। प्रदर्शनियों ने कानूनी प्रणाली के विकास, उल्लेखनीय अदालती मामलों और प्रमुख न्यायविदों के योगदान को प्रदर्शित किया।

छात्र इस दौरे के बारे में उत्साहित थे, जिनमें से कई ने इस अवसर के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की कि वे इतनी आकर्षक और इंटरैक्टिव तरीके से देश के कानूनी इतिहास के बारे में जाना

इस अवसर पर विधि प्राचार्य डॉ नागेंद्र शर्मा, प्रवीण द्विवेदी, प्रशांत पांडे, डॉ शिवानी जायसवाल डॉ अंजना यादव जया सिंह, राम बाबू तिवारी मौजूद रहे

भास्कर क्लब महेवा ने जीती प्रतियोगिता की शील्ड

सब जूनियर (अंडर-16) बालक वॉलीबाल प्रतियोगिता संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए), प्रयागराज के तत्वावधान में स्थानीय ऊँचडीह बाजार स्थित वॉलीबाल खेल मैदान में सबजूनियर (अंडर-16) बालकों की वॉलीबाल प्रतियोगिता संपन्न हुई। भाष्कर क्लब महेवा कला की टीम ने विजय हासिल कर चल वैजयंती शील्ड पर कब्जा जमाया।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच भास्कर वॉलीबाल क्लब महेवाकलां,मांडा और यूनाइटेड क्लब ऊँचडीह के बीच खेला गया।

जिसमें भास्कर वॉलीबाल क्लब महेवाकलां,मांडा ने यूनाइटेड क्लब ऊँचडीह की टीम को संघर्षपूर्ण मुकाबले के साथ 18 - 25, 25 - 20 व 25 - 23 अंकों से हराकर सब जूनियर वॉलीबाल प्रतियोगिता की चल बैजंती (रनिंग शील्ड) जीत

ली। प्रतियोगिता में मुकेश शुक्ला, असफाक अहमद, संतोष भास्कर, रवि वर्मा आदि ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह एसोसिएशन के महासचिव आर.पी.शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज के कोषाध्यक्ष व पूर्व स्पोर्ट्स ऑफिसर हिंडाल्को सोनभद्र के.बी.एल.श्रीवास्तव ने विजेता / उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी व व्यक्तिगत पुरस्कार वितरित किया।मौके पर राजेश तिवारी कोटेदार, प्रभाकर चौबे, अंबुज तिवारी, आकाश शुक्ला, राकेश भास्कर, बाबा तिवारी, शिवम तिवारी, अनुराग, गोलू, नितीन, आकाश कुशवाहा, नीलेश व हर्षित आदि खिलाड़ी व अन्य खेल प्रेमी उपस्थित रहे

महर्षि विद्या मन्दिर नैनी के छात्रों की मनमोहक प्रस्तुति

नैनी(प्रयागराज)। अरैल संगम स्थित महर्षि वेद विद्या पीठम में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में महर्षि विद्या मन्दिर, दूरवाणी नगर ए0डी0ए0 कॉलोनी नैनी के छात्र-छात्राओं का सांस्कृतिक प्रदर्शन अत्यंत मनमोहक रहा। महर्षि विद्या मन्दिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष ब्रह्मचारी डॉ गिरीश चन्द्र वर्मा के दिशा निर्देशन में महाकुंभ मेला 2025 की भव्यता में निखार लाने हेतु महर्षि वेद विद्या पीठम में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिसमे भारत के भिन्न- भिन्न महर्षि विद्या मन्दिर विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के इस अवसर पर महर्षि विद्या मन्दिर नैनी के छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चंदोला जी के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओ

द्वारा तैयार कराया गया।महर्षि वेद विद्या पीठम के भव्य मण्डपम में विद्यालय के छात्र- छात्राओं का सांस्कृतिक प्रदर्शन बहुत ही सुन्दर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश भजन से हुआ7 कार्यक्रम की अगली कड़ी में सूर्यवंदना नृत्य, श्री राधाकृष्ण भजन नृत्य, शिवस्तुति, तथा 'विघ्नहर्ता गणेश' विषय पर एक लघु नाटिका का प्रदर्शन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। लघु नाटिका के चयनित सभी पात्रो ने अपने अपने स्वांग का प्रदर्शन वास्तविक एवं मनोहर ढंग से किया। इस शुभ अवसर पर आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मण्डपम में राष्ट्रीय निदेशक मण्डल, विद्धज्जन विद्यालय के सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे7 सभी लोगो ने बच्चो द्वारा कलात्मक प्रदर्शन का खूब सराहना किए7 सराहनीय एवं सुगठित वाकशैली के साथ मंच संचालन कर रही कक्षा ग्यारवी की छात्रा अंजली मिश्रा ने अंत में कार्यक्रम के वास्तविक सार एवं महाकुंभ मण्डपम की खूबियों को बताते हुए अपनी वाणी को विराम दिया और कार्यक्रम का समापन किया।

महाकुंभ से महाभियान 2027 का प्रारंभ करेंगे भाजपा मंडल अध्यक्ष - कुश श्रीवास्तव

लोकमित्र ब्यूरो

झूंसी। आज ज्ञान गुण सागर वाहिनी ने चित्रगुप्त पार्क झूंसी में गंगापार के समस्त नव नियुक्त एवं पूर्व मंडल अध्यक्षों का स्वागत सम्मान समारोह कर उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर भाजपा गंगा पार से भाजपा नेता, पिंटू मिश्रा, प्रमोद जायसवाल, अतुल पांडे, समेत वाहिनी के गंगा पार प्रभारी अभिषेक रोबिन, झूंसी प्रभारी सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राष्ट्र गौरव तिवारी, आशुतोष हर्षवर्धन सिंह, के साथ तमाम बीजेपी के सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। कुश श्रीवास्तव जी ने इस विषय में कहा की महाकुंभ के शुभ अवसर पर घोषित मंडल अध्यक्षों को अपने निवर्तमान अध्यक्षों के कार्यों से प्रेरणा लेके महाभियान 2027 के लिए प्रयत्न करना है। प्रत्येक मंडल अध्यक्ष 1-1.5 लाख लोगों के साथ रात दिन जुड़ कर काम करता है, और यही काम भाजपा को

राष्ट्रीय संगठन बनाता है। कुश श्रीवास्तव द्वारा सभी मंडल अध्यक्षों को उनके आगे की कार्यों के लिए बधाई ज्ञापित करा गया।मंच संचालक प्रमोद जायसवाल द्वारा किया गया। आयोजन में मंडल अध्यक अतुल पांडेय,संजय मौर्य,पंकज श्रीवास्तव,रोहित निषाद,दरवाजे सिंह सरोज,राजेश कुमार,राजेश कुमार सरोज,प्रदीप कुमार बिंद,आत्माधार दुबे,बसंत लाल पटेल,भूपेन प्रताप सिंह,अनिल सरोज,कमला प्रसाद पाण्डेय,अनुराग अग्रवाल,प्रभाकर दुबे एवं ज्ञान गुण सागर वाहिनी से अभिषेक श्रीवास्तव (रॉबिन), सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, सुनील छेत्री,गौरव तिवारी,आशुतोष हर्ष वर्धन सिंह,विवेक श्रीवास्तव,अमल श्रीवास्तव,पवन श्रीवास्तव,आशीष प्रधान,मयंक पांडेय,सूरज मिश्रा,पीयूष शुक्ला,अवनीश श्रीवास्तव साथ ही सभी सदस्य उपस्थित रहे।

नकली दवाओं की बिक्री धड़ल्ले से जारी

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज)। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व ड्रग माफियाओं की मिलीभगत से क्षेत्र के स्थित मेडिकल स्टोरों पर नकली दवाओं की बिक्री कर आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का सिलसिला जारी है। शिकायत है कि वास्तविक मूल्य से कई गुना ज्यादा कीमत पर बिकने वाली ये दवाएं फौरीतौर पर ही लोगों को आराम पहुंचा रही हैं। परंतु अंदर ही अंदर ये लोगों के शरीर में जहर घोल रही है। इन दवाओं का प्रयोग करने में झोला छाप चिकित्सक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बाजार में स्थित मेडिकल स्टोरों पर इन दिनों नकली दवाओं की आमद में तेजी से वृद्धि हुई है। मौसम में हुए परिवर्तन को देखते हुए संक्रामक बीमारियों के बढ़ते खतरे से दवा विक्रेताओं के हौसले बुलंद हैं। खुलेआम बिक रही ऐसी दवाओं पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी जिसके कंधों पर है। यह वर्षों में एकाध बार ही आता है। बताया जाता है कि वह अपने हिस्से की रकम लेकर चलता बनता है। उक्त बाजार में स्थित किसी भी मेडिकल स्टोर की जांच आज तक नहीं की गई। जबकि कई मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस के ड्रग इंस्पेक्टर की ही कृपा से चल रहे हैं। मरीज चाहे जिस रोग से पीड़ित हो उसका बिना जांच किए उल्टी-सीधी दवायें देना आम बात है। चाहे उसका जीवन खतरे में ही क्यों न पड़े। इनकों तो सिर्फ रूपये से मतलब है ।

शिकायतानुसार बुखार, खांसी दर्द जैसी आम बीमारियों कीं नकली दवाएं खासी संख्या में एन दुकानों पर मौजूद हैं। पता चला है कि जिला मुख्यालय पर चला है । कि जिला मुख्यालय पर स्थित एक मेडिकल स्टोर का संचालक इन दवाओं की आपूर्ति में लिप्त हैं। ग्रामीणों के मरीज उचित चिकित्सक के अभाव में झोला छाप चिकित्सक से ही चिकित्सा कराने के लिए बाध्य है। अब मरीजों को असली के बजाय नकली दवाओं की सेवन कराकर हमेशा के लिए बीमारी के मुंह में ढकेला जा रहा है । जन स्वास्थ्य के साथ हो रहे इस खिलवाड़ को रोकने के बजाय स्वास्थ्य अधिकारी परीक्षा से बढ़ावा देने में लगे। प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी चिकित्सकों को दवा के नाम के स्थान पर दवा का फार्मूला लिखने का निर्देश नकली दवाओं की बिक्री को गति प्रदान कर रहा हैं। जिसे तत्काल रोका जाना चाहिए । दवाओं का नाम लिखने से मरीज को जहां कुछ हद तक असली दवाएं मिल जाया करती है। वहीं उनका कम्बीनेशन लिखने में मेडिकल स्टोर संचालक नकली दवा भी दे रहे हैं।

चोरी के स्क्रैप के साथ दो गिरफ्तार चोरी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो बरामद

नैनी(प्रयागराज)। थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज व एसओजी यमुनानगर प्रयागराज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं0 09/2025 धारा 305श्व/331(4) बीएनएस से सम्बन्धित 02 वाछित अभियुक्त दीपक बिन्द उर्फ प्रधान पुत्र राम किशुन निवासी ग्राम बेलवट थाना औ0 क्षेत्र, अशफाक उर्फ अज्जु पुत्र सैय्यद हसन निवासी दरियाबाद थाना अतरसुइया को मुखबिर की सूचना पर आईटीआई कम्पनी के वहद ग्राम सड़वा से गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त अभियुक्तगणों के कब्जे से आईटीआई कम्पनी से चुराए गये पीसीबी, स्क्रैप वजन लगभग 280 कि0ग्रा0 व घटना में प्रयुक्त महेन्द्रा स्कार्पियों वाहन को बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2)/317(4) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। वाहन महेन्द्रा स्कार्पियों वाहन के कागजात पेश नहीं करने पर धारा 207 एमवीएक्ट की कार्यवाही अलग से की गयी। आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

संभल हिंसा में 10 और पत्थरबाज आरोपित गिरफ्तार, अब तक 72 दबोचे गए

हिंसा के दौरान जो फोटो लिए गए, उसके आधार पर आरोपितों की पहचान की गई

पथराव के साथ आगजनी और तोड़फोड़ में शामिल थे सभी आरोपित - एसपी संभल

संभल, (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में विवादित जामा मस्जिद में 24 नवम्बर 2024 को सर्वे के दौरान तीन स्थानों पर हुई हिंसा में फरार चल रहे 10 और आरोपितों को संभल कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक 72 उपद्रवी पकड़े जा चुके हैं। इन उपद्रवियों ने पत्थरबाजी के अलावा आगजनी और तोड़फोड़ करने के साथ पुलिस पर भी जानलेवा हमला किया था। हिंसा के दौरान पुलिस ने जो फोटो लिए थे, उसके आधार पर इन आरोपितों की पहचान की गई है।संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में कोतवाली क्षेत्र के देहली दरवाजा निवासी मुल्ला अफरोज, तहजीब, अजहर अली, असद, कागजी सराय निवासी दानिश, शुऐब, आलम, मोहल्ला जगत निवासी दानिश, आलम सराय निवासी शानेआलम और कोटगर्वी निवासी बाकिर शामिल हैं। सभी आरोपितों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।एसपी विश्नोई ने बताया कि 24 नवंबर 2024 को संभल में तीन स्थानों पर हिंसा और बवाल हुआ था। पहला बवाल विवादित जामा मस्जिद के नजदीक हुआ था, जहां पांच लोगों की जान गई थी। दूसरा बवाल नखासा तिराहे पर हुआ था, जहां पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई थी।

इसके बाद तीसरी हिंसा हिंदूपुरा खेड़ा में हुई था, जहां पुलिस के अधिकारियों पर जानलेवा हमला किया गया था। इन्हीं तीनों स्थानों पर पुलिस-प्रशासन की ओर से वीडियो बनाया गया था और फोटो भी लिए थे।वीडियो और फोटो के आधार पर अभी तक 450 आरोपितों के चेहरे पहचाने गए हैं।

उनकी पहचान के लिए टीमें जुटी हुई हैं, जिससे उनकी भी गिरफ्तारी की जा सके। उपद्रवियों ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि वह पत्थरबाजी में शामिल थे। घटना के बाद वह अलग-अलग शहरों में जाकर छिपे थे, जब घर लौटे तो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।एसपी ने बताया कि प्राथमिक छानबीन में पुलिस को मुल्ला अफरोज के खिलाफ नौ मामले दर्ज मिले हैं। इसमें हत्या, गैरइरादतन हत्या, डकैती, सार्वजनिक संपत्ति क्षति करने जैसे कई गंभीर अपराध में मामले दर्ज हैं। आरोपित के आपराधिक इतिहास को और खंगाला जा रहा है। इस मामले में सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।एसपी ने बताया कि संभल बवाल में गिरफ्तार किए गए मुल्ला अफरोज ने अपने बयान में पुलिस को यह बताया कि 24 नवंबर को दूसरे साथी को शारिक साठा ने एक एप पर कॉल कर कहा था कि नेता भीड़ जमा करा रहे हैं। नेताओं की ओर से पूरा सपोर्ट है और हरी झंडी मिल गई है। इसलिए 10 से 20 पुलिसकर्मी और आम लोगों को मार दो। इससे पुलिस प्रशासन डर जाएगा और शासन भी पुलिसकर्मियों के खिलाफ ही कार्रवाई करेगा। फिलहाल मुल्ला अफरोज के बयान में कितनी सच्चाई है पुलिस उसकी तहकीकात कर रही है।

महाकाल मंदिर के गर्भगृह में प्रतिबंध के बावजूद घुसा युवक, शिवलिंग को छुआ

लापरवाही बरतने पर गर्भगृह के निरीक्षक और नंदी हॉल प्रभारी को नोटिस

उज्जैन, (हि.स.)। उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित होने के बावजूद सोमवार को एक युवक बिना अनुमति के भीतर चला गया। इससे गर्भगृह के आसपास खड़े मंदिर के कर्मचारी और पुजारी हड़बड़ा गए। उन्होंने युवक को पकड़कर गर्भगृह से बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलने पर मंदिर के प्रशासक अनुकूल जैन ने लापरवाही बरतने पर दो कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। साथ ही सुरक्षा में तैनात दो सुरक्षाकर्मियों को हटाने के लिए पत्र निजी सुरक्षा कंपनी को भेजा है। महाकाल थाना पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ शुरू कर दी है।इसी बीच सोमवार सुबह करीब 8.24 बजे कुछ साधु-संत महाकाल मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे थे। वे चांदी द्वार होते हुए गर्भगृह की दहलीज पहुंचे और गर्भगृह में प्रवेश किया। इन साधु-संतों के साथ एक युवक भी भीतर चला गया। कर्मचारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। वह काले रंग के ट्रैक सूट में था। युवक ने शिवलिंग को छूकर नमन किया। इस दौरान वहां मौजूद पुजारी ने उसे देखा और पकड़ कर बाहर निकाला। जांच में पता चला है कि युवक का नाम निहाल सिंह (21) है। वह उज्जैन के जयसिंहपुरा का रहने वाला है और रामघाट पर फूल-हार की दुकान संचालित करता है।घटना के बाद मंदिर प्रशासक अनुकूल जैन ने गर्भगृह निरीक्षक कमल जोशी और नंदी हॉल प्रभारी प्रहलाद भास्कर को लापरवाही के लिए नोटिस जारी किया गया है। वहीं, क्रिस्टल कंपनी के गार्ड्स सोहन डाबी और अंकित को सेवा से बर्खास्त करने के लिए पत्र लिखा है। इधर, गर्भगृह में प्रवेश करने वाले युवक निहाल सिंह को पुलिस ने हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद व मंदिर समिति से प्राप्त शिकायत के अनुसार आगे की कार्रवाई करेंगे।उज्जैन में पहले महाकाल मंदिर में रोजाना 20 से 30 हजार श्रद्धालु पहुंचते थे, लेकिन अक्टूबर 2022 में महाकाल महालोक बनने के बाद भक्तों की संख्या में चार गुनी वृद्धि हो गई। यह संख्या बढ़कर डेढ़ से दो लाख तक पहुंच गई है। इतनी बड़ी संख्या में भक्तों को गर्भगृह में प्रवेश देना नामुमकिन हो गया था, इसीलिए मंदिर समिति ने प्रवेश पर रोक लगा रखी है। मंदिर प्रबंध समिति दिवारा 4 जुलाई 2023 को सावन में आने वाली भीड़ को देखते हुए 11 सितंबर 2023 तक के लिए गर्भगृह बंद किया गया था। तब मंदिर समिति ने कहा था कि सावन खत्म होते ही गर्भगृह आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा, लेकिन एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी गर्भगृह नहीं खोला गया है।

अररिया शिक्षा विभाग के अजूबे कारनामे

मुर्दे व सेवानिवृत शिक्षकों से मांगा स्पष्टीकरण, सोशल मीडिया पर उड़ी मजाक

फारबिसगंज/अररिया, (हि.स.)।अररिया शिक्षा विभाग के अजूबे कारनामे सोशल मीडिया पर इन दिनों सुर्खियों में है। अररिया जिला शिक्षा विभाग के कार्यालय ने मुर्दे से भी स्पष्टीकरण मांगा है। यह सुनकर आप भी अचंभित भले ही होंगे लेकिन यह बात एक दम सच है। वही, बताया जा रहा है की बीते शुक्रवार को शिक्षा विभाग ने ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले 1024 शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा था।

जिसमें मुर्दे व सेवानिवृत शिक्षक भी शामिल हैं और ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर सभी शिक्षकों को उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश भी दिया है और प्रतिदिन विभाग के ओर से इसका समीक्षा भी किया जा रहा है। सबसे बड़ी हैरान की बात यह है कि बताया जा रहा है पोर्टल पर सभी मृत और सेवानिवृत शिक्षक का नाम भी अपलोड है। इन शिक्षकों का नाम पोर्टल से नहीं हटाया गया है। इतना ही नहीं अररिया जिला शिक्षा विभाग के कार्यालय में मृत शिक्षकों का डाटा भी उपलब्ध नहीं है।विभाग की इस घोर लापरवाही काफी चर्चा का विषय भी बन गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक डीपीओ स्थापना द्वारा पूछे गए स्पष्टीकरण के 45 क्रमांक पर दर्ज परमानंद ऋषिदेव, 59 क्रमांक पर दर्ज मंजूर आलम, 97 क्रमांक पर नसीम अख्तर, 324 क्रमांक विश्वबंधु ठाकुर, 327 क्रमांक पर अफसाना खातून, 339 क्रमांक पर मो. कासिम, क्रमांक 499 पर सादिक अनवर, क्रमांक 756 पर बीबी नहार, क्रमांक 942 पर अंतेश कुमार सिंह, क्रमांक 960 पर देवानंद मंडल और क्रमांक 998 पर मनोज कुमार पटवे का देहांत पिछले वर्ष 2024 में हो गया था। इसके अलावा ऐसे भी शिक्षक हैं जो सेवानिवृत हो गए हैं, उनसे भी जिला शिक्षा विभाग ने स्पष्टीकरण मांगा है। वही, डीपीओ स्थापना द्वारा पत्र निर्गत होते ही सोशल मीडिया पर अररिया जिला शिक्षा विभाग के कार्यालय पर लोगों ने जमकर मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। कोई विभाग की लापरवाही का जमकर मजाक उड़ा रहा है तो कोई विभाग के तुगलकी फरमान की निंदा कर रहा है।सोशल मिडिया पर शिक्षक संघ के नेता जफर रहमानी ने लिखा है कि अररिया जिला शिक्षा विभाग कार्यालय ने एक ऐसा दुर्लभ रिकॉर्ड बनाया है, जो सौभाग्य अन्य जिलों को प्राप्त नहीं है। एक शिक्षक ने लिखा है कि अब कब्र से मुर्दा भी जवाब देंगे। इसी तरह कई लोग अपने-अपने तरीके से शिक्षा विभाग की कार्य शैली पर निशाना साध रहे हैं।

वही, इस संदर्भ में प्राथमिक शिक्षक संघ के अररिया जिलाध्यक्ष अब्दुल कुद्दूस ने कहा की विभाग को समीक्षा के उपरांत ही इस तरह की स्पष्टीकरण की मांग करनी चाहिए। ऐसी भूल से विभाग को बचना चाहिए। इस तरह की गलती लोगों के बीच शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर चर्चा का विषय बन जाता है। पिछले चार-पांच दिनों से जिले में सर्वर की समस्या है। इस कारण बहुत सारे शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहने के बावजूद भी आनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कर सके थे। अधिकांश शिक्षकों ने विद्यालय के पंजी पर उपस्थिति दर्ज की है।

रहस्यमयी मौतों की जांच के लिए राजौरी के गांव बुढ़ाल पहुंची अंतर-मंत्रालीय टीम

राजौरी, (हि.स.)। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के बुढ़ाल गांव में ग्रामीणों की रहस्यमयी मौतों की जांच के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर गठित एक अंतर-मंत्रालीय टीम गांव पहुंच गई है। अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों से मिलकर जांच शुरू की दी है।इस गांव में पिछले 50 दिन में अब तक 17 ग्रामीणों की रहस्यमयी तरीके से मौत हो चुकी है।एक अधिकारी ने बताया कि इस उच्चस्तरीय टीम के साथ देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ भी हैं। इस टीम को बडाल गांव में मौतों के कारणों का पता लगाने का काम सौंपा गया है। सोमवार को गांव बडाल पहुंची इस टीम में कई विभागों के अधिकारी शामिल हैं।गांव में जांच टीम के अधिकारियों ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर पूरी जानकारी ली।इसी बीच जम्मू-कश्मीर की स्वास्थ्य मंत्री सकीना इटू ने किसी वायरस या संक्रमण से मौतें होने की संभावना से इनकार किया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने भी इन रहस्यमयी मौतों की जांच के लिए 11 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन भी किया है।

भाजपा का आम आदमी पार्टी पर निशाना

कहा-देशविरोधी ताकतों के साथ हैं केजरीवाल

नई दिल्ली, (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी (आआपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल और अन्य दल दिल्ली के चुनाव में बांग्लादेशी, रोहिंग्या मुसलमानों का समर्थन करती हैं। आम आदमी पार्टी जैसी राजनीतिक पार्टियां रोहिंग्याओं, मुसलमानों और बांग्लादेशियों को संरक्षण देती हैं। ये वही लोग हैं जो उन्हें शरण देते हैं और उनके गलत कामों का समर्थन भी करते हैं। अरविंद केजरीवाल देश विरोधी ताकतों के साथ हैं।सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज आतंकवाद देश और दुनिया के लिए एक बड़ा मुद्दा है। किसी भी राष्ट्र के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। जहां तक भारतीय जनता पार्टी का सवाल है, हमने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की वकालत की है और मोदी सरकार का पिछले 11 वर्षों का रिकॉर्ड खुद ही सब कुछ बयां करता है। हम नक्सलवाद को खत्म करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। हमारे लिए हमेशा %राष्ट्र सर्वोपरि% रहा है। लेकिन कुछ राजनीतिक दल ऐसे हैं जो राष्ट्र विरोधी ताकतों से हाथ मिलाते हैं। राजनीतिक लाभ उठाने के लिए इनका चंदा भी लेते हैं और फिर मौन हो जाते हैं, पर यह चुप्पी क्यों हैं। तब तो बड़ी-बड़ी बातें करते हैं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि डबल डेटिंग करने वाले राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल बाहर से कुछ और अंदर से एक ही नजर आते हैं। सर्जिकल स्ट्राइक हो, अफजल गुरु की फांसी हो, इन सब मुद्दों पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक नजर आई। आम आदमी पार्टी दिल्ली में कांग्रेस के घोटालों की बात करके की सत्ता में आई लेकिन आज उनकी छाप यानी आआपा अराजकता, अलगावावाद और आंतदवाद के लिए जाता है। इसके साथ ये लोग अफवाहें फैलाने के साथ अपराधियों को शरण भी देते हैं। ऐसी कौन सी मजबूरी है कि देशी विरोधी ताकतों से हाथ मिलाना जरूरी है। दिल्ली की जनता इसका जवाब मांगती है।

उन्होंने कहा कि अफजल गुरु की फांसी की सजा माफ कराने के लिए किसकी एनजीओ आगे आई दिल्ली की जनता जवाब मांगती है। आपको जवाब देना होगा कि ये किसका एनजीओ है और इसके पीछे कौन मास्टरमाइंड है। आतिशी और केजरीवाल को बोलना चाहिए। यही नहीं टुकड़े टुकड़े गैंग जिसने देश विरोधी नारे लगाए उनके साथ कंधा कंधा से मिला कर कौन चले थे। यही नहीं पंजाब के चुनाव जीतने के लिए आतंकवादी समर्थकों के घरों में रुकने का काम किसने किया। केजरीवाल को जवाब देना होगा।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पूछा कि दिल्ली में दंगे भड़काकर देश को किसने बदनाम किया? बाटला हाउस के शहीद इंस्पेक्टर की शहादत पर सवाल उठाते हैं। अगर आज ताहिर हुसैन जेल में है, तो क्या आम आदमी पार्टी उससे भाग सकती है? ये वही आम आदमी पार्टी और वही कांग्रेस पार्टी है जो बाटला हाउस की घटना पर सवाल उठाती है। दिल्ली में कुछ लोग हैं जो बम धमाकों की अफवाह फैलाते हैं और अभिभावकों को रुलाते हैं और स्कूल बंद करवाते हैं।दिल्ली में 400 बार बम की अफवाहें फैलाने का काम कौन करता है। आतंकवादी सोच को आगे बढ़ाते हैं, उनसे फंडिंग लेने का अपराध क्यों किया। 11 साल तक पार्टी ने राज किया है लेकिन एक भी सवाल के जवाब नहीं दिया। दिल्ली की जनता जवाब मांगती है।

मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर मेला क्षेत्र में वाहनों पर प्रतिबंध, पांटून पुल होगा वन-वे

महाकुंभ नगर (आरएनएस) । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन और संचार तंत्र को और बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर अमृत स्नान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता होनी चाहिए। भीड़ प्रबंधन की दृष्टि से इन विशेष दिवसों पर पांटून पुल पर आवागमन वन-वे रखा जाएगा।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि श्रद्धालुओं की आस्था का पूरा सम्मान होना चाहिए। जिसे भी किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो, व्यवस्था में लगे लोग आगे बढ़कर मदद करें।रविवार को प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने पहले मेला क्षेत्र का भ्रमण किया और फिर अधिकारियों के साथ बैठक कर आगे की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री सहित अनेक गणमान्य जनों का प्रयागराज में आगमन प्रस्तावित है। अगले सप्ताह 22 जनवरी को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक भी यहां होगी। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां समय से कर ली जानी चाहिए।आईसीसीसी सभागार में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान स्थिति के अनुसार मेला परिसर में लगभग डेढ़ करोड़ श्रद्धालु उपस्थित हैं। अब तक सात करोड़ से अधिक लोग त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति पर आस्था का जन समुद्र उमड़ा था, यह सुखद रहा कि हर आगंतुक श्रद्धालु संतुष्ट होकर यहां से गया। अब आगामी मौनी अमावस्या के मौके पर 8 से 10 करोड़ लोगों के आगमन का अनुमान है। इससे पहले गणतंत्र दिवस पर भी बड़ी संख्या में लोगों का आगमन होगा। ऐसे में लोगों की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिगत पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। बिजली और पेयजल आपूर्ति हो, शौचालय और उसकी सफाई हो, पांटून पुलों का अनुरक्षण हो, अथवा भीड़ के मूवमेंट की रणनीति, हर एक बिंदु पर अच्छी तैयारी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात प्रबंधन/गाड़ियों की पार्किंग के बारे में लगातार प्रचार-प्रसार किया जाए।मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क को और बेहतर करने की भी जरूरत बताई।

विधायी निकायों की बैठकों की घटती संख्या चिंता का विषय- लोकसभा अध्यक्ष

पटना, (हि.स.)। बिहार विधानसभा में चल रहे 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि विधायी निकायों की बैठकों की घटती संख्या चिंता का विषय है। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों से इस मुद्दे को हल करने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया।ओम बिरला ने दिल्ली विधानसभा का उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा ने अपने पूरे पांच साल के कार्यकाल में मात्र 74 बैठकें की हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने संसद और राज्य विधानसभाओं में योजनाबद्ध व्यवधानों की भी निंदा की और राजनीतिक दलों से सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने का आग्रह किया।साथ ही निर्वाचित सरकारों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए संसदीय स्थायी समितियों की भूमिका बढ़ाने की वकालत करते हुए कहा कि स्थायी समितियां छोटी संसद हैं और उनके कामकाज को मजबूत करने की जरूरत है।इससे पहले आज सुबह विधानसभा के प्रागण में स्पीकर ओम बिरला को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रगति यात्रा के लिए जाने से पहले ओम बिरला से मुलाकात की।सम्मेलन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित देशभर से राज्य विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया।

हिन्दू अपने मंदिरों को सरकारों से वापस प्राप्त करें

साक्षात्कार में विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय संगठन महामंत्री मिलिन्द परान्डे का मत

महाकुंभनगर, (हि.स.)। हिन्दू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने का यह सर्वोत्तम समय है। परम्परा,सभ्यता और संस्कृति की रक्षा के लिए हिन्दुओं को एक साथ आना होगा और अपनी विरासत को पुनः प्राप्त करना होगा। यह आवश्यक है कि हिन्दू अपने मंदिरों को सरकारों से वापस प्राप्त करें और उनका कायाकल्प करें। यह बातें विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय संगठन महामंत्री मिलिन्द परान्डे ने %हिन्दुस्थान समाचार% से साक्षात्कार के दौरान कही। हिन्दुस्थान समाचार के वरिष्ठ संवाददाता बृजनन्दन राजू ने विहिप संगठन महामंत्री मिलिन्द परान्डे से विस्तृत बातचीत की। प्रस्तुत है उनसे बातचीत के प्रमुख अंश।

प्रश्न- सरकारी नियंत्रण से हिन्दू मंदिरों की मुक्ति विहिप की पुरानी मांग है। आज केन्द्र में भाजपा की सरकार है फिर इतनी देर क्यों?

उत्तर- यह प्रश्न बहुत जटिल है। एक-एक राज्य में हजारों मंदिर हैं। अकेले आन्ध्र प्रदेश में 23 हजार मंदिर सरकारी नियंत्रण में हैं। ऐसे ही केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में हजारों मंदिर सरकार के नियंत्रण में हैं। आचार्य महासभा के महासचिव स्वामी परमात्मानंद सरस्वती की अध्यक्षता में संत,अधिवक्ता परिषद व विहिप ने मिलकर थिंक टैंक बनाया है, क्योंकि इसके लिए राज्यों में कानून लाना पड़ेगा । कानून का प्रारूप क्या होगा। किस स्वरूप में हिन्दू समाज मंदिरों को स्वीकारेगा। कैसे व्यवस्था है मंदिरों को स्वीकारना और मंदिरों की संपत्ति और मंदिरों के काम क्या होंगे और मंदिरों के विवाद के बारे मे निस्तारण के बारे में एक पूर्ण वयवस्था इसमें दी गई है। राज्य सरकारों से मिल रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों से मिल रहे हैं और समाज का जागरण कर रहे हैं। मंदिरों का सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के लिए बहुत बड़ा जागरण अभियान कार्यक्रम विजयबाड़ा में किया गया है। इसे विहिप अब देशभर में लेकर जायेगी।

प्रश्न-प्रयागराज कुंभ हिन्दू समाज के अनेक संकल्पों व निर्णयों का साक्षी रहा है। विश्व हिन्दू सम्मेलन व धर्म संसद के कई आयोजन यहां हुए हैं। महाकुंभ में विहिप की ओर से विशेष आयोजन क्या होने वाले हैं?

उत्तर- दंत कुंभ का कार्यक्रम विहिप के शिविर में चल रहा है। महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं के दांतों का इलाज यहां पर हो रहा है। विहिप संतों के मार्गदर्शन में ही करती है। इसलिए संतों के अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम हैं। केन्द्रीय मार्गदर्शक मण्डल की बैठक 24 जनवरी को है। बाद में दो दिन संत सम्मेलन है। इसके बाद युवा संतों का सम्मेलन और साध्वियों का सम्मेलन है। विहिप की अखिल भारतीय बैठक 06 फरवरी से 09 फरवरी तक चलेगी। विहिप बड़े पैमाने पर गोरक्षा का काम करती है। गौवंश को कसाईयों के हाथ से गोवंश को छुड़ाने वाला विहिप के युवा विभाग बजरंग दल है। इन सारे काम में जो कार्यरत है। ऐसे हजारों कार्यकर्ताओं का एक सम्मेलन यहां होने जा रहा है। अनेक शक्तियां हिन्दू समाज में भेद निर्माण करने का प्रयत्न कर तोड़ने का प्रयास कर रही हैं। इसलिए सामाजिक समरसता का विषय लेकर एक बड़ी बैठक यहां पर होगी। साथ ही पहली बार विहिप के परिसर में बौद्ध सम्मेलन होगा।

प्रश्न- पहले विश्व हिन्दू सम्मेलन होते थे? अब अलग से बौद्ध सम्मेलन करने की आवश्यकता क्यों पड़ी?

उत्तर- कुंभ आध्यात्मिक एकत्रीकरण का स्थान है। आपस में मिलना अलग-अलग परम्पराओं के संतों का मिलना शैव जैन सिख बुद्ध इन सभी परम्पराओं का जन्म इसी पुण्यभूमि में हुआ है। इसलिए यह सामान्य प्रक्रिया है। संघर्ष के कालखण्ड में यह चर्चा बंद हो गई थी। पहले भी विहिप के सम्मेलनों में बौद्ध लामा व पूज्य दलाईलामा आते रहे हैं। इस बार भी उनके प्रतिनिधि उनका संदेश लेकर आएंगे। बौद्ध सम्मेलन में अलग-अलग बौद्ध परम्पराओं के विदेश के और भारत के अंदर के बौद्ध भंते और बौद्ध लामा यहां आ रहे हैं। भारत के अलावा रूस,कोरिया,थाईलैंड,वर्मा, तिब्बत,नेपाल व श्रीलंका समेत कई देशों के बौद्ध भंते और लामा यहां आ रहे हैं।

प्रश्न-महाकुंभ में होने वाली विहिप की बैठक व संत सम्मेलन में किन विषयों पर चर्चा होगी?

उत्तर- महाकुंभ में हिन्दू समाज के सामने जो चुनौतियां,जो संकट हैं और हिन्दू समाज की जो आज की आवश्यकता है इन विषयों पर चर्चा होगी। हिन्दू जन्मदर का घटना चिंताजनक है। मतांतरण की समस्या है। लव जिहाद की समस्या है। घुसपैठ की समस्या है। यह चारों कारण हिन्दू घटती जनसंख्या के प्रमुख कारण हैं। इस बारे में कार्ययोजना बनेगी। इसके अलावा जो जनजाति क्षेत्र है उसमें प्रभाव रखने वाले पूजनीय संत। अनुसूचित समाज में प्रभाव रखने वाले पूजनीय संत। दक्षिण भारत के अनेक पूजनीय संत और भारत के उत्तर पूर्व के संत और समाज के विविध वर्गों में जिनका प्रभाव है ऐसे पूजनीय संत यहां पर बड़ी संख्या में आने वाले हैं। उनके बीच किस प्रकार की चुनौतियां हैं इस पर चर्चा होगी।

प्रश्न- विश्व के कितने देशों में विहिप का काम है?

उत्तर- विश्व के 30 देशों में विश्व हिन्दू परिषद का काम चल रहा है लेकिन हर देश का काम स्वतंत्र है। विहिप की बैठक में अनेक देशों के प्रतिनिधि जिसमें अमेरिका, नेपाल, जर्मनी, इटली समेत अनेक देशों के कार्यकर्ता यहां पर आएंगे। इसके अलावा अनेक देशों के संत महाकुंभ में आये हैं उनसे सम्पर्क का काम विहिप के संपर्क विभाग के कार्यकर्ता कर रहे हैं।

प्रश्न- संत वक्फ बोर्ड समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। विहिप संशोधन की बात क्यों कर रही है?

उत्तर- अभी यह विषय जेपीसी के सामने है। हमने सांसदों से मिलकर इस विषय का आग्रह किया है कि इसका जो असीमित अधिकार का क्षेत्र है उसे समाप्त कर दिया जाए। कानून लाया गया है पारित होने की हम राह देख रहे हैं। संत सम्मेलन में इस पर चर्चा होगी।

प्रश्न- संतों ने सनातन बोर्ड की मांग उठाई है? इस पर आप का क्या कहना है?

उत्तर-अब तक सनातन बोर्ड की स्पष्टता किसी ने की नहीं है। जब सनातन बोर्ड कहते हैं तो उसका स्वरूप और प्रारूप क्या है जब तक स्पष्ट नहीं होगा तब तक उसके बारे में मत व्यक्त करना ठीक नहीं होगा।

प्रश्न- सम्पूर्ण विश्व के हिन्दुओं के लिए महाकुम्भ से आप का क्या संदेश है?

उत्तर- महाकुंभ पूर्ण विश्व में मानवता का सबसे बड़ा एकत्रीकरण है। वह भी हिन्दू समाज का एकत्रीकरण है यह हमारे लिए और ही आनंद की बात है। अनादिकाल से बिना बुलाए पूज्य संत और श्रद्धालु यहां आते हैं। पूज्य संतों का आध्यात्मिक व सामाजिक विषयों पर मार्गदर्शन व गंगा जी का स्नान इन दो विषयों को लेकर लोग यहां आते हैं। हिन्दू धर्म की यह महिमा है कि कोई किसी की जाति नहीं पूछता। आज करोड़ों लोगों का एकत्र भोजन हो रहा है। कौन किसको भोजन करा रहा है। कौन किसके हाथ से खा रहा है। कोई नहीं पूछता। इतना समरसता का भाव यहां दिखाई दे रहा है।

समझौता पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने में उपयोगी होगाः जयवीर

हेरिटेज वाक के लिए दस दिशा और राज्य पर्यटन विकास निगम के बीच एमओयू साइन

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राज्य पर्यटन विकास निगम यूपीएसटीडीसी ने दस दिशा नामक संगठन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

यह संगठन स्थानीय इतिहास को दस्तावेजीकृत करने और अंतरसांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस साझेदारी के तहत, प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि समझौता की समृद्ध ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करते हुए सांस्कृतिक पर्यटन अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया है। गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम के लिए प्रसिद्ध प्रयागराज धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

दस दिशा द्वारा परिकल्पित और संचालित हेरिटेज वॉक प्रतिभागियों को संगम, प्रयागराज किला, अक्षयवट, आनंद भवन और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का अनुभव प्रदान करेगा। यूपीएसटीडीसी इसे आधिकारिक वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से बढ़ावा देगा और बुकिंग को सीधे दस दिशा की वेबसाइट से जोड़ेगा। यह साझेदारी दस दिशा को आधिकारिक भागीदार के रूप में ब्रांडिंग के अवसर भी प्रदान करेगी।

दस दिशा गाइड्स को प्रशिक्षित करेगा ताकि वे सटीक जानकारी, प्रभावी स्टोरी टेलिंग और आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें, जिससे प्रतिभागियों के लिए एक आकर्षक और यादगार अनुभव बने। यह पहल यूपीएसटीडीसी के व्यापक मिशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करना और आगंतुकों को राज्य की अनूठी धरोहर से गहराई से जोड़ना है।

राज्यपाल मातृशक्ति महाकुम्भ में हुईं सम्मिलित

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के बैनर पर विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र द्वारा आयोजित 'महाकुम्भ दर्शन शिविर' में अहिल्याबाई होल्कर जी की जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर आयोजित 'मातृशक्ति महाकुंभ कार्यक्रम' में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर उन्होंने विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की वेबसाइट का लोकार्पण किया।

वेबसाइट विद्या भारती के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के शैक्षणिक और सांस्कृतिक प्रयासों को डिजिटल माध्यम से प्रस्तुत करने का एक प्रयास है। कार्यक्रम में भारतीय शिक्षा, संस्कृति और महाकुंभ की आध्यात्मिक महिमा को रेखांकित किया गया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में महाकुंभ के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इसे भारतीय परंपराओं और आध्यात्मिकता का जीवंत संगम बताते हुए कहा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय जीवन मूल्यों और संस्कृति का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने न केवल अपने राज्य का विकास किया बल्कि न्यायप्रियता और नैतिकता के उदाहरण प्रस्तुत किए। राज्यपाल ने माता-पिता की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि माता-पिता को अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए। ताकि उन्हें भविष्य में वृद्धाश्रम की जरूरत न पड़े। 8 साल की उम्र में जो बच्चे सही और गलत का भेद सीखते हैं, वही उनके जीवन का आधार बनता है। महिला ही बच्चों की पहली और सबसे महत्वपूर्ण गुरू होती है, इसलिए उनके संस्कारों में विशेष ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज , जो कार्यक्रम के अध्यक्ष थे। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि महाकुंभ के आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता और समरसता का संदेश देना है। उन्होंने महाकुंभ को भारतीय संस्कृति का महानतम संगम बताया और कहा कि विद्या भारती की नई वेबसाइट इस दिशा में शिक्षा और भारतीय परंपराओं को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतीन्द्र जी, वात्सल्य हॉस्पिटल की निदेशक और प्रसिद्ध चिकित्सक डा कृतिका अग्रवाल एवं विशेष उपस्थिति के रुप में क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र जी, क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री डॉ राममनोहर तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ दिव्यकान्त शुक्ल जी उपस्थित रहें।।

प्रदेश में रोजगार व विकास के नए अवसर सृजित हुएः नन्दी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर बन कर तैयार है, जहां से जल्द ही हवाई उड़ान शुरू होगी। वहीं नोएडा में इंटरनेशनल फिल्म सिटी भी जल्द ही स्थापित होने जा रही है। यही नहीं गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण के साथ ही देश के सर्वाधिक 50 प्रतिशत से अधिक एक्सप्रेसवे के नेटवर्क वाला प्रदेश अपना प्रदेश उत्तर प्रदेश बनने जा रहा है। इसके साथ प्रदेश के औद्योगिक विकास में 2017 के बाद से अब तक हुए कई क्रांतिकारी बदलाव एवं विकास से देश ही नहीं बल्कि विश्व के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं को अवगत कराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने महाकुम्भ मेला क्षेत्र में सोमवार को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा एवं उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीडा के पवेलियन एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।इस दौरान मंत्री नन्दी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश की पहचान बीमारू राज्य के रूप में होती थी। जहां कानून व्यवस्था ध्वस्त थी। उद्यमी प्रदेश में उद्योग लगाने एवं निवेश करने से डरते थे और पलायन कर रहे थे। 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद प्रदेश की दशा और दिशा दोनों में बदलाव हुआ। आज उत्तर प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर है। वहीं उत्तर प्रदेश निवेशकों का प्रमुख गंतव्य बन कर उभरा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के निर्माण से पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश में विकास की एक नयी लहर आ गई है। यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न औद्योगिक, संस्थागत योजनाओं से क्षेत्र व प्रदेश में रोजगार व विकास के नए अवसर सृजित हुए हैं।यीडा के पंडाल में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में बन रहे मेडिकल डिवाइसेज पार्क, सेक्टर 29 में विकसित किए जा रहे अपेरल पार्क, सेक्टर 33 में स्थापित टॉय पार्क, सेक्टर 10 व सेक्टर 28 में बनने वाले सेमी कंडक्टर पार्क, सेक्टर 32 व 33 की एमएसएमई, हैण्डीक्राफ्ट पार्क सहित सभी औद्योगिक सेक्टर्स की परियोजनाओं की प्रगति देखने को मिलेगी।

गोवंश संरक्षण हेतु जागरूकता जरूरीः धर्मपाल

गो आश्रयस्थल निर्माण में गुणवत्ता न रखने वाली कार्यदायी संस्थाओं पर होगी कार्यवाही

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधानभवन स्थित कार्यालय कक्ष में पशुधन विभाग की बैठक में निर्देश दिये कि गोआश्रय स्थलों के निर्माण कार्यों एवं पशुओ की वैक्सीन, दवाईयों, औषधि में मिलावट, गुणवत्ता की कमी आदि की शिकायतें प्राप्त होने पर संबंधित संस्थाओं की जांचकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए उन्हें ब्लैक लिस्ट किया जाए। अवस्थापना संबंधी कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का पूरा ध्यान रखा जाए। गोवंश शेड, पानी पीने की चरहिया, खडंजा आदि मजबूत एवं व्यवस्थित तरीके से निर्मित कराया जाए। पशुधन के स्वास्थ्य की सुरक्षा महत्वपूर्ण है और इसमें चारा, भूसा, औषधियों या वैक्सीन की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा और संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।श्री सिंह ने निर्देश दिये कि 14 जनवरी से 02 फरवरी तक पशुकल्याण पखवाड़े के माध्यम से लोगों को पशुओं के प्रति जागरूक किया जाए और लोगों को बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा के बारे में सिखाया जाए। सड़क किनारे एवं अन्य स्थानों पर बीमार एवं घायल पशुओं के लिए चिकित्सा शिविर आयोजित किये जाए। दूध निकालने के लिए पशुओं को दिये जाने वाले आक्सीटोसिन इंजेक्शन के हानिकारक प्रभाव के बारे में बताया जाए। प्लास्टिक बैग विरोधी अभियान शुरू कर लोगों को जागरूक किया जाए। गौशाला कर्मियों के लिए कार्यशाला आयोजित की जाए ताकि बायो गैस, वर्मी कम्पोस्ट, जैव कीटनाशक, अगरबत्ती एवं पंचगव्य औषधियों के उत्पादन हेतु गौजनित पदार्थों का उपयोग किया जा सके। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर आवारा एवं पालतू पशुओं के टीकाकरण के लिए एन्टी रैबीज शिविर का आयोजन किया जाए। गौवंश के उचित भरण पोषण के लिए आवश्यक है कि हरे चारे की बुआई वर्ष पर्यन्त व्यवस्थित ढंग से प्राथमिकता के आधार पर की जाए। चारागाहों भूमि को कब्जामुक्त कराते हुए मनरेगा से बहुवर्षीय और सीजनल चारा बुआया जाए। महाकुम्भ में पशुधन विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए और देशी नस्ल की गायों की महत्ता से लोगों को जागरूक किया जाए। विभागीय योजनाओं से किसानों और पशुपालकों को बड़ी संख्या में जोड़ा जाए। गो आश्रय स्थलों पर गोवंश के ठंड से बचाव के लिए त्रिपाल अलाव आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

मनरेगा के तहत 100 दिन रोजगार देने में यूपी ने पहला स्थान हासिल किया

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 100 दिन रोजगार देने में उत्तर प्रदेश ने पहला स्थान हासिल किया है। उत्तर प्रदेश सरकार में ग्राम विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास विभाग संभाल रहे उप मुख्यमंत्री मौर्य ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''उत्तर प्रदेश में मनरेगा योजना के तहत वर्ष 2024-25 में अब तक 3,13,076 परिवारों को 100 दिन रोजगार दिया गया है।घ् इसी पोस्ट में उन्होंने कहा '' इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश 100 दिवस रोजगार देने में प्रथम स्थान पर है। मौर्य ने कहा, ''यही वजह है कि ग्रामीण क्षेत्र के अकुशल श्रमिकों को रोजगार के लिए अपना गांव छोड़कर नहीं जाना पड़ता है। इस बीच ग्राम विकास विभाग अकुशल कर्मियों को हुनरमंद बनाने के लिए प्रशिक्षित भी कर रहा है। ग्राम विकास विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मनरेगा कामगार मात्र मजदूर बनकर न रह जाएं, इसलिए उन्हें अपने क्षेत्र में कुशल, हुनरमंद और काबिल बनाने के लिए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व और निर्देशन में प्रदेश में मिशन 'उन्नति योजनाश् के तहत प्रशिक्षित कराया जा रहा है।

पत्रकारों को मिला कुंभ मेले का आमंत्रण

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। यूपी प्रेस क्लब लखनऊ में पत्रकार स्वर्गीय सहदेव माली की स्मृति में आयोजित तहरी भोज में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नौकरशाह और राजनेता , पत्रकार शामिल हुए। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन और यूपी प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने पत्रकारों का आभार व्यक्त कर कहा कि महाकुंभ के कवरेज में जिस कौशल का परिचय दिया है उससे पर्यटन क्षेत्र में विश्व स्तर पर उत्तर प्रदेश की क्षवि को अपार लाभ मिला है। उन्होंने सभी पत्रकारों को महाकुंभ आने का निमंत्रण भी दिया। तहरी भोज में प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री व गृह एवं सूचना संजय प्रसाद और अपर सूचना निदेशक अंशुमन राम त्रिपाठी, प्रमुख सचिव खाद्य औषधि रंजन कुमार , जॉइंट सेक्रेटरी लखनऊ विकास प्राधिकरण अजीत प्रताप सिंह और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए । राजनेताओं में विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, विधायक राजेश्वर सिंह , विधायक योगेश शुक्ला, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल , समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी, सपा के मीडिया प्रभारी आशीष यादव उर्फसोनू, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह , सपा प्रवक्ता दीपक रंजन , राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे, मुकेश सिंह चेयरमैन यूपी इंडो अमेरिकन चौम्बर ऑफ कॉमर्स, भाजपा युवा नेता सोनू सिंह, उत्तर प्रदेश क्षत्रिय समन्वय समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह बब्बू, लखनऊ दुग्ध उत्पादन संघ अध्यक्ष शिखा तोमर प्रमुख रूप से शामिल रहे। यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह यूनियन के प्रादेशिक अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी , महामंत्री प्रेमकांत तिवारी और लखनऊ मंडल के अध्यक्ष शिव शरण सिंह तथा महामंत्री विश्वदेव राव मेहमानों का स्वागत किया।

दलित का मकान गिराए जाने की आहट से इकट्ठा हुआ राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों और रसूलपुर टिकनिया मऊ के ग्राम वासियों ने प्रातः 10 बजे संतोष कुमार के मकान को गिराने के लिए तहसील प्रशासन द्वारा प्रापर्टी डीलर को फायदा पहुंचाने के लिए कल नोटिस दिया गया जो उपजिलाधिकारी कार्यालय से 4 जनवरी को जारी हुई थी जो ग़लत है जबकि अपर जिलाधिकारी प्रशासन के कोर्ट में मामला विचाराधीन है संतोष कुमार दलित परिवार से हैं और उनके भारत देश में रहने की कोई और जमीन नहीं है उक्त भूमि पर उनके पिता जी की समाधि बनी है। देश और प्रदेश की सरकारे ऐसे लोगों को आवासीय भूखंड और आवासों का निर्माण करा रही है इसलिए राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने मन बना लिया है कि संतोष कुमार का मकान नहीं गिराने दिया जाएगा इसी संकल्प को लेकर आज़ सभी मौके पर इकट्ठा हुए किंतु तहसील प्रशासन द्वारा कोई नहीं आया मौके पर पहुंचे जिला अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा मकान नहीं गिरने दिया जाएगा तब सभी लोग 5बजे अपने अपने घर चले गये ।

इंडिया ब्लॉक मिल्कीपुर में पूरी ताकत से चुनाव लड़ रहा है

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए कहा कि इंडिया ब्लॉक वहां पर पूरी ताकत से चुनाव लड़ रहा है। हम इंडी गठबंधन के प्रत्याशी की मदद कर रहे हैं। मिल्कीपुर में समाजवादी पार्टी के कैंडिडेट हैं और सपा को जहां भी हम सब लोगों की आवश्यकता पड़ेगी, वहां जाकर प्रचार करेंगे। बता दें कि मिल्कीपुर से इस बार सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को टिकट दिया गया है। वहीं अजीत प्रसाद के खिलाफ भाजपा ने चंद्रभानु पासवान को चुनाव मैदान में उतारा है। मिल्कीपुर सीट पर 5 फरवरी को वोटिंग होगी, जिसके नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने पर अजय राय ने कहा कि दिल्ली चुनाव में पहले से ही सब तय हो गया था। दिल्ली में जितना भी विकास कार्य दिख रहा है, चाहे मेट्रो हो, सड़क हो, बिजली हो, लोगों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था हो, स्कूल-कॉलेज की व्यवस्था हो, सब पूर्व सीएम शीला दीक्षित जी के समय पर हुआ है। सब कांग्रेस का देन है। इस नाते दिल्ली की जनता कांग्रेस को पसंद कर रही है और कांग्रेस मजबूती से चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी द्वारा आम आदमी पार्टी को समर्थन देने पर कहा था कि अखिलेश यादव यूपी में कहें कि कांग्रेस के साथ नहीं रहेंगे। इस पर अजय राय ने कहा कि इमरान मसूद हमारी पार्टी के सांसद हैं। जो उन्होंने कहा है, वो निश्चित तौर पर उनकी बात है। इंडिया ब्लॉक पूरी ताकत के साथ यूपी में खड़ा है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर मामले में कांग्रेस नेता अजय राय ने कहा कि आरोपी ने जिस तरह का घिनौना कृत्य किया है, उसे फांसी की सजा ही मिलनी चाहिए।इसके अलावा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी और अखिलेश यादव से नहीं मिलने पर अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी समय के अभाव में नहीं मिले होंगे। राहुल गांधी सबसे मिलते हैं, सबका सम्मान करते हैं और सबको साथ लेकर चलते हैं। आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर वी. कामकोटि के गोमूत्र के औषधीय गुण बताने पर भी अजय राय ने कहा कि गौ हमारी माता है, उसकी हम उनकी पूजा करते हैं, गौ माता हमारे लिए श्रद्धा का विषय है।

भारत के पूर्व चीफ जस्टिस और वर्तमान राज्यसभा सांसद रंजन गोगोई द्वारा एक देश एक चुनाव का समर्थन करने पर अजय राय ने कहा कि जहां तक एक साथ चुनाव की बात है, तो सरकार हिंदुस्तान की संघीय व्यवस्था को ध्वस्त करने के लिए काम करने जा रही है।

जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की बैठक आज

वक्फ बिल संशोधन को लेकर मुस्लिम धर्म गुरुओं से करेंगे चर्चा, संसद में पेश होगी रिपोर्ट

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में वक्फबोर्ड संशोधन अधिनियम 2024 को लेकर लगातार चर्चा का दौर जारी है। इसको लेकर गोमती नगर के मैरियट होटल में मंगलवार को जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की बैठक होगी। इसमें बिल को लेकर मुस्लिम धर्म गुरुओं और आम मुसलमानों की राय, सुझाव लिया जाएगा। इस बैठक में जेसीपी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल, सदस्य असदुद्दीन ओवैसी समेत उत्तर प्रदेश सरकार, अल्पसंख्यक कार्य विभाग, विधि एवं न्याय मंत्रालय के प्रतिनिधि, शिया-सुन्नी सेंट्रल वक्फबोर्ड के सदस्य और अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य शामिल होंगे। बैठक अपने पूर्व निर्धारित समय सुबह 10 बजे से शुरू होगी। जिसमें वक्फसंशोधन विधेयक, 2024 पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। जेपीसी कमेटी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल का लखनऊ में यह दूसरा दौर है। इससे पहले 26 अगस्त 2024 को लखनऊ दौरे के दौरान मुस्लिम समुदाय के धर्म गुरुओं और बुद्धिजीवियों से मुलाकात की थी। चार महीना पूर्व दौर में जगदंबिका पाल ने मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और मौलाना सैफ अब्बास से बिल के संबंध में लंबी चर्चा की थी। बैठक के बाद मुस्लिम धर्म गुरुओं ने कहा था कि अध्यक्ष ने हमें आश्वासन दिया है कि कोई भी ऐसा फैसला नहीं लिया जाएगा, जिससे अल्पसंख्यक समुदाय को एतराज हो। 31 जनवरी 2025 से शुरू होने वाले संसदीय सत्र से पहले जेपीसी की यह स्टडी विजिट समाप्त हो सकती है। यह विजिट उत्तर प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों में हो रही है। जिसके बाद समिति अपनी रिपोर्ट संसद में पेश करेगी। यूपी देश में सबसे अधिक वक्फसंपत्तियों वाला प्रदेश है, जिससे यह चर्चा विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

भारतीय प्रगतिशील महिलाओं का प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। बीकेटी अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) ने बीकेटी थाना पुलिस की निष्क्रियता और अपराधियों को खुली छूट देने के खिलाफ आज उपजिलाधिकारी कार्यालय बख्शी का तालाब के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को सम्बोधित दो सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी श्री सतीश चन्द्र त्रिपाठी को सौंपा।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज ऐपवा की राज्य कार्यकारिणी की सदस्य सरोजिनी बिष्ट और जिला सहसंयोजिका का0 कमला गौतम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर सरकार और पुलिस विरोधी नारे बाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

बीकेटी पुलिस अपराधियों का संरक्षण करना बन्द करो!, योगी सरकार होश में आओ- महिला हिंसा में लिप्त अपराधियों को जेल भेजो!, कमला गौतम को जान से मार डालने की धमकी देने वालों पर मुकदमा दर्ज करो!, अपराधियों को संरक्षण देने वाले पुलिस कर्मियों को दण्डित करो!

उपजिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष सभा को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले के जिला प्रभारी का0 रमेश सिंह सेंगर ने कहा कि योगी राज पुलिस राज में तब्दील हो गया है। एक ओर कानून व्यवस्था बनाए रखने के नाम पर युवाओं के पैरों में गोली मारी जा रही है वहीं दूसरी ओर खतरनाक अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि यह सरकार संविधान और गणतंत्र पर हमला कर मनुस्मृति पर आधारित हिन्दू राष्ट्र का निर्माण करने पर आमादा है। उन्होंने संविधान बचाने के लिए जारी संघर्ष में सामिल होने का आवाहन किया।

ऐपवा की राज्य कार्यकारिणी की सदस्य का,0 सरोजिनी बिष्ट ने कहा कि यह सरकार महिला सुरक्षा और बेटी पढ़ाओ -बेटी बढ़ाओ की बड़ी बड़ी बातें कर रही है और मिशन शक्ति के नाम पर महिलाओं के सशक्तिकरण का राग अलाप रही है लेकिन जमीनी सच्चाई इसके उल्ट है। प्रदेश में महिला उत्पीडन की घटनाएं रिकार्ड तोड़ रही है। कोई दिन ऐसा नहीं जा रहा है कि महिला हिंसा की बड़ी बड़ी घटनाएं न घट रही हों।

सफाई कर्मी, सफाई कर्मचारी नहीं, स्वच्छता सेनानी हैंः मनोहर लाल खट्टर

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने प्रयागराज नगर निगम में सफाई कर्मियों को किट और ट्रैक सूट देकर किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर प्रयागराज महाकुम्भ में अपने प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को प्रयागराज नगर निगम के कार्यालय में स्थापित कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया और इसके माध्यम से महाकुंभ मेला क्षेत्र और प्रयागराज शहर की सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोग्राम की व्यवस्था को देखा तथा एआई तकनीकी के माध्यम से स्वच्छता कार्यक्रम की निगरानी का भी जायजा लिया। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों को माला पहनाकर तथा अंगवस्त्र भेटकर उन्हें सम्मानित किया और उनके कार्यों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि किसी भी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सफाईकर्मी नींव का पत्थर होते हैं। आज पूरा विश्व दिव्य-भव्य और स्वच्छ महाकुम्भ देख पा रहा है तो इसका सर्वाधिक श्रेय स्वच्छता के वाहक सफाई कर्मचारियों को ही जाता है। उन्होंने कहा कि ये सफाईकर्मी नहीं, बल्कि स्वच्छता सेनानी हैं।केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सोमवार को प्रयागराज नगर निगम में सफाई कर्मचारियों को माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों को किट और ट्रैक सूट भी वितरित किया। प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा और महापौर गणेश केसरवानी के साथ स्मार्ट सिटी बिल्डिंग का दौरा किया। नगर निगम के पार्षदगण के साथ केंद्रीय मंत्री खट्टर, नगर विकास मंत्री एके शर्मा और महापौर गणेश केसरवानी ने नगर निगम का नवनिर्मित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कंट्रोल रूम देखा। इस दौरान नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने उन्हें कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली, शहर की सफाई व्यवस्था, मॉनिटरिंग और कचरा निस्तारण के साथ संचालित एमआरएफ एआरएफ बायो सीएनजी और सीएंडडी प्लांट के बारे में जानकारी दी। नगर आयुक्त ने बताया कि प्लांट के जरिए निगम को सालाना 40 लाख रुपए का रेवेन्यू भी प्राप्त हो रहा है। वहीं गीले कचरे का निस्तारण कर सीएनजी बनाया जाएगा। इसका वितरण एओएल और घरों में पाइप के जरिए होगा।शहर की एआई मॉनिटरिंग और समस्याओं का त्वरित निस्तारण होता देख केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर ने नगर निगम के कार्यों की सराहना की और शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 70 किलोमीटर तक मुख्य सड़कों के दायरे को कवर कर स्वच्छ बनाना काबिल-ए- तारीफ है। शहर में अतिक्रमण, सड़क किनारे पड़े कूड़े, खराब स्ट्रीट लाइट, आवारा पशुओं की निगरानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से की जा रही है। यह अपने आप में अचीवमेंट है। इसके बाद केंद्रीय मंत्री केंद्रीय सर्विस सेल में पहुंचे और वहां पर चल रहे काम-काज की जानकारी ली। इस दौरान नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा और महापौर गणेश केसरवानी ने केन्द्रीय मंत्री को महाकुंभ-2025 का मोमेंटो भेंट किया।निरीक्षण के दौरान केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि, दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन महाकुंभ प्रयागराज में चल रहा है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा से लेकर हर सुविधा मुहैया करवाई है। इसमें नगर निगम का योगदान काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने निगम के स्वच्छता अभियान की तारीफकरते हुए नगर आयुक्त की पीठ थपथपाई।नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि महाकुंभ तीर्थ क्षेत्र के लिए प्रयागराज शहर में दुनिया भर से लोग आ रहे हैं, ऐसे में सफाई व्यवस्था बनाए रखना बड़ी चुनौती है। अब तक 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान कर पुण्य प्राप्त किया। इतनी भीड़ होने के बावजूद भी कुम्भ मेला क्षेत्र में साफ सफाई एवं स्वच्छता को लेकर अभी तक शिकायतें नहीं आई हैं।

संक्षिप्त खबरें

चेन स्नैचिंग का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस ने बीकेटी और इटौंजा में चेन स्नैचिंग की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी खर्चा निकालने के लिए अपने भाई के साथ मिलकर वारदातों को अंजाम देता था। डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान पंकज शुक्ला (21) के रूप में हुई है, जो चिनहट थाना क्षेत्र के पब्लिक बिहार कालोनी सतरिख रोड का रहने वाला है। पूछताछ में पंकज ने बताया कि वह अपने भाई शुभम शुक्ला के साथ मिलकर चेन स्नैचिंग करता था। डीसीपी ने बताया कि 12 जनवरी को लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा के पास स्थित ज्योति ढाबे के निकट एक महिला का पर्स छीनने की घटना में इन दोनों भाइयों का हाथ था। इस घटना की शिकायत अमितेश कुमार ने इटौंजा थाने में दर्ज कराई थी। दूसरी घटना बीकेटी थाना क्षेत्र में 18 अक्टूबर 2024 को रामकुमार सिंह की पत्नी के साथ हुई थी। आरोपी झपट्ष्टा मारकर कान के कुंडल छीन लिए थे। पुलिस ने आरोपी से झुमकी, दो अंगूठियां, 2,150 रुपए नकद और एक स्कूटी बरामद की है। पूछताछ में पता चला कि नकदी महिला से छीने गए कुंडल को बेचकर जुटाई गई थी। पुलिस अब फरार चल रहे दूसरे आरोपी शुभम शुक्ला की तलाश कर रही है।

सड़क दोबारा बनाने पर महापौर का एक्शन

लखनऊ। लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल सोमवार को लालबाग पहुंची। यहां बालाकदर रोड जोन-1 में बनी सड़क को दोबारा उखाड़कर बनाने की शिकायत पर निरीक्षण किया। वहीं निर्माणकार्य रुकवा दिया। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर बुलाकर फटकार लगाई। महापौर ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, नगर निगम के चीफइंजीनियर महेश वर्मा, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार और जेई ने बताया कि यह निर्माण उनके संज्ञान में नहीं है। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मामले की जांच करें और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने कहा नगर निगम की सड़कों का निर्माण पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से किया जाना चाहिए।मेयर ने कहा कि यह रोड़ बनाने लायक है। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि ठेकेदार बना रहा है, जिसपर मेयर ने कहा कि एस्टीमेट आप बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर वासियों ने पांच साल के लिए मेयर की जिम्मेदारी दी है। इसमें गलत काम नहीं होगा। वहीं, मेयर का कहना है कि कौन सा विभाग सड़क बना रहा था। एस्टीमेट किसने बनाया है। अब मैं, काम नहीं करूंगी। कोई काम नहीं करूंगी। मैं, इधर पैसा निकालती हूं। इधर आप लोग पैसा हजम कर लेते हैं। वहीं, जांच में फिलहाल सामने आ रहा है कि सड़क को स्मार्ट सिटी के तहत बनाया जा रहा था। मेयर कैंप कार्यालय से सटी इंटरलॉकिंग को निकालकर नया निर्माण हो रहा था। मेयर को देखते ही निर्माण कार्य करवा रहा ठेकेदार मौके से भाग गया। ठेकेदार के काम छोड़कर जाने के बाद निर्माण कार्य में लगे मजदूर भी काम भाग गए। चीफ इंजीनियर के निर्देश पर एई आलोक मेहता की ओर से कैसरबाग कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर करवाया गया है। साथ ही पीडब्ल्यूडी, सीडीओ ऑफिस, एलडीए और आवास विकास को भी पत्र लिखकर निर्माण कार्य से जुड़ी जानकारी मांगी गई है। वहीं, मामले में अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कार्य किस एजेंसी द्वारा किया जा रहा था। इसकी जांच की जा रही है। इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड में भी बगैर टेंडर जारी हुए पांच सड़कों का निर्माण कार्य हो गया था। मामले में खुलासे के बाद चीफइंजीनियर ने जारी टेंडर को निरस्त कर दिया। साथ ही ठेकेदार के भुगतान को रोक दिया है। इस मामले में जेई को जोन से तबादला कर दिया गया। लेकिन अब जेई सदानंद के खिलाफलापरवाही बरतने पर निलंबन की कार्रवाई तक के लिए शासन को पत्र नहीं लिखा गया। अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई के लिए जल्द नगर आयुक्त को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। जगदीश चंद्र वार्ड के पार्षद यावर हुसैन रेशू का कहना है कि निर्माण कार्य उनके कोटे से नहीं हो रहा है। लेकिन बीते कुछ दिनों से स्मार्ट सिटी की ओर से कई सड़क और फुटपाथ को अचानक खोद दिया गया है। हो सकता है। संभव है कि मेयर कैंप कार्यालय रोड पर भी निर्माण स्मार्ट सिटी के बजट से हो रहा हो, लेकिन अभी नगर निगम के अधिकारी स्मार्ट सिटी की तरफ से निर्माण कार्य होने के बारे में कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

सिपाही का हाथ छुड़ा कर भागे बदमाश को एसटीएफ ने दबोचा

लखनऊ एसटीएफ ने सिपाही का हाथ छुड़ा कर भागे बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। जुलाई माह में पेशी से लौटते वक्त आरोपी फरार हुआ था। उसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार का इनाम भी घोषित था। एसीपी एसटीएफ दीपक कुमार सिंह ने बताया कि 12 जुलाई को जिला जेल से आशियाना सालेहनगर निवासी सलमान पेशी पर आया था। सिपाही अरशद और रवि उसे पेशी कराने के बाद लॉकअप लौट रहे थे। सलमान ने सिपाहियों को झटका देकर खुद को छुड़ाया और कोर्ट के बाहर भाग गया। काफी प्रयास के बाद भी सलमान का पता नहीं चल सका। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार का इनाम था। सोमवार को बीबीडी इन्दिरानहर के पास सलमान को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि फरार होने के बाद वह शहर से बाहर चला गया था। कुछ दिन पहले ही वापस लौटा। इस बीच आरोपी ने परिवार से भी सम्पर्क नहीं किया था। एसीपी के मुताबिक सलमान के खिलाफ करीब 34 मुकदमे दर्ज हैं।

अवैध रूप से पोस्टर व बैनर लगाने पर दर्ज होगी एफआईआर

लखनऊ। सरकारी भवनों और सार्वजनिक दीवारों पर अवैध रूप से पोस्टर और बैनर लगा कर प्रचार प्रसार करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। प्रचार के लिए दीवारों पर पेंट करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। उनसे प्रचार को मिटवा कर दीवार की पुताई भी करवाई जाएगी। नगर आयुक्त ने नगर निगम के सभी जोनल अधिकारियों को सर्वे कर अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे अवैध प्रचारों को चिन्हित करने का निर्देश दिया है। उसके बाद अभियान चला कर इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि सभी जोन में प्रचार के लिए लगाई गई अवैध होर्डिंग्स, पोस्टर और वॉल पेटिंग का सर्वे कराकर इन्हें हटाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। शहर में अवैध रूप से प्रचार-प्रसार करके टैक्स चोरी कर रही एजेंसियों के खिलाफ टैक्स चोरी करने को लेकर एफआईआर भी दर्ज करवाई जाएगी। विदित हो कि मेयर सुषमा खर्कवाल ने बीते दिनों कार्यकारिणी की बैठक में शहर में अवैध रूप से लगाई गई होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर और वॉल पेंटिंग को हटाए जाने को लेकर निर्देश दिए थे। कहा था कि अवैध रूप से प्रचार के लिए लगाए गए होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर और वॉल पेटिंग से शहर की सुंदरता खराब हो रही है।

सउदी का फर्जी वीजा थमा कर हड़पे डेढ़ लाख

लखनऊ। चौक कोतवाली में युवक ने सउदी अरब का फर्जी वीजा और हवाई टिकट देने वाले एजेंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। आरोपित ने करीब डेढ़ लाख रुपये भी लिए थे। लहरपुर निवासी रिजवान के मुताबिक सउदी अरब जाने के लिए उन्हें वीजा की जरुरत थी। कुछ वक्त पहले उनकी मुलाकात चौक अर्शफाबाद निवासी वासिफ से हुई। जो ट्रेवल एजेंट है। आरोपी ने रिजवान से कहा कि वह वर्क वीजा दिलाने के साथ हवाई टिकट भी उपलब्ध कराएगा। झांसे में फंस कर पीड़ित ने करीब डेढ़ लाख रुपये लिए। कुछ वक्त बाद वासिफ ने रिजवान को सउदी का वीजा और हवाई टिकट दिया। जिसे लेकर एयरपोर्ट पहुंचने पर फर्जीवाड़े का पता चला। वासिफ के घर पहुंच कर विरोध करने पर आरोपित ने दामाद के साथ मिल कर धमकी दी। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

सरदारी खेड़ा मार्केट में खड़ी गाड़ियों में लगी आग

लखनऊ। आलमबाग एलडीए सरदारी खेड़ा मार्केट के पास सोमवार को मैदान में खड़ी चार कारे आग की चपेट में आकर जल गई। चारों कारें कबाड़ की हालत में थी। अग्निशमन विभाग ने दो दमकल की मदद से आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। एफएसओ धर्मपाल सिंह के मुताबिक मैदान में कूड़े का ढेर पड़ा था। सोमवार दोपहर में मैदान में खड़ी गाड़ियों में आग लगने की सूचना मिली। टीम के साथ मौके पर पहुंचे गाड़ियों से लपट निकल रही थी। आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। जहां आग लगी थी पास में ही झुग्गी झोपड़ी है। वहां कई और गाड़ियां खड़ी थी। थोड़ी से चूक होती तो आग झुग्गी झोपड़ी व अन्य गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लेती।

अवैध कब्जा करके प्लाटिंग करने वाले व संरक्षण देने वाले पर हो कार्रवाई

मंण्डलायुक्त की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मंण्डलायुक्त डा रोशन जैकब की अध्यक्षता में आज तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर फरियादियों की समस्या सुनकर शिकायतों का निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण, जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है। जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है।

इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। समस्या सुनवाई के दौरान प्रार्थी द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम अमराई की सरकारी भूमि खसरा संख्या 960 स पर किए जा रहे हैं अवैध निर्माण को तत्काल रोक के जाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया गया। मंडलायुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व व नगर निगम की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचे कर उक्त भूमि का चिन्हांकन व सीमांकन करते हुए सरकारी भूमि से अवैध कब्जा मुक्त कराया जाए।शिकायतकर्ता विशाल कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम सभा हासेमऊ के गाटा संख्या 125ध्213 स्थित ग्राम हासेमऊ में राजस्व अभिलेख में मरघट व शमशान के नाम से दर्ज है। उपरोक्त भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके कुछ लोगों के द्वारा क्रय-विक्रय किया जा रहा है जिससे ग्राम वासियों को शव दफन करने में बहुत कठिनाइयों को सामना करना पड़ता है।

कई बार प्रार्थना पत्र संपूर्ण समाधान दिवस में भी दिया जा चुका है परंतु किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मंडलायुक्त ने तहसीलदार को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। मंडलायुक्त ने जन सुनवाई के दौरान कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके प्लाटिंग करने वाले भू-माफियाओं व संरक्षण देने वालों के खिलाफकठोरतम कार्यवाही की जाये। तहसील दिवस रजिस्टर के अवलोकन के दौरान उन्होनें कहा कि शिकायतों में गलत आख्या लगाने व कार्य मे शिथिलता बरतने पर संबंधित के खिलाफकार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारीगण मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करे। शिकायतकर्ता संतुष्ट नही है या निस्तारण में लापरवाही करने पर कार्रवाई की जाएगी।

लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर कार और डीजे पिकअप की टक्कर, चार घायल

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर रविवार देर रात सड़क हादसा हो गया। घटना सैरपुर थाना क्षेत्र के छठा मील चौराहे की है। यहां कार और डीजे पिकअप की आमने-सामने टक्कर होने से चार लोग घायल हैं। हादसे में पिकअप में सवार 2 लोग जनरेटर और डीजे बॉक्स के बीच फंसे थे, जबकि कार सवार दो लोग घायल हुए है। मौके पर पहुंची सैरपुर पुलिस ने घायलों को ट्रॉमा सेंटर भेजा है। थाना प्रभारी मनोज कुमार कोरी का कहना है कि घायलों की स्थिति गंभीर थी। इसलिए पहले उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है। नाम और पते की जानकारी नहीं ली जा सकी है। ट्रॉमा सेंटर से घायलों की जानकारी प्राप्त कर मामले की जांच की जा रही है। हादसे में घायल कार ड्राइवर सूरज वर्मा (29) सीतापुर जिले के शिवपुरी का रहने वाले है। रंजीत (28) चक गंजागिरी गांव थाना सैरपुर का रहने वाला है। वहीं डीजे पिक अप ड्राइवर अमन (28) और प्रदीप (27) शाहपुर थाना सैरपुर लखनऊ का रहने वाला है। घायलों की स्थिति सामान्य है। कार नई होने के कारण अभी नम्बर तक लिखा गया है।

इनामी बदमाश गिरफ्तार, कोर्ट से हुआ था फरार

लखनऊ। लखनऊ कोर्ट से फरार 25000 हजार के इनामी बदमाश को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया। आरोपी बीते साल 12 जुलाई को वजीरगंज न्यायालय में पेशी के दौरान पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था। पुलिस के अनुसार, आशियाना बंगला बाजार के रहने वाले इनामी बदमाश सलमान पुत्र आरिफ को आज एसटीएफ मुख्यालय की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। सलमान लंबे समय से गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार स्थान बदल रहा था। उसके खिलाफ चोरी के 21, लूट के 4 और गैंगस्टर एक्ट के 3 सहित कुल 37 आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के लिए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एसटीएफ टीम लगातार प्रयासरत थी। मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ ने उसे आउटर रिंग रोड स्थित इंदिरा नहर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी क्षेत्र ने बताया कि सलमान के फरार होने के बाद थाना वजीरगंज में धारा 261, 262 बीएनएस के तहत मुकदमा संख्या 213ध्2024 दर्ज किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी से कानून-व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

दबंगों ने सिपाही को पीटा, गलत साइड में चला रहे थे कार

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के अमीनाबाद इलाके में गलत दिशा में गाड़ी चलाने से मना करने पर दबंगों ने सिपाही को पीट दिया। सड़क पर जाम लग रहा था। सिपाही ने कार बैक करने को बोला था, जिसके बाद आरोपी भड़क गए और मारपीट करने लगे। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर जेल भेज दिया है। अमीनाबाद थाने में तैनात सिपाही रनवीर सिंह ने बताया कि उनकी नाइट ड्यूटी है। रविवार रात करीब 11.30 बजे गश्त करते हुए नजीराबाद चौकी के समाने से गुजर रहे थे। तभी एक कार चालक लापरवाही से वाहन चलाते हुए गलत दिशा से आ रहा था। जिसकी वजह से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी। जाम की स्थिति बन गई थी। इस पर रनवीर ने कार के अंदर बैठे लोगों से ट्रैफिक नियम का पालन करते हुए गाड़ी को सही तरफ से लाने के लिए कहा। कार पीछे करने के लिए बोला, जिससे जाम खुल जाए। तभी कार में बैठे सभी लोग गाली गलौज करने लगे और चौकी में घसीटकर मारने की बात कहने लगे। इस सिपाही ने जाम लगने का हवाला देते हुए समझाया, लेकिन तीनों कार सवार बाहर निकले और गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होता देख आस-पास भीड़ जमा हो गई। बीचबचाव कर वहां के लोगों ने सिपाही को बचाया। इंस्पेक्टर अमीनाबाद का कहना है कि अकरम (26) पुत्र फारूख, अदनान (23) पुत्र अजीम, ताबिज सिद्दीकी (28) पुत्र इल्फात सिद्दीकी को गिरफ्तार किया गया। ताबिज कोर्ट में प्रेक्टिस कर रहा है। तीनों आरोपियों का 151 में चालान करके जेल भेज दिया गया है।

संदिग्ध हालात में मौसी-भतीजी लापता

युवक फोटो वायरल करने की दे रहा था धमकी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मदेयगंज इलाके से दो लड़कियां संदिग्ध हालात में लापता हो गई। दोनों रिश्ते में मौसी-भांजी है। पिता ने एक युवक पर फोटो वायरल करने की धमकी देकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। कुमारन टोला मदेयगंज के रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि शनिवार दोपहर 3 बजे से उनकी बेटी व नातिन लापता है। काफी खोजने के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल सका। पिता ने इलाके के रहने वाले विक्रांत पुत्र रामलाल पर साथ ले जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बेटी ने विक्रांत की दुकान पर अपना मोबाइल बनवाने के लिए दिया था। मोबाइल रिपेयरिंग के दौरान विक्रांत ने बेटी की पर्सनल फोटो ट्रांसफर कर ली थी। इसके बाद विक्रांत बेटी की तस्वीर वायरल करने की धमकी दे रहा था। घटना की जानकारी होने पर उन्होंने विक्रांत को काफी समझाया था। घटना के बाद जब उन्होंने विक्रांत का पता लगाया तो मालूम हुआ कि दो दिन से वो घर नहीं आया है। उसका मोबाइल भी स्वीच ऑफ आ रहा है। इसके बाद पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए मदेयगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर मदेयगंज का कहना है कि शिकायत के आधार पर बच्चियों की तलाश की जा रही है।

गोमती नदी में युवक ने लगाई छलांग, मौत

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मदेयगंज इलाके में सोमवार सुबह एक युवक लाल पुल से नदी में कूद गया। युवक को कूदता देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के मुताबिक, मदेयगंज में सोमवार सुबह करीब दस बजे इलाके में रहने वाले कार्तिक (21) ने पक्के पुल से गोमती नदी में छलांग लगा दी। कार्तिक पैदल चलता हुआ पुल पर आया। इसके बाद छलांग लगाने के लिए रेलिंग पर चढ़ गया। वहां मौजूद लोगों ने रोकने का प्रयास किया लेकिन तब तक छलांग लगा दिया। घटना के बाद आसपास अफरातफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्तिक की माता-पिता को जानकारी दी। पुलिस गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, मां पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर मदेयगंज राजेश के मुताबिक युवक के नदी में छलांग लगाने का कारण पता नहीं चल सका है। परिवार अभी कुछ बताने की स्थिति में नहीं है।

कैसरबाग बस अड्डे पर चालक की पिटाई, एक गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में कैसरबाग बस अड्डे के गेट पर पेशाब कर रहे दबंगों ने हार्न बजाने पर बस ड्राइवर की पिटाई कर दी। बस में मौजूद कंडक्टर बीच बचाव करने आया तो उससे भी मारपीट कर बस का शीशा तोड़ दिया।

ड्राइवर और कंडक्टर की आंख में चोट आई है। पुलिस ने दो नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

अनुबंधित बस चालक इरफान खान ने बताया कि रविवार रात 12 बजे वह कैसरबाग स्थित कार्यशाला से बस लेकर निकल रहे थे। उनके साथ बस में कंडक्टर अजय सिंह भी थे। बस लेकर गेट नंबर एक पर पहुंचे थे। वहां पहले से मौजूद छोटा बऊआ, मनु सोनकर और पांच अज्ञात लोग गेट पर ही पेशाब कर रहे थे। इस पर इरफान ने जब उन्हें हटने के लिए हार्न बजाया तो दबंग आग बबूला हो गए और गंदी-गंदी गालियां देने लगे। फिर बस का दरवाजा खोलकर ड्राइवर को नीचे उतार लिया और ईंट-पत्थर से पीटना शुरू कर दिया।

इरफान को मार खाता देख साथी अजय सिंह बीच बचाव करने पहुंचे। इस पर दबंगों ने उन्हें भी पीटना शुरू कर दिया और बस का आगे का शीशा तोड़ दिया। मारपीट होती देख वहां भीड़ जमा हो गई। तब आरोपी बस की चाभी खींचकर भाग निकले। दबंगों की पिटाई से इरफान और अजय की आंख में चोट आई है। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा का कहना है कि आरोपी छोटा भऊआ को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

बिजली बिल अपडेट कराने के नाम पर ठगी

एक खाता ब्लॉक किया तो दूसरे से निकला

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में साइबर ठगों ने बिजली बिल अपडेट कराने के नाम पर हजारों रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित को टेक्स्ट मैसेज भेजने के बाद वॉट्सऐप पर लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करते ही दो बार में रुपए कट गए। पीड़ित ने जब उस नंबर पर कॉल किया तो जालसाज बोला अभी तुम्हारे अकाउंट से सारे पैसे निकल जाएंगे। पुलिस केस दर्ज करके जांच कर रही है।

इंदिरा नगर निवासी कमल कुमार श्रीवास्तव के मोबाइल शुक्रवार शाम करीब 6 बजे एक अज्ञात नंबर से मैसेज आया। जिसमें लिखा था कि रात 10.30 बजे आपके घर की बिजली काट दी जाएगी। आपका बिल अपडेट नहीं है। इस पर कमल ने उस नंबर पर कॉल करके जानकारी की तो बोला बिल अपडेट नहीं होने की वजह से ऐसा होगा। बिल अपडेट कर लीजिए अगर बकाया होगा तो उसे जमा कर दीजिएगा।

इसके बाद वॉट्सऐप पर एक लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करने के बाद बिल को अपडेट करते वक्त 7 रुपए की पेमेंट करने का ऑप्शन आया। उस पर क्लिक करते ही नेट बैंकिंग का यूजर और पासवर्ड डाला। इसके बाद ट्रांजैक्शन पासवर्ड मांगने लगा तो धोखाधड़ी का संदेह होने पर बैक हो गए। इसके आधे घंटे के अंदर दो बार में 4 हजार 94 रुपए कट गए। पैसे कटने का मैसेज आते ही कमल ने अपना सारा आईसीआईसीआई बैंक का अकाउंट ब्लॉक करा दिया। ठगी का शिकार होने के बाद कमल ने उस नंबर पर फिर से कॉल की। इस पर जालसाज हंसते हुए कहने लगा कि अभी थोड़ी देर में आपके अकाउंट से सारा पैसा में निकाल लूंगा। इसके बाद फोन काट दिया।

अकाउंट ब्लॉक होने के बाद कमल खुद को सेफ महसूस करने लगे। इस दौरान रात करीब 7.45 बजे उसके एसबीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से 10 हजार निकलने का मैसेज आया। जालसाज से घबराए कमल ने अपने सारे अकाउंट ब्लॉक करा दिया। इसके बाद साइबर पुलिस और थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि बैंक डिटेल और मोबाइल के आधार पर जांच की जा रही है।

मनकामेश्वर वार्ड में सीवर निर्माण कार्य शुरू

लखनऊ। मनकामेश्वर वार्ड में सीवर लाइन बिछाने के कार्य की शुरुआत सोमवार को कर दी गई। डालीगंज पुल से आईटी कॉलेज चौराहा तक सीवर लाइन बिछाने का कार्य जल निगम की ओर से किया जाएगा। जल निगम अभियंताओं की मौजूदगी में मनकामेश्वर वार्ड के पार्षद रंजीत सिंह ने स्थानीय नागरिक आनंद वर्मा, मोहित कुमार, मनोज सिंह, भारत कनौजिया, अनिल सिंह, चंद्रेश के साथ हसनगंज डालीगंज क्षेत्र में गोकरन नाथ रोड पर सीवर लाइन बिछाने के कार्य की शुरुआत भूमि पूजन एवं नारियल फोड़ कर की। पिछले पांच वर्ष से प्रस्तावित सीवर लाइन के कार्य के शुभारंभ पर लोगों ने खुशी जताई। डालीगंज पुल से आईटी कॉलेज चौराहे तक हसनगंज, डालीगंज, कुतुबपुर मे सीवर लाइन के अभाव में लगभग एक हजार घरों की गंदगी खुली नालियों में बह रही थी। इससे जन मानस को होने वाली असुविधाओं को लेकर जल निगम के खिलाफ नगर निगम मुख्यालय पर पार्षद रंजीत सिंह ने भूख हड़ताल की थी।

सर्दी से सरकारी अस्पतालों में बढ़े मरीज

पीडियाट्रिक वॉर्ड में बच्चों की संख्या में इजाफा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ समेत यूपी के लगभग सभी बड़े अस्पतालों में ठंढ के कारण बच्चों में होने वाली समस्याओं में तेजी से इजाफा हुआ है। इनमें सर्दी, जुकाम और सांस की परेशानी के अलावा निमोनिया के लक्षण शामिल हैं। राजधानी के सिविल अस्पताल के अलावा राजनारायण लोकबंधु अस्पताल और बलरामपुर अस्पताल के पीडियाट्रिक वॉर्ड में बड़ी संख्या में नौनिहाल भर्ती हैं। डॉक्टरों का कहना है कि सर्दी में बच्चों और बुजुर्गों को लेकर बेहद सतर्क रहना होगा। लखनऊ के सरकारी अस्पतालों की ओपीडी से लेकर इमरजेंसी में रोजाना 150 के करीब बच्चे सर्दी और जुकाम की शिकायतें लेकर आ रही हैं।

गंभीर स्थिति न होने पर डॉक्टर दवा देकर लौटा रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि सर्दी और प्रदूषण बच्चों के फेफड़ों पर असर डाल रहा है। इससे उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलांबर श्रीवास्तव ने बताया कि सर्दी में बच्चों को लेकर बेहद सतर्क रहना होगा। गर्म कपड़े पहनाकर रखें। घर से बाहर लेकर न जाएं। इम्युनिटी कम होने के बच्चे अधिक प्रभावित होते हैं। ज्यादातर बच्चों में सर्दी के ही लक्षण है। पर राहत की बात ये है कि भर्ती होने के बाद इलाज शुरू करने पर मरीजों को राहत मिल रही है। लोकबंधु अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया कि बच्चों में कफ और जकड़न की शिकायत लेकर बच्चे आ रहे हैं। इनमें बुखार की भी शिकायत रहती है। बलरामपुर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.संजय तेवतिया ने बताया कि ठंड के दौरान आम तौर पर बच्चों में परेशानी बढ़ जाती है। इन बच्चों को समय से इलाज देना बेहद जरूरी होता।

कनिष्ठ सहायक के अब 3166 पदों पर होगी भर्ती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग कनिष्ठ सहायक के 3166 पदों पर अब भर्तियां करेगा। पहले 2702 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगा गया था। आयोग की ओर से सोमवार को जारी शुद्धि पत्र में पदों की संख्या बढ़ाए जाने की जानकारी दी गई है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के सचिव अवनीश सक्सेना द्वारा सोमवार को इसे जारी किया गया। आयोग ने 26 नवंबर 2024 को विज्ञप्ति जारी कर 2702 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगा था। आवेदन लेने की प्रक्रिया 23 दिसंबर 2024 से शुरू होकर 22 जनवरी 2025 तक चलनी है। इसी बीच 31 विभागों ने अपने यहां पदों की संख्या बढ़ाने की सूचना आयोग को दी है। आयोग ने इसके आधार पर संशोधित विज्ञप्ति जारी करते हुए 3166 पदों के लिए अब आवेदन मांगा है।

बिजली के निजीकरण के विरोध में 23 को सभी प्रान्तों में विरोध प्रदर्शन होंगे

यूपी में बिजली कर्मियों का काली पट्टी बांधकर विरोध जारी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफइलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने उप्र और चंडीगढ़ में बिजली के निजीकरण के विरोध में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। इधर उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरे सप्ताह बिजली कर्मियों ने काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन जारी रखा। 21 जनवरी को भी काली पट्टी बांधने का अभियान जारी रहेगा। नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के निर्णय के अनुसार उप्र में निजीकरण हेतु होने वाली प्री बिडिंग कांफ्रेंस के विरोध में 23 जनवरी को देश के सभी प्रांतों की राजधानियों में बिजली कर्मी विरोध प्रदर्शन कर प्रेस कांफ्रेंस कर निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त करने की मांग करेंगे। इसी प्रकार 1 फरवरी को चंडीगढ़ की बिजली व्यवस्था निजी कंपनी द्वारा अधिग्रहीत किए जाने की योजना के विरोध में 31 जनवरी को देश के समस्त प्रांतों में जनपद एवं परियोजना मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स में आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन, आल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन,आल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया, इंडियन इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन, आल इंडिया पावर मेन्स फेडरेशन प्रमुख अखिल भारतीय फेडरेशन हैं। आज से शुरू सप्ताह के पहले दिन उप्र के बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों और अभियंताओं ने पूरे दिन काली पट्टी बांधकर निजीकरण का विरोध किया।

भाकियू किसान ने जलेसर-निधौली मार्ग को लेकर सीडीओ को सौंपा ज्ञापन पत्र

सीडीओ ने तत्काल ऐई पीडब्ल्यूडी को दिये संमस्या निस्तारण के निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

जलेसर/एटा। सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान भाकियू किसान के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव शिव प्रताप सिंह के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन किसान के पदाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी नागेन्द्र नारायण मिश्रा को दो अलग अलग ज्ञापनपत्र सौंपे गये। जिसमे जलेसर-निधौलीकलां मार्ग के कस्बा नूहखेड़ा में बुरी तरह से जर्जर हो जाने तथा घरों की नालियों के गन्दे पानी का सड़क में बने विशालकाय गड्ढो में भराव हो जाने तथा इन गड्ढो में आये दिन वाहनों के गिरने से हादसे होते रहने की समस्या से अवगत कराया साथ ही समाचारपत्र में प्रकाशित सम्बन्धित खबरों की कटिंग भी दिखायी गयी। भाकियू नेता के अनुसार समस्या से वाकिफ होते ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा तत्काल पीडब्ल्यूडी विभाग के सहायक अभियंता महेश कुमार को तलब कर फटकार लगायी गयी तथा जल्द से जल्द समस्या निस्तारण के लिए निर्देश दिए गये। इसके अलावा एक अन्य ज्ञापनपत्र के माध्यम से भारतीय किसान यूनियन किसान के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव ने बताया कि भाकियू किसान के पदाधिकारी ब्लॉक एका जनपद फिरोजाबाद में लगातार 11वें दिन भी धरने पर भारी सर्दी में बैठे हुए हैं। मगर प्रशासन अपनी सुस्ती बनाए हुए हैं। अपने वायदे के मुताबिक 7 दिन में समस्या के समाधान की बात प्रशासन द्वारा रखी गई थी, परंतु उसके बाद भी उन्होंने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया है। संयुक्त विकास आयुक्त पद पर आसीन रहने के नाते शासन और प्रशासन से समस्याओं के समाधान के लिए जो भी अथक प्रयास हो सकते हो उन्हें तत्काल किया जाये।

पोर्टल का सर्वर लगातार ठप होने के चलते नहीं हो पा रही फार्मर रजिस्ट्री, किसान परेशान

पूरे दिन लाइन में लगने के बाद भी निराश होकर लौटना पड़ रहा है

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता किसानों के लिए सिरदर्द बन गई है। दरअसल रजिस्ट्री के पोर्टल का सर्वर लगातार ठप चल रहा है। घंटों-घंटों तक तहसील व जनसेवा केंद्रों पर किसान सर्वर चालू होने का इंतजार करने को मजबूर हैं। लेकिन, उन्हें निराशा हाथ लग रही है। विकासखंड अलीगंज में सभी को किसान सम्मान निधि के साथ अन्य विभागीय सुविधाएं मिल रही हैं। लेकिन, दो माह पहले किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री को अनिवार्य कर दिया गया है।

पूर्व में तो किसान इतने सजग नहीं दिखाई दिए, लेकिन योजनाओं का लाभ न मिलने से अड़चन पैदा होने के डर से किसान अब जागरूक हो गए हैं। सोमवार को अलीगंज तहसील व जनसेवा केंद्रो पर किसान फार्मर रजिस्ट्री कराने को परेशान नजर आए। सभी जगह सर्वर ठप रहा। घंटों तक किसान सर्वर चलने का इंतजार करते रहे, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। सर्वर ठप होना किसानों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। अलीगंज क्षेत्र में फार्मर आईडी आज तक मात्र 20611 बन चुकी हैं।

जनसेवा केंद्र संचालको का क्या है कहना: जनसेवा केंद्र संचालको ने बताया कि सुबह ही किसान फार्मर रजिस्ट्री के लिए पहुंच जाते हैं, लेकिन सर्वर ठप हो जाता है। यह स्थिति पिछले कई दिनों से बनी हुई है। कई किसानों के दस्तावेज उनके पास रहते हैं, ऐसे में वह रात में भी रजिस्ट्री करते हैं, लेकिन मध्य रात्रि दो बजे के बाद ही सर्वर चालू हो पाता है। वह भी कुछ घंटे के लिए। इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। फार्मर रजिस्ट्री में भी इसी वजह से अड़चन पैदा हो रही है।

रात्रि में कार्य कर रहे लेखपाल: लेखपालों का कहना है कि सर्वर डाउन होने के चलते 42 लेखपाल रात्रि में कार्य कर रहे हैं लेकिन लेखपालों को यहां पर भी अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है। जब साइड के सर्वर रात्रि के समय आते हैं तो किसानों से संपर्क कर उनसे ओटीपी मांगी जाती है तो जलसाझों की डर की वजह से किसान ओटीपी नहीं बताते जिस कारण फार्मर रजिस्ट्री करने में समस्या उत्पन्न हो रही है। दिन के समय तहसील पर किसानों की भीड़ लगी रहती है सर्वर डाउन होने के चलते किसानों को निराश लौटना पड़ता है. 10 से लेकर 15 एमबीबीएस मेगावाट सर्वर आते हैं जिस कारण कार्य में बाधा उत्पन्न होती है। जबकि 100 से लेकर 150 एमबीबीएस मेगावाट सर्वर आने चाहिए जिससे कार्य सुचारु रूप से किया जा सके।

जालसाझों के डर से नहीं बताते किसान ओटीपी

अलीगंज क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री करने के लिए लेखपाल व जन सेवा केदो को फॉर्म देखकर सर्वर डाउन होने के चलते वापस चले आते हैं। जब रात्रि के समय सर्वर सही आते हैं तो किसान ओटीपी देने डरते हैं कहीं जालसाझ धोखाधड़ी कर कहीं उनका बैंक अकाउंट खाली न कर दें। कई बार तो किस लेखपालों से ओटीपी मांगने पर अभद्र व्यवहार करते हैं उनको डर सताता है कहीं कोई जालसाझ ना हो।

लोन लेकर लिया फ्लैट, 11 साल बाद भी नहीं मिला कब्जा

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। लाखों का ऋण लेकर फ्लैट बुक कराने के 11 साल बाद भी कब्जा नहीं मिलने पर रविवार को खरीदारों ने बिल्डर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए खरीदारों ने बताया कि जिंदगी भर की पूंजी लगाकर सारा स्प्रिंग व्यू हाइट्स में 11 साल पहले 500 लोगों ने बिल्डर से फ्लैट बुक खरीदे थे। आजतक उनको पजेशन नहीं मिल सकी है। फ्लैट खरीदने वालों में 300 लोग सीनियर सिटीजन हैं, जिन्होंने ऋण लेकर या अपने रिटायरमेंट के पैसों से फ्लैट खरीदकर अपना आशियाना बसाने का सपना देखा था। सारा स्प्रिंग व्यू हाइट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 11 साल पहले उन्होंने एनएच 24 के लालकुआं स्थित सारा स्प्रिंग व्यू हाइट्स में फ्लैट खरीदा था। उस समय बिल्डर ने तीन साल में फ्लैट देने का वादा किया था। बिल्डिंग के निर्माण का कार्य भी जोरों पर चल रहा था, लेकिन बीच में ही बिल्डर भाग गया। इसके बाद मामला रेरा में चला गया। चार साल पहले रेरा से मामला फाइनल होने बाद भी अब तक मजह 80 प्रतिशत ही कार्य पूरा हो पाया है। इससे खरीदारों का पैसा फंस गया। कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जल्द ही कब्जा नहीं मिला तो सभी खरीदार आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

1,337 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। गैलेंट एलएलसी टेन-10 टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के ट्रायल में 1,337 खिलाड़ियों ने स्टेडियम में पसीना बहाया। नेहरूनगर स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रविवार को अमर उजाला की ओर से ट्रायल कराया गया। पहले चरण के ट्रायल के बाद 137 खिलाड़ियों का चयन दूसरे चरण के लिए किया गया है। देर रात तक स्टेडियम में ट्रायल चलता रहा। ट्रायल के लिए रविवार सुबह से ही स्टेडियम में खिलाड़ियों की भीड़ जमा होनी शुरू हो गई। सुबह नौ बजे से ट्रायल शुरू हो गया। जो खिलाड़ी ऑनलाइन पंजीकरण नहीं करा सके थे, उन्होंने स्टेडियम पहुंचकर क्यूआर कोड से पंजीकरण कराया। खिलाड़ियों में जोश देखते ही बन रहा था। स्टेडियम के बाहर लंबी लाइन लगी रही। गाजियाबाद के अलावा दिल्ली-एनसीआर और अन्य राज्यों से क्रिकेट में अपना कॅरिअर बनाने वाले ट्रायल के लिए पहुंचे। करीब 300 खिलाड़ियों ने स्टेडियम पहुंचकर पंजीकरण कराया। स्टेडियम में ट्रायल के लिए सात नेट लगे थे जिनमें प्रत्येक खिलाड़ी को हुनर दिखाने का अवसर दिया गया। इस दौरान स्टेडियम में ट्रायल देने से पहले खिलाड़ी अभ्यास करते भी नजर आए। ट्रायल में हर बल्लेबाज को छह गेंद खेलने का और हर गेंदबाज को छह गेंद फेंकने का मौका मिला। ऑल राउंडर खिलाड़ियों की प्रतिभा भी परखी गई।1,337 खिलाड़ियों के ट्रायल के बाद 137 खिलाड़ी दूसरे चरण के लिए चयनित हुए। दूसरे चरण में ट्रायल के बाद खिलाड़ियों का चयन अगले चरण के लिए किया जाएगा। नेक्सजेन गाजियाबाद टाइगर्स टीम में शामिल होने के लिए गुरुग्राम, बुलंदशहर, नोएडा, हापुड़ आदि जिलों से खिलाड़ी ट्रायल देने पहुंचे।

ऑनलाइन डिलीवरी की शिकायत के लिए निकाला नंबर, कटे 95 हजार

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। विजयनगर के प्रताप विहार सेक्टर-12 निवासी सीमा यादव को ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी का शिकायत नंबर इंटरनेट से सर्च करके डायल करना महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने झांसे में लेकर उनके क्रेडिट कार्ड से 95 हजार रूपये निकाल लिए। मामले में उन्होंने विजयनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

सीमा यादव ने बताया कि उन्होंने होम डिलीवरी करने वाली फूड कंपनी से खाना मंगवाया था। खाने की गुणवत्ता खराब होने के चलते उन्होंने शिकायत करने के लिए कंपनी का नंबर इंटरनेट से निकाला। उस नंबर पर कॉल करने पर ठगों ने उनको एक लिंक भेजा और कहा कि उस पर शिकायत दर्ज कराइए। उन्होंने लिंक खोलकर जानकारी डाली तो क्रेडिट कार्ड से बिना अनुमति के ही 95 हजार रुपये निकल गए। उनके पास बाद में दो ओटीपी भी आए। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।विजयनगर के सिद्धार्थ विहार के हर्ष प्रजापति से निवेश के नाम पर 94 हजार की ठगी का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हर्ष ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक लिंक आया था। लिंक खोलते ही ठगों ने उनको कई ग्रुपों में जोड़ दिया। उनसे निवेश करने के लिए कहा गया। पहले उन्होंने छह हजार भेज दिए तो डाउनलोड कराए गए एप के वॉलेट में 30 फीसदी का मुनाफा दिखने लगा। इसके बाद उन्होंने कुल 94 हजार रुपये दिए गए खातों में भेज दिए। वॉलेट से जब उन्होंने रुपये निकालने का प्रयास किया तो नहीं निकला। मामले में उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि जांच कराई जा रही है।

न्याय पानें के लिए दर-दर भटक रही पीड़िता

आरोपी की मां की गिरफ्तारी नहीं कर सकी पुलिस, न्याय की आस लगाए बैठी पीड़िता

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। अलीगंज सर्किल के थाना जैथरा में रेप पीड़िता न्याय पाने की उम्मीद में दर-दर भटक रही हैं। पुलिस द्वारा बलात्कारी का चालान कर जेल तो भेज दिया गया लेकिन रेप पीड़िता को रेप से कहीं ज्यादा दर्द पुलिस दे रही है। बलात्कारी तो जेल में है लेकिन उनके पारिवारिजनों द्वारा आये दिन रेप पीड़िता को धमकी दी जाती है जिसकी शिकायत थाना पुलिस को की गई लेकिन उनकी रेप पीड़िता की न तो थानें पर ही सुनवाई रही है और न ही अधिकारियों के दफ्तरों में ही। पीड़िता दर-बदर ठोकरें खाने के लिए मजबूर है और डिप्रेशन में जी रही है। वहीं पुलिस की इस बेरूखी की वजह से ही रेप पीड़िता की कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है कई बार उच्च अधिकारियों को डाक रजिस्ट्री की गई मुख्यमंत्री को पोर्टल के माध्यम से अवगत कराया गया। थाना जैथरा के कूल्हापुर निवासी पीड़िता ने अपनी रिपोर्ट थाना जैथरा में थाने के नखतपुरा निवासी आरोपी सनी यादव पुत्र ब्रजेश यादव एवं सनी यादव की मॉ अनीता यादव पत्नी ब्रजेश यादव के खिलाफ दर्ज कराई थी जिसमें सनी यादव को थाना पुलिस ने पकड़कर चालान कर जेल भेज दिया था। जो जिला कारागार एटा में आज भी बन्द है लेकिन थाना पुलिस ने सनी यादव की मॉ अनीता देवी को आज तक न पकड़ा और न आज तक कोई कार्यवाही की।

उच्च अधिकारियों को भेजी रजिस्ट्री, नहीं कोई समाधान: पीड़िता ने बताया कि सनी यादव के परिवारीजन लगातार धमकी दे रहे हैं जिससे परेशान होकर पीड़िता ने डाक के माध्यम से सीएम, एसएसपी एटा, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति महोदया, राज्य महिला आयोग लखनऊ, उप महानिदेशक अलीगढ़ सहित थाना पुलिस को कई बार अवगत कराया लेकिन आज तक सनी यादव के पारिवारिजनों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पीड़िता क्षेत्रीय विधायक से भी मिली विधायक द्वारा न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

पीड़िता से दबाब बनाकर लगातार दे रहे धमकी

पीड़िता नें बताया सनी यादव के परिवार वाले लगातार धमकी दे रहे हैं कि तुम फैसला कर लो नहीं तो तुम्हें गाँव में रहने नहीं देगें और जान से मार देगें। सनी यादव के ताऊ बबलू यादव एवं चाचा विवेक यादव एवं तहेरा भाई शिवम यादव मेरे गाँव जाकर मुझे व मेरे परिवार वालों को आये दिन धमकाते हैं और जाति सूचक गालियां देकर कहते हैं कि या तो फैसला कर ले नहीं तो तुझे अदालत नहीं जाने देगें और काट कर फेंक देगें। इन लोगों ने अब मुझे व मेरे परिवार वालों का जीना दूभर कर दिया है। ये लोग कभी भी मेरी हत्या कर व करा सकते हैं। मुझ पर व मेरे परिवार पर लगातार दबाव बनाये हुये हैं।

कार्य में लापरवाही में पांच एएनएम को चेतावनी जारी

डॉ शिव कुमार की अध्यक्षता में हुई बीडब्ल्यू आर की बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

एटा/अलीगंज। सी एच् सी अलीगंज के बैठक सभागार में डॉ शिव कुमार की अध्यक्षता में हुई बीडब्ल्यू आर की बैठक,कार्य में लापरवाही में पांच एएनएम को चेतावनी जारी अलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बैठक सभागार में सोमवार को ए एन एम के साप्ताहिक कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें 37 उपकेंद्रों की समीक्षा हुई। जिनमें पांच उपकेंद्रों के कार्य संतोषजनक नहीं मिले,जिनमें मोर्चा,अलीपुर,सराय, अगहत, खर सुलिया का कार्य संतोषजनक नहीं मिला।जिसकी वजह से पांचों ए एन एम को चेतावनी पत्र जारी कर दो दिन में कार्य को सुधारने के निर्देश दिए हैं।जिनमें ए एनसी,गर्भवती महिलाओं की जांच ओर टीकाकरण, जीरो से पांच साल के बच्चों का टीकाकरण शामिल है,साथ ही सौ दिवसीय टीवी प्रोग्राम में भी जायदा से ज्यादा संभावित मरीजों को चिन्हित कर जांच कराने के निर्देश दिए हैं।बैठक में एआरओ वेद प्रकाश,डब्ल्यू एच ओ ओर यूनिसेफ के मॉनिटर ,आर्यन सक्सेना ,विमल मिश्रा, बीपीएम दिव्यांशी भदौरिया मौजूद रहे हैं।

पुलिस-प्रेस मैत्री क्रिकेट में पत्रकारों ने जीती शील्ड

लोकमित्र ब्यूरो

उन्नाव। पुलिस एकादश एवं प्रेस एकादश के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन निखत क्रिकेट स्टेडियम में किया गया। रोमांचक कांटे के मैच में पत्रकार एकादश ने अंततः मैच अपने नाम करने में सफल रहे। आयोजन में विधायक सदर पंकज गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। उन्नाव पुलिस टीम की अगुवाई जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं उन्नाव प्रेस टीम की अगवाई ज्ञानेंद्र सिंह ने की ।

उन्नाव प्रेस टीम द्वारा टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए उन्नाव पुलिस एकादश ने निर्धारित 12 ओवरों में 06 विकेट के नुकसान पर कुल 95 रन बनाये।

जिसमें जिलाधिकारी गौरांग राठी नें 14 गेंद पर सर्वाधिक 25 रन बनाये। उन्नाव प्रेस टीम की तरफ से गेंदबाजी करते हुए गौरव शर्मा नें 03 ओवर में 18 रन देकर 02 विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रेस एकादश नें 11 ओवर में 04 विकेट के नुकसान पर 96 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। जिसमें अजय कुमार नें 24 गेंद पर सर्वाधिक 34 रन बनाये एवं पुलिस एकादश की तरफ से गेंदबाजी करते हुए उ0नि0 दुर्गेश सिंह नें 03 ओवर में 06 रन देकर 02 विकेट प्राप्त किये।

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रेस एकादश के अजय कुमार को प्रदान किया गया।

बेस्ट बल्लेबाज सूरज सिंह व बेस्ट गेंदबाज गौरव शर्मा रहे। क्रिकेट मैच मे कमेन्ट्री में का0 प्रशान्त यादव एवं स्कोरिंग में का0 रोहित भड़ाना की अहम भूमिका रही।

पुलिस कप्तान ने वरिष्ठ पत्रकारों को किया सम्मानित

पुलिस प्रशासन एकादश व मीडिया एकादश के बीच हुए मैत्री क्रिकेट मैच के पश्चात दोनों टीमों की उपस्थिति में पुलिस कप्तान दीपक भूकर ने वरिष्ठ पत्रकारों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिसमें प्रमुख रूप से प्रेस क्लब अध्यक्ष रवींद्र सिंह राठौड़, ज्ञानेंद्र सिंह सेंगर हिंदुस्तान, सत्येंद्र सिंह चौहान जिला संवाददाता आज, अरुण कुमार अवस्थी के. न्यूज़ उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रभारी, नवीन सिंह ब्यूरो चीफ इंडिया टीवी, भगवती सिंह जिला संवाददाता लोक मित्र आदि थे।

क्लासिक रेसीडेंसी में फैमिली हेल्थ कार्ड व आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। फेडरेशन ऑफ राजनगर एक्सटेंशन सोसाइटीज (फेंस) एवं वरदान मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के संयुक्त प्रयासों से, राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र के अभावग्रस्त परिवारों की स्वास्थ्य-सहायता एवं देखभाल के लिए विभिन्न सोसाइटियों में कैम्प आयोजन के माध्यम से स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। उपरोक्त कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 20 जनवरी 2025 को एक शिविर का आयोजन राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र की क्लासिक रेसीडेंसी सोसाइटी में प्रातः 11 बजे किया गया।

फेडरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सुबोध गुप्ता ने बताया कि अभावग्रस्त परिवारों के स्वास्थ्य लाभ हेतु फेंस व वरदान समूह के द्वारा आरंभ इस योजना के अंतर्गत आज क्लासिक रेसीडेंसी सोसाइटी के 60 कर्मचारियों को स्वास्थ कार्ड वितरित किए गए हैं, जोकि उनके व उनके परिवार के सभी सदस्यों के लिए मान्य हैं। इन कार्डों से स्वास्थ्य समस्याओं पर आने वाले खर्च के निःशुल्क व छूट दरों पर होने के कारण, अभावग्रस्त परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। आज स्वास्थ कार्ड वितरण के कार्यक्रम में यदि कोई कर्मचारी छूट गया है तो वह सोसाइटी में उपलब्ध फेडरेशन सहयोगी से संपर्क कर अपना कार्ड प्राप्त कर सकता है। फेडरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि स्वास्थ कार्ड के अतिरिक्त सोसाइटी के 70 वर्ष से अधिक आयु के 5 वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड भी आज के शिविर में बनाए गए हैं, साथ ही राजनगर एक्सटेंशन के सभी वरिष्ठ नागरिकों हेतु निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा का आरंभ भी हो चुका है, जोकि वरदान समूह कि ओर से उनके अस्पताल कि सेवाओं हेतु निःशुल्क रहेगी। फेडरेशन अध्यक्ष सचिन त्यागी ने बताया कि प्राप्त स्वास्थ्य कार्ड धारक व उनके परिवार को अस्पताल की ओर से सस्ता इलाज उपलब्ध कराते हुए, चिकित्सकों द्वारा 12 बार निःशुल्क परामर्श व जांच सुविधाओं एवं दवाइयों पर विशेष छूट का प्रावधान है। सोसाइटी में काम करने वाले सभी कर्मचारियों हेतु यह योजना लाभप्रद है।

सी.एम.युवा उद्यमी विकास अभियान की कार्यशाला आज

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। उपायुक्त उद्योग प्रेमकांत ने बताया है कि सी.एम.युवा उद्यमी विकास अभियान प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना है जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री जी द्वारा 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर लखनऊ में किया जाएगा,इस अवसर पर जनपद में इस कार्यक्रम के शुभारंभ की तैयारी कर ली गई है इससे पूर्व आज जनवरी 2025 को आईटीआई परिसर कासगंज रोड एटा में इसकी एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमें लखनऊ की समाधान समिति के विशेषज्ञ जन द्वारा आवेदकों को इस योजना के बारे में पूर्ण जानकारी दी जाएगी एवं उनके सुझावों व समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया है कि इस अवसर पर आईटीआई परिसर में समस्त तैयारी कर ली गई है जनपद के समस्त ऐसे युवा उद्यमी जिनकी उम्र 21 वर्ष से 40 वर्ष के बीच है वह अपना स्वयं का उद्योग स्थापित करना चाहते हैं इस कार्यशाला में प्रतिभाग करने के लिए आमंत्रित है। सी एम युवा उद्यमी विकास अभियान सरकार की एक ऐसी योजना है जिसमें ₹500000 तक का ऋण बैंकों के माध्यम से आवेदक को उपलब्ध कराया जाएगा जिससे वह सूक्ष्म स्तर का अपना उद्योग स्थापित कर सके इसमें बैंकों द्वारा ली जाने वाली ब्याज भी सरकार के द्वारा वहन की जाएगी एवं इसके साथ ही आवेदक को सरकार के द्वारा 10त्न की सब्सिडी प्रदान की जाएगी इस योजना से जनपद में उद्योगों के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित होगा जिसमें फूड प्रोसेसिंग,फर्नीचर, आयरन व स्टील इंडस्ट्री, वायर मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में बड़ी संख्या में उद्योग स्थापित होंगे।

अग्निकांड ने निगल ली चार जानें, महिला और तीन मासूम जिंदा जले

लोकमित्र ब्यूरो

लोनी। कोतवाली लोनी क्षेत्र के अंतर्गत कंचन पार्क कॉलोनी में रविवार की सुबह 6 बजे 4 मंजिला मकान के तीसरे और चौथा फ्लोर पर शॉर्ट सर्किट की वजह से अचानक आग लग गई। इस हादसे में 8 वर्षीय जीशान, 5 वर्षीय अयान,11 वर्षीय शान तथा गुलबहार नमक 30 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत हो गई।दोनों बेटों जीशान और अयान व भतीजे शान की मौत हो जाने की बड़ी वजह पूरे घर में धुआं भर जाना रही लोनी कोतवाली इलाके के कंचन पार्क कॉलोनी में रविवार सुबह करीब छह बजे चार मंजिला मकान के तीसरे और चौथे तल पर शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। हादसे में जीशान (8), अयान (5), शान (11) और गुलबहार (30) की मौत हो गई। वहीं, चार लागों ने पड़ोसी की छत से कूदकर अपनी जान बचाई। दमकलकर्मियों ने एक घंटे में आग पर काबू पाया और चारों शवों को बाहर निकाला। मूलरूप से मवाना, मेरठ निवासी शाहनवाज और शमशाद लोनी के कंचन पार्क कॉलोनी में करीब 30 साल से रह रहे हैं। दोनों भाई सिलाई का काम करते हैं। शाहनवाज के परिवार में पत्नी गुलबहार दो बच्चे जीशान और अयान थे। शमशाद के परिवार में उनकी पत्नी आयशा और दो बच्चे शान और जान हैं।

टीबी हारेगा-एटा जीतेगा

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। प्रधानमंत्री के एक महत्वपूर्ण अभियान टीवी मुक्त भारत को 2025 तक खत्म करने के मिशन के अंतर्गत माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश की 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के तहत समाजसेवी की एक अनोखी पहल गाँव-गाँव जाकर कर रहे हैं ग्रामीणजनों को टीबी रोग के प्रति जागरूक एवं 100 दिवसीय सघन अभियान के अंतर्गत निकले मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरण कर पूर्ण स्वस्थ्य होने तक निभाएंगे साथ। समाजसेवी मानवेन्द्र सिंह चौहान ÷मनु÷ आज ब्लॉक मारहरा के गाँवों मे पहुंचकर 100 दिवसीय सघन अभियान के अंतर्गत निकले पांच मरीजों को गोद लिया। 05 मरीजों को पोषण पोटली का वितरण भी किया। गांव के गणमान्य लोगों से इस अभियान में शामिल होने का आह्वाहन किया। ग्रामीणों को जानकारी देते हुए मनु ने कहा कि इसका उद्देश्य यह है कि गोद लिए गए मरीजों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और क्षय रोग से मुक्त करने में सहायता प्रदान करना है। मरीज को पोषण पोटली मिलने से सेहत में सुधार होगा। जल्दी ठीक हो सकेंगे। लोगों से अपील किया कि यदि कोई इस बीमारी से ग्रसित है तो तत्काल सरकारी डॉक्टरों से सम्पर्क कर रोग से मुक्ति पा ले। कहा कि टीबी को जल्दी ठीक करने में पोषण पोटली काफी कारगर बनेगी। जागरूकता भी जरूरी है। समाजसेवी मानवेन्द्र सिंह चौहान ÷मनु÷ ने कार्यक्रम में टीबी से ग्रस्त मरीजों को बचाव और जागरूकता के लिए प्रेरित किया। कहा कि टीबी एक गंभीर बीमारी है लेकिन यदि समय पर इलाज किया जाए तो इसे पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। इससे घबराने की जरूरत नही है। इस मौके पर वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक मारहरा सुधीर कुमार मौजूद रहे। वर्ष 2025 में भारत को क्षय रोग मुक्त कराने के प्रधानमंत्री के संकल्प व मुख्यमंत्री की घोषणा को लेकर मनु ने भी ठाना है कि हरसम्भव प्रयास कर जनपद से टीबी को जड़ से खत्म करना है।

संक्षिप्त खबरें

सुधाकर वर्मा ने जीती कार

बाराबंकी। भगौती प्रसाद अनंत कुमार प्रा. लिमिटेड ने इस वर्ष 2025 में अपने स्थायी सुंदरता के 75 वर्ष पूरे किए। इस उपलक्ष्य में भगौती प्रसाद अनंत कुमार सर्राफ प्राइवेट लिमिटेड ने किसना डायमंड ज्वेलरी के ख़रीद पर ÷शॉप एंड विन कार÷ ऑफर में ग्राहकों को बांटी खुशियों की चाबी।
अपने बेहतरीन आभूषण संग्रह के लिए प्रसिद्ध, भगौती प्रसाद अनंत कुमार सर्राफ प्राइवेट लिमिटेड ने अपने ग्राहकों के लिए आभार और विश्वास के शानदार उत्सव के रूप में एक शानदार लकी ड्रॉ प्रतियोगिता आयोजित की। । मुख्य डॉ एक नई मारुति सुजुकी सेलेरियो के लिए था। अपनी ÷शॉप एंड विन कार÷ प्रतियोगिता के लकी ड्रा विजेता की ग्रैंड घोषणा सफलतापूर्वक आयोजित की। यह आयोजन बेहद उत्साहपूर्ण रहा और ग्राहकों व उपस्थित मेहमानों की खुशियों से भरपूर था। लकी ड्रॉ के भव्य अवसर पर किसना डायमंड ज्वेलरी के सेल्स मैनेजर भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लकी विजेता सुधाकर वर्मा रहे जिन्होंने उपहार में कार जीती। वहीं सरोजिनी वर्मा व आनंद वर्मा ने ट्राली बैग व के के वर्मा ने मिक्सर जीता। इस अवसर पर आयोजक अनंत कुमार ने अपनी योजनाओं का बखान भी ग्राहकों से करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भगौती प्रसाद अनंत कुमार प्रा. लिमिटेड ने 2025 में अपने स्थायी सुंदरता के 75 वर्ष पूरे किए हैं। हम आपको आधुनिकता के साथ परंपरा का सामंजस्य बिठाने वाले शानदार आभूषण बनाने के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए आमंत्रित करते हैं। कार्यक्रम का समापन उत्सवपूर्ण माहौल और खुशहाल ग्राहकों के साथ हुआ।

एडीओ पंचायत ने देखी लैन गौ शाला

रामनगर। लैन की गौ शाला का एडीओ पंचायत अभय शुक्ला ने निरीक्षण किया तथा चारा भूसा पानी आदि देखा। उन्होंने सोमवार दोपहर बाद लैन जाकर भूसा की उपलब्धता देखी ।इसके साथ पशु आहार का भी निरीक्षण किया। साफ सफाई देखी तथा ठंड से बचाव के किए गए उपाय भी देखे।यंहा टिन शेड कम होने से तिरपाल तान कर उसके नीचे भी जानवर रखे गए है ताकि ओस न पड़े।उन्होंने ग्राम प्रधान से सुबह शाम ताजा पानी पीने के लिए हौदिया में उपलब्ध कराते रहने को कहा। पशुओं को ठंड से बचाने के लिए अलाव जलवाते रहने के निर्देश दिए।

एसडीएम व बन रेंजर ने किया आरा मशीनों का निरीक्षण

बीघापुर, उन्नाव। एसडीएम रणवीर सिंह व बन रेंजर आयशा नसीम ने लालकुवां, रुझेई बीघापुर में संचालित आरा मशीनों का निरीक्षण कर अभिलेखों की जांच की। एसडीएम रणवीर सिंह ,बन रेंजर आयसा नसीम सोमवार दोपहर आरा मशीनों पर पहुंचकर उनके अभिलेखों का निरीक्षण किया एसडीएम रणवीर सिंह ने बताया कि आरा मशीनों के संचालक लोगों से फायर की एन ओ सी ,लाइसेंस धारक की उपस्थिति तथा मशीन संचालन के रिन्यूअल के अभिलेख देखे गए सभी लोगों के अभिलेख ठीक पाए गए। आरा मशीन संचालक लोगों से आसपास सफाई रखने के निर्देश दिए गए।

मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व निकली कलश यात्रा

बीघापुर,उन्नाव। बिकास खण्ड के बेहटा भवानी में आयोजित तीन दिवसीय मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की वैदिक विधि विधान से कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ।आचार्य विमल शास्त्री ने राजन शुक्ला ,सत्यम शास्त्री,प्रदीप आचार्य,अवनीत शास्त्री हरिद्वार सहित आचार्यों के साथ प्रमुख यजमान राम प्रकाश मिश्रा से प्रायश्चित संकल्प, पुण्यवाचन,दस विधि स्नान,जल यात्रा, मण्डप प्रवेश एवं वेदी पूजन मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया।बैंड बाजा के साथ महिलाओं ने सिद्धेश्वर मंदिर से पूजित जल लेकर वापस महावीरन धाम मन्दिर में मंडप प्रवेश किया।इस मौके पर मुन्नू शुक्ला,पुनीत,नितिन,अभिषेक,अजय शुक्ला,गोलू, नित्या,रोली सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

कमीशन के चलते जेई हुए लापरवाह

[मामला सूरतगंज ब्लॉक के गाँवों का जंहा क्षेत्र पंचायत से हुए हैं घटिया कार्य]

लोकमित्र ब्यूरो

रामनगर। लाखों की लागत से क्षेत्र पंचायत द्वारा बनवाई गई इंटर लाकिंग सड़क व बाक्सिंग के किनारे अभी से बैठने लगे हैं । घटिया निर्माण कार्य के पीछे अवर अभियंता को जिम्मेदार माना जा रहा है जो बिना कार्य की गुणवत्ता परखे व साइड जाए भुगतान भी कर रहे हैं। कई कार्यो की शिकायत प्रमुख तक पंहुची है।
तहसील रामनगर के बुढ़गौरा गाँव में क्षेत्र पंचायत सूरतगंज से एक इंटर लाकिंग सड़क अभी दो माह पहले बिजय बहादुर की बाग़ से गाँव की तरफ बनवाई गई है जो खराब गुणवत्ता की कहानी कह रही है।सड़क के किनारे अभी से बैठ रहे हैं।बताया जा रहा है कि नीचे मानक अनुसार इंट के रोडे व बालू डालकर कुटाई नहीं हुई और रोडे भी पीली इंट के पड़े।इसी तरह बक्सिंग भी कमजोर बनाई गई जिसके किनारे क्रेक हो रहे।बाक्सिंग के ऊपर डी पी सी सॉलिंगगिट्टी मौरंग की होनी चाहिए मगर वह भी नहीं करवाई तथा इंटो के ऊपर बालू डालकर कसाव भी नहीं दिया । अब उक्त सड़क अभी से जब खराब होने लगी तो वंहा के क्षेत्र पंचायत सदस्य ने इसकी शिकायत प्रमुख से की है। भुगतान होने से पहले जे ई आर ई डी को इसकी गुणवत्ता देखनी चाहिए मगर वह केवल फोटो खिंचाने तक सीमित रहते हैं।कोई गुणवत्ता की जाँच पड़ताल नही करते।यही कारण है कि कंही उनके द्वारा कोई सड़क फिर से उखड़वाकर ठीक नहीं कराई गई बल्कि भुगतान कर अपने कमीशन से वास्ता रखा गया।यंही एक पक्का नाला भी सुल्तानापुर बार्डर पर बना था जिसे जल निकासी के लिए बनाया गया था मगर वह इस तरह ड्राइंग हुआ कि जल निकासी ही नही हो पाती।यह भी जब बन रहा था तो घटिया निर्माण की शिकायत हुई थी। नाले की तली बहुत खराब बनी है तथा बाहर कई जगह प्लास्टर तक नहीं है मगर भुगतान कर दिया गया। बताते हैं कि जे ई की मिली भगत से निर्माण कार्यो में कई जगह घटिया सामग्री लगाई गई है।इंटरलाकिंग सड़कें तो साल भर में ही खराब होने लगी हैं। प्रमुख पति ने बताया कि जंहा शिकायत आ रही वंहा जाँच कराई जाएगी।

साल भर में ही उखड़ने

रामनगर। एक साल में ही लाखो की लागत से बनी सीमेंटेड सड़क उखड़ने लगी है। दूर से ही उस पर उखड़ते रोडे दिख रहे हैं। रामनगर फतेहपुर मार्ग से सेमराय तक बाबू काका सिंह मार्ग गया है जिस पर पिछले साल 50 लाख की लागत से अमोली हिसाम पुर,अमोली कीरत ओर,रमवापुर तेलवारी में आबादी एरिया के अंदर सी सी रोड बनाई गई थी जिसका निर्माण लो नि वि खंड एक द्वारा कराया गया था।निर्माण के समय ही यंहा गुणवत्ता खराब होने की शिकायतें हुई मगर उच्च अफसरों ने ध्यान नही दिया और ठेकेदार मनमाना कार्य करता रहा।काम के समय कई बार अवर अभियंता भी नहीं पंहुचे जिससे मनमाना कार्य हुआ और नतीजा रहा कि बनने के एक साल बाद सड़क उखड़ना शुरु हो गई है और नीचे की गिट्टी दिखने लगी है।गनीमत यही है कि भारी वाहन नहीं चलते वरना अब तक और उखड़ चुकी होती।

श्रीमदभागवत कथा के दिन श्री कृष्ण जन्म का सुंदर विवेचन किया

लोकमित्र ब्यूरो

बीघापुर,उन्नाव । तहसील क्षेत्र के गांव बेहटा भवानी में चल रही श्रीमदभागवत कथा के चौथे दिन वृंदावन से आए भागवत आचार्य श्री कृष्ण महाराज ने कृष्ण जन्म व कृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर विवेचन किया। भागवताचार्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराते हुए कहा कि जब इस भूमंडल पर जब जब धर्म की हानि और असुरों की बढ़ोत्तरी होती है तब तक कोई न कोई महापुरुष इस पृथ्वी पर जन्म लेकर धर्म मार्ग पर चलने को लोगों की प्रेरणा देने का काम करता है। भगवान श्री कृष्ण का चरित्र हमे प्रेरणा देता है।
नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजन पर पंडाल जयकारों से गूंज उठा व श्रद्धालु जमकर झूमे। भगवान के जन्म की खुशी पर मौजूद महिलायें उपहार देकर बाल रूपी भगवान कृष्ण को प्रसाद देकर भोग लगाया। आचार्य ने श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुये कहा कि इस भारत भूमि पर अत्याचार अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। सन्मार्ग पर चलने वाले ही समाज में सदैव पूज्य हुए हैं। कृष्ण का जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में संयम धैर्य बनाए रखने की प्रेरणा देता है।कार्यक्रम में पहुंचे जनतांत्रिक राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष रमेश मिश्रा ने आचार्य से आशीर्वाद लिया।कथा में पूर्व ब्लाक के प्रधान संघ अध्यक्ष अमित त्रिवेदी , सज्जन दीक्षित, कृष्ण कुमार द्विवेदी जाजनपुर, शैलेश पांडे, सरवन द्विवेदी ऊंचगांव, रज्जन सिंह मुलाहिमपुर, रजत गुप्ता, मोहित शर्मा,, लकी शर्मा, आयुष शुक्ला, विपिन तिवारी लालजी चौधरी, दिलीप निर्मल आदि रहे।

रामनगर कोतवाल ने साइबर अपराध के प्रति चलाया जागरुकता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

रामनगर। फेक न्यूज एवं साइबर अपराध के विरुद्ध उ0प्र0 पुलिस के अभियान में डिजिटल वॉरियर के रूप में युवाओं की भागीदारी के सम्बन्ध में थाना रामनगर पुलिस द्वारा यूनियन इण्टर कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी ने फेक न्यूज के खण्डन, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता एवं पुलिस के सराहनीय कार्यो को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से प्रसारित किए जाने के लिए युवा पीढ़ी के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स एवं कॉलेज के छात्रों को उप्र पुलिस का डिजिटल वॉरियर बनाए जाने के सम्बन्ध में जागरुक किया। छात्रों को साइबर क्राइम एवं फेक न्यूज़ को रिपोर्ट करने, सामाजिक दायरे में फेक न्यूज़ एवं साइबर अपराध के प्रति अपने परिवारीजनों एवं मित्रों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य,शिक्षक भी मौजूद रहे।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गम्भीर घायल

बांगरमऊउन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में बिल्हौर मार्ग पर स्थित ग्राम पंचू पुरवा और मदार नगर के बीच आज़ सोमवार को दोपहर बाद तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार रोहित यादव 22 वर्ष पुत्र भगवान बक्स और दीपक यादव 17 वर्ष पुत्र शिवराज निवासी ग्राम शेरपुर कला थाना बेहटा मुजावर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस दोनों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाज़ुक देखकर दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा निवासी अनिल कुमार का पांच वर्षीय बेटा अंकुश आज सोमवार की शाम अपने मकान की छत पर खेल रहा था। तभी अचानक बच्चा असंतुलित होकर छत से नीचे जमीन पर आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल बच्चे को लेकर आनन-फानन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।

अनियंत्रित डंपर की टक्कर से कार के ऊपर पलटी ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली

लोकमित्र ब्यूरो

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत जाजमऊ चौकी क्षेत्र के लखनऊट्टकानपुर हाइवे पर सोमवार अपराह्न एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जिसमें डंपर ने ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली को पीछे से टक्कर मार दी, जिसके बाद ट्रैक्टर ट्राली पलट गई और उसकी ईंटें पास से गुजर रही एक कार पर गिर गई। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया,वहीं कार में सवार पांच लोग बाल-बाल बच गए दुर्घटना करीब ढाई बजे अपराह्न हुई, जब ट्रैक्टर चालक रामकुमार ईंट लादकर कानपुर-लखनऊ हाइवे से जा रहा था। अभी ट्रैक्टर जैसे ही नया खेड़ा गांव के पास पहुंचा ही था कि तभी एक अज्ञात डंपर ने ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर पलट गया और उसकी ईंटें एक मैग्नेट कार पर गिर गई। कार की छत और बोनट बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन कार सवार परिवार के पांच सदस्य सकुशल बाहर निकलने में सफल रहे। घटना देख रहे आसपास के लोगों ने तुरंत कार में सवार परिवार को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी।सूचना पर जाजमऊ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल ट्रैक्टर चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। वहीं, सड़क पर पलटी ट्रैक्टर ट्राली और बिखरी हुई ईंटों के कारण कुछ देर तक जाम लगा रहा। पुलिस ने तत्परता से सड़क से ईंटों और क्षतिग्रस्त कार को हटवाया, जिससे जाम की स्थिति समाप्त हो सकी। इस दुर्घटना में जहा कार सवार परिवार बालबाल बच गए वही ट्रैक्टर चालक को गंभीर चोटें आई हैं।

अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ समाधान दिवस

लोकमित्र ब्यूरो

पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी (वि/रा) सुशील कुमार गौड़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । इस दौरान कुल 59 शिकायतें आई । जिनमें 5 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।
सोमवार को तहसील बीघापुर मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गौड़ ने पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर फरियादियों की शिकायतें सुनी । ग्राम जगतपुर से आई प्रधान निशा देवी ने सरकारी स्कूल व ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा हटवाए जाने की शिकायत किया । ग्राम देवाखेड़ा निवासी अशोक कुमार ने तकिया मेले में मिक्की माउस झूला जलाए जाने की शिकायत की ।सर्वाधिक 27 मामले राजस्व विभाग से सम्बन्धित रहे । पुलिस विभाग से 10, विकास विभाग से 8, समाज कल्याण से 1व अन्य विभागों से 13 शिकायतें प्राप्त हुई। अपर जिलाधिकारी ने सभी अधीनस्थों को गुणवत्ता पूर्ण समय से शिकायतों के निस्तारण के आदेश दिए।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह, नायब तहसीलदार तहसीलदार अरसला नाज , कुमार शुक्ला, क्षेत्राधिकारी ऋषिकांत शुक्ला, खंड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी, खंड शिक्षाधिकारी शुचि गुप्ता समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

आज भी याद आ रहा रामनगर में बीडीओ रहे अमित त्रिपाठी

लोकमित्र ब्यूरो

रामनगर। बीते सप्ताह मनरेगा स्टेट कवालिटी मानीटर ब्लॉक रामनगर के 5 गाँवों में काम देखने गए मगर उनको किन्हौली का अमृत तालाब बहुत अच्छा लगा।उन्होंने इसकी बाउंड्री वाल,इंटर लाकिंग तथा सौंदरीकरण की खूब तारीफ़ की।उनके जाने के बाद तालाब का निर्माण करवाने वाली तत्कालीन खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी के कार्यकाल की चर्चा होती रही।
असल में जब अमृत तालाब जब दो वर्ष पूर्व बनवाए जा रहे थे तो तत्कालीन बीडीओ ने रामनगर के कई गाँवों में अमृत सरोबर बनवाए जो सब अच्छे हैं मगर किन्हौली का बहुत ही उम्दा बना।कारण यह रहा कि यंहा के प्रधान इसे बेहतर से बेहतर बनवाने के लिए लगे रहे तो बीडीओ श्री त्रिपाठी ने भी उनका पू रा साथ दिया।तालाब जब बन गया तो फुलवारी,फुट पाथ, लाइट,हट आदि भी बनवाया और खूबसूरती में यह अव्वल हो गया।भारत सरकार की टीम भी इसकी तारीफ़ कर चुकी है।।तत्कालीन बी डी ओ भले ही अयोध्या के रुदौली ब्लॉक में तैनात हैं मगर उनकी चर्चा गाहे बगाहे रामनगर में हो ही जाती है।
गौ शालाओं का बेहतरीन निर्माण कराया ÷कंही खाई खोद कर तो कंही तार लगाकर बाउंड्री बनवाई गई मगर ब्लॉक के जितने गौ शाला इनके कार्यकाल में बने सबमे पिलर खड़े करवाकर जाली लगवाई जिससे पशु बाहर नहीं निकल सके।कटियारा हो या अमोली कीरत पुर की गौ शालाए सभी आज तारीफ पाती हैं।
जनता से लेकर जन प्रतिनिधि तक की थे पसंद: रामनगर में तैनाती के दौरान श्री त्रिपाठी के संबंध मीडिया से बहुत ही अच्छे रहे जिससे उनके अच्छे कार्यो का प्रचार भी हुआ और जंहा कमियों को अखबार ने छापा वंहा उन्होंने सुधार कराया और कार्यवाही भी की।

जो मैं कहता हूं वो मैं करता हूं सथनी बाला खेड़ा में बोले विधायक आशुतोष शुक्ल

बीघापुर,उन्नाव। विकासखण्ड क्षेत्र के सथनीबला खेड़ा पहुचे विधायक ने विकास कार्यो का पिटारा खोला है। समाजसेवी पवन शुक्ला के आवास पर कम्बल वितरण कार्यक्रम सोमवार दिन के 04 बजे समाप्त हुआ है। विधायक आशुतोष शुक्ला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे विधायक आशुतोष शुक्ला ने गांव में कई विकास के वादे किये है। जिनमे गांव की सड़क का डामरीकरण, 02 इंटरलॉकिंग, बारातशाला, बनवाने का एलान किया है। विधायक आशुतोष शुक्ला ने कहा है कि जिसने हमको वोट दिया उसका भी काम करूंगा जिसने नही दिया उसका भी काम करूंगा। विधायक आशुतोष शुक्ला ने कहा है कि मैंने किसी काम का शिलान्यास नही करता सीधे उद्घाटन करता हूं।

दो दिवसीय नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

मसौली, बाराबंकी। शेख फाउंडेशन के तत्वाधान में ग्राम पंचायत बड़ागाँव के पंचायत भवन में दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 295 ग्रामीणों की आँखों की जाँच वरिष्ठ चिकित्सक नियाज खान एव उनकी टीम में शामिल लवकुश चौधरी, डा0 राम खेलावन द्वारा की गयी जिसमे दो दर्जन मरीजो के मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को 50 रुपये में चश्मे दिये गये।
निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का उदघाटन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद द्वारा किया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि ईश्वर की सबसे बड़ी अनमोल तोहफा आँख है जिसकी हिफाजत के लिए समय समय पर जाँच कराना बहुत जरूरी है। प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि आँखों को बीमारियों से बचाना बहुत जरूरी है नहीं तो उम्र से पहले ही हमें आंखों से संबंधित बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अगर समय-समय पर इनकी साफ-सफाई और व्यायाम की तरफ ध्यान दिया जाए तो गंदगी से होने वाली इफैक्शन को शुरू होने से पहले ही खत्म किया जा सकता है।
ग्राम पंचायत सचिव जैसराम ने कहा कि इस दुनिया में जन्म लेने वाले जितने भी प्राणी हैं। उनके लिए आंखें अनमोल हैं। इसलिए इनकी देखभाल बहुत जरूरी है। आखिर आंखें हैं तो दुनिया की तमाम खूबसूरती का हमारे लिए मायने है। आंखें हमारे लिए अनमोल हैं और इसके बिना हम इस खूबसूरत दुनिया को नहीं देख सकते। यह जानते हुए भी अक्सर हम आंखों के स्वास्थ्य के बारे में बहुत गंभीरता से नहीं सोचते है जिसके कारण दिक्कते होती हैं इसलिए समय समय पर आंखों की जांच जरूर कराना चाहिए। शिविर में नेत्र चिकित्सक नियाज खान, सहायक लवकुश चौधरी, रामू ने 295 मरीजो की आंखों का निःशुल्क परीक्षण कर 50 रुपये में चश्मे वितरित किये गये तथा बच्चो को जमीटरी बाक्स, पेन्सिल, रबर, कटर का वितरण किया गया। इस मौके पर पंचायत सहायक सैय्यदा, कृष्ण कुमार गुप्ता, मतीन अंसारी, मुल्ला हलीम अंसारी, कल्लू यादव, डॉ मायाराम यादव, शाहिद अली, मो0 गुफरान, पप्पू गौतम राजेन्द्र यादव, इशरत अली, अंगद गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

फौजी की पत्नी व दो बच्चे संदिग्ध अवस्था में मौत

लोकमित्र ब्यूरो

बांगरमऊ ,उन्नाव। कस्बे के मोहल्ला न्यू कटरा स्थित एक तीन मंजिला मकान के एक कमरे में फौजी की पत्नी और उसके दो मासूम बच्चों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई द्य इस हृदय विदारक घटना से पूरा नगर और क्षेत्र सहम गया। महिला का पति मौजूदा समय कश्मीर में तैनात है। समझा जाता है कि महिला ने रात के समय अपने दोनों बच्चों को भीषण ठंड से बचाव के लिए कमरे में कोयले की अंगीठी जलाकर रखी होगी । कमरा एयर टाइट होने के चलते कोयले के धुंए और गैस से फौजी की पत्नी और दोनों बच्चों की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सभी परिजन यहां आ पहुंचे और कमरे में पड़े तीनों शव देखते ही दहाड़े मारकर रोने-बिलखने लगे।
फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र के ग्राम बरुआ घाट अंतर्गत मजरा मुन्नी खेड़ा निवासी

सुंदर सिंह उर्फ नन्हके का इकलौता पुत्र आलोक सिंह राजपूत रेजीमेंट में सुबेदार के पद पर तैनात है और वर्तमान समय में उसकी ड्यूटी कश्मीर के राजौरी सेक्टर में लगी है। बीते करीब दो वर्ष से फौजी आलोक सिंह की पत्नी रचना सिंह उर्फ नीशू और उनका बेटा अंश सिंह उर्फ़ वैभव 7 वर्ष तथा अबोध बेटी वैष्णवी 3 वर्ष नगर के में मोहल्ला न्यू कटरा स्थित नवनिर्मित तीन मंजिला मकान में रहते चले आ रहे हैं। प्रतिदिन की भांति बीते रविवार की रात फ़ौजी की पत्नी और

दोनों बच्चे मकान के प्रथम तल पर एक कमरे में सोए हुए थे।
आज सुबह करीब आठ बजे फौजी आलोक सिंह ने अपनी पत्नी को फोन मिलाया। किंतु उसका फ़ोन नहीं उठा। तब उसने पड़ोसी महिला कल्पना गुप्ता को फोन कर पत्नी से बात कराने को कहा। पड़ोसी महिला ने भी आवाज देकर फौजी की पत्नी को बुलाया। कुछ देर बाद ही फौजी के गांव निवासी मुन्नी लाल दूध लेकर आया और आवाज लगाई। कोई प्रतिक्रिया न मिलते देख मुन्नीलाल ने फोन कर पड़ोस में ही



स्थित आरडीएस स्कूल में नौकरी कर रहे फौजी के चचेरे भाई पंकज सिंह को बुलाया। पंकज सिंह ने पड़ोसी मकान की छत के सहारे फौजी के मकान में किसी तरह दाखिल हुआ और कमरे का खोलकर देखा तो उसके होश उड़ गए। फौजी की पत्नी रचना सिंह और उसकी अबोध बच्ची वैष्णवी दोनों मां-बेटी के शव बेड पर पड़े हुए थे और बेटे अंश सिंह का शव बेड के नीचे फर्श पर पड़ा हुआ था।
यह देखकर चचेरे भाई पंकज सिंह ने घटना की सूचना फौजी आलोक सिंह

और उनके परिजनों तथा पत्नी रचना सिंह के मायके ग्राम भड़सर नौशहरा निवासी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन यहां आ पहुंचे और तीनों शव देखते ही दहाड़े मारकर रोने-बिलखने लगे। क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार और कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक मौके पर जा पहुंचे। परिजनों ने बताया कि फौजी आलोक सिंह राजौरी से वैष्णो देवी मंदिर आए थे और वह हवाई जहाज से यहां के लिए चल चुके हैं। फिलहाल फौजी के परिजन और पत्नी के मायके के परिजन आलोक सिंह के आने तक पोस्टमार्टम के लिए तीनों शव भेजने से इंकार कर रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

वाहन की टक्कर से अधेड़ घायल, हालत गम्भीर

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग पर स्थित ग्राम मदार नगर के निकट तेज रफ्तार वाहन ने अधेड को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से अधेड गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे यहां के सरकारी अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर किया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमुनिहां बंगर निवासी गुड्डू पुत्र राम आसरे किसी काम से पड़ोसी ग्राम मदार नगर आया था। जहां बीते रविवार को देर रात बिल्हौर मार्ग पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टककर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे यहाँ के सरकारी अस्पताल मे भर्ती कराया। यहाँ के डॉक्टर ने उसकी हालत नाजुक बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

खेत में काम कर रही महिला से मारपीट

बीघापुर,उन्नाव। बारासगवार थाना क्षेत्र के गांव सेड़वा दुलीखेड़ा में पुरानी रंजिश के चलते एक ही परिवार के लोगों ने खेत मे कार्य कर रही महिला की लाठी डंडे से पिटाई कर दी । महिला ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र दिया है । सेड़वा दुलीखेड़ा निवासी रूपरानी ने बताया कि रविवार की दोपहर वह खेत मे कार्य कर रही थी । तभी उनके गांव के ही राधेश्याम उसकी पत्नी व बेटी आ गये ।पुरानी रंजिश के चलते गालीगलौज करने लगे और खेत में गिरा कर डंडे से पीटने लगे । सूचना पाकर उसकी गर्भवती बेटी भी घर से बचाने के लिए आ रही थी तो उन्होंने उसे धक्का देकर गिरा दिया ।रूपरानी ने बताया कि मारपीट के दौरान उसके स्वर्ण आभूषण भी टूट कर कही गिर गए जो नहीं मिले ।एसओ धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि शिकायत मिली है । जांच करा कर कार्रवाई की जायेगी ।

खाते से उड़ाए 38000 रुपए

बीघापुर,उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचम खेड़ा निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र कृष्ण कुमार वर्मा क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए पीड़ित ने एस पी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। बीरेंद्र कुमार ने बताया कि क्रेडिट कार्ड से स्टेट ऑफ बैंक आफ इंडिया व बैंक ऑफ़ बड़ौदा से 38000 रुपए निकाल ले गए ।7थाने से करवाई न होने पर पुलिस कप्तान को प्रार्थना पत्र दिया था एस पी के आदेश पर बीघापुर कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत ठगी का मुकदमा पंजीकृत हुआ है7थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है जांच के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

बस ने दो ट्रैक्टर ट्राली को उड़ाया, ड्राइवर की हालत गंभीर

लखीमपुर-खीरी। पड़रिया तुला में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। पालिया से लखीमपुर जा रही एक बस ने ओवरटेकिंग के चक्कर में बिजुआ से दाउदपुर क्रेसर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली को ओवरट्रैक करते हुए सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली को उड़ाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस चालक ने अत्यधिक गति से वाहन चलाते हुए ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली से उसकी टक्कर हो गई। हादसे की तीव्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली मैं ट्रैक्टर हुआ पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। हादसे में सबसे ज्यादा क्षति सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली को हुई है। उसके ड्राइवर की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे तत्काल 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ पहुंचाया गया है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने बस को साइड करवाकर यातायात को बहाल कर दिया। कुछ देर के लिए लखीमपुर पलिया मार्ग जाम रहा।

आठ दिनों से गायब महिला का शव बरामद

लखीमपुर-खीरी। क्षेत्र की चर्चित आठ दिनों से लापता विधवा 45 वर्षीय दलित कौशल्या का शव गन्ने के खेत से बरामद। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के पश्चात शव को पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर भेजा है जहां पोस्टमार्टम कर रहे चिकित्सक ने मृतक कौशल्या की मौत हाथापाई के बाद गला दबा कर दो दिन पूर्व हत्या किए जाने की पुष्टि की है। कोतवाली तिकुनिया के अन्तर्गत ग्राम बनवीर पुर निवासिनी विधवा कौशल्या पति जगदीश प्रसाद की मौत के बाद से आवारगी का जीवन व्यतीत कर रही थी। कौशल्या पिछले आठ दिनों से गांव से लापता थी बीते दिवस कौशल्या का शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला था। पोस्ट मार्टम कर रहे चिकित्सक ने कौशल्या के शरीर पर चार चोटें दर्शाते हुए गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि की है।

भारी मात्रा में पकड़ा गया विनेगर और सास

अमेठी। अमेठी जिले के रास्ते प्रतापगढ़ भेजी जारी लाखों रुपए कीमत की नकली सॉस और विनेगर को खाद्य विभाग की टीम ने हाइवे पर पकड़ लिया।गाड़ी मालिक द्वारा सामानों से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी टीम को नहीं दी गई जिसके बाद खाद्य विभाग की टीम ने सभी सास और विनेगर के बोतलों को ले जाकर नष्ट करवा दिया और दोनों के सैंपल को खाद विभाग द्वारा जांच के लिए लैब भी भेजा गया है। दरसअल आज सहायक खाद आयुक्त राजेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में खाद्य विभाग की टीम हाईवे पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी।इसी बीच जानकारी मिली थी उन्नाव से चलकर अमेठी के रास्ते प्रतापगढ़ एक गाड़ी भरकर नकली सास और विनेगर जा रहा है।जानकारी मिलते ही टीम एक्टिव हुई और हाईवे पर गाड़ी को रोक कर चेक किया गया तो गाड़ी में विनेगर 10 गत्ता और सास के 100 गत्ते लदे थे जो करीब 400 बोतल थे।गाड़ी मालिक द्वारा जब इससे संबंधित कागजात मांगे गए तो उसके पास कोई वैद्य कागज नही मिला और जो कागज मिला भी उस पर मैन्यू फ़ैक्ररर या मैन्यू फ़ैक्ररिंग की कोई डेट नही पड़ी हुई थी।जो शीशी मिली उस पर सॉस किस चीज का बना हुआ है ये भी नही लिखा था।इसके बाद खाद्य विभाग की टीम ने सभी शीशियों को नष्ट करवा दिया।सहायक खाद्य आयुक्त राजेश द्विवेदी ने कहा कि उन्नाव के एक सास निर्माता है जैन फुट प्रोडक्ट इनका ये मॉल है जो प्रतापगढ़ जा रहा था।गाड़ी चेकिंग के दौरान पकड़ा गया है जो बिल है उस पर सास किस चीज से बना है ये भी नही लिखा है।निर्माता सप्लाई या बनाने के लिए अधिकृत भी नही है।इसलिए सभी सामनो को नष्ट करवा दिया गया है।

दुर्घटना का सबब बनी टूटी पुलिया

बरवर नगर के कई तिराहे चौराहा पर पुलिया टूटी हुई है जिम्मेदार बड़ी घटना का कर रहे इंतजार

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। बरवर नगर पंचायत के कई तिराहा चौराहा पर पुलिया टूटी हुई पड़ी हुई है और जिम्मेदार लापतागंज घूम रहे हैं। इतना ही नहीं टूटी हुई पुलिया में कई बाइक सवार गिरते गिरते बचे, लेकिन जिम्मेदारों के कानों पर मजाल है जूं रेंग जाए। वैसे भी आजकल दुर्घटनाओं की खबरें एक्सीडेंट की खबरें आए दिन होती रहती हैं लेकिन मजाल है सतर्कता नगर पंचायत दिखा दे। जिम्मेदार बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक संदीप सीमेंट दुकान के सामने जो मेंन रोड है उसकी पुलिया बीचों-बीच का पत्थर टूटा हुआ है। वहीं पर दूसरा पश्चिम जाने वाले रास्ते पर पुलिया का पत्थर टूटा हुआ पड़ा है। जानकारी के मुताबिक चंद्रशेखर चौराहा पर पुलिया का पत्थर बीचों-बीच रोड पर टूटा हुआ पड़ा हुआ है। ऐसे मामले बरबर में अगर देखे जाएं तो लगभग हर मोहल्ले में पुलिया के पत्थर टूटे पड़े हुए हैं। लेकिन जिम्मेदार मौन है। एक तरफ बरवर नगर पंचायत अध्यक्ष संजय शर्मा पर एक सभासद पति ने चारा घोटाला का आरोप लगाया है तो वहीं दूसरी तरफ अध्यक्ष सभासदों पर निजी स्वार्थ का आरोप लगाते नजर आ रहे हैं।

सभासद और अध्यक्ष संजय शर्मा के बीच चल रही रार ने बरबर कस्बे के विकास को अधर में लटका दिया है। फिलहाल बरवर नगर पंचायत में फर्जीवाड़ा चरम पर है। वहीं दूसरी तरफ़ बरवर नगर पंचायत अपनी बदहाली पर आंसू बहाता नजर आ रहा है।आखिर क्यों?

मुआवजा मिलने पर किसानों का विरोध, एडीएम को ज्ञापन सौंपा

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। जिले में नेशनल हाईवे 931 के बाईपास चौड़ीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण में सर्किल रेट से कम मुआवजा मिलने पर नाराज किसानों ने सोमवार को अमेठी तहसील में प्रदर्शन किया। दर्जनों किसानों ने संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान एडीएम को ज्ञापन सौंपकर अपनी शिकायत दर्ज कराई।

किसानों का आरोप है कि उन्हें 2017 के सर्किल रेट के आधार पर मुआवजा दिया जा रहा है, जो वर्तमान सर्किल रेट से काफी कम है। किसानों ने कहा कि पुराने रेट पर मुआवजा मिलने से उन्हें भारी नुकसान होगा और कई किसान भूमिहीन हो जाएंगे। उन्होंने मांग की कि उन्हें मौजूदा सर्किल रेट के हिसाब से मुआवजा दिया जाए ताकि उनके नुकसान की भरपाई हो सके। एडीएम ने किसानों की समस्याएं सुनीं और आश्वासन दिया कि इस मामले को डीएम के संज्ञान में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को न्याय दिलाने के लिए प्रशासन पूरी कोशिश करेगा।

> किसानों ने सर्किल रेट में वृद्धि की मांग को लेकर किया तहसील में प्रदर्शन

ज्ञापन देने वाले किसानों में कामलादेव मिश्र, रामराज तिवारी, रामबली श्याम बहादुर सिंह, और लाल बिहारी पांडेय समेत कई किसान शामिल थे। किसानों को उम्मीद है कि प्रशासन उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई करेगा और उन्हें उनका हक दिलाएगा।

अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

अमेठी। अमेठी जिले में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बेशकीमती घर बनाना पूर्व प्रधान को भारी पड़ गया।पूर्व प्रधान के बेशकीमती निर्माण को प्रशासन ने बुलडोजर से गिराकर जमीदोंज कर दिया।पूर्व प्रधान ने सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कराया था।कोर्ट के आदेश पर एसडीएम और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में मकान को गिराकर अवैध कब्जे को खाली कराया गया। मामला गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के सकरावा गांव का है जहां गांव के ही पूर्व प्रधान हरिराम चौहान ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध रूप से घर बना लिया था। कोर्ट से आदेश मिलने के बाद प्रशासन द्वारा जमीन खाली करने के लिए उन्हें नोटिस भी दी गई लेकिन उसके बाद भी जब जमीन नहीं खाली किया तो प्रशासन की तरफ से कार्रवाई हुई है।भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँची एसडीएम न्यायिक की मौजूदगी में बुलडोजर से पूरे घर को जमीदोंज कर दिया गया।

डीसीएम से टकराई अनियंत्रित कार, तीन घायल

लोकमित्र ब्यूरो

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी गेट नंबर 1 के पास भोर पहर तकरीबन 5 बजे एक हादसा हुआ। जिसमें कानपुर की तरफ जा रही एक कार अचानक अनियंत्रित हो गई, तभी पीछे से तेज गति से आ रही डीसीएम ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल उन्नाव भेजा। जहा उनका उपचार चल रहा है। घायलों में कार सवार अनवरगंज जीटी रोड, कानपुर नगर निवासी सूर्यांश यादव, उसका भाई अविनाश यादव और सौरभ कुमार घायल हो गये। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामला दर्ज कर लिया है। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि डीसीएम की गति तेज थी और कार का चालक उसे नियंत्रित नहीं कर पाया। हालांकि, अभी तक पुलिस द्वारा डीसीएम चालक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है, और जांच जारी है।

भटकी हुई महिला को परिवार जनों से मिलाने का किया गया सराहनीय कार्य

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। जनपद में स्थित वन स्टाप सेंटर के द्वारा तेलंगाना राज्य से भटक कर मिली महिला को जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश कुमार भार्गव के निर्देशन में उसके परिवारजनों से मिलने का सराहनीय कार्य किया गया ।

ज्ञात हो कि 18 जनवरी 2025 को अपना घर भूल भटकर पी.आर.बी 2851को एक महिला ग्राम चिमनी पुलिस चौकी ओयल थाना खीरी क्षेत्र मिली थी। उक्त महिला को वन स्टॉप सेंटर पर आश्रय व संरक्षण दिलाया गया था, जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश कुमार भार्गव के निर्देशन में काउंसलर विजेता गुप्ता व रश्मि वर्मा द्वारा परिवारिक जन की जानकारी की गयी। काउन्शिलिग में उक्त महिला ने अपना नाम रमन्ना पत्नी भास्कर राव जिला कमम मंडल ओयदा राज्य तेलगांना बताया था। परिवार में पुत्र मुताशाही से काउन्शलर द्वारा बात होने के बाद उन्हे वन स्टाप सेंटर लखीमपुर बुलाया गया था।

महिला के पति भास्कर राव , व पुत्र मुताशाही वन स्टाप सेंटर पर अपना व महिला के पहचान सम्बन्धित प्रमाण दिया और महिला ने अपने पति व पुत्र को देखकर पहचान लिया। उक्त महिला एक माह पूर्व अपने घर से भटकर निकल आयी थी। एक माह बाद पति व पुत्र ने महिला को देखकर कर काफी खुश हुऐ। इस तरह से वन स्टाप सेंटर के द्वारा महिला को उसके परिवार के लोगो से मिलाने का सराहनीय कार्य किया गया है।

रामलीला में धनुष भंग व सीता स्वयंवर का हुआ सुंदर मंचन

लोकमित्र ब्यूरो

मसौली बाराबंकी। ग्राम पंचायत बड़गांव में चल रही रामलीला धनुष यज्ञ में रामनगरी अयोध्या से आये मारुतिनंदन नाट्य कला केंद्र के कलाकारों द्वारा धनुष भंग व सीता स्वयंवर का मंचन किया गया। , सीता स्वयंबर में आये रावण और बाणासुर में जमकर वाक युद्ध हुआ, जिसमें रावण के शास्त्र ज्ञान को बाणासुर ने बड़ी ही निपुणता से तर्क पूर्ण संवाद कर उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया। रावण- बणासुर के वाकयुद्ध का दर्शकों ने भी आनन्द उठाया।

सीता के योग्य वर न मिलने पर पिता के रूप में राजा जनक के करूण विलाप ने दर्शकों अश्रुपूरित कर दिया 7 गुरू विस्वामित्र का आदेश प्राप्त कर भगवान राम ने जैसे ही शिव धनुष का खण्डन किया तो समूचे दर्शक दीर्घा में जय श्रीराम का उद्घोष गूंजने लगा । भगवान शिवशंकर के धनुष के खण्डन की आवाज़ सुनकर पहुँचे परशुराम के क्रोध को देखकर सभी भयभीत हो गये ।

लक्ष्मण जी द्वारा परशुराम के क्रोध का सामना किया गया, परशुराम और लक्ष्मण में हुए वाक युद्ध में दर्शक काफी रोमांचित हुए, दर्शकों द्वारा परशुराम और लक्ष्मण के बीच हुये बीररस, और श्रंगाररस के वाक युद्ध के दौरान प्रांगण में तालियाँ गूँजती रही । भगवान राम के समक्ष अपने भाई की प्राणों की रक्षा हेतु किये गये करुण विलाप ने उपस्थिति जनमानस को करुण रस में डुबा दिया । मानव रूप में भगवान का अपने अनुज भाई के प्रति विलाप की स्थिति देख कर ऐसा अहसास नहीं रहा कि यह की यह लीला का मंचन हो रहा है । उपस्थित प्रबुद्ध जनमानस अश्रु पूरित हो उठा। रामलीला के आयोजक समित की ओर से एव लोगो द्वारा आरती उतारी गई।

पम्पिंग सेट बरामदगी मामले में चल रहा पुलिसिया खेल

नामजद आरोपी को बचाने में जुटे हल्का प्रभारी व सिपाही

> कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक का कारनामा

लोकमित्र,शोभित श्रीवास्तव

धौरहरा-खीरी। कोतवाली पुलिस द्वारा एक ग्रामीण के घर से बरामद डीजल इंजन को लेकर दीवान हल्का प्रभारी ने वादी पर ही दबाव बनाते हुए बरामद इंजन को ले जाने का दबाव बनाने का प्रयास हो रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र केशवापुर कलां निवासी बेवा महिला संगीता देवी पत्नी स्व0 प्रेम सागर द्वारा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि करीब छः माह पूर्व मेरा डीजल इंजन पंम्पिग सेट पडोसी गांव बेहननपुरवा में खेत सींचने के उपरांत संजय वर्मा के बंग्ले में खडा करा दिया था जो कि चोरी हो गया था।आज दिनांक 21.01.25 को दिन में 11 बजे हल्का सिपाही जितेन्द्र गौड़ द्वारा उपरोक्त इंजन हनीफ पुत्र बाबू निवासी बेहननपुरवा के घर से बरामद करते हुए पुलिस पिकेट सरसवा में खडा कराया गया। पीड़िता के अनुसार कोतवाली पुलिस के हल्का प्रभारी विनोद द्विदी व सिपाही जितेन्द्र गौड़ द्वारा वादिनी पर दबाव बनाते हुए इजंन ले जाने की बात कही।

जबकि वादिनी के अनुसार हनीफ के घर से माल बरामद हुआ है तो पुलिस द्वारा बचाने का प्रयास किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक दूसरी तरफ हनीफ द्वारा कहा जा रहा है कि हमने सजंय से 15 हजार रुपए में खरीदा है। जबकि संजय वर्मा उपरोक्त बातों से इंकार कर रहे हैं।

अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से अवैध विज्ञापनों पर शिकंजा कसेगा नगर निगम

गाजियाबाद। शहर में जगह-जगह लगे अवैध विज्ञापनों पर नगर निगम सख्त होने जा रहा है। ऐसे अवैध विज्ञापनों पर कार्रवाई के लिए नगर निगम आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से लैस सॉफ्टवेयर लाने जा रहा है। इस सॉफ्टवेयर से नगर निगम के लिस्टेड 15000 वर्ग मीटर विज्ञापन क्षेत्र को छोड़कर कहीं भी लगे विज्ञापन को मॉनिटर कर अपने आप नोटिस भेजने की कार्रवाई की जाएगी।नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि कई बार कार्रवाई के बाद भी अवैध विज्ञापनकर्ता मान नहीं रहे हैं। इन पर कार्रवाई के लिए निगम की ओर से मार्च में सर्विलांस सॉफ्टवेयर ओकुलस की शुरुआत की जाएगी। सॉफ्टवेयर में निगम की ओर से पारित विज्ञापन क्षेत्रों का डाटा फीड किया जा रहा है। इसके बाद यह सॉफ्टवेयर अपने आप अवैध विज्ञापनों को चिह्नित करेगा और उनको नोटिस भेजने के साथ ही निगम के अधिकारियों को भी सूचना देने का काम करेगा।

वित्त लेखा अधिकारी कार्यालय में हुए भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच की मांग

आरोपी लेखा अधिकारी को जांच कमेटी से हटाने के लिए दिया ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। शिक्षकों के अवशेष बकाया धन के भुगतान को लेकर को वित्त लेखा अधिकारी कार्यालय अमेठी के बाबू द्वारा व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया ।जिसमें करोड़ों रुपए का गबन प्रकाश में आया। जिसकी जांच जिलाधिकारी के नेतृत्व में तीन अधिकारियों द्वारा की जा रही है जिसमें एक अधिकारी पर गबन का रूप है। ऐसे में निष्पक्ष जांच करना कमेटी के लिए संभव नहीं है ।सैयां भाई कोतवाल की तर्ज पर जांच में वित्त लेखा अधिकारी द्वारा लीपा पोती की संभावना नजर आ रही है। जिसको लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने भ्रष्टाचार में लिप्त वित्त लेखा अधिकारी के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच की मांग की है तथा इसे संबंधित ज्ञापन जिला अधिकारी अमेठी को सौपा है। वित्त लेखाधिकारी कार्यालय गौरीगंज में हुए गबन की विभिन्न समाचार पत्रों द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। सोमवार को उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा के द्वारा विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में भ्रष्टाचार से संबंधित छपी खबर कटिंग को संज्ञान में लेते हुए तथा भ्रष्टाचार से संबंधित दस्तावेजों के साथ कार्यालय वित्त एवं लेखा अधिकारी (बे0शि0) जनपद अमेठी में किए गए व्यापक भ्रष्टाचार प्रमुख भूमिका निभाने वाले सहायक लेखाकार मनोज कुमार मालवीय के अन्य प्रकार से किये जा रहे भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में पूर्व में भी उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी ने अपने विभिन्न पत्रांकों द्वारा अवगत कराया गया था। शिक्षकों का आरोप है कि जांच कमेटी द्वारा कार्यालय वित्त एवं लेखा अधिकारी (बेसिक शिक्षा) जनपद अमेठी में किए गए व्यापक भ्रष्टाचार की जांच में संलिप्त शिक्षकों/ कार्मिकों अथवा जिन शिक्षकों, कार्मिकों के खाते में धनराशि भेजी गई है, उन सभी शिक्षकों/ कार्मिकों पर तत्काल कार्यवाही करते हुए लेखा कार्यालय में प्रवेश पर रोक लगाते हुये, जांच कार्यवाही करने की मांग की गई है।संज्ञान में है कि वित्त एवं लेखाधिकारी (बे0शि0) कार्यालय से आया किए गये संदिग्ध भुगतान में अधिकांश जनवरी 2024 से अक्टूबर 2024 के मध्य के हैं। उस दौरान त्रिसदस्यीय जांच कमेटी में शामिल जाच अधिकारी / वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार शर्मा के पास ही वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा का चार्ज था। उक्त के कारण शिक्षक समाज में जांच कमेटी द्वारा की जा रही जांच की प्रामाणिकता को लेकर सन्देह व्यक्त किया जा रहा है। शिक्षकों की मांग है कि भ्रष्टाचार में लिप्त आरोपी वित्त लेखा अधिकारी को जांच से हटाया जाए अन्यथा जांच पूरी तरह से प्रभावित होगी। सूत्रों के हवाले से खबर है कि शिक्षकों के एरियर देने के नाम पर वित्त लेखा अधिकारी कार्यालय द्वारा अग्रिम आयकर कटौती की गई थी जो कि मानव संपदा पोर्टल पर अंकित नहीं है। अग्रिम आयकर को लेखाधिकारी कार्यालय द्वारा एनपीएस की राशि बताया गया।इसके अलावा एन पी एस की धनराशि और सरकार द्वारा मिलने वाला अंशदान एनपीएस भी संबंधित शिक्षकों के खाते में नहीं पहुंचा इसके साथी मृतक आश्रित कार्मिकों के अवशेष देयकों में भी अनावश्यक रूप से लिंगर आन कर शिक्षकों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा, मंत्री अरुण कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक गण मौजूद थे।

दम्पत्ति ने खाया जहर, मौत

> परिवार वालों की मर्जी के खिलाफ दोनों ने 5 साल पहले किया था प्रेम विवाह

सुनील बाजपेई

कानपुर। साथ जीने मरने की कसम खाकर परिवार वालों की मर्जी के खिलाफ प्रेम विवाह करने वाले नव दम्पति ने वैसा करके भी दिखा दिया। आज सोमवार को दोनों ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। परिवार वालों की मर्जी के खिलाफ दोनों में 5 साल पहले प्रेम विवाह किया था।

यह घटना पनकी थाना क्षेत्र के पतरसा गांव की है। जहां रह रहे आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता निवासी सलोनी सचान और अलकेश सचान ने परिवार के खिलाफ जाकर प्रेम विवाह किया था। पुलिस ने बताया कि शादी के बाद पनकी के पतरसा में दोनों किराए के मकान में परिवार से अलग रहते थे।

जहर खाने की इस घटना के पहले दोनों की जमीन काफी देर तक तड़पते रहे। शोर सुनकर मोहल्ले वाले घर पहुंचे। उनके परिवार वालों को जानकारी दी।

एम्बुलेंस से दोनों को हैलट में एडमिट कराया ,जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस ने परिवार वालों को दी। उनके मुताबिक दोनों ने 5 साल पहले परिवार से झगड़कर शादी की थी। फिलहाल पुलिस दोनों की लाशों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की वजह का भी पता लग रही है ।



संक्षिप्त खबरें

उपचुनाव मिल्कीपुर- प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित

अयोध्या। मिल्कीपुर उप निर्वाचन 2025 के तहत 273-मिल्कीपुर (अ0जा0) विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर द्वारा आज जानकारी दी गई कि नाम वापसी की निर्धारित तिथि तक किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम वापसी नहीं की गई।उपचुनाव में अब तक कुल 10 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं। जिनमें, समाजवादी पार्टी के अजीत प्रसाद को साइकिल, भारतीय जनता पार्टी के चन्द्रभानु पासवान को कमल, मौलिक अधिकार पार्टी के राम नरेश चौधरी को आटो रिक्शा, राष्ट्रीय जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) की सुनीता को आरी, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के संतोष कुमार को केतली, और निर्दलीय प्रत्याशियों में अरविंद कुमार को हाथ गाड़ी, कंचनलता द्वार को घंटी, भोलानाथ को अंगूठी, वेद प्रकाश को फुटबाल खिलाड़ी, और संजय पासी को कैमरा चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं।इस संबंध में निर्वाचन अधिकारियों ने सभी प्रत्याशियों से चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

आसिफ बाग में बन रहा नगर निगम का नया जोनल आफिस

अयोध्या। लोगों को नागरिक सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से रामनगरी में नगर निगम का जोनल ऑफिस बनाया जा रहा है। आसिफ बाग में इसका निर्माण भी तेजी से चल रहा है। 10.1948 करोड़ में बनने वाले इस जोनल कार्यालय का संचालन मार्च के बाद ही संभव होगा। भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद अयोध्या में नगर विकास से जुड़े कार्यों में तेजी आ गई है। अयोध्या को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं मॉनिटर भी कर रहे हैं। इसके लिए वह अपने अयोध्या के हर दौरे पर अधिकारियों को निर्देशित भी करते हैं। इसी वजह से अयोध्या में नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। आसिफ बाग में बनने वाले जोनल आफिस के निर्माण की कार्यदायी संस्था नगर विकास है। कार्य निर्माण के लिए डेडलाइन 31 मार्च तय की गई है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि कार्य प्रगति पर है। भविष्य में हमारी योजना है कि नगर वासियों को मुख्यालय न आना पड़े। जोनल आफिस में ही सारे कार्य हो जाएं।मुख्य भवन के जी प्लस वन के स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो चुका है। अब फ्लोरिंग का कार्य किया जा रहा है। परिसर में बनने वाले व्हीकल शेड का कार्य भी चल रहा है। इसमें 100 केवीए का सोलर पैनल भी लगेगा। गैंग हट एंड स्टोर के अलावा फर्नीचर, बाउंड्रीवाल ब अवस्थापना से संबंधित कार्य होंगे। इतनी धनराशि हो चुकी है खर्च प्रोजेक्ट के लिए 10.1661 करोड़ रुपये अवमुक्त हो चुके हैं। अब तक 6.5825 करोड़ खर्च हो चुके हैं। बताया जाता है कि लगभग 65 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है।

भूमि पैमाइश और राजस्व मामले मौके पर जाकर निस्तारित करें

बांदा। अतर्रा तहसील में फरियादियों की समस्याएं सुनने के बाद डीएम जे. रीभा ने तहसील अतर्रा में राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक की और तहसील का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी अधिकारी अपने कार्यों को पूर्ण निष्पक्षता के साथ अभिलेखों के आधार पर कार्यों को सम्पादित करें। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिये कि प्रतिदिन सम्पादित किये जाने वाले कार्यों का अंकन अपनी डायरी में अवश्य करें। उन्होंने भूमि पैमाइश एवं राजस्व के विवाद सम्बन्धित प्रकरणों का प्राथमिकता पर मौके पर जाकर जॉच कर निस्तारण किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने तहसील अतर्रा का निरीक्षण करते हुए विभिन्न पटलों नजारत अनुभाग, तहसीलदार कार्यालय अतर्रा, पूंछतांछ केन्द्र, राजस्व निरीक्षक कार्यालय, दैवीय आपदा, ई-गर्वनेन्श कक्ष, संग्रह अभिलेखागार, मतदाता पंजीकरण केन्द्र तथा राजस्व अभिलेखागार आदि विभिन्न पटलों का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित पटल सहायकों से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने नाजारत अनुभाग में निरीक्षण करते हुए विभिन्न रजिस्टरों को चेक करते हुए अभिलेखों को पूर्ण किये जाने के निर्देश नाजिर को दिये। उन्होंने दैवीय आपदा से सम्बन्धित लम्बित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व निरीक्षक पटल का निरीक्षण करते हुए जारी किये गये सभी आदेशों को कम्प्यूटर में समय फीड कर अपलोड किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मतदाता पंजीकरण केन्द्र में प्राप्त आवेदनों की जानकारी लेते हुए कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ई-गर्वनेन्श कक्ष का निरीक्षण करते हुए लेखपालों को कम्प्यूटर कार्य हेतु आवंटन किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने शौचालय एवं तहसील परिसर में गन्दगी पाये जाने पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रखे जाने के निर्देश तहसीलदार अतर्रा को दिये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी अतर्रा राहुल द्विवेदी, तहसीलदार अतर्रा सतीश कुमार सहित सम्बन्धित राजस्व कर्मचारी, अधिकारीगण उपस्थित रहे।

10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

हैंडीक्राफ्ट उत्पाद का दिया जाएगा प्रशिक्षण

कुमारगंज-अयोध्या। अमानीगंज विकास खंड अंतर्गत पूरे दला में स्थापित केला रेशा प्रदर्शन इकाई पर राष्ट्रीय प्राकृतिक रेशा अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी संस्थान , कलकत्ता एवं ओंकार सेवा संस्थान के संयोजन में महिलाओं के दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉक्टर एस बी रॉय द्वारा किया गया ।अपने उद्घाटन संबोधन में डाज रॉय ने कहा कि यह परियोजना संस्थान के एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन योजना के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संचालित की गई है । इस योजना के अंतर्गत संस्थान के द्वारा देश के विभिन्न भागों में महिलाओं और किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है । कार्यक्रम को संस्थान के तकनीकी अधिकारी रमा कांत मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि इस परियोजना में कुल चालीस महिलाओं को विभिन्न प्रकार के हैंडीक्राफ्ट उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिससे महिलाएं अपना रोजगार स्थापित करके अपनी रोजी रोटी चला सकें। कार्यक्रम को भारतीय कालीन प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डॉक्टर राजीव वार्ष्णेय ने भी संबोधित किया ।

डीडीएम नाबार्ड कमलेश यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नाबार्ड महिलाओं और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सदैव कार्य कर रहा है ,शीघ्र ही नाबार्ड के द्वारा जनपद के मवई विकास खण्ड में भी महिलाओं को कालीन का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा । उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इतने बड़े संस्थान के द्वारा प्रशिक्षण आयोजित करना बहुत शुभ संकेत है।इससे महिलाओं के साथ साथ किसान भी लाभान्वित होंगे तथा क्षेत्र की महिलाओं को पूरे देश में अपना हैंडीक्राफ्ट उत्पाद बेचने में भी मदद मिलेगी । कार्यक्रम समन्वयक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने कहा कि उपरोक्त योजना राष्ट्रीय प्राकृतिक रेशा अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी संस्थान कलकत्ता के निदेशक डॉक्टर डी बी शाक्यवार के दिशा निर्देश में संचालित की जा रही है ।कार्यक्रम को डाज अरुण गुप्ता ,डाज देवेंद्र प्रताप शुक्ला ,श्रीकृष्ण द्विवेदी ,भवानी प्रसाद मिश्रा , सहित दर्जन भर विद्वानों ने संबोधित किया । कलकत्ता से आई हुई प्रशिक्षिका वीथिका डे ,स्मिता मित्रा ने महिलाओं को विभिन्न प्रकार के सामान बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया । प्रशिक्षण में प्रीति सिंह ,संगीता मौर्य,अनीता मौर्य , गीता , सहित सभी चालीस महिलाएं उपस्थित रही।

अयोध्या में महाकुंभ 2025 के लिए ठहरने की सुविधाओं का मण्डलायुक्त ने लिया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने रविवार देर रात महाकुंभ 2025 के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए बनाए गए विभिन्न आश्रय स्थलों और रैन बसेरों का निरीक्षण किया। यह आश्रय स्थल मल्टीलेबल पार्किंग और बालू घाट तिराहे के समीप बनाए गए हैं, जिसमें लगभग 2000 व्यक्तियों के ठहरने की व्यवस्था है।निरीक्षण के दौरान, मण्डलायुक्त ने परिसर का गहन अवलोकन किया और ठहरने आए श्रद्धालुओं से मुलाकात की, साथ ही उनसे उपलब्ध सुविधाओं के बारे में फीडबैक भी लिया। मण्डलायुक्त ने सम्बंधित एजेंसियों को मोबाइल टॉयलेट की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और श्रद्धालुओं के लिए पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने का सुझाव दिया।

उन्होंने परिसर की साफ-सफाई को लेकर भी विशेष ध्यान रखने की बात कही।इसके अलावा, महाकुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सेवा और अनुभव प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा उदया तिराहे के पास 4000 व्यक्तियों के लिए 200 टेंट लगाए गए हैं, जिसमें खानपान और प्रवास की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

स्फटिक शिला के पास भी 1000 व्यक्तियों की क्षमता वाला एक और रैन बसेरा तैयार किया गया है।इस निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।

महिला मोर्चा ने संभाली कमान, नारी शक्ति होगी मिल्कीपुर की विनिंग फैक्टर

मिल्कीपुर -अयोध्या। भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान को विजयी बनाने के लिए शीर्ष कमान ने जहां विभिन्न प्रकोष्ठ को लगा रखा है वहीं आधी आबादी को चुनाव का विनिंग फैक्टर बनने में महिला मोर्चा पूरी ताकत के साथ दिखाई दे रही हैं। महिला मोर्चा विधान सभा प्रभारी के रूप में गोसाईगंज नगर पंचायत अध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष डॉ विजय लक्ष्मी जायसवाल पर पार्टी ने भरोसा दिखाया है। जायसवाल चुनाव प्रचार में महिलाओं को आगे बढ़ाने में सफल होती नजर आ रही है। महिला मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष गोदावरी मिश्रा, जिला अध्यक्ष सरोज मिश्रा के साथ सभी मंडलों की अध्यक्षों के साथ बैठक लेते दिखाई पड़ी। सभी बूथों पर मातृ शक्ति की टोली बनाई जा रही। रविवार को चुनाव प्रचार अभियान में चेयरमैन गोसाईगंज डोर टू डोर संपर्क के साथ नुक्कड़ बैठक आयोजित कर मोदी योगी सरकार की उपलब्धियां बताते हुए लाभार्थी संपर्क भी करती नजर आई।

जीत में बूथ पदाधिकारी व पन्ना प्रमुखों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण - धर्मपाल सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। मिल्कीपुर के चमनगंज में आयोजित बूथ अध्यक्ष, प्रभारी तथा बीएलए-2 के सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि चुनाव की जीत में बूथ पदाधिकारी व पन्ना प्रमुखों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। सभी बूथ के पदाधिकारी अपनें वोटरों को चिन्हित कर लें। तथा मतदान के दिन यह सुनिश्चित करें की इनका शत प्रतिशत मतदान हो।

उन्होंने कहा कि मोर्चो, प्रकल्प व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी अपने अपने बूथ पर सक्रियता बढ़ा दे। सभी को अपना बूथ पर विजय दिलाने की जिम्मेदारी निभानी है। इसके लिए प्रत्येक घर हर मतदाता से सम्पर्क करना आवश्यक है। पन्ना प्रमुख अपने क्षेत्र मे आने वाले मतदाताओं से रोजाना किसी न किसी माध्यम से चर्चा अवश्य करें। उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करें। सभी पदाधिकारियों को आपसी सामजस्य स्थापित करने हुए चुनावी रणनीति तैयार करनी है। बूथ कमेटियों की बैठकें रोजाना होनी चाहिए। वार्ड के पदाधिकारी व सेक्टर प्रमुख चुनाव को लेकर अपनी सक्रियता बढ़ा दे। सोशल मीडिया पर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक्टिव हो जाय। पार्टी कार्यक्रमों व जनसम्पर्क से लेकर रोजाना आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सोशल मीडिया पर साझा करें। इस चुनाव में भाजपा एक बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने कहा कि चुनाव यदि कोई विजय दिला सकता है तो वह बूथ का कार्यकर्ता ही है। मंच योजना बना सकता है। लेकिन मतदाता को मतदान करने ले जाने का सबसे महत्वपूर्ण कार्य बूथ का कार्यकर्ता करता है। इसलिए सभी बूथ के कार्यकर्ता एक्टिव हो जाएं। घर-घर सम्पर्क करें। बूथ विजय का लक्ष्य लेकर कार्य करें।

चन्द्रभानु पासवान ने कहा कि विजय का लक्ष्य बूथ कार्यकताओं की मेहनत पर निर्भर होता है। सभी बूथ के पदाधिकारी लगतार लभार्थियों से सम्पर्क व संवाद करते रहे।

सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु', कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव, राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी धर्मेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, एमएलसी हरिओम पांडेय, विधायक अमित सिंह चौहान, रामचन्दर यादव, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, रामू प्रियदर्शी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव,अवधेश पाण्डेय बादल, अभिषेक मिश्र, राघवेन्द्र पाण्डेय, भाष्कर मिश्र सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष, प्रभारी व बीएलए 2 मौजूद रहे।

समाजसेवियों को मानव रत्न सम्मान से नवाजा गया

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। मंडल के थाना कूरेभार स्थित ग्राम बरौला में रविवार को माँ शेरावाली न्याय धाम बरौला कूरेभार सुल्तानपुर द्वारा आयोजित माता श्यामरती जी की तृतीय पुण्यतिथि पुण्यतिथि के अवसर पर सम्मान समारोह एवं निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन माता श्यामरती जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संरक्षक बलराम सीता और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वासुदेव मौर्य, सदस्य, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश ने किया।मुख्य अतिथि वासुदेव मौर्य ने अपने संबोधन में कहा, ÷मां शेरावाली न्याय धाम ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे कार्य अत्यंत सराहनीय हैं। समाज में सेवा के लिए उनका योगदान उल्लेखनीय है। आज हमारी सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी योजनाओं को गरीब, वंचित और शोषित वर्ग तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। हमारी सरकार की योजनाएं खासतौर पर किसानों, युवाओं और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग के लोगों तक पहुंच रही हैं।÷ उन्होंने आगे कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में जागरूकता फैलती है और लोग समाज सेवा के कार्यों में योगदान देते हैं।इसके बाद, मुख्य अतिथि वासुदेव मौर्य ने विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्य करने वाले समाजसेवियों को ÷मानव रत्न सम्मान पत्र÷ से सम्मानित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुबोध श्रीवास्तव और सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।इस सम्मान समारोह समाजसेवी बसंत राम को उनके समर्पित कार्यों के लिए मानव रत्न सम्मान पत्र 2025 से नवाजा गया। समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ। बसंत राम ने समारोह के दौरान बताया, ÷मैं बचपन से ही समाज सेवा में लगा हुआ हूं और मुझे यह प्रेरणा अपनी माता स्वर्गीय श्रीमती शांति देवी से मिली। वे हमेशा समाज के गरीब और असहाय लोगों की मदद करने की बात करती थीं।कार्यक्रम का संचालन इंस्पेक्टर रंजीत यादव ने किया और आयोजन का शिवा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों ने इस पहल की सराहना की और समाज में सेवा के महत्व पर बल दिया।

समारोह में कई अन्य समाजसेवियों को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जिससे इस क्षेत्र में सामाजिक कार्यों को और प्रोत्साहन मिला। यह आयोजन समाज में जागरूकता और सामाजिक सेवा की अलख जगाने का एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

इस अवसर पर बसंत राम लव कुश रघुवंशी राघव राम मिश्रा शुभम सिंह रूद्र अंशिका सिंह, एस बी सागर, अंबरीश चंद्र पांडे संतोष सिंह कवि, प्रतिभा यादव काजल पाठक, पवन पटेल, एम एस खान, विनय मौर्य प्रज्ञा श्रीवास्तव, आमिर खान वरिष्ठ समाजसेवी मोनू खान, रितेश मिश्रा गौ सेवक, वैभव श्रीवास्तव राजेंद्र कुमार दुबे राजू के साथ दर्जनों की संख्या में समाजसेवी सम्मानित किए गए।

राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से विकसित देश का सपना होगा पूरा- डॉ. शुक्ल

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ल ने एसएसवी इंटर कॉलेज के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि कर्तव्य और समर्पण से समाज और राष्ट्र प्रगति करता है। राष्ट्र सर्वोपरि की भावना विकसित भारत के सपनों को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करती है।समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य विनय कुमार श्रीवास्तव ने व्यक्तित्व निर्माण में संस्कार की भूमिका पर बल दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने विद्यार्थियों को परिश्रम और लगन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने विद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कर्तव्य पथ पर निष्ठा और स्वाभिमान से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। समारोह में अतिथियों ने विद्यालय की पत्रिका सौरभ के 51वें अंक का विमोचन किया। कार्यक्रम में छात्रों ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, लोकगीत, नाटक, समूह नृत्य और पिरामिड निर्माण जैसे सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में 300 से अधिक विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन शिक्षक विवेकानंद पांडेय और छात्रों निर्मल यादव व शशांक त्रिपाठी ने किया। अंत में प्रबंधक सुश्री शशि मेहरोत्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद ने महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि मना

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद द्वारा महाराणा प्रताप का निर्वाण दिवस धूमधाम से मनाया गया।भारत गौरव महाराणा प्रताप जी के निर्वाण दिवस के अवसर पर महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा स्थल गुप्तारघाट पर श्रद्धांजलि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राजेश कुमार सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन के सभी पदाधिकारी ने प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर महाराणा प्रताप को माला पहना कर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान सभी पदाधिकारी ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला। उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा की महाराणा प्रताप वीर योद्धा थे, जिन्होंने क्षत्रिय समाज के लिए लड़ाई लड़ी और अपना जीवन का बलिदान दिया, महाराणा प्रताप ने क्षत्रिय समाज के संगठन के लिए एकजुटता को बढ़ावा दिया। मुगलों के खिलाफ खड़े रहे।हम सबको उन्हीं की मार्गदर्शन पर चलकर आगे बढ़ना है और अपने युवा पीढ़ियो को इन्हीं के मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प दिलाना है। वही प्रदेश सचिव सूर्यभान सिंह ने कहा कि आज देश के लिए जीवन भर संघर्ष करने वाले महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि है लेकिन शहर का कोई भी प्रतिनिधि आज उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने नहीं आया, बल्कि और किसी की पुण्यतिथि होती है तो वहां पर सारे नेता मंत्री पहुंच जाते हैं।

आज हमारे संगठन के द्वारा प्रतिमा स्थल पार्क में साफ सफाई भी किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव सूर्यभान सिंह जिला अध्यक्ष अम्बरीष सिंह,

रवींद्र कुमार सिंह,भूपेंद्र सिंह, अनिल सिंह, मीडिया प्रभारी रिंकू सिंह, अरुण कुमार सिंह,जिला प्रभारी राकेश सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

लेटलतीफी पर चढ़ा डीएम का पारा, 24 अधिकारियों से जवाब तलब

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। अतर्रा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारी देरी से पहुंचे तो डीएम का पारा चढ़ गया। कई अधिकारी अनुपस्थित भी रहे। उन्होंने 24 अधिकारियों से तीन दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। इन सभी अधिकारियों का एक दिन का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोके जाने के निर्देश दिए। डीएम की इस कार्रवाई से अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

नवागंतुक जिलाधिकारी जे. रीभा का संपूर्ण समाधान दिवस अतर्रा तहसील में आयोजित किया गया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहली बार तहसील दिवस में पहुंची डीएम ने तेजी दिखाते हुए अधिकारियों को समय से पहुंचने की बात कही। देरी से पहुंचने और गैरहाजिर रहने पर डीएम ने 24 अधिकारियों को तीन दिन में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। सुबह साढ़े 10 बजे तक गैरहाजिर रहे अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। कार्रवाई की जद में आए अधिकारियों में सीएमओ, पीडी डीआरडीए, डीसी मनरेगा, उपायुक्त एनआरएलएम, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण, पीओ डूडा, अधिशाषी अभियंता जल निगम, विद्युत, सिंचाई, जिला उद्यान अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण अनुपस्थित पाये गये। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सुबह 10 से 12 बजे तक सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं का निस्तारण अवश्य करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस,

विकास, विद्युत, आपूर्ति व अन्य विभागों से सम्बन्धित 51 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर चार शिकायतों का निस्तारण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अवशेष जन शिकायतों को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारित किया जाए, इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने भूमि विवाद सम्बन्धी प्रकरणों को पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को तिथि निर्धारित करते हुए भेजकर प्रकरणों का निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्राम भदावल के कोटेदार द्वारा राशन वितरण में गड़बड़ी किये जाने की शिकायत पर आपूर्ति निरीक्षक को जॉच कर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम चैसड़ थाना बिसण्डा में भूमि विवाद से सम्बन्धित आपसी झगडे के प्रकरण में लेखपाल को भेजकर मौके पर जांच कर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम महुआ के एक फरियादी द्वारा भूमिहीन होने पर आवासीय पट्टा दिये जाने के प्रार्थना पत्र पर लेखपाल महुआ को तत्काल जॉच कर पट्टा दिलाये जाने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। ग्राम डभनी में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किये जाने की शिकायत पर पुलिस एवं राजस्व की टीम को मौके पर जाकर तीन दिन के अन्दर समस्या का निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का गंभीरता से निस्तारण किया जाए। ग्राम तुर्रा के एक फरियादी द्वारा खतौनी में नाम संशोधन किये जाने के लिए तत्काल कार्यवाही करते हुए निस्तारण करने के निर्देश सम्बन्धित लेखपाल को दिये। उन्होंने सम्पत्ति विवाद के एक प्रकरण में भतीजे द्वारा मारपीट व धमकी देने की शिकायत पर एचएचओ अतर्रा को मौके पर जाकर दोनो पक्षों के समक्ष जॉच कर प्रकरण का निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राजेश कुमार द्वारा कार्य में शिथिलता पाये जाने कडी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील अतर्रा में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, उप जिलाधिकारी अतर्रा राहुल द्विवेदी, तहसीलदार अतर्रा सतीश कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एंप्लॉयमेंट ऑफिसर के पुस्तक 'बस नाम तुम्हारे' का हुआ विमोचन

एमएलकेपीजी कॉलेज में कवियों का हुआ जमावड़ा, साहित्य प्रेमी व बुद्धिजीवी रहे शामिल

बलरामपुर। एमएलकेपीजी कॉलेज सभागार में काव्य संग्रह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता के काव्य संग्रह % बस नाम तुम्हारे % पुस्तक का विमोचन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसीसी चेक करनाल एसपीएस पटवाल, सशस्त्र सीमा बल के नवी वाहिनी कमांडिंग ऑफिसर एम के पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि कमांड ऑफिसर कुमुद रंजन डॉक्टर ए पी पाण्डेय रहे हैं।

अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया है। मुख्य अतिथि ने कहा कि काव्य संग्रह कवि के खोज का परिणाम होता है जो समाज का मार्गदर्शन करता है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि प्रेम, संवाद, भावना,अभिव्यक्ति का प्रतीक कवि होता है। कार्यक्रम में अतिथियों ने जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता के काव्य संग्रह % बस नाम तुम्हारे %पुस्तक का विमोचन किया गया है। सभी ने पुस्तक के संग्रह की सराहना करते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी को बधाई दी है। विमोचन के दौरान एमएलकेपीजी कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर जेपी पांडेय ,वरिष्ठ साहित्यकार अरुण प्रकाश पांडे, डॉक्टर ओमप्रकाश मिश्रा, डॉक्टर अजीज आदि ने पुस्तक का विमोचन किया है।

कार्यक्रम का संचालन हास्य कवि विनोद सिंह कलहंस ने करते हुए कहा कि कवि की सोच इतनी गहरी होती है कि वह हमेशा कुछ ना कुछ नई चीज खोज कर समाज का मार्गदर्शन करता है। जिला सेवायोजन अधिकारी ने अपने काव्य संग्रह विमोचन के दौरान एक कविता जिसका शीर्षक प्रेम की पंक्तियां रिश्ते क्या है के माध्यम से बया करते हुएकहा कि बस जो कागज पर बनाए जाएंगे कागज पर निभाई जाएंगे वहीं रिश्ते कहलाएंगे, काव्य संग्रह में उन्होंने युवाओं, बेरोजगारों सहित देश के जवान व किसान पर अपने भावनाओं की अभिव्यक्ति की है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अरुण प्रकाश पांडे एवं वरिष्ठ कवि डॉ ओमप्रकाश कन्हैयालाल मधुर आशीष आनंद महमूद उल हक सुधांशु सौरभ मोनिश उबेस आदि कवियों के काव्य पाठ से किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे हास्य कवि विनोद सिंह कल हंस ने कहा कि कवित्री मीता गुप्ता उत्तर प्रदेश सरकार के लोक सेवा आयोग के 2002 बैच की अधिकारी हैं वर्तमान में उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में जिला सेवायोजन पद पर कार्यरत हैं इससे पहले प्रदेश के शाहजहांपुर एवं हरदोई जिले में भी इसी पद पर सेवा दे चुकी है। विभागीय कार्यों में व्यस्तता के बाद भी काव्य संग्रह करके न केवल अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी कविता संग्रह के माध्यम से मार्गदर्शन भी किया है। काव्य संग्रह के इस विमोचन समारोह में कॉलेज के छात्र-छात्राओं सहित स्थानीय साहित्यकार एवं महाविद्यालय प्रवक्ता सहित बुद्धिजीवीभी शामिल रहे हैं।

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी लाखों रुपये से बनी सड़क

सुल्तानपुर। बहादुरपुर रोड लोक निर्माण विभाग की बनाई सड़क 1 माह बाद ही टूटने लगी है। सड़क में अनेक जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं।क्षेत्र वासियों का आरोप है कि ठेकेदार ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया है।लोक निर्माण विभाग ने 20 दिन पहले बहादुरपुर को जाने वाली सड़क का निर्माण किया था। बता दें कि 20 दिन के पहले ही सड़क में अनेक जगह गड्ढे बनने शुरू हो गए हैं। मार्ग से गुजरने वाले लोग लोक निर्माण विभाग की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी प्रकट कर रहे हैं। क्षेत्र वालो का आरोप है कि 2 साल से ये सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई पड़ी थी। आलाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से अनेक बार गुहार लगाने के बाद लोक निर्माण विभाग ने सड़क बनाई, लेकिन लगभग 20 दिन बाद ही सड़क फिर से टूटने लगी। सड़क की माप में भी घोटाला हुआ है। सड़क टूटने के चलते नाराज क्षेत्र वासियों ने बताया सड़क को बनाने की लागत कई लाख रुपये बताई गई है, जबकि यहां बनी सड़क में 1 लाख रुपये भी खर्च नहीं हुए होगा। लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी घटिया सामग्री से बनी सड़क मिलने से नाराज क्षेत्र वासियों का कहना है ।इसकी शिकायत जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक की जायेगी।

वालेंटियरों ने निकाली यातायात जागरूकता रैली

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। सड़क हादसे को रोकने के लिए कटका क्लब ने यातायात जागरूकता रैली का आयोजन गौरा इंटर कालेज में किया। इंटरमीडिएट कॉलेज गौरा स्कूल से लेकर खरसोमा बाजार तक पदयात्रा करते हुए राहगीरों को और यात्रियों को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई संस्था के आईटी सेल प्रभारी मोनू यादव ने किया। इस मौके पर उपस्थित उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष व गौरा इंटर के प्रधानाचार्य डॉ रविंद्र सिंह ने कहा कि दुर्घटना होने के चार मुख्य कारण है पहला वाहन चालक की कमी, दूसरा वाहन में कमी, तीसरा इंजीनियरिंग अर्थात सडकों का डिजाइन, चौथा वातावरण, ओवरलोडिंग भी कभी-कभी दुर्घटना का कारण बन जाती है। 18 वर्ष से कम व बिना ड्राईविंग लाईसेंस के वाहन चलाना गैरकानूनी है। इस मौके पर उपस्थित शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीतला प्रसाद पांडेय ने बताया कि दुर्घटना में घायल होने या मरने वाले व्यक्ति के पीछे उसका पूरा परिवार, प्रशासन, वकील, डॉक्टर आदि की एक पूरी चैन प्रभावित होती है इसका मुख्य कारण है, हमें यातायात के नियमों की अज्ञानता। हमारे देश में विश्व का 10 प्रतिशत वाहन है और दुर्घटना में 11 प्रतिशत। संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा विनम्र ने बताया कि यातायात नियमों का नियमित पालन करने व वाहन चलाते समय सतर्कता बरतने की अपील की है। साथ ही बिना हेलमेट व शीट बेल्ट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं,नो पार्किंग में वाहन खड़े न करे, शराब पीकर वाहन न चलाएं, मोनू यादव ने बताया कि निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं, सड़क पर लहराते हुए वाहन न चलाएं, ऑटो चालक को अपने बगल में सवारी न बैठाए, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करे, नाबालिगों को वाहन चलाने के लिए नहीं देने आदि यातायात नियमों का पालन करने की भी अपील की गई। इस मौके पर सतीश कुमार गौतम,कृपा शंकर मौर्य,ओमकार नाथ सिंह,विनोद कुमार सिंह,आलोक कुमार तिवारी,स्वाति मिश्रा,स्वाति मिश्रा,खुशबू वर्मा, ओम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

शरदेन्दु पाल बने अध्यक्ष व सतीश कसौंधन बने महामंत्री

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय के दिशा निर्देशन एंव क्षेत्रिय प्रभारी अमर बहादुर सिंह की संतुति पर जिला प्रभारी प्रवीन्द्र भालोटिया के नेतृत्व व जिलाध्यक्ष विजय प्रधान की अध्यक्षता में लोहरामऊ बाजार कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

लोहरामऊ प्रभारी सत्यप्रकाश जायसवाल ने बाजार के व्यापारियों को एकजुट कर संगठन की विशेषता व महत्वता पर प्रकाश डालते हुऐ बाजार की कार्यकारिणी को जिला कोर कमेटी के समक्ष रखा, जिस पर वरिष्ठ जिला महामंत्री अंबरीश मिश्रा ने कोर कमेटी की संतुति पर लोहरामऊ मंडल कार्यकारिणी की घोषणां करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके दायित्वों से अवगत कराया।

नवनियुक्त पदाधिकारियों में मुख्यतः अशोक कसौंधन को कोषाध्यक्ष एंव दयानंद तिवारी, आशीष गुप्ता, अरविन्द विश्वकर्मा, व राजेश यादव को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया, साथ ही राजमंगल जायसवाल, अखिलेश जायसवाल व शिव गुप्ता को मंत्री मनोनीत किया गया। इस मौके पर जिला मंत्री चंद्रदेव मिश्रा ने व्यापारियों को किसी भी विपरीत परिस्थिति में एकजुटता का संदेश देने हेतु आश्वसत किया, साथ ही नगर युवा संगठन मंत्री विनोद जायसवाल ने युवा व्यापारियों को ज्यादा ज्यादा व्यापार में उतरने एंव संगठन में सक्रीय होने का आह्वाहन किया।

छल कपट से हड़प लिए लाखों रूपये, मुकदमा दर्ज करने का आदेश

मालिक ने घरेलू नौकर को लगाया 36 लाख का चूना

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। एक घरेलू नौकर अपने ही मालिक के छल कपट का शिकार हो गया है। घरेलू नौकर (मजदूर) की कुछ जमीन पूर्वांचल एक्सप्रेस वे में गई तो उसे 36 लाख का मुवावजा मिला। भारी रकम देख मालिक की नियति खराब हो गई और अंगूठा टेक नौकर को झांसे में लेकर बैंक कर्मियों की सांठगांठ से उसकी रकम अपने माता पिता भाई और अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिया। अब पीड़ित मजदूर अपनी रकम पाने के लिए भटक रहा है। इलाकाई पुलिस से मदद नहीं मिली तो अब अदालत में अर्जी देकर न्याय की गुहार लगाई। अपर सिविल जज ने मामले में जयसिंहपुर कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही का आदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रामनाथपुर गांव निवासी जवाहर लाल सपरिवार गांव के ही उदयभान उपाध्याय के यहां वर्षो से घरेलू नौकर के रूप में खेती किसानी का काम करता था। अशिक्षित जवाहर लाल की कुछ भूमि पूर्वांचल एक्स्प्रेस वे के लिए अधिग्रहीत की गई। इस दौरान बैनामा से लेकर मुआवजा दिलाने तक पूरी औपचारिकता तक उदयभान के पुत्र संचित उपाध्याय जवाहरलाल को लेकर आते जाते रहे। बैनामे के बाद यूपीडा ने जवाहरलाल के खाते में 36.65 लाख रुपया बतौर मुआवजा दिया। आरोप है कि उस समय संचित उपाध्याय ने जवाहरलाल को मामूली रकम बताते हुए उसकी पासबुक अपने पास रख लिया। कुछ दिन बाद बैंक में ले जाकर जवाहरलाल से बैंक कर्मियों की मिली भगत से अपनी माँ शिखा उपाध्याय, पिता उदयभान, भाई अर्पित और शीतला उपाध्याय व स्वंय के खाते में 36 लाख रुपया तीन चार बार नेफ्ट करवा लिया। बताया जाता है कि हर बार उसे दस पांच हजार रुपया दे दिया करते थे, जिससे वह शक न करे। पोल उस वक्त खुल गई जब वर्षो बाद बैनामा लेखक की किसी मोड़ जवाहरलाल से मुलाक़ात हो गई। संयोग ही था कि बैनामा लेखक ने जवाहरलाल से पूछ बैठा कि, इतनी बड़ी रकम कहां खर्च किए तो जवाहरलाल लाल को 36.65 लाख मुआवजा मिलने की जानकारी हुई। उसी दिन जवाहरलाल संचित उपाध्याय के पास पहुंचा और पासबुक मांगने लगा। आरोप है कि संचित उपाध्याय ने उसे गालियां देते हुए चुप रहने और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित मजदूर ने इलाकाई पुलिस से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन रसूखदार के आगे उसकी सुनवाई नहीं हुई। अधिवक्ता मनोज सिंह के जरिए पीड़ित ने अदालत में अर्जी दी। साक्ष्यों का परीक्षण करते हुए अपर सिविल जज अवनीश चंद्र गौतम ने बीते शुक्रवार को जयसिंहपुर पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विवेचना किए जाने का आदेश दिया है।

राजकीय आई0टी0आई0 में 21 जनवरी 2025 को रोजगार मेला का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

जौनपुर। शासन की मंशा एवं निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 के निर्देश के कम में जिला सेवायोजन कार्यालय जौनपुर द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर कैम्पस जौनपुर में 21 जनवरी 2025 को प्रातः 10:00 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनी, भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड वाराणसी, एस0के0 इलेक्ट्रानिक, नवरना भारत प्रा0लि0, जेपटो रिडर नोयडा के द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर, सेल आफिसर एवं जेप्टो रिडर आदि पदों पर भर्ती करेंगी, रोजगार मेले में प्रतिभागी अभ्यार्थियों की शैक्षिक योग्यता - हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0 आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण एवं आयुसीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को भर्ती करेंगी। रोजगार मेलें में अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी0एफ सहित एवं वेब पोर्टल https://roj-gaarsangam.up.gov.in पर जॉबसीकर के रूप में पंजीकरण उपरांत आवेदन करते हुए, रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें। उक्त पोर्टल के माध्यम से नर्सिंग में डिप्लोमाधारी एवं वैध पासपोर्ट धारक पुरुष एवं महिलाएँ इजरायल, जर्मनी व जापान के लिए पंजीकरण कर नर्सिंग कैरियर गिवर के क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 है।

पंजीकरण हेतु वेब पोर्टल https://roj-gaarsangam.up.gov.in पर रजिस्ट्रेशन कर सकते है, अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

कुष्ठ रोग दवा से पूरी तरह से ठीक हो जाती है: सीएमओ

जौनपुर। जिले में कुष्ठ रोगियों के परिजनों और उनके पड़ोसियों को रिफाम्पसिन दवा खिलाई जा रही है। इस दवा का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इससे कुष्ठ रोग का प्रसार बहुत कम हो जाता है। साथ ही परिजनों और पड़ोसियों में कुष्ठ फैलने की संभावना लगभग खत्म हो जाती है। उत्तर प्रदेश सरकार तथा केंद्र सरकार 2027 तक कुष्ठ रोग का प्रसार शून्य कर देने के लिए प्रयासरत है। इसीलिए रिफाम्पसिन दवा खिलाई जा रही है। मुख्य चिकित्साधिकारी सीएमओ डॉ0 लक्ष्मी सिंह ने अवगत कराया है कि कुष्ठ रोग बैक्टीरिया से होने वाली एक सामान्य बीमारी है। यह दवा करने से पूरी तरह से ठीक हो जाती है। इसकी दवा सभी सरकारी अस्पतालों में निः शुल्क उपलब्ध है। यह कोई अभिशाप, पाप या बुरे कर्म का नतीजा नहीं है। न ही जन्मजात या वंशानुगत बीमारी है। इसलिए कुष्ठ रोग होने पर संकोच नहीं करना चाहिए और डाक्टर से परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि शुरुआती दौर में शरीर में कहीं दाग हो जाना, दाग के साथ उस जगह पर सुन्नपन होना, उसमें खुजली नहीं होना, हाथ-पैर की अंगुली में टेढ़ापन, हाथ-पैर के तलवों में झनझनाहट, नस का मोटा होना, हाथ-पैर में होने वाला कोई ऐसा दर्द रहित घाव जो ठीक नहीं हो रहा हो, जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ प्रभात कुमार ने आम जनमानस से ऐसे लक्षण दिखने पर संकोच नहीं करने और विकलांगता से बचने के लिए डॉक्टर से परामर्श लेने की अपील की है। वह कहते हैं कि कुष्ठ रोगी भी समाज के अंग हैं।

बढ़ती खाई को पाटने का एक मात्र जरिया है खेल का मैदान- वरुण मिश्र

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। समाज में बढ़ती खाई और एक दूसरे के प्रति नफरत को खत्म करने का एकमात्र जरिया खेल के मैदान हैं,ये बातें कांग्रेस नेता और नगरपालिका के पूर्व प्रत्याशी वरुण मिश्र ने कही। शहर के डिहवा वार्ड में आयोजित रात्रकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता ÷युवा कप÷ के उद्घाटन में पहुंचे कांग्रेस नेता ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया यहां बड़ी संख्या में उपस्थित शहर के नौजवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं इसलिए भी जरूरी हैं कि उनसे आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है उन्होंने नौजवानों को शोशलमीडिया के संभावित खतरे से भी आगाह किया इस अवसर पर मोईद अहमद, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव आवेश अहमद, व

वारिस हाशमी, शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अवधेश गौतम, पूर्व सभासद प्रत्याशी श्यामलगन कोरी, प्रतियोगिता के आयोजक फैजान अहमद, अर्शलान अहमद मोहम्मद आरिफ,खुर्शीद अहमद, आकाश शुक्ल, अंकुर तिवारी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे, उद्घाटन मैच चौहानी एवं खैराबाद के बीच खेला गया।

विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं सम्पन्न

बलरामपुर। सोमवार को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर से सम्बद्ध एम एल के पी जी कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर विषम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाएं संपन्न हुई। सवा महीने से भी अधिक चली इस परीक्षा में स्नातक व परास्नातक के लगभग 8000 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने बताया कि 10 दिसम्बर को विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षाएं प्रारंभ हुई थी। परीक्षा के सकुशल संचालन के लिए विशेष आन्तरिक सचल दस्ते बनाये गए थे। यह सचल दस्ता महाविद्यालय के मुख्य द्वार व परीक्षा कक्षों में परीक्षार्थियों पर पैनी नज़र रखते थे। सवा महीने तक चली इस परीक्षा में बीए,बीएससी,बीकॉम, बीबीए व बीसीए प्रथम,तृतीय व पंचम सेमेस्टर तथा एम ए, एम एस सी ,एम कॉम के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर व एल एल बी विषम सेमेस्टर की परीक्षा में लगभग 08 हज़ार से भी अधिक परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। सोमवार को प्रथम पाली की परीक्षा के साथ सभी परीक्षा सम्पन्न हुई। 20 जनवरी को प्रथम पाली में बीए पंचम सेमेस्टर अंग्रेजी में पंजीकृत 443 परीक्षार्थियों में से 433 उपस्थित रहे ,जबकि 10 अनुपस्थित पाये गए।

सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया

जौनपुर। परिवहन आयुक्त के पत्र द्वारा प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में घायलों/मृतकों की संख्या में कमी लाये जाने एवं आम जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है।

उक्त के अन्तर्गत 20 जनवरी 2025 को सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) वाराणसी मनोज कुमार वर्मा के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें हौज टोल प्लाजा पर बिना रेफ्लेक्टर लगे वाहनों पर रेफ्लेक्टर लगाया गया एवं सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। उक्त अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सत्येन्द्र कुमार सिंह, यात्रीकर/मालकर अधिकारी प्रमोद कुमार, यातायात निरीक्षक सुशील मिश्रा, हौज टोल के मैनेजर बालकृष्ण दुबे, गयात्री प्रोजेक्ट से मनीष, रोड सेफ्टी मैनेजर पवन सिंह, एवं यातायात पुलिस व प्रवर्तन कार्मिक मौजूद रहे।

गणतन्त्र दिवस पर महिला एवं पुरूष क्रास कन्ट्री रेस का आयोजन

जौनपुर। उप क्रीड़ा अधिकारी, जौनपुर ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ से प्राप्त निर्देश एवं जिला प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में दिनांक 26 जनवरी, 2025 को ''गणतन्त्र दिवस'' के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, जौनपुर के तत्वावधान में पुरूष वर्ग की 05 किमी0 एवं महिला वर्ग में 3 किमी0 की क्रास कन्ट्री रेस का आयोजन प्रातः 7.00 बजे से कुत्तुपुर तिराहे से इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम तक किया जायेगा। उक्त रेस में प्रतिभाग करने के इच्छुक पुरूष एवं महिला प्रतिभागी दिनांक 26 जनवरी 2025 को प्रातः 6.00 बजे कुत्तुपुर तिराहे पर उपस्थित होकर अपना नाम, पता अंकित करवाते हुए अपनी प्रविष्टि अंकित कराकर प्रतिभाग कर सकते हैं।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील कादीपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में तहसील कादीपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जनता की समस्याओं को बहुत ही गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही समस्याओं का निराकरण कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी महोदय द्वारा तहसील दिवस में समय पर उपस्थित न होने वाले अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा तहसील दिवस में आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक समझ कर सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही एकीकृत प्रयास कर निस्तारण के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जन शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाय। जिलाधिकारी महोदय द्वारा तहसील दिवस के अवसर पर ठंड के दृष्टिगत उचित पात्र व्यक्तियों को कंबल वितरण किया गया। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 195 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 132, पुलिस विभाग के 17, विकास विभाग से सम्बन्धित 26 एवं अन्य 20 प्रार्थना प्राप्त हुए, जिनमें 10 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। अवशेष 185 प्रार्थना पत्र सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किये गये। इसी प्रकार अन्य समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर जन शिकायतें सुनी गयी और सम्बन्धित तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा निस्तारित किए गये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 ओ0पी0 चौधरी, उप जिलाधिकारी कादीपुर उत्तम कुमार, सीओ कादीपुर विनय गौतम, परियोजना निदेशक (डीआरडीए) अशोक सिंह, उप निदेशक कृषि रामाश्रय यादव सहित अन्य समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी तथा क्षेत्रीय खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

सफाई कर्मचारी नहीं, ये स्वच्छता सेनानी हैं- मनोहर लाल खट्टर

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री ने नगर निगम में सफाईकर्मियों को किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

महाकुम्भ नगर। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्यों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि, किसी भी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सफाईकर्मी नींव का पत्थर होते हैं। आज पूरा विश्व दिव्य-भव्य और स्वच्छ महाकुम्भ देख पा रहा है तो इसका सर्वाधिक श्रेय स्वच्छता के वाहक सफाई कर्मचारियों को ही जाता है। उन्होंने कहा कि ये सफाईकर्मी नहीं, बल्कि स्वच्छता सेनानी हैं।

केंद्रीय मंत्री खट्टर ने सोमवार को प्रयागराज नगर निगम में सफाई कर्मचारियों को माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों को किट और ट्रैक सूट भी वितरित किया। पार्षदगणों के साथ केंद्रीय मंत्री खट्टर, प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा और महापौर गणेश केसरवानी ने नगर निगम का नवनिर्मित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कंट्रोल रूम देखा। इस दौरान नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने उन्हें कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली, शहर की सफाई व्यवस्था, मॉनिटरिंग और कचरा निस्तारण के साथ संचालित एमआरएफ, एआरएफ, बायो सीएनजी और सीएंडडी प्लांट के बारे में जानकारी दी।

इसके बाद केंद्रीय मंत्री केंद्रीय सर्विस सेल में पहुंचे और वहां पर चल रहे काम-काज की जानकारी ली। इस दौरान नगर विकास मंत्री एके शर्मा और महापौर गणेश केसरवानी ने केन्द्रीय मंत्री को महाकुंभ-2025 का मोमेंटो भेंट किया।

महाकुंभ में आज पुण्य के भागी बनेंगे गौतम अदाणी

प्रयागराज। दुनिया के जाने माने उद्योगति गौतम अदाणी कल मंगलवार को महाकुंभ में पुण्य के भागी बनेंगे। वह महाकुंभ 2025 के मौके पर प्रयागराज की यात्रा कर रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान वह इस्कॉन पंडाल में भंडारा सेवा करेंगे। इसके साथ-साथ त्रिवेणी में पूजा-अर्चना के बाद अतिप्रसिद्ध बड़े हनुमान जी के दर्शन करेंगे। अदाणी समूह इस वर्ष इस्कॉन और गीता प्रेस के साथ मिलकर महाकुंभ आने वाले श्रृद्धालुओं की सेवा में लगा हुआ है। इस्कॉन के साथ मिलकर अदाणी समूह प्रतिदिन 1 लाख श्रृद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण कर रहा है। इसके अतिरिक्त गीता प्रेस के साथ मिलजुल कर अदाणी समूह 1 करोड़ आरती संग्रह का वितरण कर रहा है।

गंगा जी के पूजन के साथ शुरू हुई पंचकोसी परिक्रमा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। प्रयागराज की प्राचीन पंचकोसी परिक्रमा सोमवार को गंगा पूजन के साथ शुरू हो गई। साधु-संत और प्रशासनिक अफसर सुबह संगम तट पहुंचे और विधिविधान से गंगा पूजन कर अपनी यात्रा शुरू की। यात्रा पहले दिन पांच कोस में स्थित मंदिरों तक गई और सभी जगह अभिषेक व पूजन किया गया।

पंचकोसी परिक्रमा की शुरुआत अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद व मनसादेवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी, जूना अखाड़े के संरक्षक व परिषद के महामंत्री महंत हरि गिरि, महापौर गणेश केसरवानी ने गंगा पूजन कर की। गंगा पूजन के बाद सभी संत अक्षयवट मंदिर पहुंचे। पूजन किया। इसके बाद पातालपुर, सरस्वती कूप पहुंचे। जहां पर सेना के अफसरों ने भी संतों से मुलाकात की।

इसके बाद यात्रा बड़े हनुमान मंदिर पहुंची और यहां के बाद बरखंडी महादेव मंदिर पहुंचे। इसके बाद ललिता देवी, कल्याणी देवी मंदिरों में पूजन किया गया। भगवान दत्तात्रेय मंदिर के बाद संत शाम को बाबा मौजगिरि आश्रम पहुंचे। जहां प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद रामघाट स्थित भगवान दत्तात्रेय के शिविर पहुंचे। जहां यात्रा को पहले दिन विश्राम दिया गया। इस दौरान जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्री महंत नारायण गिरि भी मौजूद रहे।

सेक्टर-16 में किन्नर अखाड़े के सामने टेंट जला

महाकुंभ में दूसरे दिन सोमवार को भी लगी आग

प्रयागराज। महाकुंभ में लगातार दूसरे दिन आग लग गई। सोमवार को मेला क्षेत्र के सेक्टर 16 में किन्नर अखाड़ा के सामने टेंट में आग लगी। एक तरफ कल्पवासियों ने आग बुझाने की कोशिश शुरू की तो दूसरी तरफ वॉच टॉवर पर तैनात कर्मचारियों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंचा और तत्परता दिखाते हुए आग को अन्य टेंट तक फैलने से पहले ही रोक लिया। इससे पहले रविवार की शाम गीता प्रेस गोरखपुर के शिविर में सिलेंडर ब्लास्ट के बाद आग भड़की थी। इसमें कई दर्जन कॉटेज जलकर राख हो गए थे। फायर ब्रिगेड ने तत्परता दिखाते हुए आग को चारों तरफ से घेरकर बुझा दिया। इससे भीषण आग गीता प्रेस के शिविर से बाहर अन्य शिविरों तक नहीं पहुंच सकी थी।इस बीच सोमवार की सुबह करीब नौ बजे सेक्टर-16 में किन्नर अखाड़ा के सामने टेंट में आग लग गई। आग देखते ही आसपास के लोगों में खलबली मच गई। हालांकि लोगों ने हिम्मत से काम लिया और खुद ही बाल्टी से पानी लेकर आग को बुझाने की कोशिश में जुट गए। इसी बीच वॉच टॉवर पर तैनात कर्मचारियों ने आग देखते ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर फायरकर्मी और फायर बुलेट पर सवार टीमें पहुंच गई। हालांकि तब तक टेंट में ठहरे लोग और आसपास के लोगों ने बाल्टी से पानी डालकर काफी हद तक आग पर काबू कर लिया था।अग्निशमन विभाग के नोडल अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि आग को बुझा दिया गया है। किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि लगातार मेला क्षेत्र में टेंटों व अखाड़ों में ठहरे श्रद्धालुओं को गाइड लाइन का पालन करने के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। ताकि दिव्य व भव्य के साथ महाकुम्भ को सुरक्षित बनाया जा सके।

भटके हुए युवाओं का दिग्दर्शन है सनातन- आचार्य सतानंद महाराज

प्रयागराज। कर्तव्य पथ परिवार के द्वारा कुंभ मेला क्षेत्र सेक्टर 16 हर्षवर्धन मार्ग में कर्तव्य पथ शिविर में श्री धाम वृंदावन से पधारे आचार्य सतानंद जी महाराज ने कहा कि आज भारत का युवा अपनी सनातन धर्म से भटकता जा रहा है। यह सनातन संस्कृति के लिए घातक है। युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के नशे के आगोश में आ कर अपने जीवन का पतन कर रहा है।

उन्होंने कहा कि उसके साथ भारत का भविष्य भी खतरे की ओर बढ़ रही है जिसे रोकना होगा। ऐसे भटके हुए युवाओं का दिग्दर्शन है सनातन धर्म इसके लिए कर्तव्य पथ परिवार 27 जनवरी को विशाल सनातन युवा धर्म समागम आयोजित कर रहा है जो युवाओं को सनातन धर्म के प्रति प्रेरित करेगा और उनके जीवन के प्रति मूल्यो को मार्गदर्शन देगा।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि 27 जनवरी को महाकुंभ मेला क्षेत्र कर्तव्य पथ शिविर सेक्टर 16 हर्षवर्धन मार्ग पर सनातन युवा धर्म समागम आयोजित किया जाएगा जिसमें पूज्य महामंडलेश्वर कैलाश नंद गिरी महाराज सहित कई संतों के द्वारा प्रकाश डाला जाएगा।

इसके अलावा शिविर में 20 जनवरी से 28 जनवरी तक श्री राम कथा और 29 जनवरी से 6 फरवरी तक श्री मद्भागवत कथा का व्याख्यान आचार्य सतानंद जी महाराज के द्वारा किया जाएगा

परिश्रम और अनुशासन से मिलती है सफलता- राज्यपाल

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर आठ स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) राज्य विश्वविद्यालय के शिविर में सोमवार को शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद करते हुए महाकुम्भ में किए जा रहे शोध कार्यों को सराहा। उन्होंने विद्यार्थियों को महाकुम्भ के दौरान सेवा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा दी। राज्यपाल ने कहा कि गरीबों की सच्ची सेवा वही है जो उनके भविष्य को बदलने में सहायक हो। समाज में प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है और समाज के सभी सदस्यों की यह जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को शिक्षित करें, ताकि वे अपने भविष्य को बेहतर बना सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से बच्चों को प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी मिलती है, जिससे वे उन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। यह केवल परिश्रम और अनुशासन से ही प्राप्त होती है। अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित रखें और पूरे समर्पण के साथ अपने सपनों को साकार करें। इस अवसर पर कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. विनीता यादव, प्रो. विवेक कुमार सिंह, प्रो. राजकुमार गुप्ता, डॉ. अतुल कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

सुभाषचंद्र बोस और विप्लव स्पोर्टिंग को पूरे अंक

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब और विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक एवं बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। चक हरिहर वन झूंसी मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में फोर्ड स्कूल बी की टीम 17.1 ओवर में 39 रन (कोई बल्लेबाज दो अंको में नहीं, श्रेयांश लाल 5/10, लक्ष्य 2/17) पर सिमटी। जवाब में नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब की टीम 6.3 ओवर में एक विकेट पर 44 रन (सौमित्र 16, विजय 1/06) बना लिए।

डीएवी मैदान पर विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने 39.5 ओवर में 204 रन (अनिमेष यादव 63, ईशांत सिंह 31, सौरव यादव 28, वाणी शुक्ला 3/35, भावना सिंह 3/36) बनाकर स्पोर्ट्स टैलेंट गर्ल्स क्लब को 34.2 बार में 94 रन (निक्की विजय 24, शिवम केसरवानी 3/07, अमन गुप्ता, सुमित कुमार व अनिमेष यादव दो-दो विकेट) पर समेट दिया।

दौलत हुसैन की जीत में अखिलेश का बहुमुखी प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने कायस्थ पाठशाला क्लब के तत्वाधान में आयोजित कायस्थ पाठशाला क्रिकेट प्रतियोगिता में चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब को 88 रन से हराकर पूर्ण अंक हासिल किए हैं। विजेता टीम के अखिलेश यादव के बहुमुखी प्रदर्शन (30 रन, 24 गेंद, तीन चौके, एक छक्के व 8 - 0 - 22 - 2) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं।

सोमवार को केपी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दौलत हुसैन इंटर कॉलेज करते हुए 39.3 ओवर में 188 रन (अब्दुर रहमान 44, हिमांशु द्विवेदी 36, अखिलेश यादव 30, हंसम जायसवाल 18 रन, आशुतोष पाण्डेय 3/34, अभिनव तिवारी 2/27, आदर्श पाण्डेय 2/28, सत्येंद्र यादव 1/07, रुद्राक्ष यादव 1/40, मयंक मिश्रा 1/51) पर बनाए। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 29.1 ओवर में 100 रन (सत्येंद्र यादव 29, शशांक 17, अंशुमान शुक्ला 13 रन, विशेष आनंद, 3/04, मो. तैमूर 3/15, अखिलेश यादव 2/22, मो. हम्माद 2/24) पर सिमट गई। मैच में अजय कुमार व प्रितेश सोनकर ने अंपायरिंग और अंकित पाण्डेय ने स्कोरिंग की।

मैच के बाद वेटेरन खिलाड़ी इस्तियाक अली ने अखिलेश यादव को मैन ऑफ डी मैच का पुरुस्कार दिया।

गंगा डिग्री कॉलेज ने अंडर-14 क्रिकेट का खिताब जीता

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। गंगा डिग्री कॉलेज ने आरपी रस्तोगी इंटर कॉलेज क्लब को एक विकेट से हराकर गंगा डिग्री कॉलेज अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा जमाया।

गंगा डिग्री कॉलेज सोरांव मैदान पर रविवार को खेले गए फाइनल मैच में आरपी रस्तोगी इंटर कॉलेज ने 30 ओवर में आठ विकेट पर 146 रन (अमन खान 41, कार्तिकेय सिंह 40, उज्जवल शर्मा 21, हिमांशु पटेल 2/34, मोहम्मद रयान, आकाश सिंह व अंकित कुमार एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में गंगा डिग्री कॉलेज ने 28.4 ओवर में 9 विकेट पर 149 रन (कुणाल द्विवेदी 25, आदित्य कुमार 20, कार्तिकेय सिंह 3/27, उज्जवल शर्मा 2/24, साहिल, रिशु व अमन खान एक-एक विकेट) बना लिए। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा संजय द्विवेदी ने पुरस्कार वितरित किये। आदित्य कुमार को मैन ऑफ द मैच, अमन खान को बेस्ट बैटर एवं मैन ऑफ द टूर्नामेंट, हिमांशु पटेल को बेस्ट बॉलर, अनीस पटेल को बेस्ट फील्डर, आदित्य को बेस्ट विकेटकीपर चुना गया। आयोजन सचिव अजीत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मैच में राहुल सिंह व रवि केसरवानी अंपायर एवं आशीष भारतीय स्कोरर रहे।

कमेंट्री अनवर सिद्दीकी ने की। इस मौके पर विश्वदीप, संतोष यादव, कनक यादव, वीरेंद्र दुबे, अचल यादव, दीपू पांडेय, सोमेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष और मोरारी बापू ने लिया शंकराचार्य का आशीर्वाद

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार व प्रसिद्ध कथावाचक मोरारी बापू ने शंकराचार्य गोवर्धन मठ पुरी स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लिया। महाकुंभ क्षेत्र के सेक्टर 19 संगम लोअर मार्ग स्थित शंकराचार्य के शिविर पहुंचे वी एच पी के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष व मोरारी बापू ने शंकराचार्य से विभिन्न आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व हिंदू राष्ट्र अभियान को लेकर चर्चा की। शंकराचार्य ने मठ मंदिर को शिक्षा रक्षा का केंद्र बनाने और हर हिन्दू परिवार प्रतिदिन एक घंटा एक रुपया अपने समाज के लिए निकाले ऐसा अभियान चलाने का आह्वान किया। शंकराचार्य ने कहा कि हिंदू अपने आस पास की समस्याओं को आपस में सुलझाएं ऐसी जागरूकता समाज में फैलनी चाहिए।

इस दौरान शंकराचार्य के निजी सचिव स्वामी निर्विकल्पानंद सरस्वती, आचार्य विवेक मिश्र वृंदावन, प्रफुल्ल चैतन्य ब्रम्हचारी, हृषिकेश ब्रम्हचारी, राजेश चैतन्य ब्रम्हचारी, सहित शिष्यगण उपस्थित रहे।

बोर्ड बैठक में सभासदों की उठी समस्याएं, अध्यक्ष बोले- जल्द होगा निस्तारण

लोकमित्र ब्यूरो

सीतापुर। नगर पालिका परिषद महमूदाबाद की बोर्ड बैठक सोमवार नगर पालिका की बैठक सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष मो. अहमद व अधिसाशी अधिकारी शैलेन्द्र दुबे ने की। इस बैठक में अधिसाशी अधिकारी शैलेन्द्र दुबे ने अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर 2024 की स्वीकृत नगर पालिका बोर्ड द्वारा प्रदान की गयी इस बैठक में मोहम्मद अहमद ने कहा कि अगली बोर्ड बैठक तक बोर्ड बैठक हाल में मेजे पड़ जानी चाहिए, तथा एक माह के भीतर नगर पालिका के स्वागत द्वार लग जाए तथा सफाई व्यवस्था में कोई लापरवाही बर्दाश्त नही होगी सफाई कर्मी सभासद से सम्पर्क करे जिस पर सभी सभासदों ने सहमति जताई सभासद संघ के अध्यक्ष चक्र सुदर्शन पाण्डेय ने कहा कि वार्डो में खराब पड़े नलो को ठीक करवाया जाए, सभासद महमूदाबाद खास के अय्यूब अहमद डम्पी ने कहा की सभासदों के मानदेय बढ़ाने को लेकर जल्द ज्ञापन दिया जाए, नई बाजार उत्तरी सभासद उमेश वर्मा ने कहा कि मोहल्लो में काफी गंदगी व्याप्त है इस लिए चैयरमेन स्वयं सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करे, सभासद बेहटा छावनी मुन्नी देवी ने कहा की मोहल्ले में लाइट लगवाई जाये, नई बाजार दक्षिणी सभासद बीना गुप्ता ने कहा कि सफाई व्यवस्था पर ध्यान दिया जाये तथा मोहल्ले की सड़क बनवाई जाये चैयरमेन मोहम्मद अहमद ने कहा कि संगत किला वार्ड में गाटा संख्या 556 की पैमाइस करवा कर कब्जा मुफ्त करवाई जाएगी उसी पर मैरिज लान बनेगा अधिसाशी अधिकारी शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि रोडवेज बस स्टॉफ, रामकुंड चौराहा स्थित पार्क व मोतीपुर वार्ड का सौंदरी करण करवाया जायेगा सभासद पैगंबरपुर आसिफ सईद ने कहा कि नगर में काफी अतिक्रमण है हटवाया जाए इस बैठक में लेखाकार राम गोपाल, जेई दीप मणि पाण्डेय, सभासद अध्यक्ष चक्र सुदर्शन पाण्डेय, अय्यूब अहमद डम्पी, उमेश वर्मा, बीना गुप्ता, राशिद राना, शन्नो, समबानो, सुनील मौर्य, विशंभर वर्मा आदि मौजूद रहे।

सांसद राकेश राठौर हुए अंडरग्राउंड, लोकेशन तलाश रही पुलिस

सीतापुर। लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ एक महिला से रेप के आरोप में केस दर्ज होने के बाद माहौल गर्म हो गया है। पुलिस को उनकी लोकेशन नहीं मिल रही है। रविवार देर शाम पुलिस की टीम पीड़िता के साथ सांसद के घर पहुंची, जिसके बाद राकेश राठौर की तलाश के लिए कई टीमों की गठन किया गया है।

कोतवाली नगर क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर यौन शौषण के आरोप लगाए थे. इस मामल में पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज कर लिया था। पीड़िता ने सबूत के तौर पर ऑडियो रिकॉर्डिंग भी पुलिस को दी है. जिसके बाद जांच अधिकारी अनूप शुक्ला पीड़िता को लेकर सांसद के आवास पर लेकर पहुंचे थे।

रेप केस दर्ज होने के बाद कांग्रेस सांसद अंडरग्राउंड

पुलिस ने इस दौरान पीड़िता से उस जगह के बारे में पता किया जहां उसकी आरोपी कांग्रेस सांसद से मुलाकात हुई थी. इसके साथ ही सांसद के परिजनों से भी सवाल-जवाब किए. इस दौरान पुलिस की टीम क़रीब आधे घंटे तक सांसद महोदय के घर में रही लेकिन वो कहीं नहीं मिले। पुलिस की टीम उनकी तलाश में जुट गई है। सांसद के फोन को भी सर्विलांस पर लगाया गया है। संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है लेकिन, अभी तक उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है।

महाकुंभ में नकली शेख बनकर घूम रहा था युवक, साधुओं ने धुना

प्रयागराज। महाकुंभ में देश-दुनिया से लोग पहुंच रहे हैं। अब तक करीब आठ करोड़ से ज्यादा लोग महाकुंभ के संगम में डुबकी लगा चुके हैं। मेले में कुछ लोग सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरने के लिए भी पहुंचे हैं। हालांकि सुर्खियों बटोरने के चक्कर में इनकी पिटाई भी हो जा रही है। एक युवक महाकुंभ में रील बनाने के लिए पहुंचा। युवक ने लाइक्स और कमेंट के चक्कर में दुबई के शेख का रूप धारण किया। युवक ने शेख की तरह की कपड़े पहन रखे थे। इतना ही नहीं दो युवकों को भी अपने साथ बॉडीगार्ड के तौर पर रख रखा था। युवक नकली शेख बनकर महाकुंभ के मेले में घूम रहा था। युवक नहीं पता था कि उसके साथ आगे क्या होने वाला है। महाकुंभ में शेख की वेशभूषा धरे युवक को देखकर साधु-संतों में नाराज फैल गई। इसी दौरान कुछ साधुओं ने युवक को पकड़ लिया। युवक से जब पूछताछ की तो उसने बताया कि वह राजस्थान से आए हैं।

नाम पर पूछने पर उसने खुद को शेख प्रेमानंद बताया। यही शब्द बोलना युवक को भारी पड़ गया।

डीएम ने 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला की तैयारियों का लिया जाएजा

सीतापुर। डीएम अभिषेक आनंद ने सोमवार को 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला मिश्रिख तीर्थ की तैयारियों व व्यवस्थाओं के संबंध में निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम दधीचि कुंड पहुंचकर होली परिक्रमा में आने वाले श्रद्धालुओं की जानकारी लेते हुये निर्देशित किया कि मंदिर परिसर के आस-पास की दुकानों को कहीं और स्थानान्तरित किया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि होली परिक्रमा मेला शुरू होने से पहले साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय आदि व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जायें ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न होने पाये। सुरक्षा के दृष्टिगत मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरा, बैरीकेटिंग, पार्किंग व्यवस्था आदि करायी जाये ताकि भीड़ की स्थिति में अव्यवस्था उत्पन्न हो। कुंड की सफाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया तथा सभी पड़ावों को जाने वाली सड़कों को दुरूस्त किया जाये तथा पर्याप्त प्रकाश हेतु लाइटें भी

लगवायी जायें। श्रद्धालुओं हेतु सभी पड़ावों पर वैकल्पिक शौचालय, शुद्ध पेयजल, ठहरने हेतु उचित व्यवस्था ससमय कर दी जाये। उन्होंने प्रथम पड़ाव के द्वारकाधीश मंदिर में पहुंचकर निर्माणाधीन कार्यों की स्थिति की जानकारी लेते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि कार्य में गतिशीलता लाते हुये जल्द से जल्द कार्यों को पूर्ण किया जाये ताकि होली परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने द्वितीय कोरौना से हरैय्या मार्ग का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित को निर्देश दिये कि सड़कों को दुरूस्त किया जाये एवं साफ-सफाई भी करायी जाये। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने होली परिक्रमा मेला के दृष्टिगत संबंधित को निर्देश दिये कि सुरक्षा के दृष्टिगत बैरीकेटिंग, सीसीटीवी कैमरे, पुरूष एवं महिला हेतु अलग-अलग लाइनें एवं पर्याप्त पुलिस बल तैनाती रखी जाये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रित पंकज सक्सेना सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नॉर्दन फुटबॉल अकादमी की अन्डर 13 टीम घोषित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। हिमाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा मदर प्राइड स्कूल मलोटी जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश मे 23 जनवरी से आयोजित होने वाली अन्डर 13 राज्य यूथ लीग में भाग लेने हेतु नॉर्दन फुटबॉल अकादमी की अन्डर 13 टीम घोषित कर दी गई है।

अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष ने बताया कि वीर पाल को टीम का कप्तान जबकि उत्कर्ष गुप्ता को उप कप्तान नियुक्त किया गया है। चयनित खिलाडियों में आरुष यादव, शीवांश पटेल, कृष बहादुर, शौर्य बहादुर,

अर्पित सिंह, सक्षम ओराव, आत्रेय त्रिपाठी, आलविन थॉमस, शुभंकर पांडे, आदित्य सिंह, आर्यन सिंह, वीर पाल (कप्तान), उत्कर्ष गुप्ता (उप कप्तान) शामिल है द्य सहायक प्रशिक्षक राहुल वर्मा, विक्रम बिष्ट एवं मुख्य प्रशिक्षक- इंद्रनील घोष बनाये गए हैं।

बाइक की डिग्गी से जरूरी कागजात चोरी

उतराव । उतराव थाना क्षेत्र के समोधिपुर गांव निवासी रमेश चन्द पटेल 17 जनवरी दोपहर किसी काम से सैदाबाद गये थे।

सैदाबाद पहुंचने के बाद अपनी प्लटीना बाइक खाड़ी कर सामान ख़रीददारी करने लगे सामान खरीददरी करने के बाद वापस अपने गाड़ी के पास आये तो देखा बाइक मे लगी डिग्गी टुटा हुआ था।

उज्जवल ने गोपाल दास क्लब को जिताया

प्रयागराज। गोपाल दास क्लब ने विराट स्पोर्ट्स क्लब को 92 रन से हराकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 एवं 16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किया। इस जीत में उज्जवल शर्मा (58 रन एवं दो विकेट) की भूमिका महत्वपूर्ण रही। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में गोपाल दास क्लब ने 30 ओवर में 9 विकेट पर 228 रन (कर्णवीर सिंह 74, उज्जवल शर्मा 58, शिवम 40, अथर्व कुमार 24, सलमान 5/42) बनाकर विराट स्पोर्ट्स क्लब को 27.1 ओवर में 136 रन (शिवांश 32, सलमान 26, विशेष यादव 24, अंश सिंह 4/25, मोहम्मद नसर 2/10, उज्जवल शर्मा 2/26) पर समेट दिया। उज्जवल शर्मा को भाजपा नेता अजय कुमार राय ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

पिकअप की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया । स्थानीय थाना क्षेत्र के धमौर निवासी धनराज पुत्र स्वर्गीय हरिलाल उम्र 30 वर्ष सोमवार की शाम को बहरिया नया चौराहे पर लगी बाजार में सब्जी खरीद रहा था इतने में एक पिकअप लोडर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसके पांव में फैक्चर हो गया टक्कर मारने वाली पिकअप लोडर के ड्राइवर ने उसे एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराकर रफू चक्कर हो गया गंभीर हालत में डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया सूचना पाकर डायल 112 ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल अर्पित सिंह ने ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक से घटना के बारे में पूछताछ की और पिकअप लोडर गाड़ी की तलाश करने का प्रयास किया।